# अर्थव्यवस्था

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ जीएसटी शासन के अंतर्गत 'रचना योजना' में करदाताओं को_______ रिटर्न भरना होगा। **— त्रैमासिक**

☞ आईएमएफ (IMF) में वोटिंग अधिकार _______ के आधार पर वितरित किए जाते हैं।

**- समय-समय पर देशों को आवंटित कोटा के अनुपात**

☞ भूमि सुधारों का उद्देश्य ________ करना था।

**- उत्पादन में वृद्धि, ग्रामीण आबादी की क्रय शक्ति में वृद्धि, आर्थिक विकास के साथ वितरण न्याय सुनिश्चित**

☞ उत्पाद का एक विक्रेता, प्रवेश के लिए कम बाधाएं, अभिन्न वैकल्पिक उत्पाद तथा सही जानकारी में कौन शुद्ध एकाधिकार का एक लक्षण है? **- उत्पाद का एक विक्रेता**

☞ कांडला में पहली ईपीजेड (EPZ) की स्थापना कब हुई थी?

**- वर्ष 1965 में**

☞ अगस्त, 2017 में आरबीआई ने 'एमसीएलआर' का अध्ययन करने के लिए एक आंतरिक अध्ययन समूह का गठन किया। यह _______ के लिए किया गया था।

**- मौद्रिक नीति संचरण में सुधार**

☞ जो कौशल अन्य नियोक्ताओं को हस्तांतरित की जा सकती है, उन्हें ______ कहा जाता है। **- सामान्य कौशल**

☞ अभियांत्रिकी, कागज और पल्प, टेक्सटाइल, तापीय उर्जा उद्योगों में कौन-सा भारत में पानी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है? **- तापीय ऊर्जा**

☞ सामान्यतः एक विकासशील देश में बेरोजगारी ______ की वजह से होती है। **- उत्पादन के पूरक कारकों की कमी**

☞ एनडीसी (NDC) के पदेन सचिव ______ होते हैं।

**- योजना आयोग के सचिव**

☞ डेबिट (Debit) और क्रेडिट (Credit) की दृश्य और अदृश्य मदें, _______ का हिस्सा हैं। **- भुगतान देय**

☞ भारत-चीन और बाद में भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण कौन-सी पंचवर्षीय योजना विफल रही थी?

**- तीसरी पंचवर्षीय योजना**

☞ मंदी _________ है/होती है।

**-माल की पर्याप्त मांग की कमी के कारण उत्पादन और रोजगार में कमी**

☞ अक्टूबर, 2017 में भारतीयदिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई) ने सूचना उपयोगिताओं के लिए मानकों को आसान बनाया है। सूचीबद्ध भारतीय कंपनियां अब पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी का _______रख सकती हैं या ऐसी कंपनियों में कुल मतदान शक्ति अधिकार रख सकती हैं। **- 100 प्रतिशत**

☞ अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर_______के अनुसार मापा जाता है।

**- राष्ट्रीय आय**

☞ किस पंचवर्षीय योजना को रणनीतिक रूप से हरित क्रांति से जोड़ा जा सकता है? **- चौथी पंचवर्षीय योजना**

☞ कौन अंतरराष्ट्रीय विकास संगठन (IDA) का संचालन करता है? **- आईबीआरडी**

☞ भारत में कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का निर्णय कौन करता है?

**- कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी)**

☞ अक्टूबर 2017 में, सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों को उन कंपनियों पर कितना दंड/जुर्माना लगाने का निर्देश दिया जो न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारक मानदंडों का पालन नहीं करते हैं?

**- 5000 रु. प्रतिदिन**

☞ ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, वियतनाम, भारत में से कौन आसियान (ASEAN) का सदस्य नहीं है? **- भारत**

☞ खरीददार का बाजार उस स्थान को दर्शाता है जहां _____।

**- मांग आपूर्ति से अधिक है**

☞ किसी कंपनी के डिबेंचर धारक इसके _______ होते हैं।

**- लेनदार**

☞ करेंसी नोट और एक रुपये के सिक्के और कम मूल्य के नोट_______ द्वारा जारी किए जाते हैं। **- वित्त मंत्रालय**

☞ डिइंडस्ट्रिलाइजेशन (Deindustrialisation) का अर्थ है____।

**- श्रम का औद्योगिक क्षेत्र से सेवा क्षेत्र में संचलन**

☞ भारतीय श्रमिक पश्चिमी देशों के मजदूरों की तुलना में कम कुशल क्यों हैं? **- निरक्षरता का उच्च स्तर**

☞ दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय (SAU), सार्क देशों का संयुक्त सार्क विश्वविद्यालय,_______ में स्थापित की गई है।

**- नई दिल्ली**

☞ आठवीं, नौवीं, दसवीं तथा ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में से किस पंचवर्षीय योजना में वृद्धि दर का लक्ष्य पार हो गया था? **- नौवीं पंचवर्षीय योजना में**

☞ स्वतंत्र भारत का पहला केंद्रीय बजट किसने प्रस्तुत किया था? **- आर.के. षण्मुखम चेट्टी ने**

☞ 'एफआरडीआई' विधेयक, 2017 का उद्देश्य वित्तीय प्रणाली की स्थिरता की रक्षा करना है। एक बार अधिनियमित किए जाने पर, एफआरडीआई विधेयक, 2017______ की जगह ले लेगा।

**- जमा बीमा तथा क्रेडिट गारंटी निगम अधिनियम, 1961**

☞ मुद्रा परिवर्तनीयता की अवधारणा अपने मूल रूप में____ में आरंभ की गई। **- ब्रेटन वुड्स समझौते**

☞ भारत ने सिक्कों की दशमलव प्रणाली को_____ में परिवर्तित किया। **- अप्रैल, 1957**

☞ जुलाई, 2017 में केंद्र सरकार ने 'हिंदू अविभाजित परिवार' के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 'सोवरिन गोल्ड ऋण-पत्र योजना' के अंतर्गत निवेश की सीमा______ किग्रा. तक निर्धारित की है। **- 4**

☞ मई, 2017 में ऑल-इंडियन डब्लूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक) का आधार वर्ष 2004-05 से संशोधित करके______ कर दिया गया है। **- 2011-12**

☞ जमा प्रमाण-पत्र, बॉण्ड, स्टॉक, वाणिज्यिक पत्र में से किसे वित्तीय लेन-देन के रूप में निर्दिष्ट ऋण साधन नहीं कहा जा सकता है? **- स्टॉक को**

☞ पहली, दूसरी तथा तीसरी योजना में से किस पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि उत्पादन की विकास दर नकारात्मक थी? **- तीसरी योजना**

☞ यदि बचत निवेश से अधिक हो जाती है, तो राष्ट्रीय आय_____ जाएगी/होगी/रहेगी। **- स्थिर**

☞ चक्रीय बेरोजगारी का क्या अर्थ है?

**- व्यापार चक्र में मंदी के दौरान बेरोजगारी**

☞ दूसरी, पांचवीं, छठीं तथा सातवीं पंचवर्षीय योजनाओं में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना 'भोजन, काम और उत्पादकता' पर केंद्रित थी? **- सातवीं पंचवर्षीय योजना**

☞ 2 जनवरी, 2018 को संसद ने शोध-अक्षमता तथा दिवाक्यिापन संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक, 2017 पारित किया। यह विधेयक______ में संशोधन करना चाहता है।

**- आईबीसी, 2016**

☞ किस पंचवर्षीय योजना के दौरान नाबार्ड की स्थापना हुई थी? **- छठीं**

☞ पंचवार्षीय योजनाओं के आंतरिक वित्तपोषण के लिए सरकार_____ पर निर्भर करती है।

**- सार्वजनिक उधार और घाटे की वित्त व्यवस्था**

☞ नई आर्थिक नीति (1991) के दौरान भारत के वित्त मंत्री कौन थे? **- मनमोहन सिंह**

☞ समानांतर अर्थव्यवस्था (काला धन) का अस्तित्व______ ।

**- मौद्रिक नीतियों को कम प्रभावी बनाता है**

☞ सॉफ्ट करेंसी से तात्पर्य है ______।

**- वह मुद्रा जिसकी आपूर्ति मांग की अपेक्षा अधिक हो**

☞ भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की स्थापना कब हुई?

**- वर्ष 1956 में**

☞ मिड-डे मील स्कीम के बारे में कौन-सी एक बात सही नहीं है? **- स्कूलों में स्वच्छता बढ़ाने के लिए**

☞ भारत की राष्ट्रीय आय में सबसे कम योगदान किस क्षेत्र का है? **- प्राथमिक क्षेत्र का**

☞ उद्योगों और खनिजों का विकास किस पंचवर्षीय योजना की सर्वोच्च प्राथमिकता थी? **- दूसरी पंचवर्षीय योजना की**

☞ भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में कौन-सी बेरोजगारी अधिक पाई जाती है? **- मौसमी और अदृश्य बेरोजगारी दोनों**

☞ 'बुल एंड बियर' शब्दावली का संबंध किससे है?

**- स्टॉक मार्केट से**

☞ किस राज्य ने सबसे पहले रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की? **- महाराष्ट्र ने**

☞ किसे विश्व बैंक के सॉफ्ट लोन विंडो के रूप में जाना जाता है? **- आईडीए को**

☞ भारत सरकार ने ई-शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल पहल की शुरुआत की। कौन-सा इस पहल का हिस्सा है?

**- स्वयं, स्वयं प्रभा,नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी**

☞ इंडोनेशिया की मुद्रा क्या है? **- रुपियाह**

☞ भारत में मुद्रास्फीति _______ से मापा जाता है।

**- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक**

☞ किसने 1 मई, 2018 तक 100% गांवों का विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा है? **- भारत सरकार ने**

☞ भारत में सार्वजनिक क्षेत्र, घरेलू क्षेत्र, कॉर्पोरेट क्षेत्र तथा निजी क्षेत्रों में से किसके द्वारा अधिक बचत की जाती है? **- घरेलू क्षेत्र**

☞ किस क्षेत्र में सरकार की अधिकांश संपत्तियां हैं और सभी सेवाएं प्रदान करता है? **- जनता (Public)**

☞ अनौपचारिक उधारदाताओं से ऋण जिसमें लेन-देनदार, व्यापारियों, नियोक्ता, रिश्तेदारों तथा दोस्तों आदि से ऋण शामिल हैं, क्या कहलाते हैं? **- अनौपचारिक क्षेत्र ऋण**

☞ सर्व शिक्षा अभियान _______ वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करता है। **- 6 से 14**

☞ 'काम के बदले भोजन राष्ट्रीय कार्यक्रम' वर्ष _______ में भारत के सबसे पिछड़े 150 जिलों में शुरू किया गया था। **- 2004**

☞ 'कृषि' का विकास द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा आठवीं में से किस पंचवर्षीय योजना की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर था? **-तृतीय पंचवर्षीय योजना**

☞ नाबार्ड क्या है? **- कृषि सहायक विशिष्ट बैंक**

☞ विश्व का प्रथम नकदी रहित अर्थव्यवस्था वाला देश कौन है? **- स्वीडन**

☞ वह अवस्था जिसमें मुद्रा का मूल्य गिर जाता है और कीमतें बढ़ जाती है, कहलाती है _______। **- मुद्रास्फीति**

☞ लघु उद्योगों की क्या समस्याएं हैं? **- पूंजी का अभाव, विपणन जानकारी का अभाव, कच्चे माल का अभाव**

☞ वर्तमान समय में किस प्रकार की बेरोजगारी भारतीय राष्ट्र के लिए गंभीर चुनौती है? **- शिक्षित बेरोजगारी**

☞ सस्ती मुद्रा (Cheap Money) से तात्पर्य है _______। **- ब्याज की कम दर**

☞ अल्पविकसित देशों में गरीबी का मुख्य कारण है _______। **- स्वैच्छिक निष्क्रियता**

☞ बैंक दर में परिवर्तन से प्रभावित होता है _______। **- ब्याज की बाजार दर**

☞ कौन-सा भारत में श्रम के बारे में सही है (उत्पादन के कारक के रूप में)? **- यह सबसे अधिक मात्रा में है**

☞ भारत में आर्थिक सुधारों के बाद से अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्रों में से किसमें सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है? **- तृतीयक**

☞ ऐसा देश या राज्य जो बिना कर या बहुत कम कर को लागू करता है, कहलाता है_______। **- टैक्स हैवन**

☞ किस राज्य सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के गांवों के विकास के उद्देश्य से 'शहीद ग्राम विकास योजना' की स्थापना की? **- झारखंड**

☞ भारतीय राज्यों में रासायनिक उर्वरकों की खपत सबसे अधिक करता है **- पंजाब**

☞ भारत के 200 जिलों में हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 100 दिन का काम का आश्वासन देता है **- नरेगा अधिनियम**

☞ मुद्रास्फीति किस कारण से होती है? **-मुद्रा पूर्ति में वृद्धि**

☞ भारत में औद्योगिक वित्त का शिखर संगठन है _______ । **- I.D.B.I**

☞ उपकरण (औजार), मशीनें, मुद्रा तथा इमारत में से कौन-सा एक 'स्थिर पूंजी' के रूप में नहीं माना जाता है? **- मुद्रा**

☞ 'प्रच्छन्न बेरोजगारी' प्रमुख रूप से _______ में पाया जाता है। **- ग्रामीण क्षेत्र**

☞ नीति आयोग के अध्यक्ष हैं- **- प्रधानमंत्री**

☞ खाद्य तेल के उत्पादन से संबंधित है **- पीली क्रांति**

☞ भारत की विधिग्राह्य मुद्रा है _______ । **- रुपया**

☞ भारत में बीमा क्षेत्र का नियमन करती है? **- IRDA**

☞ पंजाब, बिहार, हरियाणा तथा गुजरात में से किस राज्य में सबसे अधिक सिंचित क्षेत्र है? **- पंजाब**

☞ आईबीआरडी, आईडीए, आईएफसी तथा एडीबी में से कौन विश्व बैंक की संस्था नहीं है? **- एडीबी**

☞ 'महारत्न' से संदर्भित समूह _______ है। **- केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

☞ कौन-सा देश 'बिर्र' को अपनी मुद्रा के रूप में प्रयोग करता है? **- इथियोपिया**

☞ अंतिम वस्तु, अंतिम सेवाएं तथा मध्यवर्ती वस्तु में से कौन-सा जीडीपी की गणना में शामिल नहीं किया जाता? **- मध्यवर्ती वस्तु**

☞ जमा के बड़े हिस्से का उपयोग बैंक कहां करते हैं? **- ऋण का विस्तार**

☞ बॉम्बे हाई का संबंध किससे है? **- अपतट तेल क्षेत्र**

☞ किस प्रकार की बेरोजगारी में लोग नियोजित प्रतीत होते हैं, अतः उनको हटा दिए जाने पर भी उत्पादकता में कोई बदलाव नहीं आएगा? **- प्रच्छन्न बेरोजगारी में**

☞ आर्थिक कार्यों के क्षेत्रक मुख्यतः कितने भागों में बटे हुए हैं? **- तीन**

☞ सकल घरेलू उत्पाद _______ का माप है। **- एक देश की घरेलू अर्थव्यवस्था की गतिविधियों**

☞ कौन-सी आर्थिक गतिविधि प्राथमिक तथा द्वितीयक क्षेत्रक के विकास में मदद करती है? **- तृतीयक क्षेत्रक**

☞ राष्ट्रीय आय का क्या अर्थ है?- **सभी स्थायी लागत का जोड़**

☞ आर्थिक शब्दों में राष्ट्रीय विकास _______ है। **- सभी वर्गों का विकास**

☞ एक प्लंबर के हाथों में एक ड्रिल मशीन किस तरह की वस्तु है? **- उपभोक्ता**

☞ शहरी क्षेत्रों में आमतौर पर किस प्रकार की बेरोजगारी दिखाई देती है? **- शिक्षित बेरोजगारी**

☞ डेयरी किस आर्थिक गतिविधि के क्षेत्रक के अंतर्गत आती है? **- प्राथमिक क्षेत्रक**

☞ _______ बेरोजगारी तब होती है, जब लोग वर्ष के कुछ महीनों में रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं। **- मौसमी**

☞ मत्स्यन किस आर्थिक गतिविधि के क्षेत्रक के अंतर्गत आती है? **- प्राथमिक क्षेत्रक**

☞ अर्थशास्त्र में मांग का अर्थ _______ होता है। **- क्रय क्षमता पर निर्भर मांग**

☞ लोगों द्वारा अधिक आय प्राप्त करने के लिए क्या अभिष्ट है? **- उत्पादन के लिए बेहतर मूल्य, निरंतर नौकरी, बेहतर वेतन**

☞ आयात पर कर किसका उदाहरण है? **— व्यापार अवरोध का**

☞ देश की सरकार द्वारा _______ पैसे को विनिमय का माध्यम के रूप में स्वाकार्य बनाते हैं। **- प्राधिकरण**

☞ कपास के रेशों का उपयोग कर कपड़े बनाने की आर्थिक गतिविधि किस क्षेत्रक के अंतर्गत आती है? **- द्वितीयक क्षेत्रक के**

☞ अंतरराष्ट्रीय व्यापार का मुख्य प्रहरी _______ है। **- विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ)**

☞ कौन-सी आर्थिक गतिविधियां प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं? **- कृषि**

☞ सांता क्रूज, कांडला, कोचीन एवं सूरत में से किस स्थान पर एशिया के पहले निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) की स्थापना हुई थी? **- कांडला में**

☞ रेलवे बजट और सामान्य बजट को सर्वप्रथम अलग-अलग किस वर्ष प्रस्तुत किया गया था? **- वर्ष 1923 में**

☞ मुक्त व्यापार को सबसे अच्छे से परिभाषित करता है **- निर्यात और आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं है।**

☞ बिजली, व्यापार सेवाएं, ट्रांसपोर्ट एवं व्यापार में से कौन तृतीयक क्षेत्र में नहीं आता है? **- बिजली**

☞ भारत में धन का अर्थ है **- कागजी मुद्रा, चालू जमा एवं धात्विक सिक्के से**

☞ कौन उत्पादन के कारकों पर व्यक्तिगत स्वामित्व रखता है? **- पूंजीवादी अर्थव्यवस्था**

☞ छोटे और अनार्थिक जोत के बुरे प्रभावों पर काबू पाने के लिए सबसे अच्छा समाधान है **- सहकारी खेती**

☞ भारत में आर्थिक उदारीकरण ...... के साथ शुरू हुआ। **- औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति में पर्याप्त बदलाव**

☞ जब राज्य के आर्थिक तंत्र की उत्पादक क्षमता पर्याप्त नौकरियां सृजन करने में अक्षम होती है, तो उसे .... कहा जाता है। **- चक्रीय बेरोजगारी**

☞ भारतीय रेलवे में अधिकतम कमाई का योगदान कौन करता है? **- माल यातायात से आय**

☞ किसी देश के बाजार की खामियां ......... में दिखाई देती हैं। **- कीमत की कठोरता, कारक अबाधितता एवं विशेषज्ञता की कमी**

☞ सेबी (SEBI) ...... है। **- सांविधिक निकाय**

☞ भारत सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना' के लिए अनुमानित कुल परिव्यय (करोड़ रु. में) क्या है? **- 16320 करोड़ रुपये**

☞ जन्म दर में अचानक कमी के कारण ..... होगी। **- प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि**

☞ पिछले एक दशक में, भारत में खाद्य-प्रसंस्करण, पेट्रो-केमिकल, उर्वरकों के अलावा रसायन एवं दूरसंचार क्षेत्रों में किसने सर्वाधिक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित किया है? **- दूरसंचार**

☞ आधुनिक अर्थव्यवस्था की विशेषता नहीं है

**- आत्मनिर्भर ग्राम-प्रणाली**

☞ 'ग्लोबल कॉम्पटिटिवनेस रिपोर्ट' किस संगठन द्वारा जारी की जाती है? **-डब्ल्यूईएफ**

☞ जीवन प्रत्याशा, लिंग अनुपात, साक्षरता दर एवं सकल नामांकन में से कौन-सा मानव विकास सूचकांक का माप नहीं है? **- लिंग अनुपात**

☞ दसवीं योजना : 2002–07, तीसरी योजना : 1966-71, प्रथम योजना : 1951-56 एवं छठीं योजना : 1980-85 में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना सही कालक्रमानुसार नहीं है।

**- तीसरी योजना : 1966-71**

☞ मोटे तौर पर 'स्मार्ट मनी' शब्द का अर्थ ........ है।

**- इंटरनेट बैंकिंग**

☞ आर्थिक सर्वेक्षण ....... द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

**- वित्त मंत्रालय**

☞ एक विकासशील देश वह है, जहां ...... है।

**- स्थिर मूल्य पर वृद्धिमान जीएनपी**

☞ भारत में प्रति व्यक्ति आय 1867-68 में 20 थी, पहली बार यह ....... ने सुनिश्चित किया था। **- दादाभाई नौरोजी**

☞ निर्धनता अंतर क्या है?

**- निर्धनता रेखा और उस रेखा के नीचे रहने वाले सभी लोगों के वास्तविक आय के बीच का अंतर**

☞ भारत में निर्देशी नियोजन (Indicative Planning) किस पंचवर्षीय योजना में अपनाया गया? **-अष्टम**

☞ ब्रेंट सूचकांक (Brent Index) का संबंध है-

**- कच्चे तेल की कीमतों से**

☞ सही सुमेलन है-

| | |
|---|---|
| प्रथम पंचवर्षीय योजना | 1951-56 ई. |
| द्वितीय पंचवर्षीय योजना | 1956-61 ई. |
| तृतीय पंचवर्षीय योजना | 1961-66 ई. |
| चौथी पंचवर्षीय योजना | 1969-74 ई. |

☞ लिबोर (LIBOR) का विस्तृत रूप है।

**- लंदन इंटर-बैंक आफर्ड रेट**

☞ नीति आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर कौन होता है?

**- एक अधिकारी जो कैबिनेट मंत्री के पद का होता है**

☞ 'निक्केई' क्या है?

**- टोक्यो शेयर बाजार का शेयर मूल्य सूचकांक**

☞ क्षेत्रीय असमानता को कम करने के लिए क्षेत्रीय दृष्टिकोण के बजाय, क्षेत्रक दृष्टिकोण को अनुसरण करने का लक्ष्य किस पंचवर्षीय योजना में रखा गया था?

**- दसवीं पंचवर्षीय योजना**

☞ 2 जनवरी, 2018 को, संसद ने नाबार्ड (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित कर दिया। यह विधेयक नाबार्ड की पूंजी को 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर ....... तक बढ़ाना चाहता है।

**- 30,000 करोड़ रु.**

☞ भारत में विकसित होने वाला पहला आधुनिक उद्योग कौन-सा था? **- लोहा एवं इस्पात उद्योग**

☞ अक्टूबर, 2017 में भारतीय स्टेट बैंक ने देश की सबसे बड़ी नव-परिवर्तन केंद्र की स्थापना........ में करने की घोषणा की। **- नवी मुंबई**

☞ श्रम की मांग ...... के समान है। **- सीमांत राजस्व उत्पाद**

☞ औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (BIFR) किस वर्ष में अस्तित्व में आया? **- वर्ष 1987 में**

☞ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा अक्टूबर, 2018 को जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में विश्व का सर्वाधिक धनी देश है- **- कतर**

☞ 'कार्यात्मक राजस्व' का संबंध ...... है।

**- एब्बा पी लर्नर से**

☞ व्यापार का संतुलन, भुगतान का संतुलन, चालू खाते का संतुलन में से कौन-सा भारत के विदेशी व्यापार में हमेशा संतुलित होना चाहिए। **- भुगतान संतुलन**

☞ 'स्वच्छ भारत मिशन' का उद्देश्य किस तिथि तक खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) भारत प्राप्त करना है?

**- 2 अक्टूबर, 2019 तक**

☞ एक विश्वव्यापी वित्तीय संदेशन नेटवर्क, जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच संदेशों का आदान-प्रदान करता है, इसे____ के रूप में जाना जाता है। **- एसडब्ल्यूआईएफटी**

☞ 'विपणन सहायता और सेवाएं योजना' (ग्यारहवीं योजना में) _______ से संबंधित कारीगरों का समर्थन करता है।

**- हस्तशिल्प**

☞ भारत में किस क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावशाली है? **- वाणिज्यिक बैंकिंग**

☞ सेबी मूल्यांकन कर रही है कि आईसीओ (इनिशियल कॉइन ऑफरिंग्स) को उसके दायरे में लाया जा सकता है या नहीं। आईसीओ_______ से संबंधित है। **- क्रिप्टोकरेंसी से**

☞ धन की आपूर्ति में वृद्धि से ब्याज दरों में _______ होगी/होगा। **- गिरावट**

☞ तिरुपुर को दुनिया के कई हिस्सों में किस वस्तु के विशाल निर्यातक के रूप में जाना जाता है? **- बुने हुए वस्त्र**

☞ अक्टूबर, 2017 में कौन-से दो मंत्रालयों ने संयुक्त रूप से 'साथी' (लघु उद्योगों की मदद करने के लिए कुशल प्रौद्योगिकीयों के सतत तथा त्वरित दत्तक ग्रहण) पहल का लोकार्पण किया? **- ऊर्जा तथा कपड़ा मंत्रालय ने**

☞ 3 जनवरी, 2018 को आरबीआई ने इलाहाबाद बैंक के खिलाफ 'पीसीए' शुरू किया। 'पीसीए' के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के कितने बैंक हो चुके हैं? **- 11**

☞ सार्वजनिक कार्य में राजस्व निवेश को _______ के रूप में जाना जाता है। **- पूंजीगत व्यय**

☞ राष्ट्रीय आय ________ को संदर्भित करता है।
**- एक वर्ष के दौरान देश में उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य**

☞ लघु अवधि जमा, मनी मार्केट म्युचुअल फंड, स्टॉक एवं चेकेबल जमा में से कौन एम-2(M-2) का कोई घटक नहीं है? **- स्टॉक**

☞ किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य बुनियादी और भारी उद्योगों के विकास पर विशेष जोर देने के साथ तेजी से औद्योगिकीकरण था? **- द्वितीय**

☞ बचत जमा, क्रेडिट कार्ड, चेकेबल जमा, सोना में कौन-सा एक एम-1(M-1) का घटक है **- चेकेबल जमा**

☞ अदृश्य निर्यात का अर्थ है_______ का निर्यात। **- सेवाओं**

☞ वाई.एच. मालेगाम समिति किन मामलों में गौर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति है? **— डूबे ऋण के वर्गीकरण; लेखा परीक्षाओं की प्रभावशीलता; धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं**

☞ 'सनराइज इंडस्ट्रीज' वे उद्योग हैं, _______ ।
**- जो उच्च विकास की क्षमता रखते हैं और अर्थव्यवस्था की अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं**

☞ कृषि बजार के बारे में नवीनतम सूचना संग्रहण और प्रकाश______ द्वारा की जाती है।
**- अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय**

☞ विश्व बैंक भारत सरकार द्वारा लोकार्पित 'संकल्प' (एसएएनकेएएलपी) परियोजना को कितनी धनराशि की वित्तीय सहायता दे रहा है? **- 3300 करोड़ रु.**

☞ पेंशन, निवेश व्यय, मूल्य वृद्धि, उपभोग व्यय में से किसे आम विधि से राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय शामिल नहीं किया जाता है? **- पेंशन को**

☞ सीमांत उपभोग प्रवृत्ति रहती है______ । **- 0 से 1**

☞ भारत में, किसका विनियमन वायदा बाजार आयोग द्वारा किया जाता है? **- वस्तु वायदा करोबार का**

☞ घटिया वस्तु के लिए मांग गिरती है जब______ ।
**- आय बढ़ती है**

☞ वर्तमान में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) में कितने स्टॉक एक्सचेंज सूचीबद्ध हैं? **- 7**

☞ 'गिल्ट एज्ड' का अर्थ है_______
**- सरकारी प्रतिभूतियों का बाजार**

☞ 'इको मार्क' उस भारतीय उत्पाद का दिया जाता है, जो कि_______ हैं। **- पर्यावरण के अनुकूल**

☞ जॉन मेनार्ड कीन्स, एडम स्मिथ, कार्ल मार्क्स, मिल्टन फ्राइडमैन में से किसने मुद्रा को उसके प्रकृति के आधार पर दो भागों में बांटा है? **- जॉन मेनार्ड कीन्स ने**

☞ डूबे ऋण के वर्गीकरण, लेखा परीक्षाओं की प्रभावशीलता तथा धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के मामलों में गौर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कौन-सी विशेषज्ञ समिति गठित की गई है? **- वाई.एच. मालेगाम समिति**

☞ आय और उपभोग _______ है। **- प्रत्यक्ष रूप से संबंधित**

☞ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (COPRA) कब पारित किया गया था? **- वर्ष 1986 में**

☞ पार्टिसिपेटरी नोट्स (PNs) किससे संबंधित है?
**- विदेशी संस्थागत निवेशक से**

☞ किस वर्ष में भारतीय खाद्य निगम (FCI) स्थापित किया गया था? **- वर्ष 1965 में**

☞ सीमा शुल्क किससे संबंधित है? **- राजकोषीय नीति से**

☞ आर्थिक विकास आमतौर पर______ के साथ युग्मित है।
**- मुद्रास्फीति**

☞ कृषि और संबंद्ध क्षेत्रों में योजना तैयार करने और समन्वय करने के लिए सर्वोच्च निकाय है_______

**- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**

☞ विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर)_______ से संबंधित है। **- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष**

☞ खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना के दौरान हुई थी? **- दूसरी**

☞ सितंबर, 2017 में ______ के माध्यम से घरेलू पूंजी बाजार में निवेश पांच वर्षों के सबसे कम स्तर तक गिर गया था।

**- पी-नोट**

☞ विनिमय का माध्यम, मूल्य संचय, लेखांकन की इकाई में से कौन-सा एक धन का कार्य है? **- उपर्युक्त सभी**

☞ नवरत्न की अवधारणा किस वर्ष के केंद्रीय बजट में प्रस्तुत की गई थी? **- वर्ष 1997-98 के**

☞ ..........विनिमय दर देशी मुद्रा के रूप में विदेशी मुद्रा की एक इकाई की कीमत है। **— सांकेतिक**

☞ एक आगत..........का प्रति इकाई आगत में परिवर्तन के कारण जो निर्गत में परिवर्तन होता है, जब सभी अन्य आगत स्थिर रखे गए हों, कहा जाता है। **— सीमांत उत्पाद**

☞ **सही सुमेलन है—**

| **शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| वैश्वीकरण | - | विभिन्न देशों के लोगों, कंपनियों तथा सरकारों के बीच अंत:क्रिया तथा एकीकरण की प्रक्रिया होती है। |
| निजीकरण | - | विराष्ट्रीयकरण या विनिवेश कहलाता है। |
| उदारीकरण | - | अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर प्रतिबंध कम करना या हटाने की प्रक्रिया को कहते हैं। |

☞ ऋण का राशन, सीधी कार्यवाही, खुले बाजार के कार्य-कलाप तथा परिवर्तनीय लागत आरक्षित निधि अनुपात में से कौन-सा भारत के ऋण नियंत्रण का एक प्रकार नहीं हैं?

**— परिवर्तनीय लागत आरक्षित निधि अनुपात**

☞ राष्ट्रीय आय, सकल आपूर्ति, रोजगार एवं उपभोक्ता संतुलन में से कौन-सा सूक्ष्म आर्थिक चर का एक उदाहरण है?

**— उपभोक्ता संतुलन**

☞ न्यूनतम उधार दर, सांविधिक तरलता दर, बैंक दर एवं पुनर्खरीद दर में से कौन-सी दर बैंकों द्वारा ऋण के लिए अपने सबसे योग्य ग्राहकों से वसूली जाती है?

**— न्यूनतम उधार दर**

☞ मध्यावधि ऋण............तक की अवधि के लिए दी जाती हैं। **— 1 वर्ष से 3 वर्ष**

☞ बाजार तंत्र में, उन केंद्रीय समस्याओं का समाधान किस वस्तु का और किस मात्रा में उत्पादन किया जाना है,............के इन्हीं संकेतों के द्वारा हुए आर्थिक क्रिया-कलापों के समन्वय से होता है। **— कीमत**

☞ ............कहता है कि सीमांत उत्पाद का कारक आगत प्रारंभ में प्रयोग के साथ बढ़ता स्तर है, जब आगत के प्रयोग का स्तर निम्न हो। **— परिवर्ती अनुपात नियम**

☞ केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई............योजना का उद्देश्य बच्चों के स्वच्छता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करता है।

**— बाल स्वच्छता मिशन**

☞ बीसवीं सदी की एक लंबी अवधि तक केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था का निकटतम उदाहरण............है।

**— सोवियत संघ**

☞ ............परिवर्ती आगत तथा निर्गत से संबंधित है, ऐसी स्थिति में जब अन्य सभी आगतों को स्थिर रखा जाए।

**— कुल उत्पाद**

☞ किस प्रकार की बाजार व्यवस्था में, बाजार अथवा उद्योग पर कुछ ही विक्रेताओं का वर्चस्व होता है?

**— अल्पाधिकार का**

☞ रेपो रेट, नैतिक उत्तेजना (Moral Suasion), क्रेडिट सम्भाजन तथा सार्वजनिक ऋण में से कौन-सा भारत में मौद्रिक नीति का घटक नहीं है? **— सार्वजनिक ऋण**

☞ निम्नलिखित में से किससे देश का सकल घरेलू उत्पाद प्राप्त नहीं होता है? **— अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रक का**

☞ —— उन दो आगतों के समांक संयोगों का सेट होता है, जो कि समान अधिकतम संभावित स्तर का निर्गत प्राप्त करता है

**— समान मात्रा**

☞ संदेश सेवा किस क्षेत्र के अंतर्गत आता है? **— तृतीय**

☞ एक आर्थिक व्यवस्था, जिसे निजी तथा राज्य के उपक्रम को मिलाकर बनाई जाती है, वह —— कहलाती है।

**— मिश्रित अर्थव्यवस्था**

☞ भारत में तीसरी पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था? **— कृषि**

☞ — शेष सौदा व्यापार, सेवाओं और शेष विश्व से प्राप्त निवल अंतरण का योग होता है। **— चालू लेखा**

☞ किसी वस्तु की मात्रा के लिए उपभोक्ता का इष्टतम चयन तथा उसकी कीमत में संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा यह संबंध — फलन कहलाता है। **— मांग**

☞ किस पंचवर्षीय योजना के बाद 'अनवरत योजना' (रोलिंग प्लान) को लागू किया गया था? **— पांचवीं योजना**

☞ कौन-सा कर समाज के गरीब श्रेणी के समुदायों पर बोझ बनता है? **— अप्रत्यक्ष कर**

☞ जी.डी.पी. अपस्फीतिकारक कहलाता है? **— अवास्तविक से वास्तविक जी.डी.पी. का अनुपात**

☞ कौन-सी संस्था नजर रखती है कि बैंक वास्तव में नकद शेष बनाए हुए है? **— भारतीय रिज़र्व बैंक**

☞ — विनिमय दर देशी वस्तु के रूप में विदेशी वस्तुओं की सापेक्ष कीमत है। **— वास्तविक**

☞ यदि वस्तु का एक ही विक्रेता हो, वस्तु का कोई स्थानापन्न नहीं हो तथा उद्योग में अन्य फर्मों का प्रवेश वर्जित हो, तो उस वस्तु बाजार की सरंचना — कहलाता है। **— एकाधिकार**

☞ अल्पकालीन औसत लागत वक्र — आकार के होते हैं। **— U**

☞ अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र — आकार के होते हैं। **— U**

☞ यदि — फर्म की लागत शून्य हो अथवा केवल स्थिर लागत हो, तो संतुलन में पूर्ति की मात्रा को उस बिंदु द्वारा दर्शाया जाता है, जिस पर सीमांत संप्राप्ति शून्य होती है। **— एकाधिकार**

☞ — शेष, विश्व में होने वाले पूंजीगत प्रवाह, शेष विश्व को होने वाले प्रवाह के घटाव के बराबर होता है। **— पूंजीगत लेखा**

☞ यदि किसी वस्तु के लिए उपभोक्ता की मांग उसी दिशा में है जिस दिशा में उपभोक्ता की आय है, तो उस वस्तु के लिए उपभोक्ता की मांग का उसकी कीमत के साथ विपरीत संबंध होता है, उसे — कहा जाता है। **— मांग का नियम**

☞ उपलब्ध संसाधनों की मात्रा तथा उपलब्ध प्रौद्योगिकीय ज्ञान के द्वारा उत्पादित की जा सकने वाली सभी वस्तुओं और सेवाओं के सभी संभावित संयोगों के समूह को अर्थव्यवस्था का — कहा जाता है। **— उत्पादन संभावना सेट**

☞ यदि एक कीमत पर, बाजार आपूर्ति बाजार मांग से अधिक है, तो उस कीमत पर बाजार में — कहलाती है। **— अधिपूर्ती**

☞ किसी निम्नस्तरीय वस्तु की मांग में गिरावट, उपभोक्ता की आय में — के साथ होती है। **— वृद्धि**

☞ अधिकार वस्तु जिनका चयन उपभोक्ता करता है, उसकी मात्रा में वृद्धि होती है, जब उपभोक्ता की आय में वृद्धि होती है और वस्तु की मात्रा में कमी आती है, जब उपभोक्ता की आय में कमी आती है, क्या कहलाती हैं? **— सामान्य वस्तुएं**

☞ स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) में बचत व ऋण गतिविधियों से संबंधित निर्णय कौन लेता है? **— समूह के सदस्य**

☞ कोल इंडिया लिमिटेड, भारतीय इस्पात प्राधिकरण, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में से कौन-सा महारत्नों की सूची में नहीं आता? **— हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

☞ अपक्षपात वक्र क्या दर्शाता है? **— दो वस्तुओं से प्राप्त संतुष्टि**

☞ किस परिस्थिति में, मांग का नियम असफल हो जाता है? **— निम्नस्तरीय वस्तुएं तथा गौण वस्तुएं दोनों**

☞ सही सुमेलन है-

| **बाजार का प्रकार** | **विक्रेताओं तथा क्रेताओं की संख्या** |
|---|---|
| अल्पाधिकार | कुछ बड़े विक्रेता तथा अत्यधिक क्रेता |
| एकाधिकार | एक विक्रेता परंतु अत्यधिक क्रेता |
| पूर्ण प्रतियोगिता | अत्यधिक विक्रेता तथा क्रेता |

☞ व्यष्टि अर्थशास्त्र को — भी कहा जाता है। **— मूल्य सिद्धांत**

☞ परिवहन आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है? **— तृतीयक क्षेत्रक**

☞ एक वर्ष में किसी देश में उत्पादित सभी सामानों और सेवाओं के धन मूल्य को — कहा जाता है। **— राष्ट्रीय आय**

☞ जी.डी.पी. के मूल्यांकन में किसे संश्लेषित नहीं किया जाता? **— माध्यमिक वस्तु को**

☞ जब लोग वस्तुओं तथा सेवाओं के उत्पादन में व्यस्त होते हैं, तब उन्हें —— में व्यस्त होना कहते हैं। **— आर्थिक गतिविधियों**

☞ किसी देश की एक निश्चित अवधि में होने वाली सभी आर्थिक लेन-देन के अभिलेख को क्या कहते हैं? **— भुगतान संतुलन**

☞ जिस क्षेत्र पर किसी समुद्री बंदरगाह के निर्यात व्यापार तथा अर्थव्यवस्था निर्भर होती है —— कहलाती है। **— भीतरी भूमि**

☞ मिट्टी से ईंट बनाने की प्रक्रिया आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है? **— द्वितीयक क्षेत्रक के**

☞ सरकार न्यूनतम समर्थित कीमत की घोषणा कब करती है? **— फसलों की बुआई से पहले**

☞ कपास की खेती किस आर्थिक गतिविधि के क्षेत्रक के अंतर्गत आती है? **— प्राथमिक क्षेत्रक के**

☞ जीएनपी का पूर्ण रूप क्या है? **— ग्रॉस नेशनल प्रोडक्ट**

☞ एक व्यक्ति के ———— को बढ़ावा देकर विकास वास्तविक वृद्धि का वचन देता है। **— कुल आय तथा जीवन स्तर दोनों**

☞ जीएनपी और जीडीपी के बीच एकमात्र अंतर यह है कि जीडीपी में —— से आय शामिल नहीं है। **— विदेश में**

☞ —— एक राष्ट्र की अपने नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने की क्षमता को दर्शाता है। **— राष्ट्रीय विकास**

☞ जीडीपी का असंक्षिप्त रूप क्या है? **— ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट**

☞ प्रति व्यक्ति आय, सकल घरेलू उत्पाद, साक्षरता दर तथा लिंग समानता में से किसे सुधार अथवा राष्ट्रीय विकास का मापक नहीं माना जा सकता? **— लिंग समानता**

☞ प्रति व्यक्ति आय की गणना कैसे की जाती है? **— राष्ट्रीय आय/जनसंख्या से**

☞ लोगों द्वारा अधिक आय प्राप्त करने के लिए क्या अभीष्ट है? **— उत्पादन के लिए बेहतर मूल्य, निरंतर नौकरी तथा बेहतर वेतन।**

☞ एनएनपी का असंक्षिप्त रूप क्या है? **— नेट नेशनल प्रोडक्ट**

☞ अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला देश अन्य कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों से —— विकसित होता है? **— अधिक**

☞ भूमि, श्रम, मानव पूंजी तथा सरकार में से किसे माल तथा सेवाओं के उत्पादन की आवश्यकता नहीं है? **— सरकार को**

☞ अर्थशास्त्र में, हाथ में कच्चा माल तथा धन जिसका उपयोग उत्पादन में किया जाता है, उन्हें ________ कहा जाता है। **— कार्यशील पूंजी**

☞ पैसों का आधुनिक रूप किसे सम्मिलित करता है? **— मुद्रा - कागज के नोट तथा सिक्कों को**

☞ औसत आय को ________ भी कहा जाता है। **— प्रति व्यक्ति आय**

☞ कौन आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा के घटक हैं? **— मुद्रा-कागज के नोट तथा सिक्कों एवं डिमांड डिपोजिट दोनों**

☞ एक पेपर, जो बैंक को एक विशिष्ट राशि एक व्यक्ति के खाते से किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भुगतान करने के लिए निर्देश देता है, क्या कहलाता है? **— चेक**

☞ भारत में साक्षरता दर किस उम्र के बाद मापी जाती है? **— 7 वर्ष और उससे ऊपर**

☞ देशों के विकास की तुलना करने के लिए, सबसे महत्वपूर्ण गुणों में से एक किसे माना जाता है? **— आय को**

☞ आयात पर कर किसका उदाहरण है? **— व्यापार अवरोध का**

☞ अर्थव्यवस्था में आय के अलावा लोगों द्वारा तलाश की जाने वाली चीजें क्या हैं? **— बराबर उपचार, आजादी तथा सुरक्षा**

☞ एक अर्थव्यवस्था में ________ क्षेत्र हो सकते हैं, जो कुल उत्पादन तथा रोजगार के मामले में प्रधान हैं। **— एक या अधिक**

☞ राष्ट्रीय आय की गणना कैसे की जाती है? **— निवल (नेट) राष्ट्रीय उत्पाद - अप्रत्यक्ष कर + अनुवृत्ति**

☞ आर्थिक गतिविधियों, हालांकि, तीन अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत है, बहुत ________ हैं। **— अन्योन्याश्रित**

☞ बैंकों तथा सहकारी समितियों से ऋण क्या कहलाते हैं? **— औपचारिक क्षेत्र ऋण**

☞ आर्थिक गतिविधियों को ________ के आधार पर प्राथमिक, माध्यमिक तथा तृतीयक तीनों क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है। **— आर्थिक गतिविधि की प्रकृति**

☞ कौन विभिन्न देशों में बाजारों के संयोजन अथवा एकीकरण का परिणाम देता है? **— विदेशी व्यापार**

☞ वित्तीय साक्षरता अभियान को लोगों को ________ के बारे में जागरूक करने के लिए शुरू किया गया था।

**— कैशलेस आर्थिक प्रणाली**

☞ वर्ष के दौरान भूमि के एक टुकड़े पर एक से अधिक फसल उगाने की प्रक्रिया को ________ के रूप में जाना जाता है।

**— एकाधिक शस्यावर्तन**

☞ भारत के ग्रामीण इलाकों के लिए प्रति दिन प्रति व्यक्ति स्वीकृत औसत कैलोरी कितनी है? **— 2400**

☞ बंद अर्थव्यवस्था का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू क्या है?

**— आयात-निर्यात दोनों बंद**

☞ एनएसएसओ (NSSO) का पूर्ण विस्तार क्या है?

**— नेशनल सैंपल सर्वे ऑर्गनाइजेशन**

☞ आमतौर पर किस गतिविधि में लगे लोग मौसमी तथा छिपी बेरोजगारी का सामना करते हैं? **— कृषि**

☞ बेरोजगारी में वृद्धि किस प्रकार की अर्थव्यवस्था को संकेतिक करता है? **— अवनत**

☞ पंचवर्षीय योजनाओं की रूपरेखा का अनुमोदन कौन करता है? **— राष्ट्रीय विकास परिषद**

☞ मीरा सेठ समिति का संबंध ________ के विकास से था।

**— हथकरघा**

☞ ऐसी स्थिति जहां लोग स्पष्ट रूप से कार्य कर रहे होते हैं लेकिन उन सभी को अपनी क्षमता से कम कार्य करने को दिया जाता है, क्या कहलाती है? **— अल्प रोजगार**

☞ जमा, बचत, साख तथा चेक में से कौन-सा एक समझौते को संदर्भित करता है जिसमें ऋणदाता भविष्य में भुगतान के वादे के बदले उधारकर्ता को धन, माल या सेवाएं प्रदान करता है? **— साख**

☞ किन क्षेत्रों में कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं तथा कार्यप्रणाली होती है? **— संगठित क्षेत्र**

☞ कौन-सा सही है? **— बैंक की आय = उधारकर्ताओं से लिया गया ब्याज - जमाकर्ताओं को दिया गया ब्याज**

☞ देशों के बीच तेजी से एकीकरण या संयोजन की प्रक्रिया क्या है? **— वैश्वीकरण**

☞ बेरोजगारी का प्रभाव नहीं है?

**— प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि**

☞ कृषि क्षेत्र में श्रमिक अल्परोजगार होते हैं। इस कथन का अर्थ क्या है? **— कृषि में जरूरत से अधिक लोग लगे हैं**

☞ साख को ________ के रूप में जाना जाता है। **— ऋण**

☞ कौन-सी अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्र की विशेषता नहीं है? **— रोजगार सुरक्षित होता है**

☞ ऋण के विरुद्ध ग्रहणाधिकार ________ के रूप में भी जाना जाता है। **— सुरक्षा**

☞ ________ उन उद्यमों या कार्य के स्थानों को सम्मिलित करता है जहां रोजगार की शर्तें नियमित रूप से होती हैं।

**— संगठित क्षेत्र**

☞ जमा पर प्रस्तुत ब्याज दर की तुलना में ऋण पर ब्याज दर

**— हमेशा अधिक होता है**

☞ प्रत्येक उत्पादन भूमि, श्रम, शारीरिक तथा मानव पूंजी के संयोजन के द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसे ________ के रूप में जाना जाता है। **— उत्पादन के कारक**

☞ अर्थव्यवस्था में बाजार गतिविधियों में ________ सम्मिलित हैं।

**— वेतन या लाभ के लिए की गई गतिविधियां**

☞ आई.डी.ए. का असंक्षिप्त रूप क्या है?

**— इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन**

☞ व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक वित्त क्या कहलाता है? **— पूंजी**

☞ भारत में उत्पादन का कौन-सा घटक प्रचुर मात्रा में है?

**— श्रमिक**

☞ किस क्षेत्र का उद्देश्य सिर्फ लाभ अर्जित करना नहीं होता है? **— सार्वजनिक क्षेत्र का**

☞ कौन-सा निक्षेप के औपचारिक स्रोतों में सम्मिलित है?

**— सहकारिता**

☞ किस क्षेत्र में संपत्ति का स्वामित्व तथा सेवाओं का वितरण निजी व्यक्तियों या कंपनियों के हाथों में होता है?

**— निजी क्षेत्र में**

☞ किस प्रकार का निक्षेप देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है?

**— सस्ते तथा वहन योग्य**

☞ देश के सभी निवासियों की आय क्या कहलाती है?

**— कुल आय**

☞ बैंक खाते में जमा राशि जो मांग पर वापस ली जा सकती है क्या कहलाती है? **— मांग जमा**

☞ 2016 के बजट में प्रस्तावित कृषि कल्याण उपकर की दर कितनी है? **— 0.5 प्रतिशत**

☞ अर्थशास्त्र में जी.डी.पी. में अक्षर डी —— को प्रदर्शित करता है। **— डोमेस्टिक**

☞ प्राकृतिक तंत्र की क्षमता को बनाए रखने के साथ ही मनुष्यों का विकास —— कहा जाता है। **— सतत् विकास**

☞ सरकार द्वारा निर्धारित बाधाओं या प्रतिबंधों को दूर करना - —— कहा जाता है। **— उदारीकरण**

☞ अर्थशास्त्र में, उपकरण, मशीनें, इमारतों, जिनका उपयोग कई सालों से उत्पादन में किया जा सकता है, उन्हें —— कहा जाता है। **— अचल पूंजी**

☞ कौन-सी छोटी और बिखरे हुए इकाइयों की विशेषता है, जो बड़े पैमाने पर सरकार के नियंत्रण से बाहर होते हैं? **— असंगठित क्षेत्र**

☞ संपत्ति जिसका उधारकर्ता मालिक है तथा वह इसका उपयोग ऋणदाता के लिए ऋण चुकाए जाने तक गारंटी के रूप में करता है, —— कहलाती है। **— ग्रहणाधिकार**

☞ कौन-सा नियम यह कहता है कि बुरा पैसा संचरण में अच्छा पैसा बाहर करता है? **— ग्रेशम का नियम**

☞ कौन-सी लेसेज-फेयर प्रणाली की एक विशेषता है? **— सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता**

☞ किसका कमोडिटी बाजार में व्यापार नहीं किया जाएगा? **— मुद्रा का**

☞ विशेषताओं का उनकी बाजार संरचना के साथ मिलान है-

| | |
|---|---|
| **कठिन प्रवेश (अक्सर पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के कारण)** | – अल्पाधिकार |
| **बाजार मूल्य पर ज्यादा से ज्यादा बेच सकते हैं** | – विशुद्ध प्रतियोगिता |
| **एमआर = एमपी** | – शुद्ध प्रतियोगिता |
| **मांग की लोच प्रतिद्वंद्वियों के मूल्य निर्धारण की नीतियों पर निर्भर करती है** | – अल्पाधिकार |

☞ मांग वक्र, जो एक पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी फर्म का सामना कर रहा है, वह है **— पूरी तरह से लोचदार**

☞ बाजार की संरचना के साथ उनकी विशेषताओं का मेल है-

| | |
|---|---|
| **फर्म का उत्पादन की मात्रा पर नियंत्रण है, लेकिन उसने प्रतियोगियों की प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखना चाहिए।** | – अल्पाधिकार |
| **फर्म का रुझान उत्पादन को निर्धारित करना होगा, ताकि वह अधिकतम मुनाफा कमा सके।** | – शुद्ध एकाधिकार |
| **मांग स्थिर हो जाएगी** | – विशुद्ध एकाधिकार |
| **विभेदित उत्पाद, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए करीब के विकल्प, इसलिए उनके मांग वक्र लोचदार हैं।** | – एकाधिकार प्रतिस्पर्धा |

☞ विशेषताओं का उनकी बाजार संरचना के साथ मिलान करें–

| | |
|---|---|
| MC = **मूल्य** | – विशुद्ध प्रतियोगिता |
| **फर्म अधिकतम मुनाफा अर्जित करने के लिए उत्पादन निर्धारित करने की राह चलेगी** | – विशुद्ध एकाधिकार |
| **मूल्य** > **छोटी और लंबी दोनों अवधि में एमसी** | – शुद्ध एकाधिकार |
| **अत्यधिक लोचदार मांग का सामना करती है** | – एकाधिकार प्रतिस्पर्धा |
| **विभेदित उत्पाद, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए एक करीबी विकल्प, इसलिए इनकी मांग की कर्व लोचदार हैं।** | – एकाधिकार प्रतियोगिता |
| **सजातीय उत्पाद, सारा सामान उपभोक्ताओं के लिए एक सही विकल्प है।** | **—** विशुद्ध प्रतियोगिता |

☞ एक न्यूनतम वेतन________।

**— निम्नतम कीमत है, जिसके नीचे श्रमिक अपने श्रम को नहीं बेच सकता है**

☞ मांग वक्र

**— दर्शाता है कि जब किसी वस्तु की कीमत बढ़ती है, वैसे ही उस वस्तु के मांग में कमी आ जाएगी।**

☞ समष्टि अर्थशास्त्र इससे संबंधित है

**– आय का वृत्ताकार प्रवाह**

☞ 'व्यापार संतुलन' (बैलेंस ऑफ ट्रेड) किन दोनों के बीच का अंतर है? **— देश का निर्यात और आयात**

☞ औद्योगिक पुनर्गठन से उत्पन्न हुई बेरोजगारी आमतौर पर, आपूर्ति या मांग में उतार चढ़ाव की बजाय प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के कारण होती है, उसे कहा जाता है

**— संरचनात्मक बेरोजगारी**

☞ वह बेरोजगारी तब बढ़ती है जब वहां व्यावसायिक गतिविधि में एक सामान्य मंदी होती है, तो उसे ......... के रूप में जाना जाता है। **— चक्रीय बेरोजगारी**

☞ वह बेरोजगारी जो वर्ष के कुछ निश्चित समय में बनाई जाती है, जब माल और सेवाओं की मांग सामान्य की तुलना में कम होती हैं, वह ........... है। **— मौसमी बेरोजगारी**

☞ ________वह बेरोजगारी है, जो लोगों द्वारा एक काम से दूसरे काम में जाने की प्रक्रिया में होने की वजह से किसी भी अर्थव्यवस्था में मौजूद होती है।

**— प्रतिरोधात्मक बेरोजगारी**

☞ व्यापार चक्र के किस चरण में सामग्री भंडार उच्चतम होगा?

**— अवसाद**

☞ कौन बैलेंस शीट का घटक नहीं है?

**— कंपनी के उत्पादों की बिक्री से प्राप्त हुई आय**

☞ पूर्ण रोजगार का स्तर वह होता है, जिस पर________।

**— कोई आवर्ती बेरोजगारी नहीं**

☞ यदि नकदी जमा का अनुपात घटता है, तो कर्जे का निर्माण _____है। **— बढ़ता**

☞ पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म________द्वारा अधिकतम लाभ पाती है।– **उत्पादन को इस तरह से स्थापित करना ताकि कीमत सीमांत लागत के बराबर हो जाए**

☞ कौन-सी पूर्ण प्रतियोगिता की धारणा नहीं है?

**— औसत से कुल लागत लगातार कम होती जाती है**

☞ वे वस्तुएं जिनकी कीमत बढ़ने पर खपत बढ़ जाती है,________कहते हैं। **— गिफिन वस्तुएं**

☞ एक देश में मंदी के दौरान .............

**— वहां क्षमता से कम उपभोग होगा।**

☞ कौन-सा उपाय एक राष्ट्र की संपत्ति में वृद्धि नहीं करेगा?

**— सब्सिडी के रूप में करों का पुनर्वितरण करके**

☞ यदि चाय की कंपनियां चाय की पत्तियों को चुनने के लिए यंत्रीकृत विधि का उपयोग शुरू कर दें।

**— तब हाथों से चाय की पत्तियां चुनने वालों की मजदूरी कम हो जाएगी**

☞ कौन-सा कॉफी के लिए मांग में वृद्धि होने का कारण होगा?

**— चाय की कीमत में वृद्धि होना**

☞ यदि माल A और Z पूरक हैं, तो माल Z की कीमत में वृद्धि होने के परिणामस्वरूप________होगा।

**— वस्तु A के लिए मांग में कमी**

☞ यदि A और B वस्तुएं स्थानापन्न की जाती हैं, तो वस्तु B की कीमत में होने वाली कमी क्या होगी?

**— वस्तु A के लिए मांग में कमी**

☞ सरकार के विकास खर्चे में किसकी गिनती नहीं की जाती है? **— सुरक्षा संबंधी खर्चे की**

☞ गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में से किस भारतीय राज्य की जीडीपी सबसे अधिक है?

**— महाराष्ट्र की**

☞ किसी देश में उत्पादन किए गए संपूर्ण सामान और सेवाओं का मूल्य उसका .......... कहलाता है।

**— सकल घरेलू उत्पाद**

☞ सरकार बजट घाटे के वित्त पोषण के लिए उधार ले रही है, का क्या असर होगा?

**—ब्याज दरों पर ऊपर की ओर दबाव डाला जाएगा**

☞ मूल्य में वृद्धि से क्या होता है?

**— उपभोक्ता अधिशेष में कमी**

☞ संतुलन पर कीमत

**— मांग की गई मात्रा आपूर्ति की गई मात्रा के बराबर है**

☞ आर्थिक संतुलन में________

**— मांग आपूर्ति के बराबर होती है**

☞ एक वस्तु के लिए मांग में वृद्धि करने के कारण वस्तु के संतुलन कीमत में_____होगी और संतुलन मात्रा में______होगी।

**— बढ़त; बढ़त**

☞ वह माल जिसकी मांग उसकी मूल्य के आनुपातिक होती है, उसे कहा जाता है **– वेब्लेन वस्तु**

☞ मांग का कानून (नियम) कहता है कि

**— यदि एक वस्तु की कीमत बढ़ जाती है, तो उस वस्तु की मांग कम हो जाती है।**

☞ कौन-सा सही है, यदि सरकार अपने घाटे का कुछ हिस्सा मुद्रीकृत कर दें?

**— अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी**

☞ एक ही मुद्रा की आपूर्ति पर, यदि सरकार ने करों कि दर कम कर दी है, तो क्या सत्य है?

**— प्रयोज्य आय में निश्चित रूप से वृद्धि होगी**

☞ कौन-सा प्रत्यक्ष कर है? **— संपत्ति कर**

☞ यह कर पूरी तरह से लगाई गई इकाई द्वारा वहन किया जाता है और इसे पारित नहीं किया जा सकता।

**— प्रत्यक्ष कर**

☞ भारत में किस एक को छोड़कर बाकी सभी सरकारी राजस्व के स्रोत हैं? **— कृषि आयकर**

☞ ________वह वस्तु है जिसकी मात्रा की मांग उस समय कम हो जाती है, जब उपभोक्ता आय बढ़ जाती है।

**— निम्न कोटि की वस्तु**

☞ मूल्यवर्धित कर को किस पर लागू किया जाता है?

**— मूल्य पर**

☞ मुद्रास्फीति जनित मंदी को किस तरह से परिभाषित किया जाता है? **— उच्च महंगाई, कम वृद्धि, उच्च बेरोजगारी**

☞ मुद्रास्फीति जनित मंदी उस समय मौजूद होती है, जब ............

**— मूल्य सूचकांक में वृद्धि, लेकिन उत्पादन कम हो जाता है**

☞ मुद्रास्फीति कब होती है?

**— जब समय के साथ कीमतों में सामान्य वृद्धि होती है**

☞ शक्कर का बाजार संतुलन में है। यदि शक्कर की आपूर्ति बढ़ती है, तो शक्कर की संतुलन कीमत .......... और संतुलन मात्रा ...........। **— घटेगी; बढ़ेगी**

☞ एक ऐसी अवधि में जब अर्थव्यवस्था की कीमतों में बढ़ोत्तरी होती है और उसके साथ अर्थव्यवस्था की गतिविधियों में कमी आती है, तो यह ............. का मामला है।

**— मुद्रास्फीतिजन्ति मंदी**

☞ यदि पैसे की आपूर्ति की वृद्धि वास्तविक जीडीपी विकास दर की तुलना में तेज है, तो इसका परिणाम ........... होगा।

**— मुद्रास्फीति**

☞ विदेशी संदर्भ मुद्रा के संबंध में मुद्रा के मूल्य के घटाव को ____ कहा जाता है। **— अवमूल्यन**

☞ नैस्डेक में सूचीबद्ध होने वाली प्रथम भारतीय कंपनी .........है।

**— इंफोसिस**

☞ डॉलर के नोट पर किस अमेरिकी राष्ट्रपति का चित्र है?

**— अब्राहम लिंकन का**

☞ BRICS इन पांच प्रमुख उभरती राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के संघ के लिए संक्षिप्त रूप है : ब्राजील, रूस, भारत, चीन और_____

**— दक्षिण अफ्रीका**

☞ भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष किया गया?

**— 1949 में**

☞ कौन-सी संस्था भारत में 'अंतिम उधारदाता के उपाय' (लेंडर ऑफ द लास्ट रिजोर्ट) के रूप में कार्य करती है?

**— भारतीय रिजर्व बैंक**

☞ एसएलआर का निर्धारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है। एसएलआर का विस्तारित रूप क्या है?

**— स्टेच्यूटरी लिक्विडिटी रेशियो**

☞ कौन-सा एक भारतीय बैंक नहीं है? **— एचएसबीसी बैंक**

☞ ________भारत सरकार का एक बचत बॉण्ड है, जिसे भारत में मुख्य रूप से छोटी बचत और आयकर बचत निवेश के लिए प्रयोग किया जाता है।

**— राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र**

☞ प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की________के नेतृत्व में घोषणा की गई थी। **—नरेंद्र मोदी**

☞ माल्थुसियन सिद्धांत किससे संबंधित है? **— जनसंख्या से**

☞ माल्थुसियन के जनसंख्या सिद्धांत के अनुसार—

**— जनसंख्या ज्यामितीय अनुपात में बढ़ती है, खाद्य आपूर्ति गणितीय अनुपात में बढ़ती है**

☞ टपकन सिद्धांत (आपमात्रीय सिद्धांत) निवेश, बचत, आय वितरण तथा उपभोग में से किस पर आर्थिक वृद्धि के प्रभाव को नजर अंदाज करता है? **— आय वितरण**

☞ लाभ का नवप्रवर्तन सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया था?

**— शूम्पीटर ने**

☞ लॉरेंज वक्र क्या दर्शाता है? **— आय वितरण**

☞ एक अनधिमान वक्र, X और Y के विभिन्न संगतों से मिलने वाली संतुष्टि के_____स्तर को मापती है। **— समान**

☞ उदासीनता वक्र_____के समान स्तर को मापता है।

**— दो वस्तुओं से प्राप्त संतुष्टि**

☞ आपूर्ति पक्ष का अर्थशास्त्र किस पर अधिक जोर देता है?

**— निर्माता पर**

☞ भिन्नात्मक ब्याज प्रणाली का उद्देश्य, निम्न में से किन्हें रियाअती कर्ज प्रदान करना है?

**— समाज के कमजोर वर्ग को**

☞ बचत आय राशि का वह भाग है जिसे_____

**— उपभोग पर खर्च नहीं किया जाता**

☞ 'कृषिशास्त्र' में किसको उन्नत किया जाता है?

**— पौधों और पशुओं को**

☞ खुला बाजार ऑपरेशन, कराधान, जनता से उधार लेना एवं जन व्यय में कौन-सी वित्तीय नीति नहीं है?

**— खुला बाजार ऑपरेशन**

☞ भारत में वित्तीय नीति का प्रमुख उद्देश्य कौन-सा नहीं है?

**— अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाना**

☞ मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य क्या होता है? **— मूल्य स्थिरता के साथ आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना**

☞ एकाधिपत्य, पूर्ण स्पर्धा, अल्पाधिकार एवं एकाधिकार प्रतियोगिता में से किस प्रकार का बाजार कीमतों को नियंत्रित करने में असमर्थ रहता है? **— पूर्ण स्पर्धा**

☞ खुला बाजार कार्यवाही से क्या तात्पर्य है? **— भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री**

☞ कोई संगीतज्ञ जो किसी सुविधा-निधि के लिए कार्यक्रम में भाग ले रहा हो; कोई चित्रकार जो अपने आनंद के लिए कार्य कर रहा है; शौक के तौर पर पुस्तक पढ़ने वाला; अपने पुत्र को पढ़ाने वाली मां; में से एक अर्थशास्त्र में 'श्रमिक' कहलाता है, वह कौन है? **— कोई संगीतज्ञ जो किसी सुविधा-निधि के लिए कार्यक्रम में भाग ले रहा हो**

☞ कौन-सा वक्र बेरोजगारी और मुद्रास्फीति-दर के संबंध को प्रतिलोमतः दर्शाता है? **— फिलिप्स वक्र**

☞ 'डंपिंग' (पाटना) शब्द किसके लिए प्रयोग किया जाता है?

**— किसी चीज की सीमांत लागत से कम कीमत पर किसी विदेशी बाजार में बिक्री**

☞ 'Hindu rate of growth' शब्द किसने प्रस्तावित किया?

**— राज कृष्ण**

☞ 'वृहत अर्थशास्त्र' (Macro Economics) शब्द का प्रयोग किसने किया था? **— ऐनरफ्रिश ने**

☞ आर्थिक क्रिया-कलापों में अल्प कालिक संकुचन और विस्तार को क्या कहते हैं? **— व्यवसाय चक्र**

☞ भारत में छुपी बेरोजगारी मुख्य रूप से किस क्षेत्र में है?

**— कृषि क्षेत्र में**

☞ आर्थिक विकास का प्राचल प्रति व्यक्ति मौद्रिक आय, राष्ट्रीय आय, प्रति व्यक्ति ग्रामीण आय तथा जनसंख्या में से कौन-सा है? **— प्रति व्यक्ति मौद्रिक आय**

☞ आंतरिक व्यापार (Insider Trading) किससे संबंधित है?

**— शेयर मार्केट से**

☞ स्टॉक एक्सचेंज पर इनमें से क्या होता है?

**— प्रतिभूतियां खरीदी और बेची जाती हैं**

☞ 'सामान्य संतुलन विश्लेषण' किसने विकसित किया था?

**— वॉलरा ने**

☞ किस राज्य में 'हिमायत' बेरोजगार युवकों के लिए एक प्रशिक्षण व नियोजन कार्यक्रम है? **— जम्मू-कश्मीर**

☞ निजी संपत्ति का अधिकार, प्रतियोगिता होना, सेवा-प्रयोजन एवं उपभोक्ताओं को चुनाव की स्वतंत्रता में से कौन-सी 'पूंजीवादी अर्थव्यवस्था' की विशेषता नहीं है? **— सेवा-प्रयोजन**

☞ 'बाजार अर्थव्यवस्था' वह होती है जो-

**— सरकारी नियंत्रण से मुक्त हो**

☞ जब बढ़ती हुई आय के साथ-साथ किसी वस्तु की मांग बढ़ती है, तो ऐसी वस्तु को क्या कहते हैं? **— उत्कृष्ट माल**

☞ भारत में 'हरित क्रांति' का जनक किसे कहा जाता है?

**— एम.एस. स्वामीनाथन को**

☞ हरित क्रांति का सर्वाधिक प्रभाव किसमें देखा गया था?

**— गेहूं के उत्पादन में**

☞ पूर्ण प्रतियोगिता, एकाधिकार, एकाधिकारी प्रतियोगिता में से किस स्थिति में विक्रय लागत वहन करना जरूरी होता है?

**— एकाधिकारी प्रतियोगिता में**

☞ 1 रुपये के प्रीमियम पर भारतीय रेल विभाग यात्रियों को कितनी राशि का बीमा-कवर देता है? **— दस लाख रुपये**

☞ आप ऐसी कर प्रणाली को क्या कहेंगे जिसमें निर्धन वर्ग पर धनी वर्ग की अपेक्षा अधिक कर लगाया जाता है?

**— पश्चगामी कर**

☞ 'श्रेष्ठ प्रतिभूतियां' क्या हैं? **— सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियां**

☞ टैक्स आधार में वृद्धि के अनुरूप कर की दर बढ़ने को क्या कहा जाता है? **— प्रगतिशील कर**

☞ प्रतिगामी कर, प्रगामी कर एवं समान दर कर में से कौन-सी कर प्रणाली भारत में आर्थिक विषमता को कम करने में सहायक होगी? **— प्रगामी कर**

☞ गृह मंत्रालय द्वारा संचालित FCRA का विस्तृत रूप क्या है? **— Foreign Contribution Regulation Act**

☞ द्विपक्षीय एकाधिकार स्थिति क्या है?

**—जब एक वस्तु के सिर्फ एक ग्राहक और एक विक्रेता होते हैं**

☞ वॉल स्ट्रीट में शेयरों के मूल्य अत्यधिक गिर जाने से क्या प्रभाव पड़ा? **— महामंदी**

☞ उद्योगकर्मियों के लिए 'उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या' कौन प्रतिपादित करता है? **— श्रम ब्यूरो**

☞ भारत में कर्मचारियों हेतु महंगाई भत्ता तय करने का आधार _____है। **— उपभोक्ता मूल्य सूचकांक**

☞ प्रत्यक्ष कर का मुख्य रूप से प्रभाव किस पर पड़ता है?

**— आय पर**

☞ किस प्रकार का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश असुरक्षित माना जाता है? **— पोर्टफोलियो निवेश**

☞ भारत में राजकोषीय नीति कौन तय करता है?

**— वित्त मंत्रालय**

☞ राष्ट्रीय दृष्टिकोण से बी.एस.एन.एल. द्वारा मोबाइल फोनों की बिक्री का अध्ययन; महिलाओं में बेरोजगारी; भारत में प्रति व्यक्ति आय तथा भारत में मुद्रास्फीति में से कौन-सा सूक्ष्म दृष्टिकोण होगा?

**— बी.एस.एन.एल. द्वारा मोबाइल फोनों की बिक्री का अध्ययन**

☞ सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ( सेबी : SEBI) क्या है? **— रेगुलेटरी बॉडी**

☞ 'संयुक्त क्षेत्र' की संकल्पना में किसके बीच सहयोग आवश्यक होता है?

**— सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के उद्योगों के बीच**

☞ भारत में कौन बीमा कारोबार को नियंत्रित करता है?

**— आई.आर.डी.ए.**

☞ 2019-20 के बजट के अनुसार, भारत सरकार के लिए पूंजी का सबसे बड़ा साधन है?

**— ऋण एवं अन्य दायित्व**

☞ यदि चालू खाता पर सरकारी खर्च सरकारी राजस्व से अधिक हो, तो क्या स्थिति होगी? **— घाटा बजट**

☞ मूल्य ह्रास किसके मूल्य की हानि है?

**— मशीनरी (यंत्र समूह)**

☞ किसी वस्तु की मांग एक प्रत्यक्ष मांग है, किंतु उत्पादन के घटक की मांग क्या कहलाती है? **— व्युत्पन्न मांग**

☞ नियत विदेशी मुद्रा की दर को कौन बदल सकता है?

**— भारतीय रिजर्व बैंक**

☞ आबकारी कर, बिक्री कर व सीमा शुल्क; आयकर, सीमा शुल्क व गृहकर; आबकारी कर, सीमा शुल्क व आयकर; सीमा शुल्क, मनोरंजन कर व आयकर; में से करों का कौन-सा समुच्चय केंद्रीय सरकार से संबद्ध है?

**— आबकारी कर, सीमा शुल्क व आयकर**

☞ उद्योग, सेवा, कृषि एवं खनिज में से राष्ट्रीय आय के लिए किसका अधिकतम योगदान है? **— सेवा**

☞ किस राज्य सरकार ने हाल ही में 'कृषि आयकर' समाप्त कर दिया है? **— कर्नाटक**

☞ संपत्ति कर, मनोरंजन कर, आयकर एवं उपहार कर में कौन-सा कर केवल राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है?

**— मनोरंजन कर**

☞ भारत में शराब पर आबकारी शुल्क, पूंजीगत अभिलाभ कर (Capital Gain Tax), सीमा शुल्क एवं निगम कर में से कौन-सा कर राज्य सरकार द्वारा वसूला जाता है?

**— शराब पर आबकारी शुल्क**

☞ Octroi (चुंगी) क्या है? **— टैक्स**

☞ पूंजी बाजार किसके लिए होता है?

**— दीर्घकालिक कोष के लिए**

☞ सार्वजनिक अतिव्यय (पंप प्राइमिंग) किस समय किया जाना चाहिए? **— अवस्फीति के समय**

☞ 'सेनवैट' किससे संबंधित है? **— उत्पाद शुल्क से**

☞ मुद्रास्फीति में निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति होती है?

**— कम वस्तु पर अधिक मुद्रा व्यय**

☞ 'रेजीडैक्स' का संबंध किससे है?**— जमीन की कीमतों से**

☞ गैर-कानूनी (अवैधानिक) मुद्रा संग्रहण को नियंत्रित करने के लिए हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पोर्टल स्थापित किया। इसका नाम क्या है? **— सचेत**

☞ 'ग्रीन बैंकिंग' का क्या अर्थ है? **— पर्यावरण संरक्षी परियोजनाओं का वित्त पोषण करने वाले बैंक**

☞ खेती, विनिर्माण, डेयरिंग तथा ट्रेडिंग में से कौन-सा तृतीय क्रियाकलाप है? **— ट्रेडिंग**

☞ भारत के किस राज्य ने जंक फूड पर फैट टैक्स लगाया है?
**— केरल में**

☞ मोबाइल के जरिए धनराशि के अंतरण को क्या कहते हैं?
**— IMPS**

☞ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष; अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक; विश्व व्यापार संगठन; अंतरराष्ट्रीय विकास संघ में से किसको 'विश्व बैंक' भी कहा जाता है?
**— अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक को**

☞ इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट, इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, यूनिसेफ एवं आई.एफ.सी. में से कौन-सी संस्था 'वर्ल्ड बैंक' के नाम से भी जानी जाती है?
**— इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट**

☞ 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है? **— अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा**

☞ विशेष आहरण अधिकार किसने बनाए थे?
**— अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने**

☞ कौन-सी संस्था को विश्व बैंक के 'सुलभ कर्ज विंडो' के नाम से जाना जाता है? **— आई.डी.ए. को**

☞ ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एन.डी.बी.) का मुख्यालय कहां है? **— शंघाई में**

☞ BRICS द्वारा New Development Bank (NDB) किस लिए गठित किया गया है?
**— उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में स्थिर विकास के लिए आधार संरचना निधीयन हेतु**

☞ ब्राजील, रूस, चीन एवं इंडोनेशिया में कौन-सा देश ब्रिक्स ग्रुप का सदस्य नहीं हैं? **— इंडोनेशिया**

☞ पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (ओपेक), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व व्यापार संगठन एवं संयुक्त राष्ट्र संघ में से कौन-सा उत्पादक संघ (कार्टेल) का उदाहरण है?
**— पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (ओपेक)**

☞ चीन, कनाडा, जर्मनी तथा यूनान (ग्रीस) में से कौन-से देश में ऋण संकट है? **— यूनान (ग्रीस)**

☞ मानव विकास सूचकांक कौन तैयार करता है?
**— संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम**

☞ एच.डी.आई. किन तीन क्षेत्रों में विकास का मापक है?
**— स्वास्थ्य, शिक्षा और आमदनी**

☞ जी-20 विश्व की सबसे बड़ी बीस अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है जिसका प्रतिनिधित्व किसके द्वारा किया जाता है?
**— वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा**

☞ आर.बी.आई. का मुख्यालय कहां है? **— मुंबई में**

☞ भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा वर्ष क्या है? **— जुलाई-जून**

☞ अनुसूचित बैंक एक ऐसा बैंक हैं जो_____
**— भारतीय रिजर्व बैंक की दूसरी अनुसूची में शामिल हो**

☞ बड़े वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?
**— वर्ष 1969 में**

☞ यदि भारतीय रिजर्व बैंक नकद रिजर्व अनुपात कम करती है, तो क्या परिणाम होगा? **— ऋण सृजन बढ़ेगा**

☞ नियत विदेशी मुद्रा की दर को कौन बदल सकता है?
**— भारतीय रिज़र्व बैंक**

☞ बैंक दर क्या है? **— वह दर जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक, देश के अन्य बैंकों को ऋण देता है**

☞ भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को जिस दर पर अल्पकालिक ऋण देता है, उसे क्या कहते हैं? **— रेपो रेट**

☞ बैंक में 'ओमबुड्समैन' (लोकपाल) की क्या भूमिका है?
**— ग्राहकों की शिकायतों का उत्कृष्ट और द्रुत निवारण करना**

☞ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक किसके द्वारा प्रायोजित होते हैं?
**— राष्ट्रीकृत वाणिज्यिक बैंकों द्वारा**

☞ मुद्रा बैंक किसकी सहायता के लिए शुरू की गई है?
**— लघु कारोबार हेतु**

☞ भारतीय मुद्रा का नया प्रतीक-चिह्न किसने डिज़ाइन किया था? **— उदय कुमार ने**

☞ 'Smart Money' शब्द किसके लिए प्रयोग होता है?
**— क्रेडिट कार्ड के लिए**

☞ 'ग्राम उदय से भारत उदय अभियान' की शुरुआत किस व्यक्ति की 125वीं जन्म की सालगिरह पर हुई?
**— डॉ. भीमराव अंबेडकर के**

☞ प्रति व्यक्ति आय, सकल घरेलू उत्पाद, साक्षरता दर तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता में से किस पर जीवन का स्तर निर्भर करता है? **— प्रति व्यक्ति आय पर**

☞ इच्छाओं का दोहरा संयोग ________ की एक अनिवार्य विशेषता है। **— वस्तु विनिमय प्रणाली**

☞ 'वाणिज्य बैंक' भारी उद्योग; कृषि, लघु उद्योग और कमजोर तबके के लिए; विदेशी कंपनियों; आपात स्थिति में राज्य सरकार में से किस प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण देते हैं?

**— कृषि, लघु उद्योग और कमजोर तबके के लिए**

☞ नीति आयोग ने वित्तीय वर्ष 2017-18 की शुरुआत से 5 वर्ष की योजनाओं को 5 साल विजन डॉक्युमेंट,10 साल विजन डॉक्युमेंट, 15 साल विजन डॉक्युमेंट तथा 20 साल विजन डॉक्युमेंट में से किससे बदलने की योजना बनाई है?

**— 15 साल विजन डॉक्युमेंट से**

☞ 14वें वित्त आयोग ने कर वसूली से होने वाली निवल आय में राज्यों का हिस्सा 32% से बढ़ाकर कितने प्रतिशत करने की सिफारिश की है? **— 42%**

☞ 12वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल क्या है?**— 2012-17**

☞ SIDO का संबंध किसके विकास से है?

**— लघु उद्योग के विकास से**

☞ व्यय पद्धति, उत्पादन पद्धति, मातृका (आधात्री) प्रणाली तथा आय पद्धति में से कौन-सी राष्ट्रीय आय के आकलन की पद्धति नहीं है? **— मातृका (आधात्री) प्रणाली**

☞ किसी देश में आय का पुनर्वितरण किस प्रकार किया जा सकता है?

**— उत्तरोत्तर कराधान और साथ में उत्तरोत्तर व्यय**

☞ देश में हाल ही में राजग (एनडीए) सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रोग्राम 'इंद्रधनुष मिशन' किससे संबंधित है?

**— कुछ रोगों के प्रति बच्चों का प्रणालीबद्ध प्रतिरक्षण से**

☞ भारत में 'मिशन इंद्रधनुष' अभियान किससे जुड़ा है?

**— बच्चों के टीकाकरण से**

☞ मुद्रा (MUDRA) क्या है? **— विकास और पुनर्वित्त एजेंसी**

☞ प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत कौशल केंद्र (कारीगरी केंद्र) का उद्घाटन किस शहर में किया गया? **— नोएडा में**

☞ हाल ही प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ 'स्टैंड अप इंडिया' स्कीम का संबंध किससे है? **— अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व स्त्रियों में उद्यमिता के प्रोत्साहन से**

☞ प्रधानमंत्री की 'उज्ज्वला योजना' किससे संबंधित है?

**— सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को एल.पी.जी. गैस कनेक्शन के वितरण से**

☞ संकल्प परियोजना किस प्रयोजन से आरंभ की गई थी?

**— एड्स (एच.आई.वी.) समाप्त करने हेतु**

☞ किस राज्य सरकार ने ग्रामों में सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से 'स्मार्ट विलेज प्रोग्राम' को शुरू किया? **— गुजरात ने**

☞ स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (SJSRY) का मुख्य उद्देश्य किस प्रकार के रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है?

**— शहरी क्षेत्रों में, स्वरोजगार और मजदूरी रोजगार दोनों**

☞ मनरेगा (MGNREGA) के अंतर्गत किसी ग्रामीण निर्धन व्यक्ति को अधिकतम कितने दिन तक रोजगार मिल सकता है? **— 100 दिन का**

☞ महिला समृद्धि योजना, राष्ट्रीय महिला कोष, इंदिरा महिला योजना तथा महिला समाख्या कार्यक्रम में से कौन-सा कार्यक्रम निर्धन स्त्रियों की उधार आवश्यकताओं की पूर्ति करता है?

**— राष्ट्रीय महिला कोष**

☞ अम्रुत, स्वच्छ भारत, आयुष तथा जन-धन योजना में से कौन-सी योजना वर्तमान सरकार (राजग) की नहीं है?

**— आयुष**

☞ कुटीर ज्योति योजना किससे संबंधित है? **— गरीबी रेखा से निचले स्तर के ग्रामीण परिवारों को बिजली देना**

☞ एन.टी.पी.सी. एक केंद्रीय लोक क्षेत्र उद्यम है जो किस क्षेत्र से संबंधित है? **— विद्युत क्षेत्र से**

☞ जनवरी, 2018 में 'निर्वाचन बॉन्ड' योजना लोकार्पित की गई थी। इस योजना के अंतर्गत, निर्वाचन बॉन्ड कितने दिनों के लिए मान्य होंगे? **- 15 दिनों के लिए**

☞ जुलाई, 2017 में प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (पीएमवीवीवाई) का लोकार्पण किसने किया था? **- अरुण जेटली ने**

☞ 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' का शुभारंभ कब हुआ?

**- 1 अप्रैल, 2017 को**

☞ किस राज्य ने 'एनटीआर आरोग्य रक्षा योजना' आरंभ किया? **- आंध्र प्रदेश ने**

☞ अटल पेंशन योजना (APS) _______ के श्रमिकों पर केंद्रित योजना है। **- असंगठित क्षेत्र**

☞ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का मुख्य मंत्र क्या है?

**- स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन - महिलाओं को मिला सम्मान**

☞ 21 जनवरी, 2015 को किस अभियान के तहत सुकन्या समृद्धी योजना की शुरुआत की गई थी?

**- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत**

☞ किस वर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) शुरू की गई थी? **- वर्ष 2000 में**

☞ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में आंशिक विकलांगता के लिए कवर राशि क्या है? **- 1 लाख रुपये**

☞ प्रधानमंत्री ने 'उड़ान' योजना का प्रारंभ किस मार्ग से किया? **- शिमला-दिल्ली मार्ग से**

☞ संघ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई 'गंगा कार्ययोजना' (गंगा एक्शन प्लान) का लक्ष्य _______ है। **- गंगा नदी में प्रदूषण को कम करना**

☞ किस योजना के अंतर्गत प्रत्येक सांसद, 2019 तक तीन गांवों में भौतिक तथा संस्थागत बुनियादी ढांचे के विकास की जिम्मेदारी लेंगे? **- सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत**

☞ 'भारत निर्माण योजना' किस वर्ष में शुरू किया गया था? **- वर्ष 2005 में**

☞ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किन्हें बीमा रक्षण प्रदान करता है? **- रबी तथा खरीफ फसलों को**

☞ प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष जमा की जा सकने वाली अधिकतम राशि (रुपये में) कितनी है? **- 1,50,000**

☞ 'प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना' का शुभारंभ कब किया गया था? **- जनवरी, 2015 में**

☞ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 18 से _______ वर्ष तक की आयु के सभी नागरिकों के लिए उपलब्ध है। **- 70**

☞ शिशु, वयस्क, तरुण तथा किशोर में से कौन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण का वर्ग नहीं है? **- वयस्क**

☞ 'मेक-इन-इंडिया' पहल का शुभारंभ कब किया गया था? **- सितंबर, 2014 में**

☞ कौन एक 'मेक-इन-इंडिया' अभियान का लक्ष्य नहीं है? **- वित्तीय समावेश**

☞ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से _______ वर्ष तक की आयु के सभी नागरिकों के लिए उपलब्ध है। **- 50**

☞ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की वार्षिक प्रीमियम (रु. में) कितनी है? **- 12 रुपये**

☞ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के धारक कितनी राशि का जीवन बीमा रक्षण प्राप्त करते हैं? **- 2 लाख रुपये**

☞ उदय (यूडीएवाई) में 'डी' का क्या अर्थ है? **- डिस्कॉम**

☞ रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड द्वारा योजनाबद्ध क्रिप्टोकरेंसी का नाम क्या है? **- जिओकॉइन**

☞ ''सौभाग्य'' योजना क्या प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी? **- विद्युत कनेक्शन**

☞ अक्टूबर, 2017 में 'संपूर्ण बीमा ग्राम (एसबीजी) योजना' का लोकार्पण किसने किया, जिसका उद्देश्य डाक जीवन बीमा के ग्राहक आधार का विस्तार करना है? **- मनोज सिन्हा ने**

☞ नवंबर, 2017 में 'भारत नेट योजना' का दूसरा चरण लोकार्पित किया गया था। इसका परिव्यय लगभग कितना है? **- 34,000 करोड़ रु.**

☞ आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना की पैन इंडिया कवरेज के लिए विस्तार को वर्ष 2017-2018 से लेकर ________ तक मंजूरी दे दी है। **- वर्ष 2019-2020**

☞ 22 नवंबर, 2017 को कैबिनेट ने देश के सभी 640 जिलों में एक पैन इंडिया कवरेज के लिए किस मिशन का विस्तार करने की मंजूरी दी? **- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**

☞ भारत सरकार मार्च, 2018 तक अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत एक करोड़ ग्राहक लाने के लिए आशावान है। अटल पेंशन योजना के लिए आयु सीमा क्या है? **- 18 से 40 वर्ष**

☞ नवंबर, 2017 में क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के अंतर्गत, मध्यम आय समूह-II (एमआईजी-II) के लिए फर्श क्षेत्र में वृद्धि की गई है। एमआईजी-II के लिए फर्श क्षेत्र में_______ तक वृद्धि की जाएगी। **- 150 वर्ग मीटर**

☞ दिसंबर, 2017 में 'पीएमवीवीवाई' नामक योजना लोकार्पित की गई थी। इसका उद्देश्य वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत अधिकतम खरीद मूल्य की सीमा क्या है? **- 7,50,000 रु.**

☞ जनवरी, 2018 में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) ने 80 लाख ग्राहकों को पार किया है। एपीवाई के अंतर्गत लाभार्थी अधिकतम मासिक पेंशन की कितनी राशि प्राप्त कर सकते हैं? **- 5000 रु.**

☞ दिसंबर, 2017 में भारत के प्रधानमंत्री ने_______ परिव्यय वाले राष्ट्रीय पोषण अभियान (एनएनएम) की स्थापना को मंजूरी दी। **- 9046.17 करोड़ रुपये**

☞ सौर सुजला योजना लागू करने वाला पहला राज्य है।

**— छत्तीसगढ़**

☞ कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लाभार्थियों के लिए दिल्ली क्षेत्र में शुरू की गई योजना का क्या नाम है?

**— कहीं भी कभी भी**

☞ केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई...........योजना के तहत किसानों को मृदा कार्ड जारी किए जाने की योजना है जिसमें फसलों के अनुसार पोषक तत्वों और उर्वरक आदि की सलाह दी जाएगी। **— मृदा स्वास्थ्य कार्ड**

☞ केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई.........योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

**— स्टैंड अप इंडिया स्कीम**

☞ केंद्र सरकार द्वारा —— योजना शुरू की गई है, जो की एक नवीन कृषिफसल बीमा योजना है जिसका उद्देश्य देश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना है।**— प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**

☞ गर्भवती महिलाओं को 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'गर्भावस्था सहायता योजना' कब आरंभ की गई थी? **— 31 दिसंबर, 2016 को**

☞ केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई —— योजना का उद्देश्य उन ग्रामीण क्षेत्र समूहों का विकास करना है जहां विकास की अव्यक्त संभावनाएं हैं।

**— श्यामा प्रसाद मुखर्जी आर-अर्बन मिशन**

☞ केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई —— योजना का उद्देश्य 300 स्मार्ट गांवों का विकास करके ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक और आधारित संरचना के विकास को प्रोत्साहित करना है। **— श्यामा प्रसाद मुखर्जी आर-अर्बन मिशन**

☞ 'प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान' 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों को —— तक डिजिटली साक्षर करने के लिए आरंभ किया गया है। **— मार्च, 2019**

☞ देश के सभी राज्यों में महिला पुलिस स्वयंसेवी योजना के कार्यान्वयन के अंतर्गत, प्रायोगिक तौर पर सर्वप्रथम किस राज्य में शुरू की गई है? **— हरियाणा में**

☞ —— परियोजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य गंगा नदी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के प्रयासों को विस्तारयुक्त तरीके से एकीकृत करना है।

**— नमामि गंगा योजना**

☞ केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई —— योजना का उद्देश्य वर्ष 2020 तक उन सभी बच्चों को शामिल करना है जिन्हें टीके नहीं लगे हैं या जिन्हें टीकों से रोकथाम की जा सकने वाली सात बीमारियों के टीके आंशिक रूप से लगे हैं।

**— इंद्रधनुष**

☞ समाज के कमजोर वर्ग को वित्तीय सहायता देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने —— प्रारंभ की।**— प्रधानमंत्री जन धन योजना**

☞ केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई —— योजना का उद्देश्य भारत के सभी राज्यों, क्षेत्रों और जिलों के बीच संबंधों को मज़बूत करना है। **— एक भारत श्रेष्ठ भारत**

☞ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने ए.पी.एल. परिवारों के लिए एक स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ किया है। उस योजना का क्या नाम है? **— आरोग्य रक्षा**

☞ 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' का शुभारंभ कब किया गया था?

**— अप्रैल, 2015 में**

☞ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना क्या है?

**— एक दुर्घटना बीमा योजना**

☞ 'मेरा खाता भाग्य विधाता' किस योजना का नारा है?

**— प्रधानमंत्री जन धन योजना का**

☞ किस एक का उद्देश्य शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देना तथा 2020 तक प्रशिक्षुओं की सहभागिता को बढ़ाकर 50 लाख करना है? **— राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना का**

☞ 2022 तक देशभर में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 24 x 7 निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करना कौन-सी योजना का लक्ष्य है? **— दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना का**

☞ राष्ट्रीय पेंशन योजना से जुड़ने के लिए न्यूनतम आयु क्या है? **— 18 वर्ष**

☞ राष्ट्रीय पेंशन योजना से जुड़ने के लिए अधिकतम आयु क्या है? **— 60 वर्ष**

☞ कौन-से स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत मूल सुविधाएं हैं?

**— पर्याप्त जल की आपूर्ति, निश्चित बिजली की आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित स्वच्छता**

☞ पढ़े भारत, बढ़े भारत, सारांश, शाला अस्मिता योजना तथा सक्षम में से कौन-सी योजना का लक्ष्य विद्यार्थियों के पूरे शिक्षात्मक यात्रा को चिह्नित करना है?

**— शाला अस्मिता योजना**

☞ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारंभ किस राज्य से हुआ था? **— उत्तर प्रदेश से**

☞ 'वंदे मातरम् योजना' की शुरुआत किस वर्ष हुई थी? **— वर्ष 2004 में**

☞ राज्य में शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए 'दुलारी कन्या' योजना किस राज्य ने शुरू की हैं? **— अरुणाचल प्रदेश**

☞ पंडित दीन दयाल उपाध्याय उन्नत कृषि शिक्षा योजना का उद्देश्य क्या है? **— कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए**

☞ किस वर्ष संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (एसजीआरवाई) शुरू की गई थी? **— वर्ष 2001 में**

☞ अटल पेंशन योजना का शुभारंभ कब हुआ था? **— वर्ष 2015 में**

☞ कौन-सा विकलांग व्यक्तियों के लिए सार्वभौमिक पहुंच प्राप्त कराने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान हैं? **— सुगम्य भारत अभियान**

☞ सर्व शिक्षा अभियान के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई एक समर्पित वेब पोर्टल कौन-सा है? **— शगुन**

☞ देश में थीम आधारित पर्यटकों के सर्किट को विकसित करने के लिए टूरिज्म मंत्रालय द्वारा शुरू की गई योजना कौन-सी है? **— स्वदेश दर्शन**

☞ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारंभ कब हुआ था? **— मई, 2016 में**

☞ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना किस मंत्रालय की फ्लैगशिप योजना है? **— ग्रामीण विकास मंत्रालय की**

☞ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए प्रचार वाक्य क्या है? **— अधिक फसल प्रति ड्रॉप**

☞ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के धारक कितनी राशि (रु. में) का दुर्घटना बीमा रक्षण प्राप्त करते हैं? **— 200000**

☞ कौन-सी योजना सभी को, विशेष रूप से गरीबों को सस्ती कीमत पर उपलब्ध गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई है? **— जन औषधि**

☞ प्रधानमंत्री आवास योजना का शुभारंभ वर्ष —— तक सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया गया है। **— 2022**

☞ अटल पेंशन योजना के अंतर्गत निश्चित मासिक पेंशन की सीमा (रु. में) क्या है? **— 1000-5000**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'नव-मत्थूसियन सिद्धांत निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(a) रोजगार (b) गरीबी
(c) संसाधन की कमी (d) आय

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

'नव मल्थूसियन सिद्धांत' संसाधन की कमी से संबंधित है। थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने 1798 ई. में अपने लेख (Essay of Principle of Population) में खाद्यान्नों की सीमित आपूर्ति को जनांकिकीय आर्थिक विकास के अवरोध के रूप में प्रस्तुत किया।

**2. अनिवार्य बचत का संबंध किससे है?**

(a) आयकर दाताओं पर थोपे गए अनिवार्य निक्षेप (जमा)
(b) निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के भविष्य निधि में अभिदान
(c) कीमतों में बढ़ोत्तरी के परिणामस्वरूप खपत की कमी
(d) व्यक्तिगत आय और धन पर कर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

नोबेल पुरस्कार विजेता फ्रेडरिक वॉन हायेक के अनुसार अनिवार्य बचत (Forced Saving) कीमतों में बढ़ोत्तरी के परिणामस्वरूप खपत की कमी है। यह प्रत्यक्ष रूप में हो सकता है जब सरकार करों में वृद्धि करती है अथवा अप्रत्यक्ष रूप में अधिक मुद्रास्फीति के कारण। अतः अभीष्ट विकल्प (c) है।

**3. किसी उद्यमी द्वारा विज्ञापन तथा जन-संपर्क पर किया गया खर्च, उसके किस प्रकार के व्यय का हिस्सा है?**

(a) स्थायी पूंजी का उपभोग (b) अंतिम उपभोग व्यय
(c) मध्यवर्ती उपभोग (d) स्थायी पूंजी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

विज्ञापन तथा जन-संपर्क आदि जैसे अन्य विक्रय खर्चे (Selling Expenses) मध्यवर्ती उपभोग (Intermediate Consumption) का हिस्सा हैं।

**4. किस आर्थिक प्रणाली में सरकार यह निर्णय लेती है कि समाज की आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न वस्तुओं का उत्पादन किया जाए?**

(a) समाजवादी (b) मिश्रित
(c) पूंजीवादी (d) पारंपरिक

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

समाजवादी आर्थिक प्रणाली में सरकार यह निर्णय लेती है कि समाज की आवश्यकताओं के अनुसार भिन्न वस्तुओं का उत्पादन किया जाए। शूम्पीटर के अनुसार, 'समाजवादी अर्थव्यवस्था उस अर्थव्यवस्था को कहते हैं, जिसमें उत्पादन के साधनों पर केंद्रीय शक्ति का नियंत्रण होता है, जहां समाज की आर्थिक क्रियाएं निजी क्षेत्र में न होकर सार्वजनिक क्षेत्र में होती हैं'।

**5. भारत में योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था किस पद्धति पर आधारित है?**

(a) पूंजीवादी व्यवस्था

(b) पारंपरिक व्यवस्था

(c) अधिकार व्यवस्था

(d) समाजवादी व्यवस्था

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

भारत में योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था समाजवादी व्यवस्था पद्धति पर आधारित है। एक योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों के योगदान का निर्धारण प्रथमतः विभिन्न क्षेत्रों (Sectors) के बीच साधनों के वितरण के सामान्य सिद्धांतों को निश्चित कर और द्वितीयतः किसी क्षेत्र विशेष में प्रौद्योगिक चयन के सिद्धांतों के अनुसार किया जा सकता है।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय बैंक भारत में 1,00,000 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण तक पहुंचने वाला पहला बैंक बना?**

(a) ICICI (b) HDFC

(c) SBI (d) PNB

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

भारत में 1,00,000 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण तक पहुंचने वाला पहला बैंक आईसीआईसीआई है। ICICI बैंक निजी क्षेत्र का भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक बैंक है। 31 मार्च, 2018 तक इसकी कुल समेकित संपत्ति 11242.81 बिलियन डॉलर है तथा कर के बाद इसका लाभ 67.77 बिलियन डॉलर है। 31 जनवरी, 2019 तक पूरे भारत में इस बैंक की 4867 शाखाएं तथा 14367 ATM थीं।

**7. गिफ़न (निम्न स्तरीय) तथा घटिया माल पर विचार करते समय हमें यह ज्ञात होता है, कि-**

(a) घटिया माल गिफ़न माल भी अवश्य होगा

(b) गिफ़न माल घटिया भी अवश्य होगा

(c) घटिया माल गिफ़न माल नहीं हो सकता

(d) गिफ़न माल घटिया माल नहीं हो सकता

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

गिफ़न माल घटिया माल भी अवश्य होगा। इस बात का संकेत प्रथमतः 'रॉबर्ट गिफ़न' ने दिया था, इसलिए उन्हीं के नाम पर ऐसी वस्तुओं को 'गिफ़न वस्तुएं' कहा जाता है। गिफन वस्तुएं ऐसी वस्तुएं हैं जिन पर उपभोक्ता अपनी आय का बड़ा भाग व्यय करता है। इन वस्तुओं पर मांग का नियम लागू नहीं होता बल्कि मूल्य में वृद्धि से इनकी मांग बढ़ जाती है व मूल्य में कमी से मांग कम हो जाती है।

**8. बिना-बीमायोग्य अथवा अनिश्चितता जोखिम है-**

(a) आग

(b) बाढ़

(c) उस वस्तु की कीमत में परिवर्तन

(d) प्रचलन (फैशन) में परिवर्तन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

बिना-बीमायोग्य अथवा अनिश्चितता जोखिम प्रचलन (फैशन) में परिवर्तन है। इनका बीमा नहीं हो सकता।

**9. निम्नलिखित में से क्या उपभोक्ता अर्द्ध-टिकाऊ वस्तुएं हैं?**

(a) कार और टेलीविजन सेट

(b) दुग्ध और दुग्ध उत्पाद

(c) खाद्यान्न और अन्य खाद्य उत्पाद

(d) पंखा और बिजली की इस्त्री जैसे विद्युत उपकरण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

अर्द्ध टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं हैं जो टिकाऊ तथा गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के मध्य स्थित होती हैं। इस प्रकार की वस्तुओं के अंतर्गत वे वस्तुएं आती हैं जिनकी जीवन वैधता एक वर्ष से दो वर्ष होती है। जैसे-कपड़ा, जूता, गहने, संरक्षित खाद्य पदार्थ आदि।

**10. फसल कर्ज के लिए बैंक को अदा किया गया ब्याज है-**

(a) मध्यवर्ती उपभोग

(b) अंतरण अदायगी

(c) उपादान अदायगी

(d) पूंजी निर्माण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपादान अदायगी उस आय को कहते हैं जो उत्पादन के कारकों के स्वामियों (गृहस्थ क्षेत्र) को अपनी कारक सेवाओं को उत्पादकों को अर्पित करने के बदले में प्राप्त होती है। उपादान अदायगी में शामिल हैं- लगान, ब्याज, मजदूरी तथा लाभ। S.S.C. ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) दिया है जो कि गलत है।

**11. घटिया वस्तु के लिए मांग गिरती है जब-**


(a) कीमत बढ़ती है (b) आय बढ़ती है

(c) कीमत घटती है (d) आय घटती है

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

निम्नकोटि या घटिया वस्तुएं (Inferior Goods) ऐसी वस्तुएं हैं जिनकी मांग उपभोक्ता की आय बढ़ने पर घट जाती है और आय कम होने पर बढ़ जाती है। इस प्रकार उपभोक्ता आय तथा घटिया वस्तु की मांग में विपरीत संबंध होता है। निम्नांकित चित्र इस स्थिति को प्रकट करता है—




**12. यदि किसी माल की मांग की ऋणात्मक आय लोच है और धनात्मक मूल्य लोच है तो वह कैसा माल है?**

(a) निम्नस्तरीय माल (b) सामान्य माल

(c) बढ़िया माल (d) घटिया माल

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

निम्नस्तरीय वस्तुओं (Inferior Goods ) की मांग की ऋणात्मक आय लोच और धनात्मक मूल्य लोच होती है। इनके मांग वक्र का ढलान नीचे से ऊपर की ओर होता है।

Giffen Goods = निम्नस्तरीय वस्तुएं, गिफन वस्तुएं।

Inferior Goods = निम्नस्तरीय वस्तुएं, घटिया वस्तुएं।

**13. औसत परिवर्ती लागत वक्र........आकार के होते हैं।**

(a) U (b) V

(c) X (d) W

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(a)**

औसत लागत (AC) = $\frac{TC}{Q}$ या $TC = TFC + TVC$

$AC = \frac{TC}{Q} = \frac{TFC}{Q} + \frac{TVC}{Q}$ या $AC = AFC + AVC$

–AFC प्रति इकाई उत्पादन पर स्थिर लागत है। यह आयताकार हाइपर बोला होती है।

–AVC उत्पादन की प्रति इकाई परिवर्तनशील लागत होती है। यह परिवर्ती अनुपातों के नियम लागू होने के कारण U (यू) आकार की होती है।

**14. निम्नलिखित में से किस प्रकार के बाजार में एक व्यवसाय संघ कीमतों को नियंत्रित करने में असमर्थ रहता है?**

(a) मिश्रित स्पर्धा (b) एकाधिकार

(c) अल्पाधिकार (d) पूर्ण स्पर्धा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(d)**

पूर्ण स्पर्धा या पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत फर्म कीमतों को नियंत्रित करने में असमर्थ होते हैं। पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म कीमत स्वीकारती है तथा एकाधिकार (Monopoly) में फर्म कीमत निर्धारक होती है।

**15. किस नियम में ये कहा गया है कि लगातार स्वाद एवं वरियताओं के साथ-साथ जैसे-जैसे आय बढ़ती हैं, भोज्य पदार्थों पर खर्च आय का अनुपात कम होता जाता है?**

(a) ग्रेशम नियम (b) ग्रिफिन नियम

(c) से का नियम (d) एंजिल नियम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

एंजिल एक जर्मन सांख्यिक थे। इन्होंने यह निष्कर्ष दिया कि जैसे-जैसे आय बढ़ती है—

(a) भोजन पर होने वाले व्यय के अनुपात में कमी आएगी ।

(b) मकान तथा कपड़े पर होने वाले व्यय का अनुपात स्थिर रहेगा तथा

(c) शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन आदि पर होने वाले व्यय के अनुपात में वृद्धि होगी।

**16. निम्नलिखित में से 'लॉरेंज वक्र' क्या दर्शाता है?**

(a) रोजगार (b) मुद्रास्फीति

(c) अपस्फीति (d) आय वितरण

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(d)**

आय के वितरण में व्याप्त विषमताओं को प्रदर्शित करने वाला वक्र 'लॉरेंज वक्र' कहलाता है। यह अमेरिकी सांख्यिकीकार मैक्स ओ लॉरेंज द्वारा प्रतिपादित किया गया था।

**17. वे वस्तुएं, जो या तो उपभोग अथवा निवेश के लिए निर्धारित हैं, क्या कहलाती हैं?**

(a) मध्यवर्ती वस्तुएं (b) अंत्य वस्तुएं

(c) गिफन वस्तुएं (d) निम्न-स्तरीय वस्तुएं

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

वे वस्तुएं, जो उपभोक्ताओं के उपभोग या फिर फर्मों के निवेश के लिए निर्धारित होती हैं, 'अंत्य वस्तुएं' (Final Goods) कहलाती हैं।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्गीकरण कच्ची सामग्री के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण है?**

(a) लघु उद्योग -वृहत उद्योग

(b) प्राथमिक और द्वितीयक

(c) आधारभूत और उपभोक्ता

(d) कृषि-आधारित और खनिज-आधारित

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

कच्ची सामग्री के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कृषि आधारित तथा खनिज आधारित है। चीनी, कपड़ा इत्यादि उद्योग कृषि तथा लोहा, कोयला, पेट्रोलियम आदि उद्योग खनिज आधारित उद्योग हैं। कृषि आधारित उद्योग प्राथमिक तथा औद्योगिक क्षेत्र द्वितीयक क्षेत्र में आते हैं। इसके अतिरिक्त कम पूंजी वाले उद्योगों के विपरीत अधिक पूंजी वाले उद्योग वृहत उद्योग होते हैं।

**19. निम्नलिखित में से किनसे क्रेडिट के निबंधन बनते हैं?**

1. ब्याजदर 2. संपार्श्विक

3. दस्तावेज की आवश्यकता

(a) केवल I (b) केवल II

(c) केवल III (d) I, II तथा III सभी

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

ब्याज दर, संपार्श्विक (Collateral) एवं दस्तावेज की आवश्यकता इत्यादि क्रेडिट के निबंधन बनते हैं। साख या क्रेडिट वास्तव में एक दस्तावेज होता है, जिसमें ऋणदाता कर्जदार को पैसा, माल अथवा सेवाएं भविष्य में वायदे के अनुसार वापस लौटाने के लिए देता है।

**20. यदि कोई देश उपभोक्ता वस्तुओं को छोड़कर और कोई उत्पादन नहीं करता है, तो-**

(a) उसमें रहन-सहन का दर्जा सबसे ऊंचा होगा

(b) उसमें यदि ज्यादा नहीं तो उतनी ही मात्रा में माल होगा

(c) वह शीघ्र ही गरीब बन जाएगा यदि उसका विदेश व्यापार नहीं होगा

(d) वह धीरे-धीरे धनी बन जाएगा, यदि उसका विदेश व्यापार नहीं होगा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

यदि कोई देश उपभोक्ता वस्तुओं को छोड़कर कोई अन्य उत्पादन नहीं करता है तो वह शीघ्र ही गरीब बन जायेगा, यदि उसका विदेश व्यापार नहीं होगा क्योंकि उस देश में अन्य वस्तुओं का व्यापार न होने से आर्थिक संकट का दौर आरंभ हो जायेगा।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा नए आर्थिक सुधारों का अंग नहीं है?**

(a) उदारीकरण (b) भूमंडलीकरण

(c) निजीकरण (d) केंद्रीकरण

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

वर्ष 1991 में भारत को एक गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजरना पड़ा। अनेक अर्थशास्त्रियों के अनुसार, स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से अब तक भारत की अर्थव्यवस्था में यह सबसे गंभीर आर्थिक संकट था। नए आर्थिक सुधारों के अंतर्गत निम्न नीतियां अपनाई गईं- (i) उदारीकरण, (ii) वैश्वीकरण व (iii) निजीकरण। अतः केंद्रीकरण नए आर्थिक सुधारों का अंग नहीं है।

**22. विश्वव्यापी महान मंदी किस वर्ष आई?**

(a) 1936 (b) 1929

(c) 1928 (d) 1930

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

विश्वव्यापी महान मंदी की अवधि विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग है परंतु अमूमन इसकी शुरुआत वर्ष 1929 से मानी जाती है। वर्ष 1929-32 के दौरान चुनिंदा देशों के आर्थिक संकेतक इस प्रकार रहे-

| | यूएसए | जी.बी.आर. | फ्रांस | जर्मनी |
|---|---|---|---|---|
| औद्योगिक उत्पादन | –46% | –23% | –24% | –41% |
| होलसेल मूल्य | –32% | –33% | –34% | –29% |
| विदेशी व्यापार | –70% | –60% | –54% | –61% |
| बेरोजगारी | +607% | +129% | +214% | +232% |

**23. अत्यधिक मंदी किस काल में आई?**

(a) वर्ष 1914-18 (b) वर्ष 1929-34

(c) वर्ष 1939-45 (d) वर्ष 1922-26

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. भारत के भुगतान-संतुलन को किसके द्वारा ठीक किया जा सकता है?**

(a) मुद्रा अवमूल्यन (b) प्रबल निर्यात संवर्धन

(c) आयात प्रतिस्थापन (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

भारत के भुगतान संतुलन को ठीक करने के लिए मुद्रा अवमूल्यन के साथ ही प्रबल निर्यात संवर्धन और आयात प्रतिस्थापन के उपाय करने होंगे।

**25. 'मुद्रा के अवमूल्यन' का परिणाम होता है-**

(a) निर्यात में वृद्धि और भुगतान संतुलन में सुधार

(b) निर्यात में वृद्धि और विदेशी आरक्षित निधि में कमी

(c) आयात में वृद्धि और भुगतान संतुलन में सुधार

(d) निर्यात और आयात में वृद्धि

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

मुद्रा के अवमूल्यन (Devaluation of currency) के फलस्वरूप निर्यात में वृद्धि और भुगतान-संतुलन (Balance of Payment) में सुधार होता है।

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा कर प्रत्यक्ष कर है?**

(a) विक्रय कर (b) उत्पाद कर

(c) धन कर (d) मनोरंजन कर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

धन कर एक महत्त्वपूर्ण प्रत्यक्ष कर विधान है जो 1 अप्रैल, 1957 को अस्तित्व में आया। धन कर का उदग्रहण संपत्ति के स्वामित्व के प्राप्त लाभों पर किया जाता है जबकि विक्रय (बिक्री) कर, उत्पाद कर तथा मनोरंजन कर अप्रत्यक्ष कर हैं।

**27. निम्नलिखित में से किस कर की वसूली केंद्रीय सरकार द्वारा नहीं की जाती?**

(a) आय कर (b) सीमा-शुल्क

(c) व्यावसायिक कर (d) उत्पादन-शुल्क

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

व्यावसायिक करों (Professional Taxes) की वसूली केंद्रीय सरकार द्वारा नहीं की जाती बल्कि यह राज्य सरकारों द्वारा वसूली जाती है। मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल प्रमुख राज्य हैं जहां यह कर वसूला जाता है।

**28. भारत सरकार का सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला एक मात्र स्रोत है-**

(a) प्रत्यक्ष कर (b) सीमा कर

(c) घाटे की वित्त व्यवस्था (d) संयुक्त उत्पादन कर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

प्रश्न काल तथा वर्तमान में भी भारत सरकार को सर्वाधिक राजस्व प्रत्यक्ष कर से प्राप्त हो रहा है। प्रत्यक्ष कर के अंतर्गत आय कर, निगम कर, संपत्ति कर, एस्टेड ड्यूटी, उपहार कर, व्यय कर तथा ब्याज कर हैं जबकि अप्रत्यक्ष कर के अंतर्गत सीमा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, वस्तु एवं सेवा कर (GST) आदि। बजट, 2019-20 के अनुसार, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों का हिस्सा क्रमशः GDP का 6.6 प्रतिशत तथा 5.5 प्रतिशत है। जबकि कुल कर GDP का 12.1 प्रतिशत है।

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा कर प्रत्यक्ष कर है?**

(a) मनोरंजन कर (b) बिक्री कर

(c) आय कर (d) उत्पाद कर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**30. बिक्री कर उदाहरण है -**

(a) निगमित कर का (b) प्रत्यक्ष कर का

(c) अप्रत्यक्ष कर का (d) कल्याण कर का

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**31. ______ के घाटे को विदेशों से प्राप्त निवल पूंजी प्रवाह से वित्त पोषित किया जाता है, इस प्रकार पूंजी खाता आधिक्य से।**

(a) चालू लेखा (b) बचत लेखा

(c) पूंजीगत लेखा (d) संपत्ति लेखा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(a)**

चालू लेखा (Current Account) के घाटे को विदेशों से प्राप्त निवल पूंजी प्रवाह से वित्त पोषित किया जाता है। देश के कुल निर्यात और आयात के बीच के अंतर को चालू लेखा घाटा कहा जाता है। निर्यात और आयात सिर्फ वस्तुओं से नहीं बल्कि वस्तुओं और सेवाओं के संदर्भ में समझा जाना चाहिए। अर्थात किसी देश में वस्तुओं और सेवाओं के आयात-निर्यात के जरिए कितनी विदेशी मुद्रा आती है और कितनी बाहर जाती है, उसके अंतर को चालू लेखा घाटा कहते हैं।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा कर केवल राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है?

(a) मनोरंजन कर (b) संपत्ति कर

(c) आय कर (d) निगम कर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

मनोरंजन कर राज्य सरकार द्वारा लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा लगाए जाने वाले अन्य कर भू-राजस्व कर, स्टाम्प शुल्क, पथ कर, मोटरवाहन कर, राज्य उत्पादन शुल्क तथा व्यावसायिक कर इत्यादि हैं।

33. निम्नलिखित में से कौन एक उत्पादन का कारक है?

1. भूमि 2. श्रम 3. भौतिक पूंजी

(a) केवल I (b) I तथा II दोनों

(c) II तथा III दोनों (d) I, II तथा III सभी

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उत्पादन के चार कारक हैं- भूमि, श्रम, पूंजी एवं उद्यमिता कौशल (Enterpreneurial Skils)। पूंजी को प्रायः वित्तीय पूंजी (Financial Capital) एवं भौतिक पूंजी (Physical Capital) में विभाजित किया जाता है।

34. 'उत्पादन के कारक' कितने होते हैं?

(a) एक (b) चार

(c) छः (d) आठ

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

उत्पादन के चार कारक होते हैं। ये कारक हैं- भूमि, श्रम, पूंजी एवं उद्यमवृत्ति। ये चारों उत्पादन के प्राथमिक कारक हैं। वर्तमान में पांचवें कारक के रूप में संगठन (Organisation) को भी माना जा रहा है।

35. भारत की राजकोषीय नीति में निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य शामिल नहीं है ?

(a) पूर्ण रोजगार

(b) कीमत स्थिरता

(c) संपत्ति और आय का न्यायोचित वितरण

(d) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का विनियमन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

भारत की राजकोषीय नीति में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का विनियमन शामिल नहीं जबकि पूर्ण रोजगार, कीमत स्थिरता तथा संपत्ति और आय का न्यायोचित वितरण राजकोषीय नीति में शामिल है।

36. सरकार के व्यय, कराधान और उधार लेने संबंधित नीति क्या कहलाती है?

(a) राजकोषीय नीति

(b) मौद्रिक नीति

(c) बैंक नीति

(d) कर नीति

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

सरकार के व्यय, कराधान और उधार लेने से संबंधित क्रियाओं तथा हीनार्थ प्रबंधन से संबंधित नीतियों को ही राजकोषीय नीति कहते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक स्थिरता तथा आर्थिक विकास संबंधी कार्यक्रमों की सफलता में सहायक होने से संबंधित है।

37. राजकोषीय नीति का संबंध है-

(a) अर्थव्यवस्था में मुद्रा पूर्ति से

(b) बैंकिंग व्यवस्था के विनियमन से

(c) आर्थिक विकास के लिए नियोजन से

(d) सरकार की आय तथा व्यय से

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

राजकोषीय नीति का संबंध सरकार की आय तथा व्यय से है। राजकोषीय घाटा कुल राजस्व प्राप्तियों, अनुदानों और गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों के ऊपर सरकार के कुल व्यय राजस्व तथा पूंजीगत व्यय जिसके अंतर्गत उधारों में दिए गए शुद्ध ऋणों की राशि भी सम्मिलित है, का अतिरेक है।

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राजकोषीय नीति का यंत्र नहीं है?

(a) कराधान (b) जन व्यय

(c) लोक ऋण (d) क्रेडिट राशनिंग

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

क्रेडिट राशनिंग मौद्रिक नीति का एक अंग है, जिसके माध्यम से साख नियंत्रण किया जाता है। जबकि कराधान, जन व्यय एवं लोक ऋण इत्यादि राजकोषीय नीति के अंग हैं।

39. कराधान एक उपकरण है-

(a) मौद्रिक नीति का (b) राजकोषीय नीति का

(c) कीमत नीति का (d) मजदूरी नीति का

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

कराधान (Taxation) राजकोषीय नीति के तहत ही प्रयोग में लाया जाता है। अर्थशास्त्र में राजकोषीय नीति अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने के लिए सरकारी व्यय और संग्रहित राजस्व का उपयोग है।

**40. राष्ट्रीय आय निकालने के लिए एन एन पी में से निम्नलिखित में से किसे घटाया जाता है?**

(a) अप्रत्यक्ष कर

(b) पूंजी उपभोग छूट

(c) इमदाद

(d) ब्याज

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय आय = उपादान लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP at Factor Cost) = $(NNP)_{mp}$ (बाजार कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद) – निवल अप्रत्यक्ष कर + इमदाद (Subsidies)

**41. किसी देश की राष्ट्रीय आय का निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति प्रयोग में नहीं लाई जाती?**

(a) आय पद्धति (b) उत्पादन पद्धति

(c) आगत पद्धति (d) निवेश पद्धति

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) को तीन विभिन्न दृष्टिकोणों से समझा और मापा जाता है-

1. उत्पादन अथवा मूल्य वृद्धि दृष्टिकोण (Production or Value Added Approach),
2. व्यय दृष्टिकोण (Expenditure Approach ),
3. आय दृष्टिकोण ( Income Approach)।

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र की बचत को दर्शाता है?**

(a) अवितरित लाभ

(b) व्यय से अधिक आय

(c) शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान

(d) कंपनी के कुल लाभ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

अवितरित लाभ (Undistributed Profit) निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र की बचत है। यह निजी या सरकारी स्वामित्व के फर्मों द्वारा अर्जित लाभ है, जिसका वितरण उत्पादन के कारकों के बीच नहीं होता।

**43. आय विधि से राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय निम्न में से किसको शामिल नहीं किया जाता?**

(a) किराया

(b) मिश्रित आय

(c) पेंशन

(d) अवितरित लाभ

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

आय विधि से राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय किराया, मिश्रित आय तथा अवितरित लाभ को शामिल किया जाता है जबकि पेंशन को इसमें शामिल नहीं किया जाता है क्योंकि यह हस्तांतरण आय (Transferable Income) है।

**44. राष्ट्रीय आय क्या है?**

(a) यह एक वर्ष में किसी देश में उत्पादित सभी वस्तुओं तथा सेवाओं का धन मूल्य है।

(b) यह दो साल में किसी देश में उत्पादित सभी वस्तुओं तथा सेवाओं का धन मूल्य है।

(c) यह पांच साल में देश में उत्पादित सभी वस्तुओं तथा सेवाओं का धन मूल्य है।

(d) यह एक वर्ष में देश के बाहर निर्मित सभी वस्तुओं तथा सेवाओं का धन मूल्य है।

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय आय एक वर्ष में किसी देश में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं तथा सेवाओं का मौद्रिक मूल्य होता है। इसमें विदेशों से अर्जित शुद्ध आय भी शामिल होती है। मार्शल के अनुसार, 'किसी देश की श्रम एवं पूंजी उस देश के प्राकृतिक संसाधनों के साथ मिलकर प्रतिवर्ष कुछ भौतिक एवं अभौतिक वस्तुओं का उत्पादन करता है जिसमें सेवाएं भी शामिल होती हैं। इसी के बाजार मूल्य को राष्ट्रीय आय कहते हैं।'

**45. प्रति व्यक्ति आय =**

(a) निवल राष्ट्रीय उत्पाद / कुल जनसंख्या

(b) कुल जनसंख्या / राष्ट्रीय आय

(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद / कुल जनसंख्या

(d) राष्ट्रीय आय / कुल जनसंख्या

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

प्रति व्यक्ति आय $= \frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$

= निवल राष्ट्रीय उत्पाद (कारक लागत पर)/ कुल जनसंख्या

**46. प्रति व्यक्ति आय बराबर होती है-**

(a) $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{देश की कुल जनसंख्या}}$ के

(b) राष्ट्रीय आय + जनसंख्या के

(c) राष्ट्रीय आय - जनसंख्या के

(d) राष्ट्रीय आय × जनसंख्या के

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. वैयक्तिक प्रयोज्य आय से क्या अभिप्राय है?**

(a) व्यक्तिगत आय + अनुदान

(b) व्यक्तिगत आय – अनुदान

(c) व्यक्तिगत आय – प्रत्यक्ष कर

(d) व्यक्तिगत आय – अप्रत्यक्ष कर

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

वैयक्तिक प्रयोज्य आय = व्यक्तिगत आय – प्रत्यक्ष कर। वह आय, जो एक व्यक्ति के पास, सरकार द्वारा उसकी आय तथा संपत्ति पर लगाए जाने वाले सभी करों को घटाने के बाद बचती है, प्रयोज्य आय कहलाती है।

**48. वैयक्तिक प्रयोज्य आय होती है-**

(a) सदा वैयक्तिक आय के बराबर

(b) सदा वैयक्तिक आय से अधिक

(c) वैयक्तिक आय और अप्रत्यक्ष करों के अंतर के बराबर

(d) वैयक्तिक आय और प्रत्यक्ष करों के अंतर के बराबर

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

प्रयोज्य आय से अभिप्राय उस वैयक्तिक आय से है जो व्यक्तियों/ परिवारों द्वारा उपभोग पर व्यय की जा सकती है। वैयक्तिक आय पूरे तौर पर उपभोग पर खर्च नहीं की जा सकती क्योंकि वह आय कर देने से पहले की होती है। इसलिए प्रयोज्य आय को जानने के लिए वैयक्तिक आय में से प्रत्यक्ष कर घटा दिए जाते हैं, अतः Disposable Income =Personal Income-Direct Taxes.

**49. देश की आर्थिक प्रगति का निर्धारण किसके आधार पर किया जाता है?**

(a) देश की प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि

(b) वर्ष के दौरान उत्पादित पूंजीगत माल की कीमत में वृद्धि

(c) ट्रेड यूनियनों की संख्या में वृद्धि

(d) देश के सामान्य कीमत स्तर में गिरावट

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

देश की आर्थिक प्रगति का निर्धारण देश की प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि के आधार पर किया जाता है।

**50. विदेशों में काम कर रहे भारतीयों की आय है :**

(a) भारत की घरेलू आय का अंश

(b) विदेशों से अर्जित आय का अंश

(c) भारत के निवल देशीय उत्पाद का अंश

(d) भारत के सकल घरेलू उत्पाद का अंश

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

राष्ट्रीय उत्पाद = देशीय उत्पाद + विदेशों से प्राप्त कारक आय- विदेशों की दी गई कारक आय

विदेशों से प्राप्त कारक आय और विदेशों को दी गई कारक आय के अंतर को 'विदेशों से निवल कारक आय' कहते हैं।

अतः राष्ट्रीय उत्पाद = देशीय उत्पाद + विदेशों से निवल कारक आय।

**51. किसी व्यक्ति के वास्तविक जीवन स्तर का आकलन किया जा सकता है-**

(a) सकल राष्ट्रीय आय द्वारा

(b) निवल राष्ट्रीय आय द्वारा

(c) प्रति व्यक्ति आय द्वारा

(d) प्रयोज्य निजी आय द्वारा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

किसी देश या क्षेत्र की कुल आर्थिक गतिविधियों के आकलन के लिए, अर्थशास्त्र में राष्ट्रीय आय और उत्पादन के विभिन्न मापक तरीके प्रयुक्त होते हैं, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद (GDP), सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) और निवल राष्ट्रीय आय (NNI) शामिल होते हैं जबकि जीवन स्तर का आकलन वास्तविक जीडीपी प्रति व्यक्ति के द्वारा होता है। जहां, वास्तविक जीडीपी प्रति व्यक्ति = देश की जीडीपी/कुल जनसंख्या। अतः स्पष्ट है कि अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) है।

52. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से समीकरण सही नहीं है/हैं?**

I. एन.आई. = एन.डी.पी. + निवल विदेशी आय

II. जी.एन.पी. = जी.डी.पी.+ निवल विदेशी आय

III. एन.डी.पी. = जी.एन.पी.– अवमूल्यन

(a) केवल (I) तथा (II) (b) केवल (III)

(c) केवल (II) तथा (III) (d) केवल (II)

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

साधन लागत (Factor Cost) पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद को राष्ट्रीय आय कहते हैं। यह एनडीपी एवं निवल विदेशी आय का योग होता है। जबकि बाजार कीमतों पर जी.एन.पी., जी.डी.पी. एवं निवल विदेशी आय का योग होता है।

53. **आर्थिक वृद्धि किससे संबंधित है?**

(a) कृषि क्षेत्र की निरंतर वृद्धि

(b) धन (संपत्ति) के संकेंद्रण की रोकथाम

(c) कम से कम दो वर्षों तक राष्ट्रीय आय की निरंतर वृद्धि

(d) किसी अर्थव्यवस्था में कुछ अवधि तक प्रति व्यक्ति वास्तविक आय की निरंतर वृद्धि

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

किसी समयावधि में किसी अर्थव्यवस्था में होने वाली वास्तविक आय की वृद्धि 'आर्थिक वृद्धि' कहलाती है। आर्थिक वृद्धि अर्थव्यवस्था में परिमाणात्मक परिवर्तन से संबंधित होती है, जिससे राष्ट्रीय उत्पाद के आकार में परिवर्तन होता है-

54. **आय और उपभोग में किस प्रकार का संबंध है?**

(a) प्रतिलोम संबंध (b) प्रत्यक्ष संबंध

(c) आंशिक संबंध (d) कोई संबंध नहीं है

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

आय के बढ़ने पर उपभोग व्यय बढ़ता है परंतु उपभोग में होने वाली वृद्धि आय में होने वाली वृद्धि से कम होती है।

55. **जब आय बढ़ती है तो खपत भी किस अनुपात में बढ़ जाती है?**

(a) समान अनुपात में (b) कम अनुपात में

(c) अधिक अनुपात में (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

56. **सामूहिक खपत से तात्पर्य है-**

(a) घरेलू खपत

(b) वैयक्तिक खपत

(c) स्व-खपत

(d) देश के नागरिक द्वारा की गई खपत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

'सामूहिक खपत' से तात्पर्य ऐसी खपत से है जो बड़े पैमाने पर उत्पादित एवं उपभोग की जाती है अर्थात् ऐसी वस्तुएं जिनका उत्पादन एवं उपभोग बड़े पैमाने पर एक साथ हो, 'सामूहिक खपत' कहलाती है। जैसे-स्कूल, पुस्तकालय, सड़क, पुल, स्वास्थ्य सेवाएं, सार्वजनिक यातायात आदि।

57. **राष्ट्रीय आय किससे निर्मित होती है?**

(a) किसी धन-उत्पादक गतिविधि द्वारा

(b) किसी श्रमशील गतिविधि द्वारा

(c) किसी लाभकारी गतिविधि द्वारा

(d) किसी उत्पादक गतिविधि द्वारा

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

राष्ट्रीय आय किसी उत्पादक गतिविधि द्वारा निर्मित होती है।

58. **किसी निश्चित समयावधि में किसी देश में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को क्या कहते हैं?**

(a) प्रयोज्य आय (b) राष्ट्रीय आय

(c) प्रति व्यक्ति आय (d) निवल राष्ट्रीय आय

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

किसी निश्चित समयावधि में किसी देश में अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को 'राष्ट्रीय आय' कहते हैं। जब GNP (सकल राष्ट्रीय उत्पाद) से मूल्यह्रास (Depreciation) को घटा दिया जाता है तो निवल राष्ट्रीय आय NNI या NNP प्राप्त होती है।

59. **सकल राष्ट्रीय उत्पाद — मूल्यह्रास छूट = ?**

(a) प्रति व्यक्ति आय (b) वैयक्तिक आय

(c) निवल राष्ट्रीय उत्पाद (d) सकल घरेलू उत्पाद

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

60. जी.एन.पी. – राशन अवमूल्यन = …………

(a) राष्ट्रीय आय (b) एन.डी.पी.

(c) एन.एन.पी. (d) जी.एन.पी.

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

जी.एन.पी. (सकल राष्ट्रीय उत्पाद) में से राशन अवमूल्यन (Depreciation Allowances) को घटाने पर एन.एन.पी. (निवल राष्ट्रीय उत्पाद) प्राप्त होता है। जबकि किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में से उस देश के पूंजी वस्तुओं पर मूल्य ह्रास को घटाने पर निवल देशीय उत्पाद प्राप्त होता है।

61. सकल राष्ट्रीय उत्पाद का मूल्यांकन कैसे किया जाता है?

(a) एन.एन.पी. = जी.एन.पी – मूल्यह्रास

(b) एन.एन.पी. = जी.डी.पी. – कर

(c) एन.एन.पी. = जी.एन.पी. + कर

(d) एन.एन.पी. = जी.एन.पी. + मूल्यह्रास

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

सकल राष्ट्रीय आय का मूल्यांकन अर्थात निवल राष्ट्रीय उत्पाद को सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से मूल्यह्रास को घटा कर प्राप्त किया जाता है।

अर्थात एन.एन.पी. = जी.एन.पी – मूल्यह्रास

62. राष्ट्रीय आय क्या होती है?

(a) बाजार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

(b) उत्पादन लागत (फैक्टर कॉस्ट) पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद

(c) बाजार कीमत पर निवल घरेलू उत्पाद

(d) उपादान लागत पर निवल घरेलू उत्पाद

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

राष्ट्रीय आय, उपादान लागत (फैक्टर कॉस्ट) पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद होती है।

63. भारत में राष्ट्रीय आय के प्राक्कलन तैयार किए जाते हैं-

(a) राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा

(b) राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा

(c) राष्ट्रीय आय समिति द्वारा

(d) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

भारत में राष्ट्रीय आय के प्राक्कलन केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) द्वारा तैयार किए जाते हैं। केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन ने वर्ष 1956 में पहली बार राष्ट्रीय आय संबंधी आंकड़े जारी किए थे।

64. अंतरण अदायगियों का अभिप्राय है-

(a) पेंशन, बेरोजगारी राहत आदि के रूप में जनसाधारण द्वारा प्राप्त किए गए हित-लाभ

(b) एक से दूसरे खाते में धन का अंतरण करना

(c) किसी संगठन द्वारा स्थानांतरण होने पर अपने कर्मचारियों को किया गया भुगतान

(d) एक से दूसरी पार्टी को प्रतिभूतियों का अंतरण।

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

अंतरण अदायगियों का अभिप्राय सरकारी पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, सब्सिडी, राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज आदि के रूप में भुगतान से है। ये सरकारी व्यय हैं परंतु राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होते क्योंकि ये चालू वर्ष के दौरान उत्पादन प्रक्रिया में बिना कुछ जोड़े भुगतान किए जाते हैं।

65. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय आय का अंग नहीं है?

(a) निगमित लाभ (b) अंतरण भुगतान

(c) ब्याज भुगतान (d) मजदूरी तथा वेतन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

66. किसने कहा है कि ''ब्याज उपभोग-स्थगन का पुरस्कार है''?

(a) कीन्ज (b) मार्शल

(c) माल्थस (d) डेविड रिकॉर्डो

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(*)**

ब्याज के उपभोग-स्थगन सिद्धांत (Abstinence Theory of Interest) को सर्वप्रथम प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सीनियर ने प्रतिपादित किया था जबकि इस संदर्भ में मार्शल ने शब्द 'स्थगन' के बदले 'प्रतीक्षा' का प्रयोग किया था।

67. निम्नलिखित में से कौन-सा माल एवं सेवाओं पर निवेश व्यय नहीं है?

(a) मशीनरी की खरीद

(b) कारोबारी माल-सूची में वृद्धि

(c) कंपनी के मुख्य संयंत्र का विस्तार

(d) मकान की खरीद

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

कंपनी के मुख्य संयंत्र का विस्तार माल एवं सेवाओं पर निवेश व्यय नहीं है।

**68. किसी परिवार द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए मक्खन, घी तैयार करना किसका भाग है?**

(a) घरेलू पूंजी निर्माण (b) औद्योगिक उत्पादन

(c) खपत (d) निजी लेखा निर्माण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

किसी परिवार द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए मक्खन, घी तैयार करना 'निजी लेखा निर्माण' (Own-Account Production) का एक भाग है।

**69. बहुराष्ट्रीय फर्म-**

(a) विदेशी सरकारों द्वारा चलाई गई एक कंपनी होती है

(b) अनेक देशों में प्रचलित एक कंपनी होती है

(c) भारत में यू.एस.ए. के व्यापारियों द्वारा संचालित एक कंपनी होती है

(d) भारत तथा यू.एस.ए. दोनों सरकारों द्वारा संचालित एक कंपनी होती है

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

बहुराष्ट्रीय फर्म, अनेक राष्ट्रों में प्रचलित एक कंपनी होती है। बहुराष्ट्रीय फर्मों की बिक्री व्यवस्था का जाल विश्व के कई देशों में फैला हुआ है। बहुराष्ट्रीय फर्मों की उत्पादन तकनीक बहुत उन्नत है और इनकी ख्याति विश्व भर में फैली हुई है।

**70. 'उपरि लागत' का आशय उन खर्चों से है, जो-**

(a) अनियमित मजदूरों को मजदूरी देने के लिए किए जाएं

(b) कच्ची सामग्री की खरीद के लिए किए जाएं

(c) परिवहन के लिए किए जाएं

(d) मशीनरी तथा उपस्कर खरीदने के लिए किए जाएं

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

'उपरि लागत' (Over head cost) उत्पादन की वे लागतें हैं जो उत्पादन के साथ परिवर्तित नहीं होती हैं। ये उत्पादन के स्तर से स्वतंत्र होती हैं। वास्तव में, फर्म को ये लागतें उठानी ही पड़ती है, यदि फर्म थोड़े समय के लिए उत्पादन बंद भी कर देती है। इसमें लगान पर भूमि और बिल्डिंग, उधार ली गई मुद्रा पर ब्याज, इंश्योरेंस, संपत्ति कर, मूल्यह्रास (मशीनरी तथा उपस्कर खरीदने के लिए किए जाएं), स्थायी स्टाफ की मजदूरी और वेतन आदि भुगतान शामिल होते हैं।

**71. किसी फर्म के सुलाभ क्या हैं?**

(a) लाभ में वृद्धि (b) बिक्री व्यय में कमी

(c) बाजार का प्रभुत्व (d) उत्पादन लागत में बचत

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

किसी फर्म के सुलाभ फर्म के उत्पादन लागत में बचत होती है जो उसे संपूर्ण उद्योग के विस्तार के परिणामस्वरूप प्राप्त होती है। ये किसी व्यक्तिगत फर्म की उत्पादन मात्रा के स्तर पर निर्भर नहीं होती हैं। मार्शल ने इसे 'बाह्य बचतें' (External Economies) कहा है।

**72. आंतरिक सुलाभ**

(a) तब होते हैं जब आंतरिक व्यापार में विस्तार होता है।

(b) तब होते हैं जब किसी उद्योग में विस्तार होता है।

(c) अर्थव्यवस्था में होते हैं जैसे ही यह प्रगति करती है।

(d) फर्म को तब होते हैं जब वह अपने उत्पाद का विस्तार करती है।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

आंतरिक सुलाभ फर्म को तब होते हैं जब वह अपने उत्पाद का विस्तार करती है। उत्पादन के उच्च्य स्तर पर, श्रम-विभाजन एवं विशेषीकृत यंत्रों के अनुकूलतम उपयोग से 'आंतरिक बचतें' होती है। इन्हें आंतरिक इस अर्थ में कहा जाता है क्योंकि ये किसी फर्म को तभी प्राप्त होती है जब उसकी स्वयं की उत्पादन मात्रा अथवा पैमाना बढ़ता है।

**73. वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद को मापा जाता है-**

(a) वर्तमान दामों पर

(b) स्थिर दामों पर

(c) औसत दामों पर

(d) पश्च समीकृत दामों पर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

जब GDP की वर्तमान कीमतों के आधार पर गणना की जाती है तो उसे वर्तमान कीमतें या मुद्रा रूप GDP कहते हैं। दूसरी ओर जब GDP की गणना एक दिए हुए वर्ष में स्थिर कीमतों के आधार पर की जाए तो उसे स्थिर कीमतों पर GDP अथवा वास्तविक GDP कहते हैं।

वर्तमान वर्ष के लिए GDP × आधार वर्ष

[redacted]

**74. सकल घरेलू उत्पाद मूल्य होता है-**

(a) एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं का

(b) एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का

(c) एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं का

(d) एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

सकल घरेलू उत्पाद एक वर्ष में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का बाजार मूल्य होता है।

**75. सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वर्तमान वित्तीय घाटे का प्रतिशत क्या है?**

(a) 7 (b) 4

(c) 8 (d) 1

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2012-13 के संशोधित अनुमान के अनुसार, (जीडीपी के प्रतिशत के रूप में) वित्तीय घाटा (राजकोषीय घाटा) 5.2 प्रतिशत के स्तर पर था। बजट, 2018-19 (R.E.) में यह 3.4 प्रतिशत के स्तर पर था। वर्ष 2019-20 अंतरिम बजट अनुमान में भी यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है।

**76. भारत सरकार को अधिकतम कर आय की प्राप्ति निम्नलिखित में से किससे होती है?**

(a) आयकर

(b) सीमा शुल्क

(c) संपत्ति कर

(d) निगम कर

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

प्रश्नकाल में भारत सरकार को सर्वाधिक आय की प्राप्ति निगम कर से (19%) प्राप्त होती थी। अंतरिम बजट 2019-20 के अनुसार, भारत सरकार को अधिकतम कर आय की प्राप्ति वस्तु एवं सेवा कर (GST) तथा निगम कर दोनों से (21%) तथा आयकर (19%) से होती है।

**77. स्वरूप से अप्रत्यक्ष कर होते हैं-**

(a) ह्रासमान आरोही (b) क्रम ह्रासमान

(c) क्रम वर्द्धमान (d) समानुपातिक

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

स्वरूप से अप्रत्यक्ष कर क्रम वर्द्धमान होते हैं। अप्रत्यक्ष कर वस्तुओं एवं सेवाओं पर लगाए जाने के कारण प्रत्येक व्यक्ति उसे अपनी क्षमतानुसार खरीदकर भुगतान वस्तुओं के साथ-साथ कर देता है। वस्तुओं के दाम के अनुसार अप्रत्यक्ष कर क्रम वर्द्धमान कर होते हैं। महंगी वस्तुओं पर अप्रत्यक्ष कर अधिक होता है।

**78. प्रत्यक्ष करों के मामले में, अदायगी दायित्व और कर का अंतिम भार किस पर स्थित होता है?**

(a) उन दोनों पर जिन पर यह अधिरोपित किया गया है और जिन पर अधिरोपित नहीं किया गया है।

(b) वह व्यक्ति जिस पर यह अधिरोपित किया गया है।

(c) वह व्यक्ति जिस पर यह अधिरोपित नहीं किया गया है।

(d) कर विभाग पर, जो कर एकत्रित करता है।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

'प्रत्यक्ष कर' उन करों को कहते हैं जिनके मौद्रिक तथा वास्तविक भार को दूसरों पर विवर्तित न किया जा सके तथा जिनके संबंध में उत्पन्न कराघात (lmpact) तथा करापात (Incidence) उसी व्यक्ति पर पड़ता है जिसके ऊपर सरकार कर लगाती है। जैसे- आयकर, निगम कर आदि।

**79. कर को प्रतिगामी तब कहा जाता है जब उसका भार**

(a) इनमें से कोई नहीं

(b) गरीबों और अमीरों पर समान रूप से पड़ता है


(c) अमीरों की तुलना में गरीबों पर बहुत कम पड़ता है।

(d) अमीरों की तुलना में गरीबों पर बहुत अधिक पड़ता है।

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

कर को प्रतिगामी तब कहा जाता है जब कर की दर कर आधार (आय) की वृद्धि के साथ-साथ क्रमशः घटती जाए। प्रतिगामी कर का बोझ अमीरों की तुलना में गरीबों पर बहुत अधिक पड़ता है।




**80. जो बैंक निक्षेप बिना नोटिस के निकाले जा सकते हैं-**

(a) आदाता खाता निक्षेप (b) सावधि निक्षेप
(c) परिवर्ती निक्षेप (d) मांग निक्षेप

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

जो बैंक निक्षेप (Bank Deposits) बिना नोटिस के निकाले जा सकते हैं वह मांग निक्षेप (Demand Depositi) होती है तथा इस पर ब्याज की दर भी बहुत कम होती है।

**81. देशों के समूहों के साथ व्यापार-करार करने की औपचारिक पद्धति को क्या कहा जाता है?**

(a) ट्रेडिंग ब्लॉक (b) ट्रेड वेन्चर्स
(c) ट्रेड पार्टनर्स (d) ट्रेड आर्गनाइजेशन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

देशों के साथ व्यापार करार करने की औपचारिक पद्धति को 'ट्रेडिंग ब्लॉक' कहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अंतर्गत एक देश दूसरे देशों के समूहों के साथ सामूहिक व्यापार करके उन वस्तुओं का निर्यात करेगा जो तुलनात्मक रूप से सस्ती होंगी तथा उन वस्तुओं का आयात करेगा जो तुलनात्मक रूप से उसके देश में महंगी होंगी।

**82. जो खर्चा कर दिया गया हो और वसूल न हो सके, उसे कहते हैं-**

(a) परिवर्ती लागत
(b) विकल्प लागत
(c) निमग्न लागत
(d) प्रचालनिक लागत

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

निमग्न लागत (Sunk Cost) वह लागत होती है जिसकी वसूली न की जा सके। इसके विपरीत परिवर्ती लागत वह लागत होती है जो वसूल किया जा सकता है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने भिन्न-भिन्न उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए लागत की विभिन्न धारणाओं का उपयोग किया है।

**83. निम्नलिखित किस लागत का संबंध न्यूनतम लागत से है?**

(a) अस्पष्ट लागत (b) मूलभूत लागत
(c) परिवर्ती लागत (d) स्थिर लागत

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

जब तक मूल्य औसत परिवर्तनशील लागत (AVC) से ऊपर होगा, फर्म हानि की स्थिति में भी उत्पादन करती रहेगी। परंतु मूल्य के AVC से नीचे आने पर फर्म अपने प्लांट बंद कर देगी। हालांकि फर्म को स्थिर लागत (FC) तो वहन करना ही पड़ेगा। अतः औसत परिवर्तनीय लागत वह न्यूनतम सीमा है जिसके नीचे मूल्य होने पर फर्म उत्पादन बंद कर देगी इस बिंदु को ही 'तालाबंदी बिंदु' (Shutdown point) कहते हैं।

**84. कृषि मंत्रालय ने 'ए.पी.एम.सी. अधिनियम 2017' का अनावरण किया है, जो हर राज्य/ केंद्रीय शासित प्रदेश को एक ………… की तरह परिभाषित करता है।**

(a) एकल संयुक्त बाजार (b) बहुभागी संयुक्त बाजार
(c) एकल विविध बाजार (d) बहुभागी विविध बाजार

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

24 अप्रैल, 2017 को कृषि विपणन की जरूरतों को देखते हुए कृषि मंत्रालय द्वारा मॉडल ए.पी.एम.सी. एक्ट, 2017 की घोषणा की गई जो हर राज्य/ केंद्रीय शासित प्रदेश को एक एकल संयुक्त बाजार की तरह परिभाषित करता है।

**85. टूथ पेस्ट उत्पाद को निम्नलिखित में से किसके अधीन बेचा जाता है?**

(a) एकाधिकारी प्रतिस्पर्द्धा (b) पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा
(c) एकाधिकार (d) द्वि-अधिकार

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

वस्तु विभेद, एकाधिकारी प्रतिस्पर्द्धा (Monopolistic Competition) का मुख्य लक्षण है। यहां वस्तु विभेद से अभिप्राय है कि वस्तु समरूप होते हुए भी एक निश्चित समय में उपभोक्ताओं को विभिन्न आकार-प्रकार के रूपों में उपलब्ध होंगी। एकाधिकारी प्रतिस्पर्द्धा से तात्पर्य ऐसे बाजार से है जिसमें एकाधिकार तथा प्रतियोगिता दोनों के गुण पाए जाते हों।

**86. किस प्रकार की बाजार व्यवस्था में, बाजार अथवा उद्योग पर एक ही विक्रेता का वर्चस्व होता है?**

(a) अल्पाधिकार (b) एकाधिकार

(c) द्वयाधिकार (d) एकाधिकार प्रतियोगिता

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II -पाली)**

**उत्तर–(b)**

एकाधिकार को 'मोनोपॉली' (Monopoly) भी कहते हैं। मोनो का अर्थ होता है 'एक' तथा Poly का अर्थ है 'विक्रेता'। एकाधिकार एक ऐसा बाजार ढांचा है, जिसमें एकाकी फर्म ही सभी उत्पादों का उत्पादन कर रही हो। **उदाहरणार्थ**-सरकार द्वारा रेलवे की सेवा प्रदान करने का एकाधिकार है।

**87. जब किसी वस्तु का केवल एक क्रेता तथा एक विक्रेता होता है, तब वह_______स्थिति कहलाती है।**

(a) जनता एकाधिकार (b) द्वविपक्षीय एकाधिकार

(c) विशेष विक्रेता एकाधिकार (d) क्रय का एकाधिकार

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(b)**

जब किसी वस्तु का केवल एक क्रेता तथा एक विक्रेता होता है, तब वह द्विपक्षीय एकाधिकार (Bilateral Monopoly) की स्थिति कहलाती है। इस प्रकार की बाजार संरचना में मांग और पूर्ति दोनों पक्षों का क्रमशः क्रेता और विक्रेता के रूप में एकाधिकारी वर्चस्व विद्यमान रहता है। इस बाजार में कीमत और उत्पादन स्तर अनिर्धारणीय रहता है।

**88. एकाधिकार शब्द किससे संबद्ध है?**

(a) पूंजीवाद (b) समाजवाद

(c) मिश्रित अर्थव्यवस्था (d) साम्यवाद

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

एकाधिकार उस स्थिति को कहते हैं जब उद्योग में एक ही फर्म होती है। एकाधिकारी फर्म तथा उद्योग में कोई अंतर नहीं होता है। फलस्वरूप फर्म का मांग वक्र ही उद्योग का मांग वक्र होता है। एकाधिकार की स्थिति विशेषतौर से पूंजीवाद की विशेषता है लेकिन यह मिश्रित अर्थव्यवस्था में भी पाई जा सकती है। सामान्यतः इसे पूंजीवादी व्यवस्था के संदर्भ में ही देखा जाता है।

**89. किस बाजार संरचना में बाजार के मांग वक्र का प्रतिबिम्ब फर्म के मांग वक्र द्वारा होता है?**

(a) एकाधिकार (b) अल्पाधिकार

(c) द्वि-अधिकार (d) पूर्ण स्पर्धा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**90. द्विपक्षीय एकाधिकार किस बाजार स्थिति को दर्शाता है?**

(a) दो विक्रेता, दो क्रेता

(b) एक विक्रेता और दो क्रेता

(c) दो विक्रेता और एक क्रेता

(d) एक विक्रेता और एक क्रेता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

'द्विपक्षीय एकाधिकार' (Bilateral Monopoly) बाजार की वह स्थिति है जिसमें एकाधिकार (Monopoly) और एकक्रेताधिकार (Monopsony) दोनों ही पाई जाती हैं अर्थात ऐसी बाजार स्थिति जिसमें 'एक विक्रेता और एक क्रेता' होता है।

**91. एकाधिकार बाज़ार संरचना में विक्रेताओं की संख्या कितनी होती है?**

(a) बहुत कम (b) बहुत अधिक

(c) एक (d) दो

**उत्तर—(c)**

एकाधिकार (Monopoly) बाजार संरचना में सिर्फ एक ही विक्रेता या उत्पादक होता है।

**मूल बाजार संरचना के त्वरित संदर्भ**

| बाजार संरचना बैरियर | विक्रेता बैरियर | क्रेता संख्या |
|---|---|---|
| पूर्ण प्रतियोगिता | बहुत | बहुत |
| एकाधिकारी प्रतियोगिता | बहुत | बहुत |
| अल्पाधिकार | थोड़े | बहुत |
| अल्पक्रेताधिकार | बहुत | थोड़े |
| एकाधिकार | एक | बहुत |
| एकक्रेताधिकार | बहुत | एक |

**92. बाजारों के आत्यंतिक स्वरूप कौन-से हैं?**

(a) पूर्ण स्पर्द्धा; एकाधिकारी स्पर्धा

(b) पूर्ण स्पर्द्धा; अल्पाधिकार

(c) अल्पाधिकार; एकाधिकार

(d) पूर्ण स्पर्द्धा; एकाधिकार

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

दिए गए विकल्पों में बाजारों के आत्यंतिक स्वरूप (Extreme Forms) हैं - 'एकाधिकार' (Monopoly) एवं इसके विपरीत 'पूर्ण स्पर्द्धा' (Perfect Competition)।

**93. किसी कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में _____ से सुधार किया जा सकता है।**

(a) बिक्री मूल्य में वृद्धि

(b) लाभ के मार्जिन को कम करने

(c) प्रतियोगियों की अनदेखी

(d) ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझना और पूरा करना

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

किसी कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझकर पूरा करते हुए कंपनी की स्थिति में सुधार किया जा सकता है।

**94. ''ऐसा अर्थशास्त्र जैसा उसे होना चाहिए''- यह कथन निम्नलिखित में से किसके संबंध में है?**

(a) मानक अर्थशास्त्र (b) सकारात्मक अर्थशास्त्र

(c) मुद्रा अर्थशास्त्र (d) राजकोषीय अर्थशास्त्र

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

''ऐसा अर्थशास्त्र जैसा उसे होना चाहिए'' यह कथन मानक अर्थशास्त्र से संबंधित है। मुद्रा अर्थशास्त्र मुद्रा के मूल्य,उसके परिमाण, आय-व्यय सिद्धांत, स्फीति, अवस्फीति आदि का अध्ययन करता है जबकि राजकोषीय अर्थशास्त्र सरकार की राजकोषीय नीतियों बजट, सार्वजनिक ऋण इत्यादि का अध्ययन करता है।

**95. मूल लागत किसके बराबर होती है?**

(a) परिवर्ती लागत में प्रशासनिक लागत का योग

(b) परिवर्ती लागत में नियत लागत का योग

(c) परिवर्ती लागत मात्र

(d) नियत लागत मात्र

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

मूल लागत = परिवर्ती लागत में प्रशासनिक लागत का योग।

**96. कहा जाता है कि ''अच्छा बैंकर वह है, जो बंधक और ……. के बीच अंतर जानता है''-**

(a) हुण्डी (b) विनिमय-पत्र

(c) तरल परिसंपत्तियां (d) बॉन्ड

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

कहा जाता है कि ''अच्छा बैंकर वह है, जो बंधक और विनिमय-पत्र के बीच अंतर जानता है'' विनिमय-पत्र अथवा विनिमय हुण्डी केवल मुद्रा के रूप में लिखी जाती है अर्थात् इसका भुगतान केवल मुद्रा के रूप में होता है। किसी वस्तु जैसे–कपड़ा, अनाज, सोना, चांदी आदि के रूप में नहीं।

**97. बढ़ती हुई प्रति व्यक्ति आय एक बेहतर कल्याण की द्योतक होगी यदि उसके साथ हो-**

(a) समग्र रूप से अपरिवर्तित आय वितरण

(b) अमीरों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण

(c) गरीबों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण

(d) औद्योगिक श्रमिकों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

बेहतर कल्याण की द्योतक गरीबों के पक्ष में परिवर्तित आय होगी क्योंकि जब आय का वितरण उच्च वर्ग से निम्न वर्ग की तरफ होता है तो उसे बेहतर कल्याण कहा जाता है। इसे 'ट्रिकल डाउन प्रभाव' कहा जाता है।

**98. निम्नलिखित में से उल्टे 'U' आकार का वक्र कौन-सा है?**

(a) औसत लागत (b) सीमांत लागत

(c) कुल लागत (d) नियत लागत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

उल्टे 'U' आकार का वक्र दिए गए विकल्पों में किसी का नहीं होता है।

**99. किसी अर्थव्यवस्था में पूंजी निर्माण निर्भर करता है-**

(a) कुल आय पर (b) कुल मांग पर

(c) कुल बचत पर (d) कुल उत्पादन पर

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

किसी अर्थव्यवस्था में पूंजी निर्माण कुल बचत पर निर्भर करती है। भारत में वर्ष 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 के अनुमानों (ES 2014-15) के अनुसार, सकल पूंजी निर्माण (Gross Capital Formation) वर्तमान बाजार कीमतों पर GDP का क्रमशः 38.2, 38.6 तथा 34.7 प्रतिशत है। जबकि सकल घरेलू बचत (Gross Domestic Saving) दर GDP की क्रमशः 33.9, 31.8 तथा 30.6 प्रतिशत है। आर्थिक समीक्षा 2017-18 के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के प्रतिशत के रूप में सकल पूंजी निर्माण वर्ष 2015-16 में 33.3 प्रतिशत, जबकि सकल बचत 32.3 प्रतिशत है।

**100. किसी अर्थव्यवस्था में 'उत्कर्ष अवस्था' का अर्थ है-**

(a) स्थिर वृद्धि प्रारंभ होती है।

(b) अर्थव्यवस्था रुद्ध है।

(c) अर्थव्यवस्था ढेर होने वाली है।

(d) सभी नियंत्रण हटा दिए गए हैं।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

किसी अर्थव्यवस्था में 'उत्कर्ष अवस्था' का अर्थ है-स्थिर वृद्धि का प्रारंभ होना। डब्ल्यू.डब्ल्यू. रोस्टोव ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'The Stages of Economic Growth- A Non Communist Manifesto' में आर्थिक विकास को पांच चरणों में बांटा-

1. पारंपरिक समाज (Traditional Socity)
2. आत्म स्फूर्ति की पूर्ववर्ती अवस्था (Pre Take off)
3. आत्म स्फूर्ति की अवस्था (Take off)
4. परिपक्वता की अवस्था (Drive to Maturity)
5. उच्च जन उपभोग की अवस्था (High Mass Consumption)।

**101. भारत में पूंजी प्रधान उद्योग का सर्वोत्तम उदाहरण कौन-सा है?**

(a) वस्त्र उद्योग

(b) इस्पात उद्योग

(c) पर्यटन उद्योग

(d) खेल-कूद के सामान का उद्योग

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

भारत में पूंजी प्रधान उद्योग का सर्वोत्तम उदाहरण इस्पात उद्योग (Steel Industry) है। पूंजी प्रधान उद्योग, वे उद्योग होते हैं जिनमें पूंजीगत परिसंपत्तियों में उच्च निवेश की जरूरत होती है।

**102. राष्ट्रीय दृष्टिकोण से, निम्नलिखित में से क्या सूक्ष्म दृष्टिकोण को दर्शाता है?**

(a) टिस्को की बिक्री का अध्ययन

(b) भारत में शिक्षित बेरोजगारी

(c) भारत में प्रति व्यक्ति आय

(d) भारत में मुद्रा स्फीति

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय दृष्टिकोण से 'टिस्को की बिक्री का अध्ययन' सूक्ष्म (Micro) दृष्टिकोण को दर्शाता है जबकि भारत में शिक्षित बेरोजगारी, प्रतिव्यक्ति आय, मुद्रा स्फीति आदि विस्तृत (Macro) दृष्टिकोण को दर्शाता है।

**103. राष्ट्रीय संदर्भ में, निम्नलिखित में से क्या वृहत् दृष्टिकोण को दर्शाता है?**

(a) बाटा शू कंपनी का विक्रय

(b) भारत में मुद्रा-स्फीति

(c) यू.के.को आमों का निर्यात

(d) रेलवे से आय

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

राष्ट्रीय संदर्भ में 'भारत में मुद्रास्फीति' वृहत् दृष्टिकोण को दर्शाता है क्योंकि इसका प्रभाव आंतरिक तथा बाह्य दोनों क्षेत्रों पर पड़ता है। यह आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक सभी क्षेत्रों को प्रभावित करती है।

**104. वैश्वीकरण का अर्थ है—**

(a) अर्थव्यवस्था का एकीकरण

(b) वित्तीय बाजार का एकीकरण

(c) घरेलू अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण

(d) अर्थव्यवस्था के विभिन्न खंडों का एकीकरण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

'वैश्वीकरण' का तात्पर्य घरेलू अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण है। शब्द 'वैश्वीकरण' का उपयोग अर्थशास्त्रियों के द्वारा वर्ष 1980 से किया जाता रहा है। हालांकि वर्ष 1960 के दशक में इसका उपयोग सामाजिक विज्ञान में किया जाता था।

**105. सरकार द्वारा लगाए गए अवरोधों या प्रतिबंधों को हटाना कहलाता है-**

(a) वैश्वीकरण (b) निजीकरण

(c) उदारीकरण (d) द्विपक्षीय समझौता

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

सरकार द्वारा लगाए गए अवरोधों या प्रतिबंधों को हटाना उदारीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा है।

**106. किसी संस्था की लाभप्रदता निर्भर करती है—**

(a) संसाधित न्यास की गुणता पर

(b) संसाधित न्यास की मात्रा पर

(c) न्यास के संसाधन की गति पर

(d) (a) और (c) दोनों पर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

किसी संस्था की लाभप्रदता, संसाधित न्यास की गुणता तथा न्यास के संसाधन की गतिशीलता (Mobility of Resources) पर निर्भर करती है।

**107. पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में कीमत निर्धारण किसके द्वारा होती है?**

(a) मांग और पूर्ति (b) सरकारी प्राधिकारी
(c) बाजार में क्रेता (d) बाजार में विक्रेता

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में कीमत निर्धारण पूर्ति और मांग (Supply and Demand) के द्वारा होता है।

**108. 'रखो और निकालो' निम्न में से किसकी नीति है?**

(a) पूंजीवाद (b) समाजवाद
(c) मिश्रित अर्थव्यवस्था (d) पारंपरिक अर्थव्यवस्था

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

'रखो और निकालो' (Hire and Fire) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की नीति है।

**109. साम्यवाद के अनुसार समाज का मुख्य दुश्मन कौन है?**

(a) निजी संपत्ति (b) पूंजीवादी वर्ग
(c) धर्म (d) मूल्य

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

साम्यवाद, मार्क्सवाद का उन्नत रूप है। मार्क्स ने पूर्ण समाजवाद की स्थापना की चार अवस्थाएं बताई हैं–1. पूंजीवादी अर्थव्यवस्था 2. श्रम की तानाशाही 3. समाजवादी समाज 4. साम्यवादी समाज। साम्यवाद समाज का मुख्य दुश्मन निजी संपत्ति को मानता है। साम्यवाद का उद्देश्य पूंजीपतियों का संपत्ति पर से अधिकार समाप्त करना होता है क्योंकि यही एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति का शोषण करने हेतु प्रेरित करता है।

**110. किसी देश के अनुकूल व्यापार शेष का आशय है -**

(a) निर्यात की अपेक्षा आयात अधिक है
(b) आयात की अपेक्षा निर्यात अधिक है
(c) आयात और निर्यात बराबर हैं
(d) आयात बढ़ रहा है और निर्यात कम हो रहा है

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

किसी देश के अनुकूल व्यापार शेष (Favourable Balance of Trade) का आशय आयात की अपेक्षा निर्यात के अधिक होने से होता है।

**111. साउथ-साउथ संवाद निम्नलिखित में से किससे जुड़ा है?**

(a) विकासशील देशों में सहकारिता
(b) शस्त्र सम्मेलन
(c) विकसित तथा विकासशील देशों के बीच शिखर बैठक
(d) उपर्युक्त में से सभी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

14-16 दिसंबर, 1978 को तीसरी दुनिया (साउथ-साउथ) के बारे में सोचने वालों के एक छोटे से समूह की बैठक अरुशा (तंजानिया) में संपन्न हुई जिसका उद्देश्य 'नई अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था' पर आधारित उत्तर-दक्षिण संवाद की अनौपचारिक समीक्षा करना था। इस बैठक की प्रायोजक 'थर्ड वर्ल्ड फाउंडेशन, लंदन' नामक संस्था थी।

**112. किसी देश का आर्थिक विकास किस पर निर्भर है?**

(a) प्राकृतिक संसाधन (b) पूंजी निर्माण
(c) बाजार का आकार (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

किसी देश के आर्थिक विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन, पूंजी निर्माण एवं बाजार का आकार इत्यादि महत्त्वपूर्ण कारक होते हैं।

**113. किसी आंकड़ा-संचय में रिकॉर्डों का वृक्षाकार संचय क्या कहलाता है?**

(a) जालक्रम मॉडल (b) श्रेणीबद्ध मॉडल
(c) संबंधात्मक मॉडल (d) बहु-आयामी मॉडल

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

रिकॉर्डों का वृक्षाकार संचय श्रेणीबद्ध मॉडल (Hierarchical) अथवा पदानुक्रमिक आंकड़ा-संचय भी कहलाता है जो कि एक पुराना प्रचलित डाटाबेस मॉडल है।

**114. वह आंकड़ा-संचय कौन-सा है, जिसमें अभिलेखों को वृक्षाकार संरचना में व्यवस्थित किया जाता है?**

(a) अभिलक्ष्यी आंकड़ा-संचय
(b) जालक्रम आंकड़ा-संचय
(c) पदानुक्रमिक आंकड़ा-संचय
(d) संबंधपरक आंकड़ा-संचय

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**115. भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने निम्नलिखित में से किससे संबंधित करार को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है?**

(a) व्यापार और निवेश (b) बौद्धिक संपदा
(c) पारंपरिक ज्ञान (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**


प्रश्न काल में भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका ने व्यापार और निवेश से संबंधित करार को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया था जबकि प्रारंभ में भारत तथा अमेरिका के बीच बौद्धिक संपदा तथा पारंपरिक ज्ञान को लेकर गतिरोध बना हुआ था।

**116. किसने कहा है कि अल्पावधि में उपभोग प्रवृत्ति स्थिर होती है?**

(a) कीन्ज (b) हिक्स
(c) ऐरो (d) स्टिग्लिट्ज

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**




कीन्ज ने माना है कि अल्पकाल के दौरान उपभोग फलन स्थिर होता है जिसे चित्र में आरेखीय ढंग से स्पष्ट किया गया है। इस चित्र में आय को क्षैतिज अक्ष पर और उपभोग को अनुलंब अक्ष पर मापा गया है। $45^0$ पर उठने वाली रेखा एकता रेखा (Unity Line) है जहां सब स्तरों पर आय तथा उपभोग बराबर है। वक्र C रेखीय उपभोग फलन है जो इस धारणा पर आधारित है कि उपभोग में समान मात्राओं में परिवर्तन होता है। B समभेदन बिंदु है जहां C=Y अथवा $OY_1=OC_1$।

**117. उपभोग की औसत प्रवृत्ति को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?**

(a) कुल उपभोग ÷ कुल जनसंख्या
(b) कुल आय ÷ कुल उपभोग
(c) उपभोग में परिवर्तन ÷ आय में परिवर्तन
(d) कुल उपभोग ÷ कुल आय

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

औसत उपभोग प्रवृत्ति कुल उपभोग तथा कुल आय का अनुपात है- $APC=\frac{C}{Y}$

**118. कीन्सवादी उपभोग फलन किसके बीच संबंध दर्शाता है?**

(a) कुल उपभोग और कुल जनसंख्या
(b) कुल उपभोग और सामान्य मूल्य स्तर
(c) कुल उपभोग और कुल आय
(d) कुल उपभोग और ब्याज दर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

कीन्स ने केवल अल्पकालीन उपभोग फलन का प्रतिपादन किया था। उनके अनुसार, अल्पकाल में आय तथा उपभोग में निम्नलिखित संबंध पाए जाते हैं-

(i) C = Co + bY (उपभोग तथा आय का संबंध आनुपातिक नहीं है)।
(ii) जैसे-जैसे आय बढ़ती है, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति तथा औसत उपभोग प्रवृत्ति कम होती जाती है।
(iii) APC is Greaterthan MPC (APC > MPC)।

**119. अल्पावधि में जब आय में वृद्धि होती है, तो उपभोग की औसत प्रवृत्ति में सामान्यतः-**

(a) वृद्धि होती है
(b) गिरावट आती है
(c) स्थिरता बनी रहती है
(d) उतार-चढ़ाव आता है

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

अल्पावधि में APC और MPC की प्रवृत्ति गिरने की होगी (यदि आय बढ़ती है तो)।

**120. किसी सामान्य वस्तु की मांग में गिरावट, उपभोक्ता की आय में..........के साथ होती है।**

(a) वृद्धि (b) गिरावट
(c) स्थिर (d) दोगुना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

किसी सामान्य वस्तु की मांग में वृद्धि या कमी उपभोक्ता की आय में वृद्धि या कमी पर निर्भर करती है। उपभोक्ता की आय में वृद्धि होने पर सामान्य वस्तु की मांग में वृद्धि होगी, जबकि आय में कमी होने पर मांग में कमी। घटिया वस्तुओं के संदर्भ में उपभोक्ता की आय में वृद्धि होने पर घटिया वस्तुओं की मांग में कमी होगी।

**121. किसी सामान्य वस्तु की मांग में वृद्धि, उपभोक्ता की आय में.........के साथ होती है।**

(a) वृद्धि (b) गिरावट

(c) स्थिर (d) दोगुना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

सामान्य वस्तु वह वस्तु है, जिस पर मांग का नियम लागू होता है अर्थात कीमत बढ़ने पर मांग कम होती है तथा कीमत कम होने पर मांग बढ़ती है। इसके विपरीत गिफिन वस्तु वह घटिया वस्तु है, जिस पर मांग का नियम लागू नहीं होता। सामान्य वस्तु का आय प्रभाव धनात्मक होता है अर्थात आय बढ़ने पर वस्तु की मांग बढ़ती है।

**122. फर्में जो भुगतान बाहर वालों को उनकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए करती हैं, कहलाते हैं-**

(a) वास्तविक लागत (b) आर्थिक लागत

(c) सुस्पष्ट लागत (d) अंतर्निहित लागत

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

जो भुगतान बाहर वालों को उनकी वस्तुओं व सेवाओं के लिए फर्मों द्वारा किया जाता है, उसे 'सुस्पष्ट लागत' (Explicit Cost) कहते हैं।

**123. बड़ी फर्मों की कम संख्या वाले बाज़ार को क्या कहते हैं?**

(a) द्वि-अधिकार (b) प्रतिस्पर्धा

(c) अल्पाधिकार (d) एकाधिकार

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(c)**

बड़ी फर्मों की कम संख्या वाले बाज़ार को अल्पाधिकार (Oligopoly) कहते हैं। द्वि-अधिकार (Duopoly) अल्पाधिकार की विशेष स्थिति है जिसमें दो फर्मे शामिल होती हैं। एकाधिकारिक प्रतियोगिता (Monopolistic Competition) बाजार को प्रतिस्पर्द्धा बाजार भी कहते हैं, जहां बड़ी संख्या में फर्म मौजूद होती हैं।

**124. नई फर्मों को बाजार में प्रवेश नहीं करने दिया जाता-**

(a) पूर्ण प्रतियोगिता में (b) अल्पाधिकार में

(c) एकाधिकारी प्रतियोगिता में (d) एकाधिकार में

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(d)**

एकाधिकार की स्थिति में बाजार में एक ही उत्पादक अथवा फर्म होती है इसलिए उद्योग एवं फर्म पर्यायवाची होते हैं। एकाधिकार की स्थिति वस्तु की पूर्ति पर पूर्ण नियंत्रण करती है तथा अल्पकाल एवं दीर्घकाल दोनों ही स्थिति में नई फर्मों के प्रवेश पर प्रभावी प्रतिबंध लगाए जाते हैं।

**125. किस बाजार स्थिति में फर्मों की अधिक्षमता होती है?**

(a) पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा (b) एकाधिकारी प्रतिस्पर्द्धा

(c) द्वि-अधिकार (d) अल्पाधिकार

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

एकाधिकार एवं एकाधिकारिक प्रतिस्पर्द्धा बाजार स्थिति में फर्मों में अधिक्षमता (Excess capacity) पाई जाती है। ये फर्में अपने स्थापित उत्पादन क्षमता का पूर्ण दोहन न करके उससे कम पर उत्पादन करती हीं हैं जिससे फर्म में आधिक्य क्षमता रह जाती है ताकि वे उपभोक्ताओं से वस्तु की लागत से अधिक कीमत वसूल सकें।

**126. एकाधिकार शक्ति की मात्रा को मापना होता है, फर्म–**

(a) के सामान्य लाभ के रूप में

(b) के अधिसामान्य लाभ के रूप में

(c) के सामान्य और अधिसामान्य दोनों लाभों के रूप में

(d) की विक्रय कीमत के रूप में

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा 2010**

**उत्तर–(b)**

एकाधिकार शक्ति को मापने के संबंध में अर्थशास्त्रियों ने विभिन्न विधियों का प्रतिपादन किया है। वेन द्वारा एकाधिकार शक्ति की माप में, एकाधिकार शक्ति वास्तव में कितनी होगी यह बात असामान्य लाभ (Super Normal Profit = AR – AC) की मात्रा पर निर्भर करेगी।

**127. पूर्ण बाज़ार स्थिति कब विद्यमान होती है?**

(a) जब फर्म एक-दूसरे से स्वतंत्र न हों।

(b) जब बड़ी संख्या में क्रेता और विक्रेता हों।

(c) जब बड़ी संख्या में फर्म हों और अल्प संख्या में क्रेता हों।

(d) जब किसी उद्योग में अल्प संख्या में फर्म हों।

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

बाजार का वर्गीकरण

- भौगोलिक अथवा क्षेत्र के आधार पर
  - स्थानीय बाजार
  - राष्ट्रीय बाजार
  - अंतर्राष्ट्रीय बाजार
- आर्थिक आधार पर
  - पूर्ण बाजार (Perfect Market)
  - अपूर्ण बाजार (Imperfect Market)

पूर्ण बाजार में क्रेता और विक्रेता एक-दूसरे को भली-भांति जानते हैं और उन्हें बाजार का तथा दूसरे क्रेता-विक्रेताओं का ज्ञान होता है। क्रेता और विक्रेताओं में पूर्ण स्पर्द्धा होती है। इसके परिणामस्वरूप सभी स्थानों पर एक-सी वस्तुओं का मूल्य समान होता है।

**128. उत्पादन सामाजिक दृष्टि से आदर्श स्तर पर होता है-**

(a) एकाधिकारी प्रतियोगिता के अंतर्गत

(b) एकाधिकार के अंतर्गत

(c) अल्पाधिकारी प्रतियोगिता के अंतर्गत

(d) पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

पूर्ण प्रतियोगिता में उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही कीमत लेने वाले (Price Taker) होते हैं। इस कारण उत्पादक को यह लाभ होता है कि उद्योग द्वारा निर्धारित कीमत पर उत्पादन की विवशता तथा प्रतियोगिता की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए वह उत्पादन की दक्षता को अधिकतम करेगा तथा मुनाफा कमाने के लिए अपने प्रचालन (Operations) को कम लागत पर ही समायोजित करेगा। **उपभोक्ता** को फायदा यह होता है कि वह उद्योग द्वारा निर्धारित कीमत पर क्रय की विवशता के कारण उत्पाद को दक्षतापूर्ण तरीके से उपयोग/उपभोग करेगा। ऐसी स्थिति में अनुचित लाभ कमाने के अवसर समाप्त हो जाएंगे जिससे अतिरिक्त आपूर्ति या कमी की संभावना नहीं रह जायेगी अतः स्पष्ट है कि उत्पादन सामाजिक दृष्टि से आदर्श होगा।

**129. पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा बाज़ार के अंतर्गत फर्में होती हैं प्राय :**

(a) कीमत बनाने वाली (b) कीमत देने वाली

(c) कीमत लेने वाली (d) कीमत नियत करने वाली

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा बाज़ार के अंतर्गत फर्में प्रायः कीमत लेने वाली होती हैं।

**विभिन्न बाजार संरचनाएं और फर्मों की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्ण प्रतियोगिता | कीमत लेने वाली | P = MC | बाजार में प्रवेश उपलब्ध |
| एकाधिकारी प्रतियोगिता | कीमत बनाने वाली | P > MC | बाजार में प्रवेश उपलब्ध |
| अल्पाधिकार | कीमत बनाने वाली | P > MC | अवरोध |
| एकाधिकार | कीमत बनाने वाली | P> MC | अनुपलब्ध |

**नोट** -जहां P = Price, MC = Marginal Cost

**130. पूर्ण स्पर्द्धा में कीमत-ग्रहीता कौन होता है?**

(a) खरीददार (b) उद्योग

(c) सरकार (d) फर्म

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

पूर्ण स्पर्द्धा (Perfect Competition) में कीमत ग्रहीता फर्म होती है।

**131. पूर्ण प्रतिस्पर्द्धा के अंतर्गत किसी फर्म का संतुलन कब निर्धारित होगा?**

(a) सीमांत आय > औसत लागत

(b) सीमांत आय > औसत आय

(c) सीमांत आय = सीमांत लागत


(d) सीमांत लागत > औसत लागत

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

सीमांत विश्लेषण के अनुसार, एक फर्म संतुलन की अवस्था में तब ही होती है जब निम्न-वर्णित दो शर्तें पूरी हों-

1. MC = MR
2. MC वक्र, MR वक्र को नीचे से काटें।




**132. यदि............फर्म की लागत शून्य हो अथवा केवल स्थिर लागत हो तो संतुलन में पूर्ति की मात्रा को उस बिंदु द्वारा दर्शाया जाता है, जिस पर औसत संप्राप्ति शून्य होता है।**

(a) पूर्ण प्रतिस्पर्धा (b) एकाधिकार

(c) अल्पाधिकार (d) एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(a)**

यदि पूर्ण प्रतिस्पर्धा फर्म की लागत शून्य हो अथवा केवल स्थिर लागत हो तो संतुलन में पूर्ति की मात्रा को उस बिंदु द्वारा दर्शाया जाता है, जिस पर औसत संप्राप्ति (Average Revenue) शून्य होता है।

**133. बाजार में संतुलन कीमत का निर्धारण किससे किया जाता है?**

(a) सीमांत लागत और सीमांत राजस्व के बीच समानता।
(b) सीमांत लागत और औसत लागत के बीच समानता।
(c) समग्र लागत और समग्र राजस्व के बीच समानता।
(d) औसत लागत और औसत राजस्व के बीच समानता।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

बाजार में संतुलन कीमत का निर्धारण बाजार में प्रचलित मांग एवं पूर्ति की शक्तियों के द्वारा होता है किंतु फर्म या उद्योग के संतुलन का निर्धारण सीमांत लागत और सीमांत राजस्व के बीच समानता के आधार पर होता है अर्थात फर्म के संतुलन की आवश्यक दशा है, MR = MC तथा MC वक्र MR वक्र को नीचे से काटे।

**134. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) अधिकांश कामगार न्यूनतम स्वीकार्य मजदूरी से कम पर कार्य करेंगे।
(b) न्यूनतम स्वीकार्य मजदूरी किसी फर्म द्वारा किसी कामगार को दी जाने वाली अधिकतम राशि है।
(c) आर्थिक लगान बाजार मजदूरी और न्यूनतम स्वीकार्य मजदूरी के बीच अंतर होता है।
(d) आर्थिक लगान वह राशि होती है जिसे वांछनीय श्रम बाजार में प्रवेश करने के लिए अवश्य अदा किया जाना चाहिए।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

आधुनिक अर्थशास्त्रियों के अनुसार, किसी भी उत्पादन के साधन को उसकी सीमांत उत्पादकता से जो अधिक पारिश्रमिक मिलेगा वही लगान होगा। रिकॉर्डो ने इसे बाजार दर तथा प्राकृतिक दर के बीच का अंतर भी बताया।

**135. श्रम विभाजन की धारणा का समर्थन किसने किया था?**

(a) कीन्ज़ (b) मार्शल
(c) स्मिथ (d) बाउमोल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक तथा प्रतिष्ठित (Classical) संप्रदाय के प्रणेता एडम स्मिथ ने 'श्रम विभाजन' की धारणा का समर्थन किया था। इस धारणा के अनुसार, यदि किसी कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया को एक ही व्यक्ति द्वारा न कराकर उसके विभिन्न चरणों को भिन्न-भिन्न लोगों से पूरा कराने की प्रक्रिया ही 'श्रम विभाजन' कहलाती है।

**136. निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक अस्वस्थता का तात्कालिक संकेत नहीं है?**

(a) लाभ में कमी (b) श्रमिक अशांति
(c) बाजार का संकुचन (d) बाजार मांग में कमी

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

औद्योगिक अस्वस्थता का तात्कालिक संकेत लाभ में कमी नहीं है, जबकि श्रमिक अशांति, बाजार साख का संकुचन, बाजार मांग में कमी, श्रम समस्या, यातायात और ऊर्जा संबंधी समस्या आदि इस प्रकार की समस्या के अंग हैं।

**137. निजी आधारित संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के निर्माण में रुचि नहीं लेते, क्योंकि-**

(a) इसमें भारी निवेश करना पड़ता है
(b) इसमें परिष्कृत प्रौद्योगिकी की जरूरत पड़ती है
(c) इसे पूरा होने में बहुत समय लगता है
(d) इसका प्रतिफल प्राप्त होने में बहुत समय लगता है

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

निजी आधारित संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के निर्माण में रुचि न लेने का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण इसका प्रतिफल प्राप्त होने में बहुत समय का लगना है।

**138. उधार ली गई निधि के प्रयोग के लिए दिए गए ब्याज को कहते हैं-**

(a) ब्याज की वास्तविक दर
(b) ब्याज की मुद्रा दर (मनी रेट)
(c) ब्याज दर की साधारण दर
(d) ब्याज की चक्रवृद्धि दर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उधार ली गई निधि के प्रयोग के लिए दिए गए ब्याज को ब्याज की 'साधारण दर' कहते हैं क्योंकि ऐसे ब्याज दीर्घकालिक नहीं होते हैं।

**139. 'स्वर्ण' मुख्यतः संबंधित होता है-**

(a) स्थानीय बाज़ार से (b) राष्ट्रीय बाजार से
(c) अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से (d) प्रादेशिक बाजार से

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

'स्वर्ण' मुख्यतः अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से संबंधित होता है।

**140. 'स्वर्ण बुलियन मान' का संबंध किससे है?**

(a) स्वर्ण, मूल्य के माप के रूप में
(b) स्वर्ण का मुक्त टंकण
(c) स्वर्ण के आयात और निर्यात पर कोई पाबंदी न होना
(d) असीमित वैध मुद्रा के रूप में सोने का सिक्का

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'स्वर्ण बुलियन मान' (Gold Bullion Standard), स्वर्ण मान के पांच प्रकारों में से एक है। इसमें स्वर्ण के आयात और निर्यात पर कोई पाबंदी नहीं होती है।

**141. हाल में विश्व बैंक का नया अध्यक्ष निम्नलिखित में से किसको नियुक्त किया गया है?**

(a) रॉबर्ट जोएलिक (b) रॉबर्ट एइनहॉर्न
(c) गॉर्डन ब्राउन (d) बेअर ग्रिल्स

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

पुनर्निर्माण एवं विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक की स्थापना दिसंबर, 1945 में की गई। विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एक-दूसरे की पूरक संस्थाएं हैं। रॉबर्ट जोएलिक ने 1 जुलाई, 2007 को पॉल वोल्फोविट्ज (2005-07) के स्थान पर विश्व बैंक के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में विश्व बैंक के 12वें अध्यक्ष डॉ. जिम योंग किम हैं।

**142. 'विश्व बैंक' का एक अन्य नाम है-**

(a) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण तथा विकास बैंक
(b) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्वास तथा विकास बैंक
(c) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्वित्त तथा विकास बैंक
(d) अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान तथा विकास बैंक

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

विश्व बैंक का एक अन्य नाम अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण तथा विकास बैंक (International Bank for Reconstruction and Development) है।

**143. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र सबसे अधिक कर का भुगतान कराता है?**

(a) कृषि क्षेत्र (b) औद्योगिक क्षेत्र
(c) परिवहन क्षेत्र (d) बैंकिंग क्षेत्र

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

औद्योगिक क्षेत्र सबसे अधिक कर का भुगतान करता है। नियोजन काल के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में औद्योगिक क्षेत्र के हिस्से में पर्याप्त वृद्धि हुई। अंतरिम बजट वर्ष 2019-20 के बजट अनुमानों के अनुसार कर राजस्व में सर्वाधिक हिस्सेदारी निगम कर तथा वस्तु एवं सेवाकर (GST) प्रत्येक की 21 प्रतिशत है।

**144. वर्गीज़ कुरियन किससे संबद्ध हैं?**

(a) नील क्रांति (b) श्वेत क्रांति
(c) पीत क्रांति (d) हरित क्रांति

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

वर्गीज़ कुरियन श्वेत क्रांति (दुग्ध उत्पादन) से संबद्ध हैं। इस कार्य हेतु वह World Food Prize (1989), रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (1963) तथा पद्म विभूषण (1999) से सम्मानित हो चुके हैं। 'नीली क्रांति' (ब्लू रिवोल्यूशन) मत्स्य उत्पादन से संबंधित है। भारत विश्व में मछली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और अंतर्देशीय मत्स्य-पालन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

**145. नीली और श्वेत क्रांति किससे संबद्ध हैं?**

(a) मत्स्य उद्योग और खाद्य तेल
(b) कुक्कट पालन और डेरी उद्योग
(c) मत्स्य पालन और डेरी उद्योग
(d) मत्स्य उद्योग और कृषि

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**146. 'भूरी क्रांति' किसे कहते हैं?**

(a) चारा उद्योग का विकास
(b) समुद्री उत्पादों का विकास
(c) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का विकास
(d) भारत में खाद्य प्रसंस्करण एवं शीतल पेयों के उद्योगों का विकास

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

'भूरी क्रांति' का संबंध उर्वरक उत्पादन एवं गैर-परंपरागत ऊर्जा स्रोत (Non-conventional energy resources) से है। अतः उपर्युक्त में से कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**147. स्वर्णिम क्रांति किससे संबंधित है?**

(a) रेशम कीटपालन (b) उद्यान कृषि

(c) मधुमक्खीपालन (d) अंगूरोत्पादन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

स्वर्णिम क्रांति (Golden Revolution) का संबंध उद्यान कृषि एवं मधुमक्खीपालन (Beekeeping) दोनों से है। अतः विकल्प (b) एवं (c) दोनों सही हैं।

**148. लघु उद्योग के लिए संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश की ऊपरी/उच्चतम सीमा वर्तमान में कितनी निर्धारित की गई है?**

(a) 35 रु. लाख (b) 45 रु. लाख

(c) 60 रु. लाख (d) 1 करोड़

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

लघु उद्योग के लिए संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश की ऊपरी/उच्चतम सीमा वर्तमान में 1 करोड़ रु. है। अप्रैल, 2007 से लघु उद्योग की दो परिभाषाएं हो गई हैं—

**निर्माण क्षेत्र के लिए—**संयंत्र व मशीनरी में मूल निवेश 25 लाख रु. से अधिक हो किंतु 5 करोड़ रु. से अधिक न हो।

**सेवा क्षेत्र के लिए—**संयंत्र व मशीनरी पर निवेश 10 लाख से 2 करोड़।

**149. अर्थशास्त्र में, संतुलन का अर्थ है-**

(a) बराबर शेष (b) बराबर घाटा (कमी)

(c) बराबर अधिशेष (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

भौतिक विज्ञान में संतुलन का अर्थ 'गतिहीनता की स्थिति' होता है जबकि अर्थशास्त्र में संतुलन का अर्थ 'गतिहीन अथवा निष्क्रिय स्थिति' (inertstate) नहीं है। यह ऐसी स्थिति का द्योतक नहीं है जिसमें सभी शक्तियां क्रियाहीन हो गई हैं। यह एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें कार्यशील शक्तियां एक-दूसरे के प्रभाव को बिल्कुल नष्ट कर देती हैं। अन्य शब्दों में ''आर्थिक संतुलन वह स्थिति है जिसमें परिवर्तन का अभाव पाया जाता है'' अर्थात् जिसमें वृद्धि या कमी की प्रवृत्ति नहीं पाई जाती है।

**150. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) की अवधारणा पहले शुरू की गई थी-**

(a) चीन में (b) जापान में

(c) भारत में (d) पाकिस्तान में

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ-Special Economic Zone) की अवधारणा पहले भारत में शुरू की गई। सेज, भारत में EPZ के रूप में चीन से भी पहले से मौजूद है जबकि पहला सेज चीन ने स्थापित किया।

**151. SEZ का पूरा रूप है?**

(a) सदर्न इकॉनॉमिक जोन (b) साउथ यूरोपियन जोन

(c) स्पेशल इकॉनॉमिक जोन (d) स्पेशल ईस्टर्न जोन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**152. भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) क्या बढ़ाने के लिए स्थापित किए गए थे?**

(a) मुक्त व्यापार (b) विदेशी निवेश

(c) रोजगार (d) प्रौद्योगिकी विकास

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

विशेष आर्थिक क्षेत्रों यानी SEZ स्कीम के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

(1) अतिरिक्त आर्थिक कार्यकलापों का सृजन

(2) वस्तु एवं सेवा निर्यात में संवर्धन

(3) घरेलू तथा विदेशी स्रोतों से निवेश को बढ़ावा देना।

(4) रोजगार के अवसरों का सृजन

(5) अवसंरचना सुविधाओं का विकास

**153. एक सूचना प्रौद्योगिकी विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ), 'नेक्स्ट जोन' स्थापित किया जा रहा है-**

(a) उत्तर प्रदेश के पनकी में

(b) महाराष्ट्र के पनवेल में

(c) कर्नाटक के बंगलुरू में

(d) आंध्र प्रदेश के सिकंदराबाद में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

सूचना प्रौद्योगिकी विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ), 'नेक्सट जोन' की स्थापना में मुंबई स्थित 'मैराथन रियल्टी' (Marathon Realty Ltd.) का योगदान है। यह परियोजना महाराष्ट्र के पनवेल (मुंबई के पास) में स्थित है।

**154. भारत की प्रमुख वाणिज्य फसलें हैं-**

(a) कपास, दालें, जूट और तिलहन

(b) कपास, तिलहन, जूट और गन्ना

(c) चाय, रबर, तम्बाकू और जूट

(d) आलू, चाय, तम्बाकू और कपास

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

भारत की प्रमुख वाणिज्य फसलें हैं—कपास, तिलहन, जूट, गन्ना और तम्बाकू इत्यादि जबकि प्रमुख रोपड़ फसलें हैं—चाय, कॉफी नारियल और रबर इत्यादि।

**155. कीमत के संदर्भ में मांग लोच है :**

(a) $\text{लोच} = \frac{\text{मांग में \% परिवर्तन}}{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}$

(b) $\text{लोच} = \frac{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}{\text{मांग में \% परिवर्तन}}$

(c) $\text{लोच} = \frac{\text{मांग में \% परिवर्तन}}{\text{पूर्ति में \% परिवर्तन}}$

(d) $\text{लोच} = \frac{\text{पूर्ति में \% परिवर्तन}}{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}$

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा,2013**

**उत्तर—(a)**

'मांग की कीमत लोच' (Price Elasticity of Demand ), किसी वस्तु की कीमत में सापेक्ष परिवर्तन की अनुक्रिया में उस वस्तु की खरीदी गई मात्रा में सापेक्ष परिवर्तन की माप को कहते हैं।

मांग लोच गुणांक =

$$\frac{\text{मांगी गई मात्रा में समानुपातिक (प्रतिशत) परिवर्तन}}{\text{कीमत में समानुपातिक (प्रतिशत) परिवर्तन}}$$

**156. घटिया माल के संबंध में मांग की आय सापेक्षता/लोच कैसी/ कितनी होती है?**

(a) शून्य (b) ऋणात्मक

(c) असीमित (d) धनात्मक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

घटिया वस्तु के संबंध में मांग की आय सापेक्षता/लोच कैसी/ ऋणात्मक होती है।

**157. फार्मूला 1> e> 0 द्वारा दर्शाई गई प्रत्यास्थता (Elasticity) (e) क्या है?**

(a) पूरी तरह प्रत्यास्थ (b) सापेक्षतया प्रत्यास्थ

(c) पूरी तरह अप्रत्यास्थ (d) सापेक्षतया अप्रत्यास्थ

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

| **सूत्र** | **प्रत्यास्थता** (Elasticity) |
|---|---|
| $E = \infty$ | पूरी तरह प्रत्यास्थ (Perfectly Elastic) |
| $1 < E < \infty$ | सापेक्ष प्रत्यास्थ (Relatively Elastic) |
| $E = 1$ | Unit Elastic |
| $0 < E < 1$ | सापेक्षतया अप्रत्यास्थ (Relatively Inelastic) |
| $E = 0$ | पूर्ण अप्रत्यास्थ (Perfectly Inelastic) |

**158. जब किसी वस्तु की मांग में प्रतिशत परिवर्तन, उसके मूल्य में प्रतिशत परिवर्तन से कम होता है, तो उसकी मांग क्या कहलाती है?**

(a) अत्यधिक लोचदार (b) बेलोच

(c) सापेक्षतः लोचदार (d) पूर्णतः बेलोच

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

**मांग की लोच (Elasticity of Demand) की विभिन्न कोटियां (Degrees):-**

**बेलोच मांग (Inelastic Demand)-** जब वस्तु की कीमत में काफी परिवर्तन होने पर भी उसकी मांग में अपेक्षाकृत मामूली परिवर्तन हो तो मांग बेलोच या लोचहीन होती है ($E < 1$)।

**लोचदार मांग (Elastic Demand)-** जब वस्तु की कीमत में थोड़े अनुपात में परिवर्तन होने पर उसकी मांग में अपेक्षाकृत काफी अधिक अनुपात में परिवर्तन हो, तो मांग लोचदार होती है ($E > 1$)।

**पूर्ण बेलोच मांग (Perfectly Inelastic Demand) -** यदि वस्तु की कीमत में परिवर्तन होने पर वस्तु की मांगी गई मात्रा में कोई परिवर्तन न हो, तो मांग पूर्ण बेलोच होती है ($E = 0$)।

**पूर्ण लोचदार मांग (Perfectly Elastic Demand) -** जब वस्तु की कीमत में मामूली परिवर्तन होने पर मांगी गई मात्रा पर अपरिमित प्रभाव पड़े तो मांग पूर्ण लोचदार होती है ($E = \infty$)।

**समानुपाती मांग लोच (Unit Elasticity of Demand)-** जब कीमत में परिवर्तन के फलस्वरूप वस्तु की मांग में उसी अनुपात में परिवर्तन हो तो मांग लोच समानुपाती होती है ($E = 1$)।

**159. वस्तु के मूल्य में अधिक परिवर्तन होने पर उसकी मांग में परिवर्तन नहीं होता। इसे कौन-सी मांग कहा जायेगा?**

(a) लोचदार (b) बेलोचदार

(c) पूर्णतः बेलोचदार (d) अत्यधिक लोचदार

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

यदि किसी वस्तु के मूल्य में परिवर्तन के बाद भी उसकी मांग ज्यों की त्यों बनी रहे और उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन न हो तो उसकी मांग को पूर्णतया बेलोचदार कहा जाएगा।

**160. निम्नलिखित में से किसको वास्तविक मजदूरी (वेतन) का प्रमुख निर्धारक कहा जाता है?**

(a) अतिरिक्त आमदनी (b) कार्य की प्रकृति

(c) पदोन्नति की संभावना (d) मुद्रा की क्रय-शक्ति

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

मुद्रा की क्रयशक्ति को वास्तविक मजदूरी (वेतन) का प्रमुख निर्धारक कहा जाता है।

**161. श्रमिक की उत्पादकता बढ़ने पर निम्नलिखित में से क्या घटित होता है?**

(a) संतुलन नकदी मजदूरी में गिरावट

(b) श्रमिक के संतुलन परिणाम में गिरावट

(c) प्रतियोगी फर्मों को अधिक पूंजी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा

(d) श्रमिक मांग वक्र दाईं ओर स्थानांतरित हो जाता है

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

यदि अल्पकाल में मजदूरी सीमांत उत्पादकता से कम हुई तो उत्पादक की मजदूरी देने के बाद सीमांत श्रमिक से कुछ अतिरिक्त उत्पादन लाभ के रूप में मिलेगा, परिणामस्वरूप श्रम की मांग बढ़ेगी और श्रमिक मांग वक्र दाईं ओर स्थानांतरित हो जाएगा।

**162. यदि किसी फर्म (कंपनी) द्वारा नियुक्त श्रमिक शक्ति का केवल कुछ भाग किसी भी समय और बिना वेतन के बर्खास्त किया जा सकता है, तो फर्म द्वारा भुगतान किए जाने वाली कुल मजदूरी और वेतनों को क्या माना जाना चाहिए?**

(a) न तो नियत लागत और न ही परिवर्ती लागत

(b) परिवर्ती लागत

(c) नियत लागत

(d) अंशतः नियत और अंशतः परिवर्ती लागत

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

वह श्रम शक्ति जो बर्खास्त की जा सकती है, 'परिवर्ती लागत' का प्रतिनिधित्व करती है जबकि जो श्रम शक्ति बर्खास्त नहीं की जा सकती उसकी वेतन 'नियत लागत' का प्रतिनिधित्व करती है।

**163. विदेशी मुद्रा दर का अर्थ वह दर है जिस पर एक देश की मुद्रा का व्यापार किया जाता है-**

(a) विदेशी मुद्रा बाजार में किसी अन्य देश की मुद्रा के लिए

(b) यू.एस. डॉलर के लिए जो विदेशी मुद्रा बाजार में सबसे प्रबल मुद्रा है

(c) मुद्राओं के एक नियत समूह के लिए जिसमें डॉलर, येन, यूरो और पाउंड शामिल हैं

(d) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा निर्धारित किसी अन्य देश की मुद्रा के लिए

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

वह दर जिस पर एक देश की मुद्रा का व्यापार किया जाता है- विदेशी मुद्रा दर कहलाता है। यह विदेशी मुद्रा बाजार में किसी अन्य देश की मुद्रा के लिए किया जाता है। विदेशी विनिमय दर निर्धारण के तीन सिद्धांत मिलते हैं। 1.स्वर्ण समता सिद्धांत, 2. क्रयशक्ति समता सिद्धांत (गुस्ताव कैसल), 3. मांग-पूर्ति सिद्धांत।

**164. दो देशों के बीच वस्तु-विनिमय (एक्सचेंज ऑफ कॉमोडिटीज) को क्या कहा जाता है?**

(a) व्यापार शेष (b) द्विपक्षीय व्यापार

(c) व्यापार परिणाम (d) बहुपक्षीय व्यापार

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

द्विपक्षीय व्यापार को दो देशों के बीच वस्तु-विनिमय कहा जाता है। द्विपक्षीय व्यापार शर्तों की धारणा में देश के निर्यातों में निहित उत्पादक साधनों की उत्पादकता के साथ-साथ देश के आयातों में प्रयुक्त विदेशी साधनों की उत्पादकता को भी सम्मिलित किया जाता है। मिल मार्शल विश्लेषण प्रस्ताव वक्रों द्वारा निर्धारित व्यापार की शर्तें वास्तुतः व्यापार की वस्तु विनिमय शर्तों से संबद्ध है।

**165. मुद्रास्फीति के समय के दौरान कर की दरों में निम्नलिखित में से क्या होगा?**

(a) वृद्धि (b) कमी

(c) स्थिर बने रहना (d) घट-बढ़

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

मुद्रास्फीति के दौरान कर की दरों में कोई भी देश वृद्धि करेगा जिससे मुद्रा की तरलता समाज में कम हो सके।

**166. निम्न में से कौन-सा एक वैकल्पिक धन का उदाहरण है?**

(a) करेंसी नोट (b) सिक्के
(c) चेक (d) बंधपत्र (बॉण्ड)

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

वैकल्पिक धन या ऐच्छिक धन (Optional Money) वह धन है जिसे स्वीकार करना या न करना प्राप्तकर्ता की इच्छा पर निर्भर करता है। इसमें चेक, बैंक-ड्रॉफ्ट, यात्री-चेक, प्रतिज्ञा-पत्र तथा हुण्डी इत्यादि शामिल होते हैं।

**167. रु. 500 और रु. 1000 के 2005 से पहले के करंसी नोट बदलने की भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतिम सीमा क्या है?**

(a) 31 दिसंबर, 2015 (b) 31 मार्च, 2015
(c) 1 जनवरी, 2015 (d) 1 अप्रैल, 2015

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

रु. 500 और रु. 1000 के वर्ष 2005 से पहले करेंसी नोट बदलने की भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतिम समय सीमा 31 दिसंबर, 2015 थी। लेकिन 23 दिसंबर, 2015 को भारतीय रिजर्व बैंक ने इसकी समय सीमा बढ़ाकर 30 जून, 2016 कर दिया था। अतः प्रश्नकाल में विकल्प (a) सही है। वर्तमान में रु. 1000 के नोट चलन में नहीं हैं, इनके स्थान पर रु. 2000 के नोट प्रचलित हैं (नवंबर, 2016 में नोटबंदी के बाद से)।

**168. निम्नलिखित में से कौन-सा अवशिष्ट अर्जन है?**

(a) किराया (b) लाभ
(c) मजदूरी (d) ब्याज

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

पद 'अवशिष्ट अर्जन' (Residual Earning) का प्रयोग इक्विटी मूल्यांकन के संदर्भ में किया जाता है, जहां अवशिष्ट अर्जन एक लाभांश है।

**169. 'सीमांत लागत' किसके बराबर होती है?**

(a) मात्रा में परिवर्तन द्वारा विभाजित कुल लागत में परिवर्तन
(b) कुल लागत तथा अंतिम उत्पादित इकाई के कुल लाभ का अंतर
(c) अंतिम उत्पादित इकाई के कुल लाभ द्वारा विभाजित कुल लागत
(d) मात्रा द्वारा विभाजित कुल लागत

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

$$\text{Marginal Cost (सीमांत लागत)} = \frac{\Delta \text{Total Cost}}{\Delta \text{Output}}$$

**170. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग अपक्षपात वक्र के झुकाव को मापने के लिए किया जाता है?**

(a) परिवर्तन की सीमांत दर
(b) प्रतिस्थापन की सीमांत दर
(c) तकनीकी प्रतिस्थापन की सीमांत दर
(d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

अपक्षपात वक्र झुकाव का प्रयोग प्रतिस्थापन की सीमांत दर को मापने के लिए किया जाता है।

**171. वस्तु $x$ की 9 यूनिटों से कुल उपयोगिता 20 है और 10 यूनिटों से 15 है। 10वीं यूनिट से सीमांत उपयोगिता का परिकलन कीजिए।**

(a) –5 (b) –0.5
(c) 0.5 (d) 5

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

एक अतिरिक्त इकाई के उपभोग के कारण कुल उपयोगिता में हुई वृद्धि ही सीमांत उपयोगिता कहलाती है। इस प्रकार-

$= MU_n = Tu_n - Tu_{n-1}$
$= Tu_{10} - Tu_{10-1}$
$= Tu_{10} - Tu_9$
$= 15 - 20 = -5$

जहां Mu = सीमांत उपयोगिता, Tu = कुल उपयोगिता

**172. जब किसी वस्तु का उत्पादन एक यूनिट द्वारा बढ़ जाता है, तो कुल लागत में होने वाला योग क्या कहलाता है?**

(a) औसत लागत (b) सीमांत लागत
(c) कुल लागत (d) निहित लागत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

एक अतिरिक्त यूनिट के उत्पादन से कुल लागत में जो वृद्धि होती है अथवा एक अतिरिक्त यूनिट के उत्पादन में जो अतिरिक्त लागत आती है उसे सीमांत लागत (Marginal Cost) कहते हैं। इस प्रकार, सीमांत लागत उत्पादन n+1 यूनिट तथा n यूनिट की लागत का अंतर होता है अर्थात $MC_n = TC_{n+1} - TC_n$

**173. इसके अंतर्गत बिक्री लागत नहीं है-**

(a) अल्पाधिकार (b) द्वयाधिकार

(c) पूर्ण प्रतियोगिता (d) एकाधिकारी प्रतियोगिता

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत बिक्री लागत नहीं होती है जबकि एकाधिकारिक प्रतियोगिता, द्वयाधिकार तथा अल्पाधिकार के अंतर्गत बिक्री लागत शामिल होता है।

**174. वह बिना व्यय की लागतें, जो तब उत्पन्न होती हैं जब कोई उत्पादक फर्म स्वयं स्वामित्व रखती है तथा उत्पादन की कुछ चीजों की पूर्ति करती है, क्या कहलाती हैं?**

(a) सुव्यक्त लागतें (b) मौलिक लागतें

(c) अंतर्निहित लागतें (d) प्रतिस्थापना लागतें

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

'अंतर्निहित लागतें' (Implicit Costs) वह लागतें हैं जिनका भुगतान फर्म द्वारा फर्म के स्वामी को किया जाता है। जैसे-निजी पूंजी पर ब्याज, निजी वेतन आदि।

**175. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पादन का एक कारक है?**

(a) कोयला (b) उद्यमकर्ता

(c) ऊर्जा (d) प्रौद्योगिकी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए आवश्यक संसाधनों को उत्पादन के कारक कहते हैं। उत्पादन के कारक उत्पादन प्रक्रिया में निविष्टियां (Inputs) हैं। उत्पादन के कारकों को 4 वर्गों में बांटा गया है- भूमि, श्रम, पूंजी तथा उद्यमवृत्ति या संगठन।

**176. भारतवर्ष में निम्नलिखित किस उद्योग में पानी की खपत सबसे अधिक होती है?**

(a) कागज तथा पल्प (b) कपड़ा उद्योग

(c) थर्मल पावर (d) अभियांत्रिकी/इंजीनियरिंग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

भारतवर्ष में दिए गए विकल्पों में थर्मल पावर में पानी की खपत सबसे अधिक होती है। ऐसा विद्युत उत्पादन हेतु टर्बाइन को भाप से चलाने के लिए होता है। अतः भाप बनाने के लए थर्मल पॉवर में पानी की खपत बहुत होती है।

**177. मांग पैदा करने के लिए जरूरत है-**

(a) उत्पादन की (b) दाम की

(c) आय की (d) आयात की

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

मांग पैदा करने के लिए सबसे जरूरी आय होती है। आय रहने पर ही व्यक्ति मांग करता है। मांग को प्रभावित करने वाली प्रमुख बात उपभोक्ता की आय ही है। आय के बढ़ने से क्रय शक्ति बढ़ती है। अतः आय के बढ़ने-घटने पर मांग भी बढ़ती-घटती है।

**178. पैमाने का प्रतिफल क्या है?**

(a) शाश्वत/कालातीत परिघटना

(b) दिशारहित परिघटना

(c) अल्पकालिक परिघटना

(d) दीर्घकालिक परिघटना

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

साधन के प्रतिफल (परिवर्तनीय अनुपात) तथा पैमाने के प्रतिफल के बीच अंतर स्पष्ट है। जहां साधन का प्रतिफल उत्पादन फलन की अल्पकालीन व्याख्या से संबंधित है वहीं पैमाने का प्रतिफल उत्पादन फलन की दीर्घकालीन व्याख्या से संबंधित है। इस प्रकार साधनों के प्रतिफल की स्थिति में उत्पादन फलन $Qx=(L)\bar{K}$ या क्रियात्मक रूप में $Qx=f(L)$ होगा जबकि दीर्घकालीन उत्पादन फलन $Qx_1=f(aL, aK)$ होगा।

**179. पैमाने के अनुसार, प्रतिफल का नियम एक—धारणा है।**

(a) दीर्घ-चालित उत्पादन की

(b) मौसमी उत्पादन की

(c) बहुत अल्पचालित उत्पादन की

(d) अल्पचालित उत्पादन की

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

सामान्यतया 'पैमाने के प्रतिफल' से अभिप्राय उत्पादन के साधनों में इस प्रकार के परिवर्तन से है जिससे उनके बीच का अनुपात अपरिवर्तित रहे। इस प्रकार साधन के प्रतिफल (परिवर्तनीय अनुपात) तथा पैमाने के प्रतिफल के बीच अंतर स्पष्ट है। जहां साधन का प्रतिफल उत्पादन फलन की अल्पकालीन व्याख्या से संबंधित है, वहीं पैमाने का प्रतिफल उत्पादन फलन की दीर्घकालीन व्याख्या से संबंधित है। अतः अभीष्ट उत्तर विकल्प (a) है।

**180. कॉब-डॉगलस उत्पादन फलन $Q = AL^a k^{(1-a)}$ किस पर आधारित है?**

(a) मापक का विकासमान प्रतिफल

(b) मापक का ह्रासमान प्रतिफल

(c) मापक का स्थिर प्रतिफल

(d) मापक का अस्थिर प्रतिफल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

कॉब-डॉगलस उत्पादन फलन का विकास पॉल डॉगलस तथा सी. डब्लू. कॉब ने, वर्ष 1930 में किया था जो कि प्रथम कोटि के समरूप रेखीय उत्पादन फलन का एक रूप है। यह निम्नवत है- $Q = AL^a K^{(1-a)}$ यह मापक के स्थिर प्रतिफल पर आधारित है, जहां Q – समग्र राष्ट्रीय उत्पाद, L तथा K क्रमशः श्रम तथा पूंजी की मात्रा को दर्शाते हैं। A, a तथा (1 – a) धनात्मक स्थिरांक है। कॉब-डॉगलस फलन के संदर्भ में स्थिर प्रतिफल से तात्पर्य है कि उत्पादन में उत्पादन के साधनों (पूंजी तथा श्रम) के सापेक्षिक अंश सदैव स्थिर रहते हैं।

**181. प्रतिफल की आंतरिक दर-**

(a) ब्याज दर से कम होनी चाहिए, यदि फर्म को निवेश करना है

(b) लाभों के वर्तमान मूल्य को लागतों के वर्तमान मूल्य के बराबर बनाती है

(c) गिरती है, जब किसी निवेश का वार्षिक प्रतिफल बढ़ता है

(d) फर्म के सभी निवेशों के लिए बाजार ब्याज दर के बराबर होती है

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

प्रतिफल की आंतरिक दर (Internal rate of return) का NPV (Net Present Valve) से इंगित करते हैं-

$$NPV = \sum_{i=o}^{n} \frac{x_i}{(1+r)^i}$$

यह बॉण्ड बाजार से संबंधित (Term) है।

**182. जब किसी फर्म द्वारा किए गए निवेशों की संख्या बढ़ती है, तो इसके प्रतिफल की आंतरिक दर-**

(a) ह्रासमान सीमांत उत्पादिता के कारण गिरती है

(b) यदि अन्य बातें पूर्ववत रहें, गिरती है क्योंकि ब्याज की बाजार दर गिरेगी

(c) वर्तमान उपभोग पूर्वानुमति के लिए फर्म की क्षतिपूर्ति के लिए बढ़ती है

(d) बढ़ती है क्योंकि बचतों का स्तर गिरेगा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

ह्रासमान सीमांत उत्पादिता का नियम यह बतलाता है कि एक इनपुट को बढ़ाने और अन्य को उसी स्तर पर रखने से शुरुआत में तो प्रतिफल बढ़ेगा परंतु बार-बार ऐसा करने (अर्थात् निवेशों की संख्या बढ़ाने) से प्रतिफल में गिरावट आएगी।

**183. वर्द्धमान प्रतिफल नियम का अर्थ है-**

(a) वर्द्धमान लागत (b) ह्रासमान लागत

(c) वर्द्धमान उत्पादन (d) वर्धमान आय

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

वर्द्धमान प्रतिफल या ह्रासमान लागतों से आशय उत्पादन की उस परिस्थिति से है जिसमें उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ औसत तथा सीमांत लागतों में भी ह्रास होता है।

**184. यदि ह्रासमान दर पर सीमांत प्रतिफल बढ़ जाता है तो कुल प्रतिफल-**

(a) बढ़ जाता है (b) घट जाता है

(c) स्थिर बना रहता है (d) शून्य हो जाता है

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

यदि ह्रासमान दर पर सीमांत प्रतिफल बढ़ जाता है तो कुल प्रतिफल बढ़ जाता है।

**185. परिवर्ती अनुपात नियम की तीसरी स्थिति को कहते हैं-**

(a) ऋणात्मक प्रतिफल (b) धनात्मक प्रतिफल

(c) समानुपातिक प्रतिफल (d) वर्धमान प्रतिफल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

'परिवर्ती अनुपात नियम' (Law of Variable Proportions) की तीन स्थितियां हैं-प्रथम-वर्द्धमान प्रतिफल (Increasing Return), द्वितीय -ह्रासमान प्रतिफल (Diminishing Return) तथा तृतीय - ऋणात्मक प्रतिफल (Negative Return)।

**186. अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र, अल्पकालीन औसत लागत वक्र को........से अल्पकालीन औसत लागत के न्यूनतम बिंदु पर काटता है।**

(a) ऊपर (b) नीचे

(c) दाएं (d) बाएं

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र, अल्पकालीन औसत लागत वक्र को नीचे से अल्पकालीन औसत लागत के न्यूनतम बिंदु पर काटता है। अल्पकाल वह अवधि होती है, जिसमें सिर्फ उत्पादन के परिवर्तनीय साधनों में परिवर्तन (घटाया/बढ़ाया) किया जा सकता है।

**187. यदि सभी निवेशों में परिवर्तन के कारण उत्पाद में समानुपाती परिवर्तन होता है, तो यह किससे संबद्ध मामला बनता है?**

(a) स्केल में वर्धमान प्रतिफल

(b) स्केल में ह्रासमान प्रतिफल

(c) स्केल में परिवर्ती प्रतिफल

(d) स्केल में नियत प्रतिफल

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

पैमाने का सम प्रतिफल (Costant Returns to Scale) की स्थिति में आगत (input) तथा निर्गत (Output) में समान आनुपातिक परिवर्तन होता है। अतः यदि सभी आगतों में निश्चित अनुपात में परिवर्तन के कारण निर्गत भी उसी अनुपात में परिवर्तन होता है तो इसे स्केल (पैमाने) में नियत प्रतिफल या पैमाने का सम प्रतिफल कहा जाता है।

**188. निम्नलिखित में से किसको राष्ट्रीय ऋण नहीं माना जाता?**

(a) राष्ट्रीय बचत पत्र

(b) दीर्घावधि पॉलिसी

(c) बीमा पॉलिसी

(d) भविष्य निधि

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय बचत पत्र को राष्ट्रीय ऋण की श्रेणी में नहीं रखा जाता है।

**189. बैंकिंग की प्रवृत्तियों और प्रगति पर भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्ष 2008-09 के दौरान भारतीय बैंकों में गैर-निष्पादन परिसंपत्तियों (NPA's) का प्रतिशत वर्ष 2008 में कितना था?**

(a) 2.3 प्रतिशत

(b) 2.6 प्रतिशत

(c) 3.5 प्रतिशत

(d) 5.2 प्रतिशत

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

2008-09 के दौरान भारतीय बैंकों में गैर-निष्पादन परिसंपत्तियों (NPA's) का प्रतिशत 2.3 था। वर्ष 2012 के दौरान भारतीय बैंकों में गैर-निष्पादन परिसंपत्तियों (NPA's) का 3.0 प्रतिशत रहा। GNPAs of SCBs सितंबर, 2014 में 4.5 प्रतिशत हो गया जो मार्च, 2014 में 4.1 प्रतिशत था। जहां GNPAs : Gross Non Performing Assets. SCBs का NNPA(Net Non-Performing Assets) अनुपात सितंबर, 2016 के 5.4 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर मार्च, 2017 में 5.5 प्रतिशत हो गया।

**190. नया पूंजी निर्गम रखा जाता है-**

(a) द्वितीयक बाजार में

(b) अलभ्य वस्तु बाजार में

(c) प्राथमिक बाजार में

(d) काला बाजार में

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

शेयर बाजार को दो बाजारों में बांटा गया है—प्राथमिक और द्वितीयक बाजार। जब नया पूंजी निर्गम प्रस्ताव किया जाता है तो वह प्राथमिक बाजार में रखा जाता है। द्वितीयक बाजार में इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों का कारोबार होता है।

**191. आपूर्ति वक्र के साथ-साथ चलने को..........कहते हैं।**

(a) आपूर्ति में संकुचन

(b) आपूर्ति में विस्तार

(c) आपूर्ति में बढ़ोत्तरी

(d) आपूर्ति में विस्तार तथा संकुचन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

आपूर्ति वक्र के साथ-साथ ऊपर और नीचे (Upward and Downward) चलने को आपूर्ति में विस्तार तथा संकुचन कहते हैं। जबकि आपूर्ति वक्र के दाईं और बाईं ओर शिफ्ट (प्रतिस्थापन) को आपूर्ति में वृद्धि एवं कमी कहते हैं।

**192. अन्य बातें समान होने पर किसी वस्तु की मांग की मात्रा में कमी किस कारण से हो सकती है?**

(a) उस वस्तु की कीमत में वृद्धि

(b) उपभोक्ता की आय में वृद्धि


(c) उस वस्तु की कीमत में गिरावट

(d) उपभोक्ता की आय में गिरावट

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

अन्य बातें समान रहने पर किसी वस्तु की मांग की मात्रा में कमी, उस वस्तु की कीमत में वृद्धि के कारण होती है क्योंकि कीमत एवं मांग में विलोम संबंध होता है, अर्थात् कीमत बढ़ेगी तो मांग घटेगी तथा कीमत घटेगी तो मांग बढ़ेगी।




**193. मांग वक्र कब अंतरित नहीं होता?**

(a) जब केवल ऐवजी उत्पादों की कीमतें बदलती हैं।

(b) जब विज्ञापन व्यय में कोई बदलाव होता है।


(c) जब केवल वस्तुओं की कीमत बदलती है।

(d) जब केवल आय बदलती है।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

वस्तु की कीमतों में परिवर्तन से मांग वक्र का विवर्तन न होकर मांग वक्र में विस्तार तथा संकुचन की प्रक्रिया होती है। मांग वक्र पर नीचे की ओर चलना मांग में विस्तार जबकि ऊपर की ओर चलना मांग में संकुचन कहलाता है।




**194. घरेलू बाजार में टमाटर का दाम बढ़ेगा, यदि-**

(a) देश में टमाटर की भरपूर फसल हो

(b) क्रेताओं का रुझान आयातित-संसाधित किस्म की ओर हो जाए

(c) ताजे टमाटरों का निर्यात अन्य देशों को किया जाए

(d) टमाटरों के उत्पादन का खर्चा कम हो गया हो

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

जब घरेलू टमाटर का निर्यात किया जाएगा तो घरेलू बाजार में टमाटर कम हो जाएगा जिससे उसका दाम बढ़ जाएगा क्योंकि जिस वस्तु की पूर्ति कम हो जाती है उस वस्तु की मांग बढ़ जाती है।

**195. निम्नलिखित किस कारण से एक आवश्यकता मांग बन जाती है?**

(a) क्रय क्षमता (b) क्रय की आवश्यकता

(c) क्रय की इच्छा (d) वस्तु की उपयोगिता

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

जब वस्तु की खपत बढ़ जाती है तब उसकी उपयोगिता बढ़ जाती है जिस कारण से आवश्यकता मांग बन जाती है। क्रय की इच्छा आवश्यकता को मांग में बदल देती है।

**196. मांग का नियम किस पर आधारित है?**

(a) निर्माता की प्राथमिकता (b) विक्रेता की प्राथमिकता

(c) पूर्तिकार की प्राथमिकता (d) उपभोक्ता की प्राथमिकता

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

मांग का नियम उपभोक्ता की प्राथमिकता पर आधारित होता है। मांग के नियम के अनुसार, उपभोक्ता किसी वस्तु की अधिक इकाइयां कम कीमत पर खरीदेगा।

**197. मांग का एक सामान्य नियम है 'मांगी गई मात्रा बढ़ती है'-**

(a) कीमत घटने के साथ (b) कीमत बढ़ने के साथ

(c) स्थिर कीमत के साथ (d) उपयोगिता बढ़ने के साथ

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

मांग का नियम यह दर्शाता है कि मांगी गई मात्रा कीमत घटने के साथ बढ़ती है तथा कीमत बढ़ने पर घटती है।

**198. निम्न में से कौन-सा मांग का प्रत्यक्ष निर्धारक नहीं है?**

(a) बचत (b) आय

(c) पण्य (जिंस) मूल्य (d) स्वाद

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

बचत, मांग का प्रत्यक्ष निर्धारक नहीं है।

**199. वस्तुओं के निम्न युग्मों में से कौन-सा युग्म संयुक्त मांग प्रदर्शित करता है?**

(a) कॉफी और चाय (b) घी और तेल

(c) कंप्यूटर और प्रिन्टर (d) कोका कोला और पेप्सी

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

अर्थशास्त्र में 'संयुक्त' मांग से तात्पर्य दो या दो से अधिक उन वस्तुओं की मांग से होता है जो परस्पर आश्रित होती हैं।

**200. निम्नलिखित में से किस वस्तु की मांग लोचदार है?**

(a) विद्युत (b) ओषधि

(c) चावल (d) दियासलाई की डिबिया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

दिए गए विकल्पों में मात्र विद्युत की मांग लोचदार (Elastic) है जबकि औषधि, चावल, दियासलाई की डिबिया की मांग बेलोचदार (Inelastic) है।

**201. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) किसी वस्तु का मूल्य उसकी कीमत पर निर्भर करता है।

(b) किसी वस्तु का मूल्य पूरी तरह से स्थानापन्न वस्तुओं पर निर्भर करता है।

(c) किसी वस्तु का मूल्य (महत्त्व) तभी होगा जब उसे कोई लेना चाहता हो।

(d) किसी वस्तु का मूल्य तभी होगा जब यह मांग की अपेक्षा दुर्लभ होगी।

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त दिए गए कथनों में किसी वस्तु का मूल्य तभी होगा जब यह मांग की अपेक्षा दुर्लभ होगी, सत्य है। उदाहरणस्वरूप स्वर्ण वह वस्तु है जिसकी मांग तो अधिक है, पर यह दुर्लभ वस्तु के अंतर्गत है जिसके कारण इसका मूल्य अधिक होता है।

**202. मांगजन्य स्फीति एक स्थिति है-**

(a) अधिक मांग की (b) मांग और पूर्ति के बीच समता की

(c) अधिक पूर्ति की (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

जब समग्र पूर्ति में वृद्धि की अपेक्षा समग्र मांग को प्रभावित करने वाले कारक अधिक प्रभावी हों अर्थात् जब चालू कीमतों पर वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए कुल मांग इनकी कुल पूर्ति की तुलना में अधिक हो जाए तो इसे मांगजन्य स्फीति की स्थिति कहा जाता है।

**203. कौन-सा अर्थशास्त्री यह मानता था कि बेरोजगारी असंभव है, और यह कि किसी भी उतार-चढ़ाव का सामना करने के लिए बाजार तंत्र की एक अंतर्निर्मित नियामक प्रणाली होती है?**

(a) जे.एम.कीन्ज़ (b) ओहलिन

(c) जे.बी.सेय (d) गालब्रेथ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

फ्रेंच बिज़नेसमैन और अर्थशास्त्री 'जीन-बैपटिस्ट से' (J.B. Say) का ये मानना था कि बेरोजगारी असंभव है और यह कि किसी भी उतार-चढ़ाव का सामना करने के लिए बाजार तंत्र की एक अंतर्निर्मित नियामक प्रणाली होती है। उनका कहना था कि 'पूर्ति अपनी मांग का सृजन स्वयं करती है' (Suply creats its ownd demand)।

**204. किसने स्वायत्त निवेश को प्रेरित निवेश से पृथक किया था?**

(a) माल्थस (b) जॉन रॉबिन्सन

(c) ऐडम स्मिथ (d) शूम्पीटर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

स्वायत्त निवेश वह निवेश है जो आय या उत्पादन के स्तर से निरपेक्ष होता है। जबकि प्रेरित निवेश आय एवं लाभ के सापेक्ष होता है।

**205. 'बाजार नियम' किसने प्रस्तुत किया था?**

(a) एडम स्मिथ (b) जे.बी. सेय

(c) टी.आर. माल्थस (d) डेविड रिकॉर्डो

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

बाजार नियम जे.बी. सेय ने प्रस्तुत किया था। बाजार नियम के अनुसार, 'पूर्ति स्वयं अपनी मांग उत्पन्न करती है'। यह नियम वस्तु विनिमय और मुद्रा विनिमय दोनों पर लागू होता है। यह प्रतिष्ठित रोजगार सिद्धांत का मर्म बिंदु है।

**206. जे.बी. से का बाजार नियम किसे स्वीकार्य नहीं था?**

(a) ऐडम स्मिथ (b) मार्शल

(c) डेविड रिकार्डो (d) माल्थस

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

जे.बी. से का बाजार नियम माल्थस को स्वीकार्य नहीं था क्योंकि जे.बी. से बचत का समर्थन करते थे और माल्थस बचत को ही मंदी का कारण मानते थे।

**207. निम्नलिखित में से कौन-सा व्युत्पन्न मांग का एक उदाहरण है?**

(a) चावल (b) वस्त्र

(c) प्रसाधन-सामग्रियां (d) सीमेंट

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

सीमेंट व्युत्पन्न, मांग का उदाहरण है। उत्पादन के साधनों के मांग को व्युत्पन्न मांग कहते हैं। श्रम द्वारा उत्पादित वस्तु की मांग जितनी अधिक होगी श्रम की मांग उतनी ही अधिक होगी।

**208. किसी उत्पादन की वह मांग, जो वह अपने लिए चाहती है, क्या कहलाती है?**

(a) व्युत्पन्न मांग (b) औद्योगिक मांग

(c) कंपनी की मांग (d) प्रत्यक्ष या स्वायत्त मांग

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय, 2013**

**उत्तर—(a)**

उत्पादन के साधनों की मांग संयुक्त रूप से की जाती है अर्थात इनकी मांग संयुक्त मांग है। साधनों की मांग व्युत्पन्न या अप्रत्यक्ष मांग भी है जबकि वस्तुओं की मांग प्रत्यक्ष मांग होती है। उत्पादन के साधनों की मांग कभी भी स्वयं उनके लिए नहीं की जाती है जबकि उपभोक्ताओं द्वारा वस्तु बाजार में वस्तुओं की मांग आवश्यकताओं की प्रत्यक्ष संतुष्टि के लिए की जाती है।

**209. श्रम की मांग को क्या कहते हैं?**

(a) व्युत्पन्न मांग (b) फैक्टरी मांग

(c) बाज़ार मांग (d) प्रत्यक्ष मांग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**210. अनुप्रस्थ मांग कार्यात्मक संबंध को व्यक्त करती है—**

(a) संबंधित वस्तुओं की मांग और कीमतों के बीच

(b) मांग और आय के बीच

(c) मांग और कीमतों के बीच

(d) मांग और पूर्ति के बीच

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

'अनुप्रस्थ मांग' (Horizontal Demand) संबंधित वस्तुओं की मांग और कीमतों के बीच संबंध को व्यक्त करती है।

**211. किसी वस्तु के मांग वक्र के अनुसार, गतिशीलता किसमें आए परिवर्तन के कारण होती है?**

(a) उपभोक्ताओं की आय (b) उनके अपने मूल्य

(c) उपभोक्ताओं की रुचि (d) उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

किसी वस्तु के मांग वक्र के अनुसार, गतिशीलता उपभोक्ताओं की आय में आए परिवर्तन के कारण होती है।

**212. किसी निम्नस्तरीय वस्तु की मांग में वृद्धि, उपभोक्ता की आय में___________के साथ होती है।**

(a) वृद्धि (b) गिरावट

(c) स्थिर (d) दोगुना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

निम्न स्तरीय वस्तु की मांग में वृद्धि, उपभोक्ता की आय में गिरावट के साथ होती है।

**213. वे वस्तुएं जिनके मांग उपभोक्ता की आय की विपरीत दिशा में बढ़ती है क्या कहलाती हैं?**

(a) निम्नस्तरीय वस्तुएं (b) सामान्य वस्तुएं

(c) पूरक वस्तुएं (d) स्थानापन्न वस्तुएं

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

वे वस्तुएं जिनके लिए मांग उपभोक्ता की आय की विपरीत दिशा में बढ़ती है, निम्नस्तरीय वस्तुएं (Inferior Goods) कहलाती हैं। अर्थात आय बढ़ने पर निम्नस्तरीय वस्तुओं की मांग घटती एवं आय घटने पर इनकी मांग बढ़ती है। जबकि सामान्य (Normal) वस्तु की मांग आय बढ़ने पर बढ़ती एवं आय घटने पर घटती है।

**214. जब व्यक्ति को किसी वस्तु को छोड़ने के बजाए उसके लिए अधिक कीमत अदा करनी पड़ती है तो उसे क्या कहा जाता है?**

(a) कीमत (b) लाभ

(c) उत्पादक का अधिशेष (d) उपभोक्ता का अधिशेष

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

'उत्पादक का अधिशेष' से तात्पर्य है जब व्यक्ति को किसी वस्तु को छोड़ने के बजाए उसके लिए अधिक कीमत अदा करनी पड़ती है तो ऐसी स्थिति को उत्पादक का अधिशेष कहा जाता है तथा 'उपभोक्ता का अधिशेष' उस स्थिति को कहा जाता है जब उपभोक्ता किसी वस्तु को क्रय करने के लिए जो कीमत देने को तैयार रहता है तथा जो कीमत वह देता है उन दोनों के बीच का अंतर ही उपभोक्ता की बचत या अधिशेष कहा जाता है।

**215. निम्नलिखित कारकों में से कौन-सा कारक किसी उत्पाद के लिए मांग के वक्र को दाहिनी ओर स्थानांतरित नहीं करता?**

(a) सफलतापूर्वक विज्ञापन करना

(b) इसके पूरकों की कीमत में गिरावट

(c) इसके स्थानापन्नों की कीमत में बढ़ोत्तरी

(d) स्वयं उत्पाद की कीमत में गिरावट

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

दिए गए विकल्पों में, केवल उत्पाद की कीमत में गिरावट ही मांग वक्र को दाहिनी ओर स्थानांतरित नहीं करेगा जबकि शेष सभी कारक से मांग वक्र दाहिनी ओर स्थानांतरित होता है।

**216. निम्नलिखित में से कौन-सा एक्सिम बैंक ऑफ इंडिया का एक कार्य नहीं है?**

(a) विदेशों में संयुक्त उद्यमों का वित्तीयन

(b) विदेश में संयुक्त उद्यमों को शेयर पूंजी में योगदान करने के लिए भारतीय दलों (पार्टियों) को ऋण

(c) वस्तुओं और सेवाओं के आयात और निर्यात का वित्तीयन

(d) गुणवत्ता आश्वासन के लिए निर्यातित वस्तुओं का निरीक्षण

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्सिम बैंक) गुणवत्ता आश्वासन के लिए निर्यातित वस्तुओं के निरीक्षण का कार्य नहीं करता है। इस बैंक की स्थापना फरवरी, 1981 में हुई। वर्ष 1982 से इसने कार्य करना प्रारंभ कर दिया।

**217. एचडीआर (HDR) में मानव निर्धनता सूचकांक वर्ष ______ में शुरू किया गया था।**

(a) 1997 (b) 1990

(c) 1995 (d) 2001

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 14 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

मानव विकास रिपोर्ट (HDR) में 'मानव निर्धनता सूचकांक' (HPI) को वर्ष 1997 में शुरू किया गया था। वर्ष 2010 से 'मानव निर्धनता सूचकांक' की जगह 'बहुआयामी निर्धनता सूचकांक' (Multidimensional Poverty Index-MPI) को प्रस्तुत किया जा रहा है।

**218. उत्पादन फलन अभिव्यक्त करता है-**

(a) भौतिक निवेश और उत्पादन के बीच प्रौद्योगिक संबंध

(b) भौतिक निवेश और उत्पादन के बीच वित्तीय संबंध

(c) वित्त और प्रौद्योगिकी के बीच संबंध

(d) उत्पादन के कारकों के बीच संबंध

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

उत्पादन फलन (Production function) भौतिक निवेश और उत्पादन के बीच प्रौद्योगिकी संबंध को अभिव्यक्त करता है। बीजगणितीय ढंग से उत्पादन फलन को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है– Q = f (a, b, c ………… n) जहां Q उत्पादन की मात्रा और n पदों तक निवेश की मात्रा क्रमशः a, b, c तथा अन्य हैं।

**219. उत्पादन फलन संबंध स्थापित करता है–**

(a) लागत का उत्पादन के साथ

(b) लागत का निवेश के साथ

(c) निवेश का उत्पादन के साथ

(d) मजदूरी स्तर का लाभ के साथ

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**220. उत्पादन फलन वर्णन करता है–**

(a) आर्थिक संबंध का (b) सामाजिक संबंध का

(c) प्रौद्योगिक संबंध का (d) लागत संबंध का

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें

**221. एक फर्म का.......उपयोग में लाए गए आगतों तथा फर्म द्वारा उत्पादित निर्गतों के मध्य का संबंध है।**

(a) सीमांत उत्पाद (b) उत्पादन फलन

(c) कुल उत्पाद (d) औसत उत्पाद

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

उत्पादन फलन उपयोग में लाए गए आगतों तथा फर्म द्वारा उत्पादित निर्गतों के मध्य का संबंध है। यह संबंध फलनिक होता है अर्थात बताता है कि किसी विशेष समय में निविष्टियों की मात्राओं में परिवर्तन उत्पादन की मात्रा को कैसे प्रभावित या निर्धारित करता है अर्थात प्रौद्योगिकी की प्रदत्त अवस्था में भूमि, श्रम, पूंजी, उद्यमवृत्ति आदि निविष्टियों में परिवर्तन से उत्पाद में कैसे और कितना परिवर्तन होता है।

**222. उत्पादन फलन संबंध दिखाता है-**

(a) आरंभिक निवेश और अंतिम उत्पादन के बीच

(b) निवेश और अंतिम उपभोग के बीच

(c) उत्पादन और उपभोग के बीच

(d) उत्पादन और निर्यात के बीच

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro Eoconomics) और समष्टि अर्थशास्त्र (Macro Economics) में उत्पादन फलन (Production Function), किसी फर्म, उद्योग या समूची अर्थव्यवस्था के उत्पादन तथा निवेश के बीच संबंध दिखाता है।

**223. ...........कहता है कि अगर हम किसी आगत के प्रयोग में वृद्धि करते हैं, जब अन्य आगत स्थिर हों, तो एक समय के बाद ऐसी स्थिति आएगी कि प्राप्त होने वाला अतिरिक्त आगत (जैसे आगत का सीमांत उत्पाद) में गिरावट आने लगेगी।**

(a) ह्रासमान सीमांत उत्पाद नियम
(b) परिवर्ती अनुपात नियम
(c) अल्पकाल
(d) दीर्घकाल

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**
**उत्तर–(a)**


ह्रासमान सीमांत उत्पाद नियम कहता है कि अगर हम किसी आगत के प्रयोग में वृद्धि करते हैं, जब अन्य आगत स्थिर हों, तो एक समय के बाद ऐसी स्थिति आएगी कि प्राप्त होने वाले अतिरिक्त आगत (जैसे आगत का सीमांत उत्पाद) में गिरावट आने लगेगी।

**224. कोई पूर्ति फलन, किसके बीच के संबंध को व्यक्त करता है?**

(a) कीमत तथा उपभोग (b) कीमत तथा उत्पादन
(c) कीमत तथा विक्रय मूल्य (d) कीमत तथा मांग

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**
**उत्तर—(b)**

'पूर्ति फलन' किसी वस्तु की पूर्ति तथा उसके विभिन्न निर्धारक तत्वों के संबंध को प्रकट करता है। किसी वस्तु की पूर्ति मुख्य रूप से फर्म की उद्देश्य वस्तु की कीमत, आगतों की कीमत, तकनीक, संबंधित वस्तुओं की कीमत, फर्मों की संख्या, उत्पादकों की संभावनाओं तथा सरकारी नीतियों पर निर्भर करती है। दूसरे शब्दों में, पूर्ति कई तत्त्वों का फलन है जिसे निम्न समीकरण के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।




**225. नवंबर, 2010 के शुरू में यू.एस. राष्ट्रपति बराक ओबामा की भारत यात्रा के दौरान भारतीय तथा यू.एस. कंपनियों के बीच अनेक व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनकी राशि थी-**

(a) $ 8 बिलियन (b) $ 10 बिलियन
(c) $ 12 बिलियन (d) $ 15 बिलियन

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**
**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**
**उत्तर—(b)**

नवंबर, 2010 में मुंबई में यू.एस.राष्ट्रपति ओबामा के प्रवास के पहले ही दिन दोनों देशों की कंपनियों के बीच 20 ऐसे समझौते संपन्न हुए जिनसे अमेरिका में रोजगार के लगभग 50 हजार नए अवसर सृजित हो सकेंगे। इन समझौतों के जरिए भारतीय कंपनियां लगभग 10 अरब डॉलर ($ 10 बिलियन डॉलर) मूल्य के विभिन्न सामान अमेरिकी कंपनियों से खरीदेंगी।

**226. लघु उद्योगों के लिए उच्चतम वित्त निकाय कौन-सा है?**

(a) IDBI (b) SIDBI
(c) IFCI (d) NABARD

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**
**उत्तर—(b)**

लघु उद्योगों के लिए उच्चतम वित्त निकाय SIDBI है। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (Small Industries Development Bank of India) की स्थापना अप्रैल, 1990 में की गई थी। यह बैंक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) के पूर्ण स्वामित्व में एक सहायक बैंक के रूप स्थापित किया गया है। यह बैंक (सिडबी) छोटे पैमाने के उद्योगों की स्थापना, वित्त पोषण, विकास तथा ऐसे कार्यों में समन्वय करने वाली प्रमुख वित्तीय संस्था है।

**227. एस.आई.डी.बी.आई. इसका द्योतक है—**

(a) स्माल इन्नोवेशन डेवलपमेंट बैंकर्स इंस्टीट्यूशन
(b) स्माल इंडस्ट्रीज डिजाईन्ड बैंक ऑफ इंडिया
(c) स्माल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया
(d) स्माल इंड्रस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंकर इंस्टीट्यूट

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**
**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**228. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना कब की गई थी?**

(a) जुलाई, 1964 (b) जुलाई, 1966
(c) जुलाई, 1962 (d) जुलाई, 1968

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**
**उत्तर—(a)**

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना 1 जुलाई, 1964 को की गई थी। यह अन्य विकास बैंकों की तरह उद्योगों को दीर्घकालीन ऋण तथा अन्य विकासात्मक सेवाएं प्रदान करता है। शीर्ष बैंक के रूप में यह अन्य विकास बैंकों को पुनर्वित्तीयन भी करता है।

**229. भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है?**

(a) RBI (b) UTI

(c) ICICI (d) SEBI

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

भारतीय स्टॉक या शेयर बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण SEBI के द्वारा किया जाता है।

**230. भारत में शेयर बाजार की कार्यप्रणाली का विनियमन निम्नलिखित में से कौन करता है?**

(a) सेबी (b) एम.आर.टी.पी. अधिनियम

(c) फेरा (d) बी.आई.एफ.आर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**231. निम्नलिखित में से कौन भारत की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों का नियामक है?**

(a) आर.बी.आई. (b) एस.बी.आई.

(c) एस.आई.डी.बी.आई. (d) सेबी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

SEBI भारत की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों का नियामक है। 'भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड' (SEBI) भारत में प्रतिभूति और वित्त का नियामक बोर्ड है, जिसकी स्थापना 12 अप्रैल, 1988 को हुई। भारतीय संसद द्वारा पारित सेबी अधिनियम, 1992 के तहत इसे वैधानिक अधिकार दिया गया।

**232. रिक्त स्थान भरिए-**

**भारत ने समाज का समाजवादी रूप लाने के लिए ——को अपनी आर्थिक प्रणाली के रूप में अपनाया है-**

(a) समाजवाद

(b) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(c) पूंजीवाद

(d) राजनीतिक अर्थव्यवस्था

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारत ने समाज का समाजवादी रूप लाने के लिए 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' को अपनी आर्थिक प्रणाली के रूप में अपनाया है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में कुछ लक्षण समाजवादी (सार्वजनिक) अर्थव्यवस्था के होते हैं तो कुछ लक्षण पूंजीवादी (निजी) अर्थव्यवस्था के, यह दोनों का मिला-जुला स्वरूप है।

**233. भारत को मिश्रित अर्थव्यवस्था किसके अस्तित्व के कारण कहा जाता है?**

**1. सार्वजनिक क्षेत्र 2. निजी क्षेत्र**

**3. संयुक्त क्षेत्र 4. सहकारी क्षेत्र**

(a) 1,4 (b) 1,2

(c) 3,4 (d) 2,4

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**234. भारतीय अर्थव्यवस्था के स्वरूप के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक विकल्प सही है?**

(a) मिश्रित अर्थव्यवस्था (b) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(c) साम्यवादी अर्थव्यवस्था (d) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रित अर्थव्यवस्था का उदाहरण है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में सरकारी तथा निजी दोनों ही क्षेत्रों का सह-अस्तित्व होता है।

**235. समाजवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन के सभी कारक किसके स्वामित्व और नियंत्रण में रहते हैं?**

(a) जनता के (b) उत्पादकों के

(c) राज्य के (d) श्रमिक संघों के

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

समाजवादी अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था है जिसमें उत्पादन के साधनों/कारकों पर सरकार का नियंत्रण होता है। संपत्ति का निजी स्वामित्व नहीं होता है। सरकार ही सारी आर्थिक क्रियाओं को नियंत्रित करती है।

**236. समाजवाद क्या प्राप्त करने में सफल रहता है?**

(a) समाज में उच्च वैयक्तिक कल्याण

(b) समाज में अधिकतम सामाजिक कल्याण

(c) लोगों के जीवन का उच्च स्तर

(d) समाज में आय का समान वितरण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

समाजवाद समाज में अधिकतम सामाजिक कल्याण प्राप्त करने में सफल रहता है।

**237. आर्थिक आयोजना एक अनिवार्य अभिलक्षण है-**

(a) मिश्रित अर्थव्यवस्था का

(b) द्विविध अर्थव्यवस्था का

(c) समाजवादी अर्थव्यवस्था का

(d) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था का

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

आर्थिक आयोजना समाजवादी अर्थव्यवस्था का एक अनिवार्य लक्षण है।

**238. भारत में कृषि आय की गणना की जाती है-**

(a) उत्पादन विधि से (b) आय विधि से

(c) व्यय विधि से (d) पण्य प्रवाह विधि से

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

भारतीय अर्थव्यवस्था के अंतर्गत कृषि, वन, खानें, चरागाह, मत्स्यन आदि की गणना उत्पादन विधि से तथा उद्योग, व्यापार, परिवहन, सार्वजनिक सेवाएं व प्रशासन, कला, घरेलू सेवाओं आदि की गणना आय-विधि से की जाती है। व्यय विधि अर्थव्यवस्था के उपभोग तथा विनियोग व्यय के प्रवाह को प्रदर्शित करता है।

**239. निम्न में से कौन-सा अल्पाधिकारी उद्योगों का एक लक्षण है?**

(a) उत्पाद विभेदन (b) सजातीय वस्तुएं

(c) कीमत दृढ़ता (d) कीमत विभेद

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

अल्पाधिकारी उद्योग बाजार की वह स्थिति होती है जिसमें समरूप या विभेदीकृत अथवा निकट स्थानापन्न वस्तुओं का उत्पादन करने वाली बहुत थोड़ी-सी प्रतियोगी फर्में होती हैं। उदाहरण लोहा, इस्पात, सीमेंट, मोटर उद्योग आदि अल्पाधिकार के उदाहरण हैं। कीमत दृढ़ता अल्पाधिकारी उद्योगों का एक विशेष लक्षण है।

**240. दबाव समूहों के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है?**

(a) दबाव समूहों का लक्ष्य सरकार पर कब्जा करना होता है

(b) दबाव समूहों का लक्ष्य सरकारी नीतियों को प्रभावित करना होता है

(c) दबाव समूह अपने समूह के हित को उजागर करते हैं

(d) दबाव समूह का अभिलक्षण हितों की समरूपता है

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

दबाव समूह का लक्ष्य सरकार पर कब्जा करना नहीं होता है, जबकि विकल्प (b), (c), तथा (d) में वर्णित समस्त तथ्य दबाव समूह के ही लक्षण हैं।

**241. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) के नियमों के अनुसार हर सदस्य को अपनी वैध मुद्रा का सममूल्य घोषित करना होता है, अमेरिकी डॉलर के रूप में और-**

(a) सिल्वर के रूप में (b) स्वर्ण के रूप में

(c) पाउंड, स्टर्लिंग के रूप में (d) हीरे के रूप में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के नियमों के अनुसार, हर सदस्य को अपनी वैध मुद्रा का सममूल्य अमेरिकी डॉलर, यूरो, पाउंड, स्टर्लिंग तथा जापानी येन के रूप में घोषित करना होता है। चूंकि प्रश्न में, विकल्प के रूप में पाउंड, स्टर्लिंग ही उपरोक्त समूह में शामिल हैं। अतः उपयुक्त विकल्प (c) है।

**242. आई.एम.एफ. ने वर्ष 2011-12 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्या बताई है?**

(a) 9.5% (b) 9%

(c) 8.2% (d) 8.6%

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

अप्रैल, 2011 में आई.एम.एफ. ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.2% बताई थी। IMF द्वारा वर्ष 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 5.6% प्रक्षेपित की गई तथा वर्ष 2015 के लिए प्रक्षेपित की गई वर्ष 2013 के लिए वृद्धि दर 5.0% आकलित की गई। जनवरी, 2019 के IMF की रिपोर्ट WEO के अनुसार, वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 के लिए भारत की संवृद्धि दर क्रमशः 7.3 एवं 7.5 तथा 7.7 प्रतिशत अनुमानित है।

**243. IMF की पूंजी किसके योगदान से बनती है?**

(a) ऋण (b) घाटे की वित्त व्यवस्था

(c) सदस्य राष्ट्र (d) उधार

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एक अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक संगठन है। ब्रेटनवुड सम्मेलन के दौरान 27 दिसंबर, 1945 को इसकी स्थापना वाशिंगटन में हुई थी। किंतु इसने वास्तविक रूप से 1 मार्च, 1947 से कार्य प्रारंभ किया था। इसकी पूंजी सदस्य देशों के योगदान से बनती है। प्रत्येक सदस्य देश को प्रवेश के समय कोटे की 25% राशि स्वर्ण या डॉलर के रूप में जमा करनी होती है।

**244. यदि आय के उच्च स्तर पर कर की दर बढ़ जाए तो इसे कहा जाएगा-**

(a) समानुपातिक कर

(b) आरोही कर

(c) एकमुश्त कर

(d) अवरोही कर

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

यदि आय के उच्च स्तर पर कर की दर बढ़ जाए तो इसे आरोही कर कहा जाएगा। आय की वृद्धि के साथ-साथ कर की दर में वृद्धि होना प्रगतिशील या आरोही कर कहलाता है। टेलर का कथन है कि जैसे-जैसे करदाता की आय में वृद्धि होती है, वैसे ही कर की प्रभावपूर्ण दर में वृद्धि हो जाती है।

**245. केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था के अंतर्गत.........उस अर्थव्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण क्रिया-कलापों की योजना बनाती है।**

(a) उद्योगपति (b) नागरिक

(c) सरकार (d) न्यायपालिका

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

आर्थिक नियोजन का मुख्य उद्देश्य समन्वित विकास के लिए प्राथमिकताओं का निर्धारण करना तथा इन प्राथमिकताओं के आधार पर राष्ट्रीय संसाधनों का आवंटन करना है, ताकि विकास के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो। केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था के अंतर्गत सरकार अर्थव्यवस्था के सभी महत्वपूर्ण क्रिया-कलापों की योजना बनाती है।

**246. निम्न में से कौन-सा भारत में संयुक्त क्षेत्र उद्यम का उदाहरण है?**

(a) मारुति उद्योग लिमिटेड

(b) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन

(c) हिंदुस्तान एन्टीबॉयटिक्स लि.

(d) भारत एल्युमीनियम लि.

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

भारत एल्युमीनियम कंपनी लि. का निगमीकरण वर्ष 1965 में एक PSU के रूप में हुआ था। वर्ष 2001 में भारत सरकार ने इसकी 51 फीसदी हिस्सेदारी स्टरलाइट इंडस्ट्रीज को बेच दी।

| कंपनी | स्वामित्व |
|---|---|
| मारुति उद्योग लिमिटेड# (संयुक्त क्षेत्र उद्यम) | सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन |
| इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन | सार्वजनिक |
| हिंदुस्तान एन्टीबॉयटिक्स लि. | सार्वजनिक |
| भारत एल्युमीनियम लि. | वेदांत ग्रुप |

संयुक्त उद्यमों की संभावना और अवधि सीमित होती है।

# वर्तमान में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड

**247. ONGC, OIC, NTPC तथा SAIL के बाद जिस 'नवरत्न' PSU को 'महारत्न' का दर्जा दिया गया है, वह है -**

(a) HAL (b) GAIL

(c) Coal India Ltd. (d) BHEL

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

अप्रैल, 2011 में भारत सरकार द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड को 'महारत्न' का दर्जा प्रदान किया गया। 'महारत्न' सार्वजनिक उपक्रम (अक्टूबर, 2014 की स्थिति के अनुसार) इस प्रकार हैं— 1. कोल इंडिया लिमिटेड, 2. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन , 3. एन.टी.पी.सी., 4. ओ.एन.जी.सी., 5. सेल (SAIL), 6. GAIL* तथा 7. BHEL* । वर्ष 2017 में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के शामिल हो जाने से महारत्नों की संख्या 8 हो गई है।

*1 फरवरी, 2013 को महारत्न प्राप्तकर्ता।

**248. सार्वजनिक क्षेत्र का निम्नलिखित में से कौन-सा उद्यम 'नवरत्न' है?**

(a) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि.

(b) एम.एम.टी.सी.लि.

(c) नेशनल एल्युमीनियम कम्पनी लि.

(d) ऑयल इंडिया लि.

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नकाल में, SAIL (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि.) नवरत्न कंपनियों में शामिल थी। वर्तमान में (फरवरी, 2018 तक) SAIL, BHEL, CIL, GAIL, IOCL, NTPC, ONGC एवं BPCL महारत्न कंपनी हैं।

**249. निम्नलिखित में से कौन-से सार्वजनिक उपक्रमों को 'महारत्न' का दर्जा नहीं दिया गया है?**

(a) सेल (b) भेल

(c) ओ.एन.जी.सी. (d) कोल इंडिया लिमिटेड

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

विकल्प में दिए गए चारों सार्वजनिक उपक्रमों को वर्तमान में महारत्न का दर्जा प्राप्त है।

**250. हाल में भारतीय जहाजरानी निगम के 'सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उद्यमों' में शामिल हो जाने से उनकी संख्या हो गई है-**

(a) 15 (b) 16

(c) 17 (d) 18

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(*)**

भारत सरकार द्वारा अगस्त, 2008 में भारतीय जहाजरानी निगम (Shipping Corporation of India) को नवरत्न का दर्जा दिया गया था। SCI को नवरत्न दर्जा देने से उस समय नवरत्न उद्यमों की संख्या 18 तक हो गई थी जबकि वर्तमान (फरवरी, 2019 तक) में यह संख्या 16 है।

**251. भारत में कितनी सी.पी.एस.ई. (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) नवरत्न कंपनियां हैं?**

(a) 16 (b) 17

(c) 18 (d) 21

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

प्रश्नकाल में सी.पी.एस.ई. (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) नवरत्न कंपनियों की संख्या 17 थी। परंतु सितंबर, 2017 में B.P.C.L. को आठवीं महारत्न कंपनी के रूप में शामिल कर लेने से वर्तमान (फरवरी, 2019) में नवरत्न कंपनियों की संख्या 16 हो गई है।

**252. सार्वजनिक क्षेत्र के निम्नलिखित उपक्रमों में से कौन-सा 'नवरत्न' नहीं है?**

(a) SBI (b) HPCL

(c) NTPC (d) BHEL

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

एस.बी.आई. नवरत्न नहीं है जबकि एचपीसीएल नवरत्न कंपनी है। वर्तमान में NTPC और BHEL को महारत्न की श्रेणी में रखा गया है।

**253. सार्वजनिक क्षेत्र के निम्नलिखित उपक्रमों में से कौन-सा 'नवरत्न' नहीं है?**

(a) ONGC (b) BPCL

(c) BHEL (d) MTNL

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(*)**

प्रश्नकाल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में BHEL और ONGC 'महारत्न' कंपनी थी, जबकि BPCL तथा MTNL 'नवरत्न' कंपनियां थी, वर्तमान में BPCL को महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त है। महारत्न कंपनियां अपनी नेटवर्थ के 15 प्रतिशत (अधिकतम 5,000 करोड़ रुपये) तक के निवेश प्रस्तावों पर स्वयं ही निर्णय ले सकती हैं जबकि नवरत्न कंपनियों को अधिकतम 1000 करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों पर ही स्वयं निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है। प्रश्न काल पूर्व (1997) में उपरोक्त चारों कंपनियां 'नवरत्न दर्जा प्राप्त कर चुकी थीं।

**254. जी.डी.पी. - अप्रत्यक्ष कर + अनुदान = ______**

(a) उत्पादन लागत पर एन.एन.पी.

(b) उत्पादन लागत पर जी.डी.पी.

(c) जी.एन.पी.

(d) व्यक्तिगत आय

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

बाजार कीमतों पर जी.डी.पी. - अप्रत्यक्ष कर + अनुदान = उपादान लागत (Factor Cost) पर जी.डी.पी.।

**255. भारतीय अर्थव्यवस्था में, क्षेत्रों को सार्वजनिक तथा निजी में किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है?**

(a) उपक्रमों पर स्वामित्व

(b) कच्चे माल का प्रयोग

(c) आर्थिक गतिविधियों की प्रकृति

(d) रोजगार नीतियां

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

भारतीय अर्थव्यवस्था में क्षेत्रों को सार्वजनिक तथा निजी 'उपक्रमों पर स्वामित्व' के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है जिसमें सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों का सह-अस्तित्व है।

**256. श्रेणी - II में कितनी मिनीरत्न कंपनियां हैं?**

(a) 17 (b) 15

(c) 13 (d) 16

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

वर्तमान (फरवरी, 2019) में श्रेणी-II मिनीरत्न कंपनियों की संख्या 15 है। जबकि श्रेणी-I के तहत 60 कंपनियां हैं। महारत्न एवं नवरत्न कंपनियों की संख्या क्रमशः 8 एवं 16 हैं।

**257. विगत में सेवाक्षेत्र के अंशदान से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(a) वर्ष 2000-01 में (जीडीपी - 65.54%)

(b) वर्ष 1980-81 में (जीडीपी - 50.00%)

(c) वर्ष 1950-51 में (जीडीपी - 34.63%)

(d) वर्ष 2011-12 में (जीडीपी - 57.00%)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

सेवाक्षेत्र का जीडीपी में अंशदान दिए गए वर्षों में निम्नानुसार था-

| | | |
|---|---|---|
| 2000–01 | – | 50.4 % |
| 1980–81 | – | 38.0 % |
| 1950–51 | – | 30.3 % |
| 2011–12 | – | 56.5 % |
| 2013–14 | – | 57.0 % |

दिए गए विकल्पों में निकटतम विकल्प (d) होगा। आर्थिक समीक्षा 2017-18 के अनुसार सेवा क्षेत्र का अंशदान जीडीपी के बजाए जीवीए के हिस्से के रूप में है- 55.2. प्रतिशत (2011-12 शृंखला)।

**258. भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन पहली बार किसने किया था?**

(a) वी.के.आर.वी. राव ने (b) दादाभाई नौरोजी ने

(c) आर.सी. दत्त ने (d) डी.आर. गाड्गिल ने

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के लिए विशेष प्रयत्न नहीं किए गए थे। भारत में सबसे पहले वर्ष 1868 में दादाभाई नौरोजी ने राष्ट्रीय आय के अनुमान लगाए थे। उन्होंने अपनी पुस्तक 'Poverty and Unbritish Rule in India' में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 20 रुपये बताई थी, जबकि इसका पहला साइंटिफिक कैलकुलेशन (वैज्ञानिक गणना) डॉ. वी.के.आर. वी. राव ने किया था।

**259. भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान सर्वप्रथम किसने लगाया?**

(a) प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस

(b) डॉ. वी.के. आर. वी. राव

(c) दादाभाई नौरोजी

(d) एम.जी. रानाडे

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**260. देश के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अनुमान किसने तैयार किया था?**

(a) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO)

(b) राष्ट्रीय आय समिति

(c) दादाभाई नौरोजी

(d) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (NSSO)

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**261. किसने ग्रामीण निर्धनता उन्मूलन के लिए PURA मॉडल अपनाने का समर्थन किया था?**

(a) अभिजित सेन

(b) ए.एम. खुसरो

(c) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद

(d) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

PURA का पूर्ण रूप है- 'Providing Urban Amenities to Rural Areas' (ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना)। 'पूरा' के विज़न को वर्ष 2003 के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम ने उद्घाटित/संबोधित किया।

**262. पी.यू.आर.ए. (पुरा) स्कीम की वकालत पहली बार किसने की थी जिसमें भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं की व्यवस्था पर बल दिया गया है?**

(a) डॉ. एम.एस. स्वामिनाथन

(b) डॉ. अरविंद सुब्रमण्यम

(c) श्री ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(d) प्रो. दिनशॉ मिस्त्री

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**263. भारतीय आर्थिक समीक्षा ....... प्रकाशित करता है।**

(a) भारत सरकार (b) वित्त मंत्रालय

(c) नीति आयोग (d) भारत के प्रधानमंत्री

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

भारतीय आर्थिक समीक्षा (Economic Survey) वित्त मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित किया जाता है। यह बजटावधि से पूर्व वर्ष के आंकड़ों के अनुमानों को समाविष्ट करता है।

**264. डॉ.पी. रामाराव समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(a) रक्षा (b) उद्योग

(c) कृषि (d) कर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

डॉ.पी. रामाराव समिति का संबंध रक्षा क्षेत्र से है।

**265. भारत में योजना आयोग का गठन किस वर्ष में किया गया था?**

(a) 1947 (b) 1950

(c) 1949 (d) 1952

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

भारत में स्वतंत्रता के पश्चात राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करने के लिए केंद्रीय शासन ने 15 मार्च, 1950 को योजना आयोग की स्थापना की। योजना आयोग की स्थापना के समय 6 सदस्य थे। 1 जनवरी, 2015 से योजना आयोग की जगह नीति आयोग ने ले ली है।

**266. देश में कौन से तीन वर्षों की अवधि को 'योजना अवकाश' के रूप में मनाया गया था?**

(a) 1965-68 (b) 1966-69

(c) 1968-71 (d) 1969-72

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध से पैदा हुई स्थिति, दो साल लगातार भीषण सूखा पड़ने, मुद्रा का अवमूल्यन होने, कीमतों में हुई वृद्धि तथा योजना उद्देश्यों के लिए संसाधनों में कमी और तृतीय पंचवर्षीय योजना की असफलता के कारण 'चौथी योजना' को अंतिम रूप देने में देरी हुई। इसलिए इसके स्थान पर चौथी योजना के प्रारूप को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1966 से 1969 तक तीन वार्षिक योजनाएं बनायी गई। इस अवधि को 'योजना अवकाश' (Plan Holiday) कहा गया है। वर्तमान में योजना आयोग का स्थान नीति आयोग ने ले लिया है और पंचवर्षीय योजनाओं के स्थान पर एक तील साल की कार्ययोजना ने स्थान ले लिया है, जो कि 7 वर्षीय स्ट्रेटजी पेपर और 15 वर्षीय विज़न डॉक्युमेंट का हिस्सा होगा।

**267. योजना अवकाश किसके बाद घोषित किया गया?**

(a) प्रथम पंचवर्षीय योजना (b) द्वितीय पंचवर्षीय योजना

(c) तृतीय पंचवर्षीय योजना (d) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**268. वार्षिक योजनाओं की समय अवधि _______ थी।**

(a) 1990-1992 (b) 1987-1990

(c) 1992-1994 (d) कोई विकल्प सही नहीं है

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

भारत में अब तक कुल 12 पंचवर्षीय योजनाएं संचालित की गई हैं। जिनका कार्यकाल वर्ष 1951-56 (पहली पंचवर्षीय योजना) से प्रारंभ होकर वर्ष 2012-17 (12वीं पंचवर्षीय योजना) तक रहा। इन वर्षों में बीच-बीच में तीन वार्षिक योजनाएं भी चलाई गईं, जिनके कार्यकाल का क्रम निम्न है- वर्ष 1966-1969, 1979-1980 तथा वर्ष 1990-1992। इस प्रकार स्पष्ट है कि दिए गए विकल्पों में वर्ष 1990-1992 वार्षिक योजनाओं की समयावधि है।

**269. निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) पहली पंचवर्षीय योजना–1951-56

(b) दूसरी पंचवर्षीय योजना–1956-61

(c) तीसरी पंचवर्षीय योजना–1961-66

(d) चौथी पंचवर्षीय योजना–1966-71

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि वर्ष 1969-1974 थी न कि 1966-1971। अतः विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर है।

**270. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सही नहीं है?**

(a) पांचवीं पंचवर्षीय योजना - 1961- 66

(b) आठवीं पंचवर्षीय योजना - 1992-97

(c) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना - 2007-12

(d) पहली पंचवर्षीय योजना - 1951-56

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

पांचवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि वर्ष 1974-79 तक थी। इस पंचवर्षीय योजना में लक्षित (Target) वृद्धि 4.4 प्रतिशत थी, जबकि हासिल हुई 4.8 प्रतिशत।

**271. गरीबी हटाने के लिए पहली बार किस योजना में जोर दिया गया था?**

(a) चौथी (b) पांचवीं

(c) छठीं (d) सातवीं

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-1979) में पहली बार गरीबी उन्मूलन (Poverty alleviation) पर जोर दिया गया था। इसके साथ ही इस योजना में रोजगार तथा सामाजिक न्याय पर भी जोर दिया गया था। 'गरीबी हटाओ' नारा इसी योजना के दौरान दिया गया था।

**272. 'गरीबी हटाओ' नारा कौन-सी योजना में शामिल किया गया था?**

(a) प्रथम योजना
(b) दूसरी योजना
(c) पांचवीं योजना
(d) चौथी योजना

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**273. 13वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है-**

(a) 2010-2015 (b) 2011-2016
(c) 2012-2017 (d) 2013-2018

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

देश की 11वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 1 अप्रैल, 2007 से 31 मार्च, 2012 तक थी। वर्तमान में 12वीं पंचवर्षीय योजना चल रही है जिसकी अवधि 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2017 तक है। अतः स्पष्ट है कि उपर्युक्त दिए गए प्रश्न में 13वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि पूछी गई है जिसका अभी निर्धारण नहीं किया गया है।

**274. बारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि क्या है?**

(a) 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2016
(b) 1 जनवरी, 2012 से 31 दिसंबर, 2017
(c) 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2017
(d) 1 जनवरी, 2011 से 31 दिसंबर, 2016

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**275. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि के लिए निम्न में से कौन सा सही है?**

(a) 01.01.2005 से 31.12.2010
(b) 01.04.2005 से 31.03.2010
(c) 01.01.2006 से 31.12.2011
(d) 01.04.2006 से 31.03.2011

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**
**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(*)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**276. किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'तीव्र, अधिक समावेशी तथा धारणीय विकास' था?**

(a) दसवीं (b) बारहवीं
(c) सातवीं (d) ग्यारहवीं

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

बारहवीं पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य 'तीव्र, अधिक समावेशी तथा धारणीय विकास' था। बारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 2012-17 थी।

**277. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना के समय 'कार्य के लिए खाद्य योजना' आरंभ की गई थी?**

(a) पांचवीं (b) दसवीं
(c) सातवीं (d) नौवीं

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

दसवीं पंचवर्षीय योजना के समय 'कार्य के लिए खाद्य योजना' आरंभ की गई थी। इस योजना की अवधि वर्ष 2002 से 2007 थी। इस योजना की लक्षित वृद्धि 8 प्रतिशत, जबकि वास्तविक वृद्धि 7.6 प्रतिशत थी।

**278. किस पंचवर्षीय योजना ने मानव विकास को सभी विकासों के प्रयास का मूल बताया था?**

(a) पहली पंचवर्षीय योजना (b) दूसरी पंचवर्षीय योजना
(c) आठवीं पंचवर्षीय योजना (d) नौवीं पंचवर्षीय योजना

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

आठवीं पंचवर्षीय योजना ने मानव विकास को सभी विकासों के प्रयास का मूल बताया था। आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि वर्ष 1992-97 थी। इस पंचवर्षीय योजना की लक्षित वृद्धि 5.6 प्रतिशत थी तथा वास्तविक वृद्धि 6.8 प्रतिशत रही।

**279. भारत में पंचवर्षीय योजना के प्रारूप का अनुमोदन किया जाता है-**

(a) राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा
(b) योजना आयोग द्वारा
(c) राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा
(d) वित्त मंत्रालय द्वारा

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के प्रारूप का अनुमोदन राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में पंचवर्षीय योजना से संबंधित संस्था 'योजना आयोग' के स्थान पर 'नीति आयोग' का गठन किया गया है।

**280. भारत सरकार की प्रथम पंचवर्षीय योजना किस पर आधारित थी?**

(a) लियोनटीफ का इनपुट - आउटपुट (निवेश/बहिर्वेश) मॉडल
(b) हैरॉल्ड-डोमर मॉडल
(c) महालनोबिस का दो (टू)-सेक्टर मॉडल
(d) महालनोबिस का चार (फोर)-सेक्टर मॉडल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

भारत सरकार की प्रथम पंचवर्षीय योजना हैरॉल्ड-डोमर मॉडल पर आधारित थी जबकि द्वितीय पंचवर्षीय योजना महालनोबिस के 'टू एंड फोर सेक्टर मॉडल' पर आधारित थी।

**281. पहली पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

(a) आत्मनिर्भर (b) औद्योगिक विकास
(c) आर्थिक विकास (d) कृषि विकास

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

पहली पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि विकास था। इसकी अवधि वर्ष 1951-56 थी, जबकि लक्षित एवं वास्तविक वृद्धि क्रमश: 2.1 एवं 3.6 प्रतिशत रही। यह हैरोड डोमर मॉडल पर आधारित थी।

**282. कौन-सी पंचवर्षीय योजना केवल चार वर्ष की थी?**

(a) तीसरी (b) चौथी
(c) पांचवीं (d) सातवीं

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-79) का कार्यकाल वर्ष 1974 से 1978 तक रहा। मार्च, 1978 में जनता पार्टी की सरकार ने चार वर्षों के पश्चात ही 'पांचवीं योजना' को समाप्त कर दिया था।

**283. समय-सीमा से एक वर्ष पहले किस पंचवर्षीय योजना को समाप्त कर दिया गया था?**

(a) तीसरी योजना (b) प्रथम योजना
(c) छठीं योजना (d) पांचवीं योजना

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 14 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**284. महालनोबिस मॉडल का संबंध किस पंचवर्षीय योजना के साथ जोड़ा गया है?**

(a) पहली पंचवर्षीय योजना
(b) दूसरी पंचवर्षीय योजना
(c) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(d) चौथी पंचवर्षीय योजना

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

दूसरी पंचवर्षीय योजना (1 अप्रैल, 1956-31 मार्च, 1961) प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस द्वारा प्रतिपादित विकास युक्ति पर निर्भर थी। इस योजना में भारी एवं आधारभूत उद्योगों पर विशेष बल के साथ तीव्र औद्योगीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। भारत में शुरू से ही भारी उद्योगों और परिवहन एवं ऊर्जा के विकास के बीच संतुलन रखना आवश्यक समझा गया।

**285. द्वितीय पंचवर्षीय योजना आधारित थी-**

(a) महालनोबिस मॉडल पर
(b) वकील और ब्रह्मानंद के वेज गुड मॉडल पर
(c) हैराल्ड-डोमर ग्रोथ मॉडल पर
(d) सोलो ग्रोथ मॉडल पर

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**286. दूसरी योजना ने किसको प्राथमिकता दी थी?**

(a) कृषि (b) सेवाएं
(c) भारी उद्योग (d) विदेशी व्यापार

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**287. किस पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योग को प्राथमिकता दी गई थी?**

(a) दूसरी (b) पहली
(b) सातवीं (d) चौथी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**288. सामाजिक वानिकी स्कीम (योजना) इसके दौरान प्रारंभ की गई—**

(a) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (b) छठीं पंचवर्षीय योजना

(c) चौथी पंचवर्षीय योजना (d) आठवीं पंचवर्षीय योजना

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

सामाजिक वानिकी स्कीम (योजना) पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष 1976 में राष्ट्रीय कृषि आयोग के पहल पर प्रारंभ की गई थी। सामाजिक वानिकी, समाज के लिए, समाज के द्वारा, समाज की भूमि पर वनीकरण की प्रक्रिया है।

**289. योजना आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?**

(a) भारत के राष्ट्रपति (b) वित्त मंत्री

(c) प्रधानमंत्री (d) योजना मंत्री

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

योजना आयोग का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है, परंतु वर्तमान में योजना आयोग, नीति आयोग में परिवर्तित हो गया है। नीति आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री हैं, जबकि उपाध्यक्ष राजीव कुमार हैं।

**290. योजना आयोग की जगह NITI आयोग बनाया गया है। NITI का पूर्ण विस्तार क्या है?**

(a) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीम इंडिया

(b) नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया

(c) न्यू इंडिया एंड टीम इंडिया

(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

योजना आयोग के स्थान पर 1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग का गठन किया गया था। नीति (NITI) आयोग का पूर्णरूप नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) है।

**291. नीति आयोग का निर्माण निम्नलिखित में से किस संस्था के स्थान पर किया गया है?**

(a) योजना आयोग

(b) आई.आर.डी.ए.

(c) दूरसंचार विभाग

(d) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

नीति आयोग का गठन योजना आयोग के स्थान पर किया गया है। 1 जनवरी, 2015 को एक नया मंत्रिमंडल प्रस्ताव लाकर नीति आयोग की स्थापना की गई। यह एक परामर्शदात्री एवं संविधानेत्तर संस्था है।

**292. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य 10वीं योजना के मूल उद्देश्यों में शामिल नहीं है?**

(a) निर्धनता अनुपात में कमी

(b) 2012 तक सभी गांवों के लिए पेयजल

(c) शिशु मृत्यु दर में कमी

(d) आयात में कमी

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

10वीं योजनावधि अर्थात् वर्ष 2007 तक सभी गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था।

**293. 'योजना' पत्रिका का प्रकाशन निम्नलिखित में किसके द्वारा होता है?**

(a) योजना आयोग

(b) राष्ट्रीय विकास परिषद

(c) विज्ञान और दृश्य प्रचार निदेशालय

(d) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

योजना अंग्रेजी एवं भारत के कई अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका है। इस पत्रिका का प्रकाशन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा होता है।

**294. भारत में आर्थिक सुधार नीतियां किस वर्ष में प्रारंभ की गई?**

(a) 1951 (b) 1971

(c) 1991 (d) 2001

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

वर्ष 1991 में भारत सरकार ने महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार प्रस्तुत किए, जो इस दृष्टि से वृहद प्रयास थे कि इनमें विदेश व्यापार, उदारीकरण, कर सुधार और विदेशी निवेश के प्रति आग्रह शामिल था। इन उपायों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद की।

**295. कौन-सा बैंक पहले 'इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया' कहलाया था?**

(a) आर.बी.आई. (b) एस.बी.आई.

(c) यू.बी.आई. (d) पी.एन.बी.

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

भारतीय स्टेट बैंक का जन्म 2 जून, 1806 को बैंक ऑफ कलकत्ता के रूप में हुआ था। वर्ष 1921 में इसे बैंक ऑफ मद्रास (1843) तथा बैंक ऑफ बंबई (1840) के साथ मिलाकर इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया नाम दिया गया।

**296. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पहले किस नाम से जाना जाता था?**

(a) कोआपरेटिव बैंक ऑफ इंडिया
(b) इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया
(c) सिंडिकेट बैंक
(d) कैनरा बैंक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**297. भारत में सभी राष्ट्रीयकृत व्यापारिक बैंकों में बचत लेखों पर ब्याज दर का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है?**

(a) भारत का वित्त मंत्री
(b) संघ वित्त आयोग
(c) भारतीय बैंक संघ
(d) भारतीय रिजर्व बैंक (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

भारत में सभी राष्ट्रीयकृत व्यापारिक बैंकों में बचत लेखों पर ब्याज दर का निर्धारण भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के द्वारा किया जाता है। RBI को 'बैंकों का बैंक' कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2011 से RBI ने बचत खाते पर दिए जाने वाले ब्याज से नियंत्रण दो शर्तों के साथ हटा लिया।

**298. भारत में राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या है-**

(a) 14 (b) 21
(c) 20 (d) 22

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(*)**

फरवरी, 2019 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या 19 है। प्रारंभ में 20 बैंक थे, लेकिन The New Bank of india का Punjab National Bank में विलय हो जाने से यह संख्या 19 हो गई है। प्रश्नकाल एवं वर्तमान में राष्ट्रीय कृत, बैंकों की संख्या 19 है। देना बैंक और विजया बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ोदा में किया गया है जो अप्रैल 2019 से प्रभावी होगा।

**299. मौद्रिक और उधार नीति निम्नलिखित में से किसके द्वारा घोषित की जाती है?**

(a) केंद्र में वित्त मंत्रालय (b) भारतीय रिज़र्व बैंक
(c) भारतीय स्टेट बैंक (d) भारत का योजना आयोग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

आर्थिक नीति की वह शाखा जो अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति के नियमन तथा समायोजन एवं ब्याज दर के स्तर में परिवर्तन के द्वारा मूल्य की स्थिरता, रोजगार तथा आर्थिक संवृद्धि तेज करने तथा विदेशी भुगतान में संतुलन स्थापित करने का प्रयास करती है, उसे 'मौद्रिक नीति' कहते हैं। मौद्रिक और उधार नीति भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित की जाती है।

**300. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में राजकोषीय नीति तैयार करता है?**

(a) योजना आयोग (b) वित्त आयोग
(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) वित्त मंत्रालय

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

भारत में राजकोषीय नीति तैयार करने की जिम्मेदारी सरकार (वित्त मंत्रालय) की है, जबकि मौद्रिक नीति बनाने का दायित्व केंद्रीय बैंक (आर.बी.आई.) निभाता है।

**301. भारत में केंद्रीय बैंक का कर्त्तव्य कौन-सा बैंक निभाता है?**

(a) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) उपर्युक्त a और b

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

भारतीय रिज़र्व बैंक (R.B.I.) भारत का केंद्रीय बैंक है। इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है। भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को अन्य प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंकों की रूपरेखा के आधार पर अंशधारियों (शेयर-होल्डर्स) के बैंक के रूप में हुई थी। 1 जनवरी, 1949 को इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। रिज़र्व बैंक को देश में करेंसी नोटों के निर्गमन का एकाधिकार प्राप्त है।

**302. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है?**

(a) एचएसबीसी बैंक (b) सिंडिकेट बैंक
(c) साउथ इंडियन बैंक (d) बैंक ऑफ पंजाब

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

सिंडिकेट बैंक एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जबकि बैंक ऑफ पंजाब निजी क्षेत्र का उपक्रम है। पंजाब नेशनल बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो विकल्प में नहीं है।

**303. भारतीय रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष हुआ था?**

(a) 1948 (b) 1945

(c) 1949 (d) 1947

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

भारतीय रिज़र्व बैंक भारत का केंद्रीय बैंक है जिसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को की गई। 1 जनवरी, 1949 को रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण हुआ।

**304. रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण इस वर्ष हुआ—**

(a) 1935 (b) 1951

(c) 1949 (d) 1947

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**305. भारत में चौदह प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण किस वर्ष में किया गया था?**

(a) 1967 (b) 1968

(c) 1969 (d) 1971

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

सामाजिक नियंत्रण के द्वारा सामाजिक लाभ के अधिकतमीकरण के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 19 जुलाई, 1969 को 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 15 अप्रैल, 1980 को पुनः 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

**306. मुद्रास्फीति आय तथा धन को किसके पक्ष में पुनः वितरित करती है?**

(a) पेंशनभोगी (b) निर्धन

(c) मध्य वर्ग (d) धनवान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

मुद्रास्फीति आय तथा धन को धनवान के पक्ष में पुनः वितरित करती है जिसके कारण आर्थिक असमानताएं उत्पन्न होती हैं।

**307. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति रहती है -**

(a) 0 से 1 के बीच (b) 0 से $\infty$ के बीच

(c) 1 से $\infty$ के बीच (d) $\infty$ से $\infty$ के बीच

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (Marginal Propensity to Consume : MPC) = उपभोग स्तर में परिवर्तन/आय में परिवर्तन

$$MPC = \Delta C/\Delta Y$$

चूंकि उपभोग व्यय में वृद्धि आय में वृद्धि से कम होती है इसलिए सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 1 से कम तथा शून्य से अधिक होती है।

**308. भारत किसको बिजली का निर्यात करता है?**

(a) बांग्लादेश (b) म्यांमार

(c) पाकिस्तान (d) भूटान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

भारत ने अक्टूबर, 2013 से बांग्लादेश को बिजली निर्यात प्रारंभ किया। यह समझौता तत्कालीन बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना और तत्कालीन भारतीय बिजली मंत्री (Power Minister) फारूक अब्दुल्ला के बीच हुआ।

**309. NABARD किसका संक्षिप्त रूप है?**

(a) नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चरल रीफाइनेंस एंड डेवलपमेंट

(b) नेशनल बोर्ड ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट

(c) नेशनल एकेडमी ऑफ बैंकिंग एंड एग्रीकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट

(d) नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

नाबार्ड, नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (National Bank for Agricultureand Rural Development) का संक्षिप्त रूप है। यह देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु वित्त उपलब्ध कराने वाली शीर्ष संस्था है। इसकी स्थापना 12 जुलाई, 1982 को की गई थी। इसका प्रमुख कार्य केवल ऐसी संस्थाओं एवं बैंकों को पुनर्वित्त प्रदान करना है जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास में संलग्न हैं। यह औद्योगिक वित्त संस्था नहीं है।

**310. एन.ए.बी.ए.आर.डी. (नाबार्ड) इसका द्योतक है—**

(a) नेशनल ब्यूरो फॉर एयर एंड रोड ट्रान्सपोर्ट

(b) नेशनल बैंक फॉर ऐरिओनॉटिक्स एंड रेडार डेवलपमेंट

(c) नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट

(d) नेशनल बिजनेस फॉर एकाउंटिंग एंड रिविविंग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**311. कौन-सा बैंक कृषि एवं ग्रामीण वित्त की आवश्यकताओं तक सीमित है?**

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) आईएफसी (d) नाबार्ड

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**312. 'नाबार्ड' का संबंध किसके विकास के साथ है?**

(a) कृषि क्षेत्र और ग्रामीण इलाके (b) भारी उद्योग
(c) बैंकिंग क्षेत्र (d) स्थावर संपदा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**313. आरआरबी का स्वामित्व किसके पास है?**

(a) केंद्र सरकार (b) राज्य सरकार
(c) प्रायोजित बैंक (d) उपर्युक्त सभी संयुक्त रूप से

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

ग्रामीण बैंकिंग पर गठित कार्यदल (1975) की संस्तुति पर सरकार ने 2 अक्टूबर, 1975 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में केंद्र सरकार, राज्य सरकार तथा प्रवर्तक बैंक 50:15:35 के अनुपात में पूंजी लगाती है।

**314. निम्नलिखित में से कौन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रायोजित करता है?**

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) विदेशी बैंक
(c) राष्ट्रीय वाणिज्यिक बैंक (d) सहकारी बैंक

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(c)**

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को राष्ट्रीय वाणिज्यिक बैंक प्रायोजित करता है। जबकि इस पर मालिकाना हक (Ownership) केंद्रीय बैंक (रिजर्व बैंक), राज्य सरकार एवं स्पॉन्सर बैंक (प्रायोजक बैंक) का होता है, जो इन तीनों को क्रमश: 50 प्रतिशत, 15 प्रतिशत एवं स्पॉन्सर बैंक 35 प्रतिशत की हिस्सेदारी के क्रम में होता है।

**315. निम्नलिखित में कौन-सा गांधीवादी अर्थव्यवस्था का मूल शब्द नहीं है?**

(a) आत्मनिर्भरता (b) विकेंद्रीकृत उत्पादन
(c) न्यायोचित वितरण (d) केंद्रीकृत उत्पादन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

महात्मा गांधी की आर्थिक विचारधारा से प्रेरित होकर श्रीमन्नारायण ने वर्ष 1944 में एक योजना निर्गत की जिसे 'गांधीवादी योजना' के नाम से जाना जाता है। गांधीवादी अर्थव्यवस्था के मूल उद्देश्य निम्नलिखित हैं- (1) विकेंद्रित अर्थव्यवस्था, (2) आत्मनिर्भरता तथा (3) न्यायोचित वितरण।

**316. आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए महात्मा गांधी ने किस सिद्धांत/उपाय का उपयोग किया था?**

(a) मशीनों का उन्मूलन
(b) ग्रामीण उद्योगों की स्थापना
(c) अहिंसा को अंगीकार करना
(d) न्यासिता का सिद्धांत

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए महात्मा गांधी ने 'न्यासिता के सिद्धांत' (Trusteeship Theory) का उपयोग किया था।

**317. निम्न में किस यूरोपीय संघ के देश की अपनी निजी मुद्रा है और उसने यूरो को नहीं अपनाया है?**

(a) फ्रांस (b) जर्मनी
(c) स्वीडन (d) स्पेन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 1995 में यूरोपीय संघ का सदस्य बनने वाले स्वीडन की अपनी निजी मुद्रा Krona (Kr) है और उसने यूरो को मुद्रा के रूप में नहीं अपनाया है।

**318. भारत में एक रुपये के नोट तथा सिक्के और छोटे सिक्के जारी किए जाते हैं-**

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) भारत सरकार द्वारा
(c) भारतीय स्टेट बैंक (d) भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

भारत में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को मुद्रा जारी करने का एकाधिकार प्राप्त है, किंतु एक रुपये के नोट तथा सिक्के और छोटे सिक्के भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं।

**319. एक रुपये के नोट किसके द्वारा जारी किए जाते हैं?**

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) भारतीय स्टेट बैंक
(c) भारत के राष्ट्रपति (d) भारत सरकार

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**320. भारत में सिक्के जारी करने के लिए कौन प्राधिकृत है?**

(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) वित्त मंत्रालय

(c) भारतीय स्टेट बैंक (d) इंडियन ओवरसीज बैंक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

भारत में सिक्के जारी करने के लिए भारत सरकार प्राधिकृत है। विकल्प (b) वित्त मंत्रालय भी भारत सरकार में समाहित है, क्योंकि यह भारत सरकार का ही एक भाग है। अतः विकल्प (b) ही सर्वोत्तम उत्तर होगा।

**321. एक रुपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?**

(a) वित्त मंत्रालय के सचिव के

(b) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर

(c) वित्त मंत्री

(d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

एक रुपये के नोट पर वित्त मंत्रालय के सचिव (वित्त सचिव) के हस्ताक्षर होते हैं जबकि अन्य करेंसी नोटों पर रिज़र्व बैंक के गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं।

**322. एक रुपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?**

(a) भारत सरकार (b) भारतीय मुख्य न्यायाधीश

(c) भारतीय वित्त सचिव (d) भारत का प्रधानमंत्री

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

एक रुपये के नोट पर भारत के वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं।

**323. सकल मौद्रिक संसाधन क्या है?**

(a) M1 (b) M2

(c) M4 (d) M3

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

M3 = करेंसी तथा छोटे सिक्के + बैंकों की मांग जमाएं + RBI के पास अन्य जमाएं + सावधि जमाएं

अर्थात M3 = C + DD+ OD+TD

[C = Curreney + Demond Draff + Other Deposite of RBI+ Time Deposite]

M3 को व्यापक मुद्रा कहा जाता है सामान्यतया यह मुद्रा पूर्ति को प्रदर्शित करती है। इसमें पोस्ट ऑफिस की जमाएं सम्मिलित नहीं होती हैं।

**324. भारत ने दाशमिक मुद्रा प्रणाली किस वर्ष शुरू की थी?**

(a) 1955 (b) 1956

(c) 1957 (d) 1958

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

भारत ने दाशमिक मुद्रा प्रणाली वर्ष 1957 में अपनाई और एक रुपये को 100 समान पैसों में बांटा गया क्योंकि वर्ष 1957 से पहले भारतीय रुपया 16 आनों में विभाजित था। S.S.C. ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) दिया है जो कि गलत है।

**325. वित्त आयोग के अध्यक्ष के लिए जरूरी है कि वह-**

(a) वित्त और बैंकिंग क्षेत्र का व्यक्ति हो

(b) उच्च योग्यता वाला अर्थशास्त्री हो

(c) न्यायपालिका का विशेषज्ञ हो- उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के स्तर का

(d) सार्वजनिक मामलों में अनुभव वाला व्यक्ति हो

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

वित्त आयोग में एक अध्यक्ष, चार सदस्य तथा एक सचिव व एक आर्थिक सलाहकार होता है। वित्त आयोग के अध्यक्ष को उन व्यक्तियों में से चुना जाता है जिसे सार्वजनिक मामलों का अनुभव हो। अतः अभीष्ट विकल्प (d) सत्य है जबकि शेष विकल्प वित्त आयोग के सदस्यों के लिए योग्यताएं दर्शाते हैं।

**326. 10वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) मनमोहन सिंह (b) वसंत साठे

(c) शिव शंकर (d) के.सी. पंत

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

10वें वित्त आयोग का गठन वर्ष 1992 में हुआ था। इसके अध्यक्ष के.सी. पंत थे। इस आयोग की सिफारिशों की समयावधि वर्ष 1995-2000 थी। 11वें वित्त आयोग के अध्यक्ष ए.एम.खुसरो, 12वें वित्त आयोग के अध्यक्ष सी.रंगराजन तथा 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. विजय एल. केलकर थे। जनवरी, 2013 में 14वें वित्त आयोग का अध्यक्ष डॉ.वाई.वी.रेड्डी (रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर) को नियुक्त किया गया है। इसकी सिफारिशें वर्ष 2015-2020 के लिए हैं। नवगठित पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह हैं।

**327. तेरहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) डॉ. विजय एल. केलकर (b) डॉ. सी. रंगराजन

(c) प्रो. ए.एम. खुसरो (d) डॉ. डी. सुब्बाराव

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**328. प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे?**

(a) के. संस्थानम (b) के.सी. नियोगी
(c) ए.के. चंद (d) पी.वी. राजामन्नार

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

भारतीय संविधान में अनुच्छेद 280 के तहत प्रत्येक 5 वर्ष के बाद वित्त आयोग के गठन का प्रावधान है। प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष के.सी. नियोगी थे। अभी तक 15 वित्त आयोग गठित हो चुके हैं। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह हैं।

**329. ब्याज दर निर्धारित की जाती है-**

(a) निविष्ट पूंजी पर प्रतिफल की दर द्वारा
(b) केंद्र सरकार द्वारा
(c) तरलता अधिमान द्वारा
(d) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

ब्याज के तरलता अधिमान सिद्धांत के अनुसार, ब्याज दर का निर्धारण तरलता अधिमान (Liquidity Preference) तथा मुद्रा की पूर्ति पर निर्भर करता है।

**330. अल्प ब्याज नीति को और क्या कहते हैं?**

(a) सस्ती मुद्रा नीति (b) आय सृजन नीति
(c) महंगी मुद्रा नीति (d) निवेश नीति

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

अल्प ब्याज नीति को सस्ती मुद्रा नीति भी कहते हैं। अल्प ब्याज नीति के अंतर्गत RBI बैंक दर, रिपो दर आदि में कमी ला देता है जिससे बैंकों के पास फंड की उपलब्धता (तरलता) बढ़ जाती है। तरलता बढ़ने से ब्याज दर कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में उद्योगों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं को कम ब्याज दर व आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध होते हैं।

**331. बैंक दर किसकी ब्याज-दर मानी जाती है?**

(a) जिस पर जनता वाणिज्यिक बैंक से धन उधार लेती है
(b) जिस पर जनता रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से धन उधार लेती है
(c) जिस पर वाणिज्यिक बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से धन उधार लेते हैं
(d) जिस पर वाणिज्यिक बैंक जनता से धन उधार लेते हैं

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

बैंक दर से अभिप्राय उस दर से है, जिस पर केंद्रीय बैंक सदस्य बैंकों के प्रथम श्रेणी के बिलों की पुनर्कटौती करता है अथवा स्वीकार्य प्रतिभूतियों पर ऋण देता है। कुछ देशों में इसे कटौती दर भी कहा जाता है। बैंक दर में परिवर्तन करके केंद्रीय बैंक देश में साख की मात्रा को प्रभावित कर सकता है।

**332. सीआरआर का असंक्षिप्त रूप क्या है?**

(a) नकद वापसी अनुपात (b) नकद आरक्षित अनुपात
(c) नकद राजस्व अनुपात (d) नकद वापसी आरक्षित

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

सीआरआर (CRR) का संक्षिप्त रूप Cash Reserve Ratio (नकद आरक्षित अनुपात) होता है। यह एक साख नियंत्रण का उपाय है, जिसे रिजर्व बैंक द्वारा अपनाया जाता है।

**333. जिस बाजार से ऋण के रूप में धन प्राप्त किया जा सकता है उसे क्या कहते हैं?**

(a) आरक्षित बाजार (b) संस्थागत बाजार
(c) मुद्रा बाजार (d) विनिमय बाजार

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

मुद्रा बाजार भारतीय वित्तीय प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। यह सामान्यतया 1 वर्ष से कम अवधि के फंड तथा ऐसी वित्तीय संपत्तियों जो मुद्रा की नजदीकी स्थानापन्न हैं, के क्रय तथा विक्रय के लिए बाजार है।

**334. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के पास रखे गए सांविधिक न्यूनतम से अधिक रिजर्व कहलाते हैं -**

(a) नकदी रिजर्व (b) जमा रिजर्व
(c) बेशी रिजर्व (d) क्षणिक रिजर्व

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

वाणिज्यिक बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के पास रखे गए सांविधिक न्यूनतम से अधिक रिजर्व बेशी रिजर्व (Excess Reserve) कहलाते हैं।

**335. किस दर पर, भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्य बैंकों से धन उधार लेता है?**

(a) बैंक दर (b) रेपो दर
(c) रिवर्स रेपो दर (d) सांविधिक तरलता दर

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

रिवर्स रेपो दर वह दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों से धन उधार लेता है। जब कभी बैंकों के पास दिन-भर के काम-काज के बाद बड़ी रकमें बची रह जाती हैं, वे उस रकम को रिजर्व बैंक में रख दिया करते हैं, जिस पर आर.बी.आई. उन्हें ब्याज दिया करता है। ब्याज की यह दर ही रिवर्स रेपो दर कहलाती है।

**336. निम्नलिखित में से क्या देश के सेंट्रल बैंक द्वारा दिए जाने वाले उधार के लिए गुणता नियंत्रण नहीं है?**

(a) उधार राशि नियतन

(b) उपभोक्ता उधार का विनियमन

(c) रिज़र्व अनुपात में परिवर्तन

(d) मार्जिन की आवश्यकताओं का विनियमन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

देश के केंद्रीय बैंक (R.B.I) द्वारा मौद्रिक नीति के अंतर्गत साख नियंत्रण के लिए निम्न दो तरीके अपनाए जाते हैं-

**(1) परिमाणात्मक या मात्रात्मक तरीका-**इसके अंतर्गत बैंक दर, सेंट्रल बैंक के परिमाणात्मक उधार नियंत्रण उपाय निम्नवत हैं- बैंक दर नीति (Bank Rate Policy), मुक्त बाजार प्रचालन (Open Market Operation), CRR (नकद आरक्षित अनुपात) तथा SLR (वैधानिक तरलता अनुपात) के साथ समायोजन, उधार दर (Lending Rate),रेपो दर तथा रिवर्स रेपो दर।

**(2) चयनात्मक या गुणात्मक तरीका-**इसके अंतर्गत मार्जिन निर्धारण, नैतिक दबाव, साख मापदंड का निर्धारण तथा साख स्वीकृतिकरण योजना आदि आते हैं।

**337. निम्नलिखित में से कौन मौद्रिक नीति के साधनों के लिए सत्य है?**

(a) मुक्त बाजार संचालन (b) बैंक दर नीति

(c) चयनित साख नियंत्रण (d) सभी विकल्प सही हैं

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**338. निम्नलिखित में से कौन-सी मात्रात्मक उधार नियंत्रण तकनीक नहीं है?**

(a) बैंक दर

(b) नकद आरक्षण अनुपात

(c) सांविधिक तरलता अनुपात

(d) बचत जमा खाते पर ब्याज दर में वृद्धि

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**339. निम्नलिखित में से क्या गुणात्मक ऋण नियंत्रण पद्धति है?**

(a) बैंक दर नीति

(b) खुला बाजार प्रचालन

(c) परिवर्ती आरक्षित अनुपात

(d) नैतिक प्रत्यायन

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**340. सेंट्रल बैंक के परिमाणात्मक उधार नियंत्रप उपाय में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं है-**

(a) बैंक दर नीति (b) खुला बाजार प्रचालन

(c) नकदी रिजर्व अनुपात (d) नैतिक दबाव

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**341. निम्न में से कौन-सा आरबीआई का गुणात्मक उधार नियंत्रण उपाय नहीं है?**

(a) सीमांत अपेक्षाएं निर्धारित करना

(b) परिवर्ती ब्याज दरें

(c) खुला बाजार कार्रवाई

(d) उधार पात्रता निर्धारण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**342. अंतिम उपाय का ऋणदाता कौन है?**

(a) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

(b) नाबार्ड

(c) भारतीय स्टेट बैंक

(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

अंतिम उपाय का ऋणदाता भारतीय रिजर्व बैंक है क्योंकि यह बैंकों का बैंक है। यह बैंकों को उस समय ऋण देता है या तरलता की आपूर्ति करता है जब उन्हें अन्य स्रोतों से वित्त आसानी से नहीं मिल पाता है। इसलिए यह अंतिम ऋणदाता कहलाता है।

**343. किसी अर्थव्यवस्था में निम्न में से कौन-सा ऐसा कार्य है, जो केंद्रीय बैंक के कार्यों में शामिल नहीं है?**

(a) विदेशी मुद्रा-विनिमय का कार्य

(b) मौद्रिक नीति पर नियंत्रण

(c) सरकारी खर्च पर नियंत्रण

(d) बैंकर के बैंक के रूप में कार्य

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

किसी अर्थव्यवस्था में सरकारी खर्च पर नियंत्रण केंद्रीय बैंक का कार्य नहीं है जबकि शेष उपर्युक्त कार्य केंद्रीय बैंक के ही हैं। सरकारी खर्च पर नियंत्रण का कार्य राजकोषीय नीति का हिस्सा है।

**344. हाल के वर्षों में भारत में केंद्रीय सरकार के व्यय की सबसे बड़ी एकल मद रही है-**

(a) रक्षा (b) सब्सिडी

(c) ब्याज का भुगतान (d) सामान्य सेवाएं

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

हाल के वर्षों में भारत में केंद्रीय सरकार के व्यय की सबसे बड़ी एकल मद केंद्रीय आयोजना पर रही है। तत्पश्चात ब्याज की अदायगी पर सर्वाधिक व्यय किए गए। रक्षा तथा सब्सिडी (आर्थिक सहायता) का इसके बाद स्थान है। अंतरिम बजट 2019-20 के अनुसार, करों और शुल्कों में राज्यों का भाग 23 प्रतिशत है, इसके बाद व्यय की सबसे बड़ी मद है- ब्याज भुगतान (18%)।

**345. व्यापार नीति में शामिल है-**

(a) निर्यात-आयात नीति

(b) लाइसेंसिंग नीति

(c) विदेशी-मुद्रा नीति

(d) भुगतान-संतुलन नीति

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

व्यापार नीति में निर्यात-आयात नीति शामिल है। भारत सरकार ने व्यापार की एक एकीकृत नीति अपनाई है अर्थात् ऐसे कदम उठाए हैं जिनका आयात व निर्यात दोनों पर प्रभाव पड़ता है। नई विदेश व्यापार नीति (2015-20) में देश के निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य है।

**346. डेफिसिट फाइनेंसिंग (Deficit financing) का अर्थ है कि सरकार ने _______ से धन अर्जित किया है।**

(a) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (b) वित्त मंत्रालय

(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) विश्व व्यापार संगठन

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

देश की सरकार द्वारा आम जनता और वित्तीय संस्थाओं से लिया गया कर्ज सार्वजनिक ऋण कहलाता है। भारतीय संदर्भ में सार्वजनिक ऋण केंद्र और राज्य सरकारों की कुल उधारी के रूप में माना जाता है। जब सरकार का खर्च (व्यय) आय से अधिक हो जाए तब 'घाटे की वित्त व्यवस्था' (Deficit Financing) का सहारा लिया जाता है। घाटे की वित्त व्यवस्था को आम जनता से उधार, बाहरी स्रोतों से उधार और मुद्रा की छपाई का सहारा लेकर पूरा किया जाता है।

**347. अवांछनीय भुगतान संतुलन की समस्या कब होती है?**

(a) आयात > निर्यात

(b) निर्यात = आयात

(c) मुद्रास्फीति घट जाती है

(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

देश के प्रतिकूल भुगतान शेष में निर्यातों की अपेक्षा आयात अधिक होते हैं। निर्यातों के अपेक्षा अधिक आयातों का भुगतान करने के कारण देश से स्वर्ण का बहिर्गमन होगा तथा अनुकूल भुगतान शेष वाले देश में स्वर्ण का अंतर्गमन होगा।

**348. निम्न में किसे 'उत्प्रवाही द्रव्य' माना जाता है?**

(a) FII (b) FDI

(c) ADR (d) GDR

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

उत्प्रवाही द्रव्य से तात्पर्य गर्म मुद्रा या हॉट मनी से होता है। जबकि हॉट मनी उस **विदेशी मुद्रा** को कहा जाता है जिसमें शीघ्र पलायन कर जाने की प्रवृत्ति होती है। दिए गए विकल्पों में ADR, GDR एवं FDI तीनों ही विदेशी मुद्रा में होती हैं परंतु शीघ्र पलायन करने की प्रवृत्ति GDR में ही होती है। अतः GDR एक उत्प्रवाही द्रव्य है। जबकि FII, विदेशी निवेशकों को कहते हैं।

**349. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में गृह-उद्योगों की संरक्षण पद्धतियों में निम्नलिखित में से किसे छोड़कर सभी शामिल हैं?**

(a) आयात कर (b) टैरिफ

(c) कोटा (d) लाइसेंस हटाना

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

संरक्षणवाद वह आर्थिक नीति है जिसका अर्थ है विभिन्न देशों के बीच व्यापार निरोधक लगाना। जैसे-आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाना, प्रतिबंधक आरक्षण और अन्य बहुत से सरकारी प्रतिबंधन नियम जिनका उद्देश्य आयात को हतोत्साहित करना और विदेशी समवायों (कंपनियों) द्वारा स्थानीय बाजारों और समवायों के अधिग्रहण को रोकना है।

**350. वस्तु-विनिमय संव्यवहार का क्या अर्थ है?**

(a) वस्तुओं के बदले सिक्कों का विनिमय किया जाता है।

(b) वस्तुओं का विनिमय वस्तुओं के साथ किया जाता है।

(c) मुद्रा विनिमय के माध्यम के रूप में कार्य करती है।

(d) वस्तुओं का विनिमय सोने के साथ किया जाता है।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

वस्तु-विनिमय संव्यवहार का अर्थ है—वस्तुओं का विनिमय वस्तुओं के साथ। इस व्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं का लेन-देन, दूसरी वस्तुओं एवं सेवाओं के साथ किया जाता है। इस संव्यवहार में किसी भी प्रकार का मौद्रिक भुगतान नहीं किया जाता है।

**351. 'मुक्त व्यापार' का अभिप्राय है-**

(a) एक देश से दूसरे देश को माल का मुक्त संचलन

(b) माल का निःशुल्क संचलन

(c) माल और सेवाओं का अनियंत्रित आदान-प्रदान

(d) निःशुल्क व्यापार

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

विश्व के दो राष्ट्रों के बीच व्यापार को और उदार बनाने के लिए 'मुक्त व्यापार' संधि की जाती है। इसके तहत एक-दूसरे के यहां से आयात-निर्यात होने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क, सब्सिडी, नियामक कानून, ड्यूटी, कोटा और कर को सरल बनाया जाता हैं। इस संधि से दो देशों में उत्पादन लागत बाकी के देशों की तुलना में काफी सस्ती होती है। सरल शब्दों में यह कारोबार पर सभी प्रतिबंधों को हटा देता है।

**352. मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की एक विशिष्टता क्या है?**

(a) उत्पादन के कारकों का लोक स्वामित्व

(b) सक्रिय राज्य हस्तक्षेप

(c) उपभोक्ता संप्रभुता

(d) राशनिंग और कीमत नियंत्रण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

मुक्त बाजार नैतिक और आर्थिक दोनों ही कसौटियों पर बेहतर माना जाता है क्योंकि, यह मानवीय स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा करता है एवं आर्थिक एकाधिकारवाद को खत्म कर वास्ताविक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हुए उपभोक्ता समाज के हितों का संरक्षण-पोषण करता है।

**353. किसी मुद्रा (करेंसी) के अधिकीलन का अर्थ है, मुद्रा के मूल्य को इस पर निर्धारित करना-**

(a) स्थिर स्तर पर

(b) निम्नतर स्तर पर

(c) उच्चतर स्तर पर

(d) इसको बाजार शक्तियों पर छोड़ देने पर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'मुद्रा अधिकीलन' (Pegging up of a currency) विदेशी बाजारों में सरकार के हस्तक्षेप (Intervention) का नतीजा होता है। पेगिंग (Pegging) से तात्पर्य लोकल करेंसी के अगेन्स्ट विदेशी मुद्रा के क्रय और विक्रय से है, जिसका उद्देश्य 'नियत विनिमय दर' बनाए रखना है। जब ये संक्रियाएं विनिमय दर को उच्च स्तर पर रखने के लिए अपनाई जाती हैं तो इसे 'पेगिंग अप' या 'अधिकीलन' कहते हैं, जबकि इसका विलोम 'पेगिंग डाउन' कहलाएगा।

**354. नकद आरक्षण अनुपात तथा खुले बाजार की संक्रियाओं में विचरण, किसके साधन हैं?**

(a) मौद्रिक नीति (b) बजटीय नीति

(c) व्यापार नीति (d) राजकोषीय नीति

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

नकद आरक्षण अनुपात तथा खुले बाजार की संक्रियाओं में विचरण, मौद्रिक नीति के साधन (Instruments) हैं। खुले बाजार परिचालन का सामान्य उद्देश्य अल्पकालिक ब्याज दर और अर्थव्यवस्था में बेस मुद्रा की आपूर्ति में जोड़-तोड़ (Manipulation) के द्वारा परोक्ष रूप से कुल मुद्रा पूर्ति को नियंत्रित करना है।

**355. निम्न में से कौन-सी समिति बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों से संबंधित है?**

(a) एल.सी. गुप्ता (b) नरसिंहन

(c) चक्रवर्ती (d) केलकर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

आर्थिक उदारीकरण का एक महत्वपूर्ण आयाम बैंकिंग सुधारों से जाकर जुड़ता है। आरंभ में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्र की तरह बैंकिंग गतिविधियों को भी सरकार रिज़र्व बैंक के जरिए नियंत्रित करती थी जिसके कारण बैंकिंग क्षेत्र में कई समस्याएं उभर कर सामने आईं। इन बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों के लिए ही वर्ष 1990 में नरसिंहन समिति का गठन किया गया।

**356. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई थी -**

(a) 1991 में (b) 1995 में

(c) 1997 में (d) 1999 में

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 1947 में गैट (GATT-General Agreement on tariffs and Trade) की स्थापना के बाद से बहुराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली के विकास के फलस्वरूप 1 जनवरी, 1995 को विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना हुई। विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय जेनेवा में स्थित है। इसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

(i) जीवन स्तर में वृद्धि करना

(ii) पूर्ण रोजगार एवं प्रभावपूर्ण मार्ग में वृहतस्तरीय, परंतु ठोस वृद्धि करना एवं

(iii) वस्तुओं के उत्पादन एवं बहुपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देना।

**357. WTO मुख्यतः निम्नलिखित में से किसको बढ़ावा देता है?**

(a) वित्तीय समर्थन (b) विश्व शांति

(c) एकपक्षीय व्यापार (d) बहुपक्षीय व्यापार

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**358. विश्व व्यापार संगठन (WTO) को पहले कहते थे-**

(a) GATT (b) UNICEF

(c) UNCTAD (d) FAO

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**359. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का मुख्य प्रहरी कौन है?**

(a) विश्व व्यापार संगठन (b) अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम

(c) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (d) विश्व बैंक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**360. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| **संस्था/समूह** | **मुख्यालय** |
|---|---|
| **1.** आई.एम.एफ. | A. जेनेवा |
| **2.** डब्ल्यू. टी.ओ. | B. वॉशिंगटन डी.सी. |
| **3.** ए.डी.बी. | C. काठमांडू |
| **4.** सार्क | D. फिलीपींस |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | B | A | C | D |
| (b) | C | A | D | B |
| (c) | B | C | D | A |
| (d) | B | A | D | C |

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

सही सुमेलित है-

| **संस्था/समूह** | **मुख्यालय** |
|---|---|
| आई.एम.एफ. | वॉशिंगटन डी.सी. |
| डब्ल्यू. टी.ओ. | जेनेवा |
| ए.डी.बी. | फिलीपींस |
| सार्क | काठमांडू |

**361. निम्नलिखित में से कौन हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ (IORA) का सदस्य नहीं है?**

(a) बांग्लादेश (b) मॉरीशस

(c) अफगानिस्तान (d) भारत

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

अफगानिस्तान हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ (हिमत क्षेत्र, IORA) का सदस्य नहीं है। यह संघ क्षेत्रीय सहयोग और अंतर महाद्वीपीय व्यापार में तेजी लाने के उद्देश्य से हिंद महासागर के तीन प्रायद्वीपों - एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया को एक मंच पर लाता है। इसकी स्थापना मार्च, 1997 में हुई थी। वर्तमान में इसके 21 सदस्य देश हैं।

**362. पाटना एक प्रकार का मूल्य-विभेद किस स्तर पर है?**

(a) उद्योग के अंतर्गत (b) राष्ट्रीय स्तर

(c) अंतर्राष्ट्रीय स्तर (d) स्थानीय स्तर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

'पाटना' (Dumping) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मूल्य-विभेद का सबसे प्रचलित तरीका है। यह एक ऐसी मूल्य पद्धति (Pricing Practice) है जिसमें कोई फर्म विदेशी ग्राहकों के लिए घरेलू ग्राहकों की तुलना में कम मूल्य निर्धारित करती है।

**363. हवाला क्या है?**

(a) किसी विषय का पूर्ण विवरण

(b) विदेशी मुद्रा का अवैध कारोबार

(c) कर वचन

(d) शेयरों का अवैध व्यापार

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

'हवाला' विदेशी मुद्रा का अवैध कारोबार है। हवाला के अंतर्गत अनाधिकृत रूप से एक देश से दूसरे देश में विदेशी विनिमय किया जाता है अर्थात हवाला विदेशी मुद्रा का एक स्थान से दूसरे स्थान पर गैर-कानूनी रूप से हस्तांतरण है।

**364. विदेश में वस्तुएं घरेलू विक्रय दाम से कम दाम पर बेचने को कहते हैं-**

(a) कूटनीति (b) भेदभाव
(c) पाटना (डंपिंग) (d) दोहरे दाम

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

जब कोई देश घरेलू विक्रय कीमत पर वही वस्तु विदेशों में कम दाम पर बेचता है तो इस स्थिति को पाटना (डंपिंग) कहते हैं।

**365. 'व्यष्टि अर्थशास्त्र' और 'समष्टि अर्थशास्त्र' शब्दों का निर्माण किसने किया था?**

(a) अल्फ्रेड मार्शल (b) रेगनर नर्क्स
(c) रेगनर फ्रिश्च (d) जे.एम. कीन्स

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

रेगनर फ्रिश्च ने 'व्यष्टि अर्थशास्त्र' और 'समष्टि अर्थशास्त्र' शब्दों का निर्माण किया है। व्यष्टि का अर्थ सूक्ष्म है। यह सूक्ष्म अर्थशास्त्र का अध्ययन करता है जबकि समष्टि अर्थशास्त्र विस्तृत क्षेत्र का अध्ययन करता है।

**366. 1933 में अर्थशास्त्र में 'माइक्रो' और 'मैक्रो' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?**

(a) रेगनर फ्रिश्च (b) आई. फिशर
(c) जेम्स टोबिन (d) गर्ली

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**367. सूक्ष्म अर्थशास्त्र का संबंध किससे है?**

(a) समग्र यूनिटों (b) व्यक्तिगत यूनिटों
(c) आंशिक यूनिट (d) सीमांत यूनिटों

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

सूक्ष्म अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की एक शाखा है जो यह अध्ययन करता है कि किस प्रकार अर्थव्यवस्था के व्यक्तिगत अवयव, परिवार एवं फर्म, विशिष्ट रूप से उन बाजारों में सीमित संसाधनों के आवंटन का निर्णय करते हैं, जहां वस्तुएं एवं सेवाएं खरीदी एवं बेची जाती हैं।

**368. निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री को 'अर्थशास्त्र का जनक' माना जाता है?**

(a) माल्थस (b) रॉबिन्सन
(c) रिकॉर्डो (d) एडम स्मिथ

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

दिए गए विकल्पों में माल्थस, रॉबिन्सन तथा रिकार्डो ख्यातिलब्ध अर्थशास्त्री हैं, परंतु 'अर्थशास्त्र का जनक' (Father of Economics) होने का श्रेय एडम स्मिथ को जाता है।

**369. कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' का संबंध मुख्यतः किससे है?**

(a) सैन्य पहलू
(b) राजनीतिक शासनकला
(c) सामाजिक पहलू
(d) आर्थिक सिद्धांत

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' का संबंध मुख्यतः राजनीतिक शासनकला (राज्य व्यवस्था) से है।

**370. किसने कहा था, ''अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है''?**

(a) रॉबिन्सन (b) जे.एस.मिल
(c) एडम स्मिथ (d) कीन्ज

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

प्रो. एडम स्मिथ के अनुसार, 'अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है।' एडम स्मिथ को अर्थशास्त्र का जनक भी कहा जाता है।

**371. 'अर्थशास्त्र' शब्द किस भाषा से लिया गया है?**

(a) यूनानी (b) जर्मन
(c) अंग्रेजी (d) फ्रांसीसी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

'अर्थशास्त्र' शब्द यूनानी भाषा से लिया गया है।

**372. किसी देश के निवासियों और विश्व के शेष लोगों के बीच एक वर्ष में किए गए सभी आर्थिक लेन-देनों के रिकॉर्ड को क्या कहते हैं?**

(a) चालू लेखे में शेष (b) पूंजी लेखे में शेष
(c) भुगतान शेष (d) व्यापारिक शेष

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

किसी अर्थव्यवस्था के एक वर्ष में होने वाले सकल विदेशी लेन-देन (चालू एवं पूंजीगत खातों के) के प्रतिफल को 'भुगतान शेष' (BoP) कहा जाता है। वास्तव में यह किसी देश का एक वर्ष में होने वाले इसके चालू खाते और पूंजीगत खाते के सकल निष्पादन का प्रतिफल प्रदर्शित करता है।

**373. जब श्रम पूर्ति वक्र पीछे झुकता है-**

(a) आय निम्नस्तरीय वस्तु हो जाती है


(b) कार्य निम्नस्तरीय पण्य हो जाता है

(c) अवकाश निम्नस्तरीय वस्तु हो जाती है

(d) उच्च वेतन स्तर पर लोग आलसी हो जाते हैं

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**




श्रम की मात्रा

पूर्ति से तात्पर्य श्रमिकों की उस मात्रा से है जो मजदूरी की विभिन्न दरों पर अपनी सेवा देने के लिए तत्पर हों।

∵ पूर्ति = आय प्रभाव + प्रतिस्थापन प्रभाव

यदि आय प्रभाव इतना ऋणात्मक हो कि वह प्रतिस्थापन प्रभाव को समाप्त कर दे तो पूर्ति वक्र पीछे झुक जाता है। इसमें पूर्ति वक्र कुछ दूरी तक तो बाएं से दाहिने की ओर ऊपर उठता है जो यह दर्शाता है कि जब तक प्रतिस्थापन-प्रभाव अधिक शक्तिशाली है तब तक तो मजदूरी बढ़ने के साथ-साथ श्रमिक अधिक कार्य करेंगे पर एक सीमा के बाद आय-प्रभाव अधिक शक्तिशाली हो जाता है, ऐसी परिस्थिति में मजदूरी की वृद्धि के बाद भी श्रम की पूर्ति कम होती जाती है। रेखाचित्र (1) में OW मजदूरी तक तो श्रम की पूर्ति बढ़ती जाती है पर OW के बाद मजदूरी की वृद्धि के बावजूद भी श्रम की पूर्ति में वृद्धि नहीं होती है। पूर्ति वक्र बाएं की ओर मुड़ जाता है। सामान्यतया इसका स्वरूप रेखाचित्र (2) के समान होता है, जब मजदूरी की दर $OW_1$ से बढ़कर $OW_2$ तथा $OW_3$ हो जाएगी तो श्रम की पूर्ति OL से बढ़कर $OL_1$ तथा $OL_2$ हो जाएगी जिससे पूर्ति वक्र यह प्रदर्शित करता है कि आय प्रभाव की अपेक्षा प्रतिस्थापन प्रभाव अधिक शक्तिशाली है अर्थात् आय निम्नस्तरीय वस्तु होती है।

**374. कर उतने ही निश्चित हैं जितनी मृत्यु, क्योंकि-**

(a) वे सरकारी राजस्व के प्रमुख स्रोत का गठन करते हैं

(b) सरकार के पास राजस्व का कोई दूसरा स्रोत नहीं है

(c) अधिकांश पब्लिक सेक्टर उपक्रम अक्षमतापूर्वक चलाए जाते हैं

(d) सरकार के बजट संबंधी अपने प्रतिबंध होते हैं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

राजकोषीय नीति का संबंध आर्थिक नीति के उन पहलुओं से है जो सार्वजनिक बजट के क्रियाशीलन से उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार करारोपण, सार्वजनिक ऋण तथा सार्वजनिक व्यय तीन महत्त्वपूर्ण राजकोषीय अस्त्र हैं, जिनका प्रयोग सरकार किसी अर्थव्यवस्था में राजकोषीय प्रबंध के लिए लाती है, जिससे अर्थव्यवस्था में वांछित परिणाम प्राप्त हो सकें।

**375. आर्थिक विकास का सर्वोत्तम सूचकांक उपलब्ध कराया जाता है-**

(a) वर्ष- प्रतिवर्ष, प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि द्वारा

(b) वर्तमान कीमतों पर राष्ट्रीय आय में वृद्धि द्वारा

(c) बचत अनुपात में वृद्धि द्वारा

(d) भुगतान संतुलन की स्थिति में सुधार द्वारा

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

किसी देश के आर्थिक विकास के मापक के रूप में हम वास्तविक प्रति व्यक्ति आय को ले सकते हैं। यदि इसमें वृद्धि के साथ जीवन की गुणवत्ता में सुधार, निर्धनता, भुखमरी में कमी हो या साक्षरता तथा जीवन की प्रत्याशा में वृद्धि हो, तो ऐसी स्थिति में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि को आर्थिक विकास का सूचक माना जाता है।

**376. सभी प्रकार के उत्पादनों का बुनियादी उद्देश्य क्या है?**

(a) मानवीय जरूरतों को पूरा करना

(b) रोजगार उपलब्ध कराना

(c) लाभ कमाना

(d) भौतिक निर्गत बढ़ाना

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

सभी प्रकार के उत्पादनों का बुनियादी उद्देश्य दिए गए विकल्पों में, मानवीय जरूरतों को पूरा करना है। रोजगार उपलब्ध कराना या भौतिक निर्गत बढ़ाना इसके बुनियादी उद्देश्य नहीं हैं जबकि लाभ कमाने की प्रक्रिया स्वतः ही पूर्ण होगी यदि उत्पाद जरूरतों (मानवीय) को सही ढंग से पूर्ण करता है।

**377. आपूर्ति की मात्रा में वृद्धि किसे दर्शाती है?**

(a) आपूर्ति वक्र की ऊर्ध्व प्रवृत्ति
(b) आपूर्ति वक्र की अधोप्रवृत्ति
(c) आपूर्ति वक्र के दक्षिणपंथी आंतरण
(d) आपूर्ति वक्र के वामपंथी आंतरण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

आपूर्ति की मात्रा में वृद्धि, आपूर्ति वक्र के दक्षिणपंथी आंतरण को दर्शाती है।

**378. जब घरेलू मुद्रा की विनिमय दर में कोई आधिकारिक परिवर्तन हो, तो उसे कहते हैं-**

(a) मूल्यवृद्धि (b) मूल्यह्रास
(c) पुनर्मूल्यांकन (d) अवस्फीति

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

IMF की परिभाषा के अनुसार, नियत विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत जब घरेलू मुद्रा की विनिमय दर में कोई आधिकारिक परिवर्तन हो, तो उसे अवमूल्यन तथा 'पुनर्मूल्यांकन' कहते हैं।

**379. मुद्रा-आपूर्ति किसके द्वारा नियंत्रित की जाती है?**

(a) योजना आयोग (b) वित्त आयोग
(c) भारतीय रिज़र्व बैंक (d) व्यापारिक बैंक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

मुद्रा-आपूर्ति नियंत्रण भारतीय रिज़र्व बैंक का कार्य है। इस हेतु यह विभिन्न नीति दरों का विनियमन करता है।

**380. 'उपभोक्ता प्रभुत्व' का अर्थ है-**

(a) उपभोक्ता अपनी आय को अपनी इच्छानुसार व्यय करने के लिए स्वतंत्र है
(b) उपभोक्ताओं के पास अर्थव्यवस्था का प्रबंध करने की शक्ति है
(c) उपभोक्ताओं का व्यय संसाधनों के आवंटन को प्रभावित करता है
(d) उपभोक्ता वस्तुएं सरकारी नियंत्रण से मुक्त है

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

'उपभोक्ता प्रभुत्व' से तात्पर्य है कि उपभोक्ता पर किसी प्रकार का कोई नियंत्रण न हो। वह अपनी आय को अपनी इच्छानुसार व्यय करने के लिए स्वतंत्र हो।

**381. निम्न में से किस वस्तु का केवल विनिमय मूल्य है?**

(a) हीरा (b) टेलीविजन
(c) कंप्यूटर (d) चावल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

हीरे का केवल विनिमय मूल्य होगा क्योंकि इसकी पूर्ति बहुत ही कम होती है अर्थात हीरे दुर्लभ (Scare) होते हैं और इनका सीमांत तुष्टिगुण बहुत अधिक होता है।

**382. धन/पूंजी किसका उदाहरण है?**

(a) डूबी हुई पूंजी (b) चलायमान पूंजी
(c) ठोस पूंजी (d) सामाजिक पूंजी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

धन/पूंजी (Money) उपर्युक्त में से चलायमान पूंजी (Floating Capital) का उदाहरण है। चलायमान पूंजी में संपत्ति एवं नगदी दोनों सम्मिलित होते हैं।

**383. किसी वस्तु का बाजार संतुलन किससे निर्धारित किया जाता है?**

(a) वस्तु की बाजार आपूर्ति
(b) वस्तु की मांग और आपूर्ति की शक्तियों का संतुलन
(c) सरकार का हस्तक्षेप
(d) वस्तु की बाजार मांग

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

मार्शल के अनुसार, ''किसी वस्तु के बाजार संतुलन का निर्धारण उस वस्तु की मांग और पूर्ति की शक्तियों द्वारा होता है।''

**384. किसी वस्तु के संतुलन मूल्य में निश्चित रूप से वृद्धि कब होती है?**

(a) मांग में कमी होने के साथ-साथ आपूर्ति में वृद्धि होती है।
(b) जब मांग और आपूर्ति दोनों में वृद्धि होती है।
(c) जब मांग और आपूर्ति दोनों में कमी होती है।
(d) आपूर्ति में कमी के साथ-साथ मांग में वृद्धि होती है।

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

किसी वस्तु के संतुलन मूल्य में निश्चित रूप से वृद्धि तब होती है जब मांग में वृद्धि के साथ-साथ आपूर्ति में कमी हो।

**385. निम्नलिखित में से क्या आर्थिक समस्या नहीं है?**

(a) सवेतन कार्य और फुरसत में से किसी एक को चुनना
(b) यह तय करना कि दो वस्तुओं में से किस पर खर्च किया जाए
(c) व्यक्तिगत बचत के वैकल्पिक तरीकों में से किसी तरीके को चुनना
(d) यह तय करना कि फुरसत के समय को विभिन्न तरीकों में से किस तरीके से व्यतीत किया जाए

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

किसी व्यक्ति द्वारा यह तय करना कि फुरसत के समय को विभिन्न तरीकों में से किस तरीके से व्यतीत किया जाए 'आर्थिक समस्या' नहीं है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**386. सार्वजनिक क्षेत्र का निम्नलिखित में से कौन-सा उद्यम 'नवरत्न' है?**

(a) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि.
(b) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि.
(c) इंजीनियर्स इंडिया लि.
(d) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि.

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

| कंपनी | वर्ष | दर्जा |
|---|---|---|
| भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. | 2007 | नवरत्न |
| हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. | 2007 | नवरत्न |
| इंजीनियर्स इंडिया लि. | 2009 | मिनीरत्न (वर्तमान में नवरत्न) |
| भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. | 1997 | नवरत्न (वर्तमान में महारत्न) |

* भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स के पास 1997 में ही 'नवरत्न' का दर्जा था। अतः उपर्युक्त विकल्पों को ध्यान में रखते हुए अभीष्ट उत्तर (d) है। वर्तमान में (दिसंबर, 2018 की स्थिति के अनुसार) भारत में 16 नवरत्न तथा 8 महारत्न कंपनियां हैं।

**387. मूल्य की दृष्टि से भारत किस देश को अधिकतम रत्नों और आभूषणों का निर्यात करता है?**

(a) यू.एस.ए. (b) ब्रिटेन
(c) रूस (d) जापान

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

मूल्य की दृष्टि से भारत यू.एस.ए. को अधिकतम रत्नों और [illegible] 2017-18 में भारत से रत्नों व आभूषणों का निर्यात 40.98 बिलियन डॉलर का रहा। FY में रत्न एवं आभूषणों के निर्यात का शीर्ष गतंव्य हैं- अमेरिका, यूरोप, जापान एवं चीन। देश के कुल रत्न और आभूषण निर्यात का लगभग एक-चौथाई हिस्सा अमेरिका को जाता है। वर्तमान (2016-17) में इंजीनियरी संबंधी वस्तुएं भारत के निर्यात में सर्वाधिक हिस्सा (24.4%) रखती हैं इसके बाद रत्न एवं आभूषण (15.7%) तथा रासायनिक और संबंधित उत्पाद (14.2%) का स्थान है।

**388. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है?**

(a) कर्नाटक बैंक (b) विजया बैंक
(c) नैनीताल बैंक (d) फेडरल बैंक

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त विकल्पों के अंतर्गत विजया बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है।

**389. वह पदार्थ कौन-सा है, जिस के लिए भारत, आयात पर सर्वाधिक राशि खर्च करता है?**

(a) खाद्यान्न (b) कच्चा पेट्रोलियम
(c) उर्वरक (d) लोहा तथा इस्पात

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारत कच्चे पेट्रोलियम के आयात पर सर्वाधिक राशि व्यय करता है तत्पश्चात लोहा एवं इस्पात, उर्वरक तथा खाद्यान्न पर व्यय करता है। वर्ष 2014-15 में आयातित प्रमुख वस्तुएं- पेट्रोलियम एवं लुब्रिकेंट (34.83%) > बहुमूल्य पत्थर, मोती, प्री मेटल (13.93%) > इलेक्ट्रिकल मशीनरी एवं पार्ट्स (7.40%) > न्यूक्लियर रिएक्टर के उपकरण एवं पार्ट्स (7.09%) > कार्बनिक रसायन (3.95%) > आयरन एवं स्टील (2.75%)। वर्तमान (2016-17) में शीर्ष आयात हिस्सेदारी वाली दो मदें हैं-पेट्रोलियम तेल और स्नेहक पदार्थ (22.6%), एवं पूंजीगत वस्तुएं (20.9%)।

**390. भारत सरकार का व्यय किस पर इमदाद के कारण अधिकतम है?**

(a) एल. पी. जी. (b) खाद्यान्न
(c) उर्वरक (d) तेल

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

भारत सरकार का व्यय तेल (Oil) मद पर इमदाद (Subsidy) के कारण अधिकतम है।

**391. पहली राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया गया था-**

(a) वर्ष 1948 में (b) वर्ष 1949 में

(c) वर्ष 1950 में (d) वर्ष 1951 में

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

पहली राष्ट्रीय आय समिति का गठन वर्ष 1949 में प्रो. पी.सी. महालनोबिस की अध्यक्षता में किया गया था तथा इस समिति में प्रो. डी.आर. गाडगिल और प्रो. बी.के. आर.बी. राव सदस्य थे।

**392. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय आय के मापन की विधि नहीं है?**

(a) मूल्यवर्धित विधि (b) आय विधि

(c) निवेश विधि (d) व्यय विधि

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

सामान्यतया राष्ट्रीय आय के मापन के लिए तीन विधियां प्रयुक्त होती हैं जो कि उद्देश्य और आंकड़ों की उपलब्धता के आधार पर प्रयुक्त होती हैं। ये तीन विधियां हैं—(a) उत्पाद विधि—डॉ. अल्फ्रेड मार्शल द्वारा प्रतिपादित, (b) आय विधि—ए.सी. पीगू (A.C. Pigou) तथा (c) व्यय विधि—डॉ. इर्विंग फिशर। उपर्युक्त विधियों में से उत्पाद विधि को ही मूल्यवर्धित विधि (value added method) भी कहा जाता है।

**393. राष्ट्रीय आय है-**

(a) निवल राष्ट्रीय उत्पाद - अप्रत्यक्ष कर + इमदाद

(b) सकल राष्ट्रीय उत्पाद - प्रत्यक्ष कर

(c) सकल घरेलू उत्पाद - आयात

(d) निवल घरेलू उत्पाद + निर्यात

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

जब निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) का मूल्यांकन अथवा माप साधन लागत (Factor Cost) पर किया जाता है, तो उसे ही राष्ट्रीय आय के नाम से जाना जाता है। इसे ज्ञात करने के लिए बाजार मूल्य पर आकलित निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) में से शुद्ध अप्रत्यक्ष करों (कुल अप्रत्यक्ष कर-सब्सिडी) को घटाना होता है। इस प्रकार से ज्ञात मूल्य ही राष्ट्रीय आय कहलाता है अर्थात् राष्ट्रीय आय = निवल राष्ट्रीय आय – अप्रत्यक्ष कर + इमदाद (सब्सिडी)।

**394. किसी राष्ट्र की राष्ट्रीय आय होती है-**

(a) सरकार का वार्षिक राजस्व

(b) उत्पादन आयों का योगफल

(c) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का अधिशेष

(d) निर्यात में से आयात घटा कर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

किसी राष्ट्र में एक लेखा वर्ष में सामान्य निवासियों द्वारा उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का जितना उत्पादन होता है जिसमें विदेशों से अर्जित शुद्ध साधन आय भी शामिल होती है, उस मौद्रिक मूल्य के योगफल को ही हम राष्ट्रीय आय कहते हैं। ध्यातव्य है कि उत्पादन के चार साधन– भूमि, श्रम, पूंजी तथा साहस माने गए हैं। इनको किसी आर्थिक गतिविधि के विनियोजित करने पर क्रमशः किराया (लगान), मजदूरी (वेतन), ब्याज तथा लाभ प्रतिफल के रूप में प्राप्त होता है। इन सबका योग राष्ट्रीय आय कहलाती है। अर्थात्

राष्ट्रीय आय = लगान + मजदूरी + ब्याज + भुगतान

या

राष्ट्रीय आय = उत्पादन आयों का योगफल

भारत में राष्ट्रीय आय के आंकड़े वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) पर आधारित होते हैं जिसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) के द्वारा किया जाता है।

**395. व्यय-विधि के माध्यम से जी.एन.पी. की गणना में क्या शामिल नहीं किया जाता?**

(a) सकल घरेलू निजी निवेश (b) निवल विदेशी निवेश

(c) मूल्यह्रास व्यय (d) निजी उपभोग व्यय

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

व्यय विधि या उपभोग के माध्यम से जी.एन.पी. की गणना में मूल्यह्रास नहीं शामिल किया जाता। संकेतात्मक रूप में NI = C + I + G + (X – M) जहां NI = राष्ट्रीय आय, C = संपूर्ण उपभोग खर्च, I = संपूर्ण निवेश खर्च, G = संपूर्ण सरकारी खर्च, X = निर्यात, M = आयात।

**396. निम्न में से कौन-सी GNP की गणना की विधि नहीं है?**

(a) आय उपागम (b) व्यय उपागम

(c) बचत उपागम (d) अतिरिक्त मूल्य उपागम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

दिए गए विकल्पों में GNP (Gross National Product) की गणना विधि में आय उपागम, व्यय उपागम तथा अतिरिक्त मूल्य उपागम तीनों ही शामिल हैं जबकि बचत उपागम इसमें शामिल नहीं है।

**397. राष्ट्रीय आय का परिकलन निम्नलिखित में से एक को छोड़कर अन्य सभी तरीकों से किया जा सकता है—**

(a) सभी प्रकार की बचत का योग

(b) सभी व्ययों का योग

(c) सभी प्रकार की आय का योग

(d) सभी प्रकार के निर्गतों का योग

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**398. भारत की राष्ट्रीय आय में सर्वाधिक योगदान निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र करता है?**

(a) बैंकिंग क्षेत्र का (b) व्यापार क्षेत्र का

(c) विनिर्माण क्षेत्र का (d) कृषि क्षेत्र का

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

दिए गए विकल्पों में कृषि क्षेत्र-प्राथमिक, विनिर्माण क्षेत्र-द्वितीयक एवं बैंकिंग तथा व्यापार क्षेत्र-अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र से संबंधित हैं। सामान्यतया भारत की राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का योगदान ज्यादा होता है उसके बाद क्रमशः द्वितीयक एवं प्राथमिक क्षेत्र का, परंतु यहां इस संदर्भ में विनिर्माण क्षेत्र उपयुक्त विकल्प है।

**399. 'ई-बैंकिंग' में 'ई' अक्षर क्या द्योतित करता है?**

(a) अनिवार्य बैंकिंग (b) आर्थिक बैंकिंग

(c) इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग (d) विस्तार बैंकिंग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

वित्तीय संस्थाओं (बैंक) द्वारा बैंकिंग भुगतान प्रणाली में समय, सहूलियत, लागत, व्यापार के स्वरूप आदि के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली को विकसित किया गया है जिसे 'ऑनलाइन भुगतान प्रणाली' (Online Payment System) कहते हैं। ऑनलाइन भुगतान प्रणाली को इंटरनेट बैंकिंग, ई-बैंकिंग, वर्चुअल बैंकिंग आदि के नामों से भी जाना जाता है।

**400. निम्नलिखित में से कौन बाजार समाशोधन मूल्य के रूप में जाना जाता है?**

(a) साम्य कीमत (b) असंतुलन का कीमत

(c) स्टेटेरिस परिबस (d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

साम्य कीमत को बाजार समाशोधन मूल्य (Equilibrium Price) के रूप में जाना जाता है। साम्य कीमत उस कीमत को कहते हैं जिस पर कीमत निर्धारण करने वाली दोनों शक्तियों, मांग व पूर्ति में संतुलन होता है अर्थात जिस कीमत पर क्रेता वस्तु खरीदने को तैयार हैं और विक्रेता वस्तु बेचने को तैयार हैं 'साम्य कीमत' कहलाता है।

**401. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी आयरन और स्टील निर्माणशाला सार्वजनिक क्षेत्रक के अंतर्गत नहीं है?**

(a) भिलाई (b) दुर्गापुर

(c) बोकारो (d) जमशेदपुर

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

भिलाई, दुर्गापुर तथा बोकारो सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत हैं जबकि जमशेदपुर निजी क्षेत्र के अंतर्गत है।

**402. निम्नलिखित में से कौन भारत में एक लघु उद्योग नहीं है?**

(a) चीनी उद्योग (b) कपड़ा उद्योग

(c) पेट्रोलियम उद्योग (d) हथकरघा उद्योग

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

भारत में लघु उद्योग का उदाहरण पेट्रोलियम उद्योग नहीं है। लघु उद्योगों को कई प्रकार की छूटों के अलावा, प्रति वर्ष एक करोड़ या उससे कम कुल बिक्री करने वाली लघु उद्योग इकाइयों को उत्पाद-शुल्क जमा न करने की छूट मिली होती है। दिए गए विकल्पों में चीनी, कपड़ा एवं हथकरघा उद्योग लघु उद्योग के अंतर्गत आते हैं।

**403. प्रतिस्पर्द्धी माल के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करने की नीति को कहा जाता है-**

(a) कोटा नीति (b) टैरिफ नीति

(c) मुक्त व्यापार नीति (d) संरक्षण नीति

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

प्रतिस्पर्द्धी माल के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करने की नीति संरक्षण नीति कहलाती है। संरक्षणवाद वह आर्थिक नीति है, जिसका अर्थ है- विभिन्न देशों के बीच व्यापार निरोधक लगाना; जैसे-आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाना प्रतिबंधक (Restrictive Quotas) और अन्य बहुत से सरकारी प्रतिबंधक नियम।

**404. उत्पादक माल को यह भी कहा जाता है-**

(a) उपभोक्ता वस्तुएं (b) टिकाऊ वस्तुएं (माल)
(c) पूंजीगत माल (d) एकल प्रयोज्य माल (वस्तुएं)

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

अर्थशास्त्र में पूंजीगत माल (Capital Goods) से तात्पर्य ऐसे उत्पादक माल से होता है जो कि उद्योग में उत्पादन के अहम कारक हैं। जैसे- कारखाना एवं जनरेटर सहित मशीनरी इत्यादि।

**405. 'तरलता अधिमान' क्या होता है?**

(a) परिसंपत्तियों को नकदी में रखने की इच्छा
(b) बंधपत्रों और प्रतिभूतियों को रखने की इच्छा
(c) बैंक जमा रखने की इच्छा
(d) संपत्ति रखने की इच्छा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

एक परिसंपत्ति के रूप में मुद्रा की मांग मुद्रा की सट्टा मांग होती है। प्रो. रॉल्विन हसन के अनुसार, कीन्स ने इसे ''वास्तविक तरलता अधिमान'' (Liquidity Preference Proper) के रूप में माना। यहां मुद्रा की मांग की अन्य परिसंपत्तियों की मांग से तुलना की जा सकती है। इसे सट्टा मांग इसलिए कहा जाता है कि यह भविष्य में बॉण्ड कीमत और तदनुरूप ब्याज दर में होने वाले परिवर्तनों के प्रति व्यक्ति के विचारों पर निर्भर करती है। अतः वह अटकलबाजी करता रहता है कि वह बॉण्ड रखे या मुद्रा। सट्टेबाजी के लिए प्रयुक्त धनराशि को निष्क्रिय नकदी शेष कहा जाता है।

**406. निम्नलिखित में से धन आपूर्ति को नियंत्रित करने में कौन सहायक नहीं है?**

(a) निर्बाध बाजार नीति
(b) सी.आर.आर.
(c) बैंक दर
(d) सीमांत आवश्यकता में परिवर्तन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

'निर्बाध बाजार नीति' (Free Market Policy) धन आपूर्ति को नियंत्रित करने में सहायक नहीं है।

**407. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन सबसे पुराना है?**

(a) आई.एम.एफ. (b) डब्ल्यू.एच.ओ.
(c) आई.एल.ओ. (d) एफ.ए.ओ.

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

विकल्पों में दिए गए सभी संगठनों में सबसे पुराना संगठन आई.एल.ओ. (International Labour Organisation) है जिसकी स्थापना वर्ष 1919 में हुई थी और यह संयुक्त राष्ट्र की पहली विशेष एजेंसी है। विकल्प में दिए गए अन्य प्रमुख संगठनों की स्थापना वर्ष निम्नवत हैं-

WHO (World Health Organisation) - 7 अप्रैल, 1948
IMF (International Monetary Fund) - 1945
FAO (Food & Agriculture Organisation) - 16 अक्टूबर, 1945

**408. बैंक के किसी ग्राहक को अपने चालू खाते में जमा राशि से अधिक के चेक काटने के लिए दी गई अनुमति को कहते हैं—**

(a) निजी ऋण (b) साधारण ऋण
(c) हुंडी को बट्टे पर देना (d) ओवरड्रॉफ्ट

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**


जमा राशि से अधिक के चेक काटने के लिए दी गयी अनुमति को बैंक ओवरड्रॉफ्ट (Bank Overdraft) कहते हैं।

**409. जब किसी वस्तु की मांग वक्र एक्स-अक्ष के समानांतर हो, तब उस वस्तु की मांग-लोच होती है-**

(a) शून्य (b) इकाई
(c) इकाई से अधिक (d) पूर्ण

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**




जब किसी वस्तु की मांग वक्र एक्स-अक्ष के समानांतर हो, तब उस वस्तु की मांग-लोच पूर्णतया लोचदार मांग (Perfectly Elastic Demand) कहलाती है। जैसा कि रेखाचित्र से स्पष्ट है कि मूल्य $OP_2$ से अधिक हो जाए तो वस्तु की मांग शून्य होगी इसे अनंत लोचदार मांग भी कहते हैं। जबकि मूल्य में बिना कमी के ही वस्तु की मांग (कभी $OQ_1$, तो कभी $OQ_2$ ) बढ़ जाती है। इस प्रकार की मांग की लोच का उदाहरण व्यावहारिक जीवन में नहीं मिलता है पर यह मांग की लोच की ऊपरी सीमा अवश्य निश्चित करती है।

**410. पूरी तरह बिना लोच की मांग किसके बराबर है?**


(a) एक (b) शून्य

(c) असीमित (d) एक से अधिक

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

यदि किसी वस्तु के मूल्य में परिवर्तन के बाद भी उसकी मांग ज्यों की त्यों बनी रहे, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न हो तो उसकी मांग को पूर्णतया बेलोच मांग कहेंगे।




**411. भारत सरकार के बजट आंकड़ों में ब्याज का भुगतान, इमदाद, पेंशन, सामाजिक सेवाएं आदि किसका अंग हैं?**

(a) योजना व्यय का

(b) राज्य सरकार के व्यय का

(c) पूंजीगत व्यय के रूप में सार्वजनिक ऋण का

(d) योजनेतर व्यय का

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

भारत सरकार के बजट आंकड़ों में ब्याज भुगतान, इमदाद, पेंशन, सामाजिक सेवाएं आदि योजनेतर व्यय (Non-Plan Expenditure) का हिस्सा हैं।

**412. आर्थिक सहायता सरकार द्वारा किसको किया जाने वाला भुगतान है?**

(a) उपभोक्ता यूनिट (b) उत्पादक यूनिट

(c) बैंकिंग यूनिट (d) सेवानिवृत्त व्यक्ति

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

आर्थिक सहायता सरकार द्वारा उत्पादक यूनिट को किया जाने वाला भुगतान है।

**413. शब्द 'अहस्तक्षेप' अर्थव्यवस्था के किस रूप के साथ संबंधित है?**

(a) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था (b) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(c) मिश्रित अर्थव्यवस्था (d) निर्देशित अर्थव्यवस्था

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

शब्द 'अहस्तक्षेप या 'अबंधन' या 'स्वेच्छा व्यापार' (Laissez-faire)' अर्थव्यवस्था के पूंजीवादी रूप से संबंधित है।

**414. जब पूर्ण उत्पाद वर्द्धमान दर से बढ़ता है, तो-**

(a) सीमांत उत्पाद शून्य होता है

(b) सीमांत उत्पाद में वृद्धि होती है

(c) सीमांत उत्पाद में गिरावट आती है

(d) सीमांत उत्पाद स्थिर रहता है

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

सीमांत उत्पाद, पूर्ण उत्पाद वक्र की ढाल होती है। यदि पूर्ण उत्पाद वक्र की ढाल बढ़ती हुई होती है तो सीमांत उत्पाद में वृद्धि होती है। इसी प्रकार यदि पूर्ण उत्पाद वक्र की ढाल घटती हुई अर्थात् नीचे की ओर झुकी हो तो सीमांत उत्पाद में गिरावट आती है। यदि पूर्ण उत्पाद वक्र शून्य ढाल होती है अर्थात् क्षैतिज होती है तो सीमान्त उत्पाद शून्य होती है।

**415. भारत में 'लघु उद्योग' की परिभाषा आधारित है-**

(a) यूनिट द्वारा बिक्री पर

(b) मशीनों और उपस्करों में निवेश पर

(c) बाजार में व्याप्ति पर

(d) निर्यात क्षमता पर

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

लघु उद्योग (Small-Scale Industries) एक औद्योगिक उपक्रम है जिसमें निवेश संयंत्र एवं मशीनरी में नियत परिसंपत्ति होती है चाहे उनकी धारित स्वामित्व के निबंधन पर हो या पट्टे या किराया खरीद पर हो एक करोड़ रुपये से अधिक नहीं होता है तथापि यह निवेश सीमा सरकार द्वारा समय-समय पर बदलती रहती है।

**416. भारतीय रिजर्व बैंक किस राज्य सरकार के कारोबार का लेन-देन नहीं करता?**

(a) नगालैंड (b) जम्मू और कश्मीर

(c) पंजाब (d) असम

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

भारतीय रिजर्व बैंक राज्य सरकारों के कारोबार का लेन-देन, राज्य सरकारों तथा आर.बी.आई. के बीच हुए समझौते (खंड 21 के अधिनियम के तहत) करता है। यह समझौता सभी भारतीय राज्यों के साथ हुआ है, सिवाय जम्मू एवं कश्मीर और सिक्किम के।

**417. केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) ने एक नई संशोधित शृंखला के अंतर्गत आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। उसमें आधार वर्ष किसे माना गया है?**

(a) 1960-61 (b) 1970-71

(c) 1980-81 (d) 1990-91

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने एक नई संशोधित शृंखला के अंतर्गत आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। उसमें आधार वर्ष 1980-81 को माना गया है।

**CSO की पांच शृंखलाएं**

| शृंखला | टाइटल | आधार वर्ष | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | कनवेंशनल सीरीज | 1948-49 | 1955 |
| 2. | संशोधित सीरीज | 1960-61 | 1967 |
| 3. | नई सीरीज | 1970-71 | 1978 |
| 4. | नई संशोधित सीरीज | 1980-81 | 1988 |
| 5. | नई सीरीज | 1993-94 | 1999 |

वर्तमान में आधार वर्ष 2011-12 को वर्ष 2004-05 के स्थान पर चलन में लाया गया है (स्थिर कीमतों हेतु)।

**418. 'परिमाणमूलक सुलाभ' का अर्थ है-**

(a) उत्पादन की इकाई लागत में कमी

(b) वितरण की इकाई लागत में कमी

(c) उत्पादन की कुल लागत में कमी

(d) वितरण की कुल लागत में कमी

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

'परिमाणमूलक सुलाभ' (Economy of Scale) का अर्थ है उत्पादन की इकाई लागत में कमी।

**419. मालिक के कब्जे वाले भवनों का आरोपित सकल किराया, निम्नलिखित में से किसका हिस्सा होता है?**

(a) पूंजी निर्माण (b) अंतिम उपभोग

(c) मध्यवर्ती उपभोग (d) उपभोक्ता टिकाऊ पदार्थ

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

अंतिम उपभोक्ताओं के द्वारा उपभोग की गई वस्तुएं अथवा उपभोक्ता की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने वाली वस्तुएं, उपभोग वस्तुएं कहलाती हैं। इनमें सेवाओं को भी शामिल किया जा सकता है।

**420. प्रकटित अधिमान सिद्धांत (रिवील्ड प्रेफ़रेस थ्योरी) प्रस्तुत किया गया था-**

(a) एडम स्मिथ द्वारा (b) मार्शल द्वारा

(c) पी.ए. सैमुएल्सन द्वारा (d) जे.एस. मिल द्वारा

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

प्रकटित अधिमान सिद्धांत (रिवील्ड प्रेफ़रेंस थ्योरी) पी.ए. सैमुएल्सन द्वारा प्रस्तुत किया गया था। यह सिद्धांत उपभोक्ता-व्यवहार से संबंधित है।

**421. रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता का अर्थ है-**

(a) रुपये से विदेशी मुद्रा की मुक्त रूप से खरीद

(b) आयात के लिए रुपये के रूप में भुगतान

(c) ऋण की वापसी रुपये के रूप में

(d) मांग और पूर्ति के बाजार बलों द्वारा रुपये और विदेशी मुद्राओं के बीच विनिमय दर का मुक्त रूप से निर्धारण

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

परिवर्तनीय मुद्रा वह मुद्रा होती है जो आसानी से खरीदी, बेची और परिवर्तित की जा सकती है, बिना किसी केंद्रीय बैंक या संस्था की अनुमति के रुपये के पूर्ण परिवर्तनीय होने का तात्पर्य यह है कि इसे किसी भी दूसरे देशों में दूसरी मुद्रा के साथ आसानी से परिवर्तित किया जा सकेगा और साथ ही भारत में दूसरी मुद्रा का आसानी से रुपये में हस्तांतरण हो सकेगा।

**422. अपवादी मांग वक्र वह होती है जो-**

(a) ऊपर की ओर दाएं जाए

(b) नीचे की ओर दाएं जाए

(c) क्षैतिज जाए

(d) ऊर्ध्वाधर जाए

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

एक सामान्य मांग वक्र नीचे की ओर दाएं जाती है जबकि अपवादी मांग वक्र (Exceptional Demand Curve) ऊपर की ओर दाएं जाती है।

**423. श्री वाई.वी. रेड्डी की सेवानिवृत्ति के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक का गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?**

(a) डॉ. इंद्रा रंगराजन (b) डॉ. दिलीप संघवी

(c) डॉ. विजय एल. केलकर (d) श्री डी. सुब्बाराव

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

| क्रम | गवर्नर | अवधि कार्यकाल |
|---|---|---|
| 19वें | डॉ. सी. रंगराजन | दिसंबर, 1992 से नवंबर, 1997 |
| 20वें | डॉ. विमल जालान | नवंबर, 1997 से सितंबर, 2003 |
| 21वें | डॉ. वाई.वी. रेड्डी | सितंबर, 2003 से सितंबर, 2008 |
| 22वें | डॉ. डी. सुब्बाराव | सितंबर, 2008 से सितंबर, 2013 |
| 23वें | रघुराम राजन | सितंबर, 2013 सितंबर, 2016 |
| 24वें | उर्जित पटेल | सितंबर, 2016 से 11.12.2018 तक |
| 25वें | शक्तिकांत दास | 12 दिसंबर, 2018 से अब तक |

**424. स्टैगफ्लेशन की स्थिति वह होती है, जब-**

(a) वृद्धि का कीमतों में परिवर्तन के साथ कोई संबंध न हो
(b) वृद्धि की दर और कीमत दोनों घट रही हों
(c) वृद्धि की दर कीमत बढ़ने की दर से तेज़ हो
(d) वृद्धि की दर कीमत बढ़ने की दर से धीमी हो

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

स्टैगफ्लेशन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति की दर तेज हो और साथ-साथ वृद्धि की दर नीचे जा रही हो।

**425. मुद्रास्फीति की उच्च दर और बेरोजगारी की उच्च दर की एक साथ उपस्थिति को क्या कहते हैं?**

(a) गतिरोध (b) स्टैगफ्लेशन
(c) चल स्फीति (d) अवस्फीति

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

अर्थशास्त्र में, अंग्रेजी शब्द स्टैगफ्लेशन उस स्थिति को दर्शाता है जब गतिरोध और मुद्रास्फीति की स्थिति एक समान हो अर्थात् जब मुद्रास्फीति की दर और बेरोजगारी दर दोनों ही उच्च रहते हैं। ब्रिटिश राजनीतिज्ञ इयान मैक्लॉड (Iain Macleod) ने वर्ष 1965 में वहां की संसद में दिए गए अपने एक भाषण के दौरान सर्वप्रथम 'स्टैगफ्लेशन' शब्द का प्रयोग किया था।

**426. स्टैगफ्लेशन स्थिति है–**

(a) गतिरोध और अवस्फीति की
(b) गतिरोध और मंदी की
(c) गतिरोध और मुद्रास्फीति की
(d) गतिरोध और पुनरुत्थान की

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**427. निम्नलिखित में से मुद्रास्फीति का मुख्य कारण कौन है?**

(a) पूंजी पूर्ति में कमी
(b) पूंजी पूर्ति में वृद्धि
(c) वस्तु की पूर्ति में कमी
(d) सरकारी पूंजी में वृद्धि

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

'मुद्रास्फीति' दो शब्दों 'मुद्रा' तथा 'स्फीति' से बना है जिसमें 'स्फीति' का तात्पर्य प्रसार होता है। इस प्रकार मुद्रास्फीति का मुख्य कारण पूंजी पूर्ति में वृद्धि होना होता है।

**428. रिक्त स्थान की उत्तरपूर्ति के लिए यहां दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प का चयन करें—**
**मुद्रा स्फीति से बाजार की वस्तुएं..................।**

(a) महंगी हो जाती हैं
(b) सस्ती हो जाती हैं
(c) पहले महंगी और बाद में सस्ती हो जाती हैं
(d) बिलकुल नहीं मिलती हैं।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

मुद्रास्फीति से बाजार की वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। मुद्रास्फीति का कारण मुद्रा का प्रसार होता है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ जाती है। फलस्वरूप मांग भी बढ़ जाती है। जो अंततोगत्वा वस्तुओं के महंगी हो जाने का कारण बनता है।

**429. कृषि उत्पादों की आपूर्ति प्रायः -**

(a) लोचदार होती है (b) बेलोच होती है
(c) पूर्ण लोचदार होती है (d) पूर्ण बेलोच होती है

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

कृषि उत्पादों की आपूर्ति प्रायः बेलोच होती है।

**430. किस प्रकार के उत्पादों के लिए CACP न्यूनतम समर्थन कीमत की सिफारिश करता है?**

(a) औद्योगिक उत्पाद (b) कृषि उत्पाद
(c) भेषज उत्पाद (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

CACP (Commission for Agricultural Costs and Prices) कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन कीमत (Minimum Support Price) की सिफारिश करता है।

**431. 'ग्रीन अकाउंटिंग' का अर्थ है, ——— के आकलन को ध्यान में रखते हुए देश की राष्ट्रीय आय को मापना।**

(a) देश के कुल वन क्षेत्र
(b) देश के वन आच्छादन के विनाश
(c) प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षति
(d) उद्धार की गई परती भूमि के क्षेत्रफल

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

'ग्रीन अकाउंटिंग' को 'एन्वॉयरन्मेंटल अकाउंटिंग' भी कहते हैं जिसे IUCN (International Union for Conservation of Nature) ने विकसित किया है। अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक पर्यावरण की भूमिका को समझने का यह एक महत्त्वपूर्ण संसाधन है। ग्रीन लेखा उन आंकड़ों को उपलब्ध कराता है जो अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक संसाधनों के योगदान को दर्शाते हैं तथा साथ-ही-साथ उन आंकड़ों को भी प्रस्तुत करता है जो प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षति को इंगित करते हैं।

**432. भारत में सामाजिक लेखांकन प्रणाली को किसमें वर्गीकृत किया जाता है?**

(a) परिसंपत्तियों, देनदारियों और ऋण स्थिति
(b) सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र
(c) आय, उत्पाद और व्यय
(d) उद्यम, परिवार और सरकार

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

भारत में सामाजिक लेखांकन प्रणाली को आय, उत्पाद और व्यय में वर्गीकृत किया जाता है।

**433. विपदा के लिए योजना बनाने का मुख्य उद्देश्य क्या कम करना है?**

(a) मृत्यु (b) क्षति
(c) जोखिम (d) सुभेदयता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

विपदा के लिए योजना बनाते समय सर्वप्रथम सुभेदयता (Vulnerability) को ध्यान में रखा जाता है। जैसे बाढ़ प्रवण क्षेत्र में अधिवासित व्यक्ति अन्य क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों के अपेक्षा अधिक सुभेद्य होता है। अतः विपदा के लिए योजना का मुख्य उद्देश्य इसी सुभेद्यता को कम करना होता है।

**434. निवेश और बचत से संबंधित योजना 'जीवन आस्था' 2008-09 में शुरू की गई थी-**

(a) टाटा ए.आई.जी. द्वारा
(b) आई.सी.आई.सी.आई. प्रूडेंशियल द्वारा
(c) बजाज एलाएन्ज़ द्वारा
(d) एल.आई.सी. द्वारा

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

'जीवन आस्था' योजना LIC द्वारा वर्ष 2008-09 में शुरू की गई थी।

**435. एकाधिकारी प्रतियोगिता का सिद्धांत संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिपादित किया गया है-**

(a) जॉन रॉबिन्सन द्वारा (b) एडवर्ड चैम्बरलिन द्वारा
(c) जॉन बेट्स क्लार्क द्वारा (d) जोसफ शूम्पीटर द्वारा

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

अमेरिकी अर्थशास्त्री एडवर्ड एच. चैम्बरलिन (Edward Hastings Chamberlin) ने वर्ष 1933 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'थ्योरी ऑफ मोनोपोलिस्टिक कम्प्टीशन' (Theory of Monopolistic Competition) में एकाधिकारी प्रतियोगिता के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। वर्ष 1933 में ही ब्रिटिश अर्थशास्त्री जॉन रॉबिन्सन ने भी इसी विषय पर अपनी पुस्तक प्रकाशित की थी।

**436. संसद की किस वित्तीय समिति में राज्य सभा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होता?**

(a) लोक लेखा समिति (b) प्राक्कलन समिति
(c) लोक उपक्रम समिति (d) व्यय समिति

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

लोक सभा की स्थायी समितियों में तीन वित्तीय समितियां होती हैं। ये समितियां हैं- लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति (Estimates Committee) तथा सरकारी उपक्रम समिति (Commitlee on public Undertakings)। ये समितियां सरकारी खर्च और निष्पादन पर लगातार नजर रखती हैं। लोक लेखा समिति तथा सरकारी उपक्रम समिति में राज्य सभा के सदस्य भी होते हैं लेकिन प्राक्कलन समिति के सभी सदस्य लोक सभा से होते हैं।

**437. किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा के मूल्य और कीमत स्तर के बीच संबंध होता है-**

(a) अनुलोम (डायरेक्ट) (b) प्रतिलोम (इनवर्स)
(c) समानुपाती (d) स्थिर

**S.S.C.(डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

अर्थव्यवस्था में मुद्रा के मूल्य और कीमत स्तर के बीच प्रतिलोम (Inverse) संबंध होता है।

**438. भारत में मुद्रा आपूर्ति की स्थिति के संबंध में कहा जा सकता है कि—**

(a) जनता के पास मुद्रा केवल अविनिमेय है।

(b) जनता के पास मुद्रा बैंकों में जमा से कम है।

(c) जनता के पास मुद्रा बैंकों में जमा से अधिक है।

(d) जनता के पास मुद्रा बैंकों में जमा के बराबर है।

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

भारत में मुद्रा आपूर्ति की स्थिति में कहा जा सकता है कि जनता के पास मुद्रा बैंकों में जमा से कम है।

**439. मूल्यह्रास किसके बराबर होता है?**

(a) सकल राष्ट्रीय उत्पाद-निवल राष्ट्रीय उत्पाद

(b) निवल राष्ट्रीय उत्पाद-सकल राष्ट्रीय उत्पाद


(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद-वैयक्तिक आय

(d) वैयक्तिक आय-वैयक्तिक कर

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय उत्पाद के विभिन्न रूपों के बीच संबंध -




निवल अप्रत्यक्ष कर = अप्रत्यक्ष कर – Subsidy

NDP(FC) = मजदूरी + ब्याज + लगान + लाभ + मिश्रित आय।

NDP(MP)= NDP(FC) + INT– S, जहां S = Subsidy

GNP = सकल राष्ट्रीय उत्पाद, NNP = निवल राष्ट्रीय उत्पाद, GDP = सकल घरेलू उत्पाद, NDP= निवल घरेलू उत्पाद, MP= बाजार कीमत पर, FC= कारक लागत, D= मूल्यह्रास, INT= निवल अप्रत्यक्ष कर, NFI = विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय।

**440. भारत में कृषि में बेरोजगारी का स्वरूप है-**

(a) केवल मौसमी (b) केवल प्रच्छन्न

(c) दोनों (a) और (b) (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

**भारत में बेरोजगारी का स्वरूप**

| ग्रामीण बेरोजगारी | शहरी बेरोजगारी |
|---|---|
| क्रॉनिक बेरोजगारी (Chronic Unemployment) | औद्योगिक क्षेत्रक में बेरोजगारी |
| मौसमी बेरोजगारी (Seasonal Unemployment) | शहरी शिक्षित वर्ग में (Among Industrial Workers) |
| | संरचनात्मक या तकनीकी मूलक बेरोजगारी |
| प्रच्छन्न बेरोजगारी (Disguised Unemployment) | (Structural or Technological Unemployment) |

**441. प्रच्छन्न बेरोजगारी का अर्थ सामान्यतः है, जहां _____ ।**

(a) बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार रहते हैं

(b) वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं है

(c) श्रम की सीमांत उत्पादकता शून्य है

(d) श्रमिकों की उत्पादकता कम है

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 8 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

छिपी हुई बेरोजगारी या प्रच्छन्न बेरोजगारी वह स्थिति है, जब श्रमिक बाहर से तो श्रम पर लगे प्रतीत होते हैं किंतु वास्तव में उन श्रमिकों की उस कार्य में आवश्यकता नहीं होती है अर्थात उनकी सीमांत उत्पादकता शून्य होती है।

**442. निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य सुरक्षा प्रणाली का एक घटक है?**

(a) सुरक्षित भंडार (b) न्यूनतम समर्थन मूल्य

(c) उचित मूल्य की दुकानें (d) मध्याह्न भोजन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a&c)**

सरकार द्वारा तैयार की गई खाद्य सुरक्षा व्यवस्था के कारण देश में अनाज की उपलब्धता और भी सुनिश्चित हो गई। इस व्यवस्था के दो घटक हैं- सुरक्षित भंडार (Buffer Stock) और उचित मूल्य की दुकानें (सार्वजनिक वितरण प्रणाली)। यह प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में जब खाद्यान्नों की अस्थायी कमी होती है, तो उससे निबटने में काम आता है।

**443. प्रच्छन्न बेरोजगारी को और किस नाम से भी जाना जाता है?**

(a) अल्प रोजगार (b) संघर्ष संबंधी बेरोजगारी

(c) मौसमी बेरोजगारी (d) चक्रीय बेरोजगारी

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II -पाली)**

**उत्तर–(a)**

प्रच्छन्न या अदृश्य बेरोजगारी, बेरोजगारी की वह स्थिति है जिसमें लोग ऊपरी तौर पर रोजगाररत हैं, लेकिन वास्तव में बेरोजगार या अल्प रोजगार में हैं, अदृश्य बेरोजगारी कहलाता है। भारत में कषि क्षेत्र में पर्याप्त प्रच्छन्न बेरोजगारी पाई जाती है।

**444. किसी अर्थव्यवस्था में क्षेत्रों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है?**

(a) रोजगार की शर्तें

(b) आर्थिक गतिविधियों का स्वरूप

(c) उद्यमों का स्वामित्व

(d) कच्ची सामग्रियों का प्रयोग

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

किसी अर्थव्यवस्था में क्षेत्रों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में, उद्यमों के स्वामित्व के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

**445. ऐसी अर्थव्यवस्था को क्या कहते हैं जिसका शेष विश्व से कोई संबंध नहीं होता?**

(a) समाजवादी अर्थव्यवस्था (b) संवृत/बंद अर्थव्यवस्था

(c) मुक्त अर्थव्यवस्था (d) मिश्रित अर्थव्यवस्था

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

ऐसी अर्थव्यवस्था जिसका शेष विश्व से कोई संबंध नहीं होता 'संवृत/बंद अर्थव्यवस्था' (Closed Economy) कहलाती है। ऐतिहासिक दौर में बंद अर्थव्यवस्थाओं के कई उदाहरण मौजूद हैं, परंतु वर्तमान में बहुत कम बंद अर्थव्यवस्थाएं मौजूद हैं। ब्राजील 2013 में असामान्य रूप से एक बंद अर्थव्यवस्था थी। यहां 2013 में आयात + निर्यात (Expart + impart) GDP का महज 27.6 प्रतिशत था।

**446. अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा किसी वस्तु का उत्पादन किसका क्रियाकलाप है?**

(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र

(c) तृतीयक क्षेत्र (d) तकनीकी क्षेत्र

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

अर्थव्यवस्था की आर्थिक गतिविधियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है जिन्हें अर्थव्यवस्था का 'क्षेत्रक' या 'क्षेत्र' (Sector) कहा जाता है। इन क्षेत्रकों में प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा वस्तु का उत्पादन प्राथमिक क्षेत्र का क्रियाकलाप है। इसमें कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां, उत्खनन, पशुपालन इत्यादि शामिल हैं।

**447. भारत में FERA का स्थान ले लिया है-**

(a) FEMA ने (b) FETA ने

(c) FENA ने (d) FELA ने

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

1 जून, 2000 को FERA (Foreign Exchange Regulation Act) को रद्द कर उसके स्थान पर FEMA (Foreign Exchange Management Act) को लागू किया गया।

**448. भारतीय रिजर्व बैंक करेंसी नोट जारी करता है-**

(a) नियत प्रत्ययी प्रणाली के अंतर्गत

(b) अधिकतम प्रत्ययी प्रणाली के अंतर्गत

(c) नियत न्यूनतम आरक्षण प्रणाली के अंतर्गत

(d) अनुपाती आरक्षण प्रणाली के अंतर्गत

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

भारतीय रिजर्व बैंक देश में मौद्रिक गतिविधियों के नियमन का नियंत्रण करता है। भारतीय रिजर्व बैंक के दो प्रकार के कार्य हैं- पहला, सामान्य केंद्रीय बैंकिंग कार्य तथा दूसरा, विकास संबंधी और प्रवर्तन कार्य। भारतीय रिजर्व बैंक नियत न्यूनतम आरक्षण प्रणाली के अंतर्गत बैंक करेंसी नोट जारी करता है।

**449. जवाहर रोजगार योजना क्रियान्वित की जाती है-**

(a) ग्राम पंचायतों द्वारा (b) जिला कलक्टरों द्वारा

(c) राज्य सरकारों द्वारा (d) केंद्रीय सरकार द्वारा

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

जवाहर रोजगार योजना 1 अप्रैल, 1989 से प्रभाव मेंआई थी। इस कार्यक्रम में केंद्र-राज्य की हिस्सेदारी 80:20 अनुपात थी। इस योजना और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की है। जवाहर रोजगार योजना को वर्ष 1999 में पुनः संरचित करते हुए जवाहर ग्राम समृद्धि योजना से नामकरण किया गया।

**450. 'इंदिरा आवास योजना' किन लोगों को आवास में सहायता देने वाली योजना है?**

(a) विकलांगों को आवास

(b) अनाथों को आवास

(c) गरीब ग्रामीणों को आवास

(d) गरीब नगरवासियों को आवास

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बंधुआ मजदूरों के निवास स्थलों के निर्माण और उन्नयन के लिए वर्ष 1985-86 से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए इंदिरा आवास योजना को कार्यान्वित कर रही है। वर्ष 1993-94 से इस योजना के दायरे को बढ़ाते हुए गैर अनुसूचित जाति, जनजाति के गरीब परिवारों को भी शामिल किया गया। लेकिन योजना के तहत कुल आवंटित राशि के 40 प्रतिशत से अधिक की सहभागिता इन्हें नहीं प्रदान की जाती है। इस योजना का विस्तार सेवानिवृत्त सेना और अर्द्धसैनिक बल के मुठभेड़ में मारे गए लोगों के परिवारों तक भी किया गया है। योजना के तहत आवंटित किए जाने वाले 3 प्रतिशत मकान शारीरिक और मानसिक विकलांगों के लिए वर्ष 2006-07 से आरक्षित किए गए हैं। वर्तमान परिदृश्य : 'इंदिरा आवास योजना' में व्याप्त खामियों को दूर करते हुए केंद्र सरकार ने 'ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की है। योजना के तहत वर्ष 2016 से 2019 के मध्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेंघर परिवारों हेतु 1 करोड़ पक्के मकान बनाए जाएंगे।

**451. निम्नलिखित में से विषम ज्ञात करें -**

(a) एस.जी.एस.वाई. : स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
(b) एस.जे.एस.आर.वाई. : स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना
(c) एन.ओ.ए.पी.एस. : नेशनल ओल्ड ऐज पेंशन स्कीम
(d) एन.आर.ई.जी.एस. : नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

एन.ओ.ए.पी.एस. विषम है क्योंकि यह पेंशन योजना है। अन्य तीनों योजनाएं रोजगार योजनाएं हैं।

**452. राष्ट्रीय नवीकरण निधि (एनआरएफ) किस प्रयोजन से संस्थापित की गई थी?**

(a) सामाजिक सुरक्षा
(b) उद्योगों का पुनर्निर्माण एवं आधुनिकीकरण
(c) सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन देना
(d) ग्रामीण पुनर्निर्माण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय नवीकरण निधि (NRF) को वर्ष 1992 में प्रारंभ किया गया था इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी परिवर्तन के परिणामस्वरूप छंटनी हुए श्रमिकों को पुनर्प्रशिक्षित तथा पुनर्स्थापित करते हुए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना था। इसे वर्ष 2000 में बंद कर दिया गया।

**453. 'प्रधानमंत्री एलपीजी पंचायत योजना' के अंतर्गत अगले डेढ़ वर्ष में देश में कितने 'प्रधानमंत्री एलपीजी पंचायत' का आयोजन किया जाएगा?**

(a) 2 लाख (b) 1 लाख
(c) 3 लाख (d) 5 लाख

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

13 फरवरी, 2018 को राष्ट्रपति भवन में एलपीजी पंचायत आयोजित की गई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार अगले डेढ़ वर्ष (31 मार्च, 2019 तक) में देशभर में ऐसी 1 लाख एलपीजी पंचायतों का आयोजन किया जाना लक्षित है।

**454. प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (पीएमवीवीवाई) के अंतर्गत ____की अवधि में आश्वासित आवधिक लाभ दिया जाएगा।**

(a) 5 वर्ष (b) 10 वर्ष
(c) 15 वर्ष (d) 20 वर्ष

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा 21 जुलाई, 2017 को दिल्ली से 'प्रधानमंत्री वय वंदना योजना' (PMVVY) का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह योजना भारत सरकार द्वारा घोषित एक पेंशन योजना है, जो केवल वरिष्ठ नागरिकों (विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) के लिए है। यह योजना 4 मई, 2017 से 3 मई, 2018 तक उपलब्ध रहेगी। इस योजना को संचालन करने का विशेषाधिकार भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) को है। यह योजना 10 वर्ष के लिए 8 प्रतिशत वार्षिक मासिक देय (8.30% प्रतिवर्ष प्रभावी के समतुल्य) का निश्चित प्रतिफल (Return) सुनिश्चित कराती है।

**455. 'मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत भारत .......... के स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 35 करोड़ रुपये देगा।**

(a) पाकिस्तान (b) बांग्लादेश
(c) श्रीलंका (d) नेपाल

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

'मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत भारत बांग्लादेश के स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 35 करोड़ रुपये देगा। भारत ने वर्ष 1971 के स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए वर्ष 2006 में मुक्तिजोधा छात्रवृत्ति योजना शुरू की थी।

**456. पी.एम.जी.एस.वाई. का असंक्षिप्त रूप क्या है?**

(a) प्रधानमंत्री गृह सड़क योजना
(b) प्रधानमंत्री गांव सड़क योजना
(c) प्रधानमंत्री गारंटी सड़क योजना
(d) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

पी.एम.जी.एस.वाई का असंक्षिप्त (विस्तृत) रूप प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 25 दिसंबर, 2000 को शुरू की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में 500 या इससे अधिक आबादी वाले (पहाड़ी और रेगिसतानी क्षेत्रों में 250 लोगों की आबादी वाले गांव) सड़क-संपर्क से वंचित गांवों को बाररमासी सड़कों से जोड़ना है।

**457. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की वार्षिक प्रीमियम (रुपये में) कितनी है?**

(a) 12 (b) 300
(c) 330 (d) 1200

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार द्वारा समर्थित एक जीवन बीमा योजना है। इसका आरंभ कोलकाता में 9 मई, 2015 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया था। योजना की वार्षिक प्रीमियम (रुपये में) 330 प्रति सदस्य है।

**458. बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों के लिए भौतिक सहायता तथा असिस्टेड-लिविंग डिवाइस उपलब्ध कराने की एक योजना कौन-सी है?**

(a) राष्ट्रीय वयोश्री योजना (b) वयोश्रेष्ठ योजना
(c) प्रधानमंत्री वयोश्री योजना (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों के लिए भौतिक सहायता तथा असिस्टेड लिविंग डिवाइस उपलब्ध कराने की एक योजना 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' है। इसका शुभारंभ आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से 1 अप्रैल, 2017 को हुआ था।

**459. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना क्या है?**

(a) एक स्वास्थ्य बीमा योजना
(b) एक वित्तीय समावेश योजना
(c) एक जीवन बीमा योजना
(d) एक दुर्घटना बीमा योजना

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक जीवन बीमा योजना है। सहभागी बैंकों के 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी बचत बैंक खाता धारक इसमें शामिल होने के हकदार हैं।

**460. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ...... लाख रु. तक का मुद्रा ऋण प्रदान करता है।**

(a) दस (b) पांच
(c) बीस (d) पचास

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 10 लाख रुपये तक का मुद्रा के ऋण प्रदान करता है। इस योजना की शुरुआत भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को नई दिल्ली में की गई थी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत तीन श्रेणियां होती हैं- शिशु (50 हजार), किशोर (5 लाख) और तरुण (10 लाख)।

**461. प्रधानमंत्री जन-धन योजना की शुरुआत किस वर्ष की गई थी?**

(a) 2013 (b) 2014
(c) 2015 (d) 2016

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

प्रधानमंत्री जन-धन योजना भारत में वित्तीय समावेशन पर एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य देशभर में सभी परिवारों को बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराना और प्रत्येक परिवार का बैंक खाता खोलना है। इस योजना की घोषणा 15 अगस्त, 2014 को तथा इसका शुभारंभ 28 अगस्त, 2014 को किया गया।

**462. _________योजना केंद्र सरकार द्वारा बिहार राज्य में प्रारंभ की गई जिसका उद्देश्य डाक सेवाओं के माध्यम से साफ गंगाजल को घरेलू क्षेत्रों तक पहुंचाना है।**

(a) गंगाजल डिलीवरी योजना
(b) मिशन भागीरथी इन तेलंगाना
(c) नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन
(d) रेल यात्रा बीमा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

गंगाजल डिलीवरी योजना केंद्र सरकार द्वारा बिहार राज्य में प्रारंभ की गई जिसका उद्देश्य डाक सेवाओं के माध्यम से साफ गंगाजल को घरेलू क्षेत्रों तक पहुंचाना है। इस योजना का शुभारंभ जुलाई, 2016 में किया गया था।

**463. केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई____योजना का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका में सुधार करना और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना तथा पूरे देश में पंचायती राज को मजबूत करना है।**

(a) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
(b) ग्राम उदय से भारत उदय अभियान
(c) स्टैंड अप इंडिया स्कीम
(d) नेशनल आरयू अर्बन मिशन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(b)**

14 अप्रैल से 24 अप्रैल, 2016 के मध्य केंद्र सरकार, राज्यों और पंचायतों के सहयोग से 'ग्रामोदय से भारत उदय अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान का लक्ष्य समस्त गावों में पंचायती राजव्यवस्था को सुदृढ़ करके सामाजिक सद्भाव, ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, किसानों की प्रगति और गरीब लोगों की जीविका के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयास करना है।

**464. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना का क्रियान्वयन कौन करेगा?**

(a) राष्ट्रीय बीमा कंपनी लिमिटेड

(b) न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

(c) भारतीय जीवन बीमा निगम

(d) एसबीआई जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना का क्रियान्वयन भारतीय जीवन बीमा निगम करेगा। इस योजना के अंतर्गत LIC 10 वर्ष की अवधि के लिए 8 फीसदी का गारंटीशुदा रिटर्न देगी। यह योजना सरकार की सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का एक हिस्सा है।

**465. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में निवेश को आकर्षित करने के लिए एमएसआईपीएस में बदलाव की मंजूरी दी है। एम.एस.आई.पी.एस. का असंक्षिप्त रूप क्या है?**

(a) संशोधित संधारणीय निवेश संपुष्टि योजना

(b) संशोधित विशिष्ट सूचना संपुष्टि योजना

(c) संशोधित विशिष्ट प्रोत्साहन संपुष्टि योजना

(d) आधुनिक समाजवादी प्रोत्साहन संपुष्टि योजना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(c)**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में निवेश को आकर्षित करने के लिए M-SIPS में बदलाव की मंजूरी दी है। M-SIPS का पूर्ण रूप है- Modified Special Incentive Package Scheme (संशोधित विशिष्ट प्रोत्साहन संपुष्टि योजना)। यह मंजूरी (बदलाव की) 18 जनवरी, 2017 को दी गई है।

**466. दीन दयाल रसोई योजना जिसके तहत केवल 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, 6 अप्रैल, 2017 को किस राज्य द्वारा आरंभ की गई है?**

(a) छत्तीसगढ़ (b) हरियाणा

(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

दीन दयाल रसोई योजना 7 अप्रैल, 2017 को मध्य प्रदेश राज्य द्वारा आरंभ की गई है। इस योजना के तहत राज्य सरकार गरीब लोगों को 5 रुपये में भोजन मुहैया करा रही है।

**467. निम्नलिखित में से किस गैस में वृद्धि ग्लोबल वार्मिंग की ओर ले जाता है?**

(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड

(c) सल्फर डाइऑक्साइड (d) ओजोन

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

पृथ्वी के वायुमंडल में पाई जाने वाली प्रमुख ग्रीन हाउस गैसें हैं- जलवाष्प, कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड तथा क्लोरोफ्लोरोकार्बन। इसमें से कार्बन डाइऑक्साइड गैस ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है क्योंकि वायुमंडल में इसकी सांद्रता अन्य ग्रीन हाउस गैसों की तुलना में बहुत अधिक है।

**468. 'PMSBY' का विस्तारित रूप क्या है?**

(a) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

(b) प्रधानमंत्री सुकन्या बीमा योजना

(c) प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत योजना

(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

'PMSBY' का विस्तारित रूप 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' (Prime Minister Suraksha Bima Yojana) है। इसका प्रारंभ 9 मई, 2016 को कोलकाता से हुआ था।

**469. निम्न में से किस योजना को 2015 में एपीवाई द्वारा बदल दिया गया था?**

(a) अंत्योदय योजना (b) स्वावलंबन योजना

(c) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (d) स्वाभिमान योजना

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

स्वावलंबन योजना को सरकार ने वर्ष 2010-11 में शुरू किया था। 1 जून, 2015 को प्रारंभ अटल पेंशन योजना (APY) ने स्वावलंबन योजना का स्थान ले लिया है।

**470. वर्ष 2013 में शुरू की गई 'रूसा' योजना का सर्वप्रमुख उद्देश्य क्या है?**

(a) राज्यों की उच्चतर शैक्षिक संस्थाओं को वित्त मुहैया करना

(b) विवाह योग्य गरीब लड़कियों के लिए आर्थिक सहायता देना
(c) वृद्ध नागरिकों के चिकित्सा की विशेष व्यवस्था करना
(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है। जो पात्र राज्य उच्चतर शैक्षिक संस्थाओं को वित्तपोषित करने के उद्देश्य से वर्ष 2013 में प्रारंभ किया गया था। केंद्रीय वित्त पोषण (सामान्य वर्ग के राज्यों के लिए 60 : 40 के अनुपात में, और विशेष वर्ग के राज्यों के लिए 90 : 10 के अनुपात में तथा संघ शासित क्षेत्रों के लिए 100 प्रतिशत वित्तपोषण) मापदंड आधारित और आउटकम अधीन होगा।

**471. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) का प्रधान उद्देश्य क्या है?**

(a) ग्रामीण सड़कों पर विद्युत प्रकाश की व्यवस्था
(b) बीपीएल परिवारों को एलपीजी कनेक्शन देना
(c) बीपीएल परिवार के मुखिया का बीमा करवाना
(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) का प्रधान उद्देश्य बीपीएल परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन देना है। इस योजना में 5 करोड़ गरीब महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन मुहैया कराने की योजना बनाई गई है। यह योजना 1 मई, 2016 को आरंभ की गई थी।

**472. निम्न में से किस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में बचत को बढ़ावा देना है?**

(a) महिला समृद्धि योजना (b) जवाहर रोजगार योजना
(c) राष्ट्रीय महिला कोष (d) अंत्योदय योजना

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

महिला समृद्धि योजना महिलाओं (18 वर्ष से अधिक) में बचत की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई एक विशेष योजना है। इस योजना के तहत ग्रामीण वयस्क महिला अपने गांव/पंचायत के डाकघर में खाता खोलकर एक वर्ष में 300 रुपये जमा करती है।

**473. .......पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाने के लिए एक उप-योजना है।**

(a) राष्ट्रीय कृषि विस्तार और प्रौद्योगिकी मिशन
(b) नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर
(c) राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

'पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाना (BGREI : Bringing Green Revolution to Eastern India) कार्यक्रम' राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की एक उपयोजना है। पूर्वी भारत में 'चावल आधारित फसल प्रणालियों' की उत्पादकता को सीमित करने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए इस क्रांति की शुरुआत वर्ष 2010-11 में की गई थी।

**474. विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा चलाए गए बचत लैंप योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

(a) सीएफएल के प्रयोग को प्रोत्साहित करना
(b) सीएफएल का वितरण
(c) विद्युत खपत में कमी लाना
(d) सभी विकल्प सही हैं।

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

विद्युत मंत्रालय द्वारा चलाए गए 'बचत लैंप योजना' (BLY) का उद्देश्य विद्युत खपत में कमी लाना है। इसके लिए इस योजना के माध्यम से सीएफएल के प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा सीएफएल का वितरण करना है।

**475. वर्ष 2010 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मातृत्व सहयोग योजना के तहत 19 वर्ष से अधिक उम्र की मां बनने वाली महिलाओं को सहायता स्वरूप कितनी राशि प्रदान की जाती है?**

(a) 4000 रुपये (b) 6000 रुपये
(c) 8000 रुपये (d) 10000 रुपये

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए वर्ष 2010 में भारत सरकार द्वारा एक 'सशर्त मातृत्व लाभ योजना' प्रारंभ की गई थी। वर्ष 2014 तक इस केंद्र प्रायोजित योजना को 'इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना' (IGMSY) के नाम से जाना जाता था। वर्ष 2014 में इस योजना का नाम बदलकर 'मातृत्व सहयोग योजना' कर दिया गया। वर्ष 2017 में इस योजना का पुनर्नामकरण 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' (PMMVY) के रूप में किया गया। इस योजना के तहत 19 वर्ष से अधिक उम्र की मां बनने वाली महिलाओं को सहायतास्वरूप 6000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

**476. केंद्र सरकार की.........योजना के अनुसार, यदि भारतीय रेल से यात्रा करने वाला व्यक्ति टिकिट की बुकिंग करते समय 92 पैसे का अतिरिक्त भुगतान करता है तो यात्रा के दौरान यात्री का 10 लाख का बीमा रक्षा रहेगा।**

(a) गंगाजल डिलीवरी योजना
(b) मिशन भागीरथी इन तेलंगाना
(c) नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन
(d) रेल यात्रा बीमा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

सितंबर, 2016 में भारतीय रेलवे ने रेल यात्रा बीमा योजना प्रारंभ की। योजना के अनुसार, यदि भारतीय रेल से यात्रा करने वाला व्यक्ति IRCTC की वेबसाइट से कन्फर्म या आरएसी टिकट बुक करते समय उसे 10 लाख रुपये का यात्री बीमा कवरेज हेतु 92 पैसे का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। यह बीमा राशि ट्रेन दुर्घटनाओं और अन्य अप्रिय घटनाओं जैसे आतंकवादी हमला, डकैती, दंगा, शूटिंग या आगजनी में देय होगी।

**477. प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है जिसके अंतर्गत उन परिवारों को घरेलू एलपीजी कनेक्शन दिए जाएंगे, जो गरीबी रेखा से नीचे आते हैं।**

(a) ग्राम उदय से भारत उदय अभियान

(b) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

(c) प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना

(d) विद्यांजलि योजना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(b)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 मई, 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों की महिलाओं को घरेलू एलपीजी (गैस) कनेक्शन प्रदान किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**478. केंद्र सरकार द्वारा शुरु की गई........योजना का उद्देश्य गांवों को अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक संगठित ग्रामीण पंचायत की स्थापना करना है।**

(a) ग्राम उदय से भारत उदय अभियान

(b) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

(c) प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना

(d) विद्यांजलि योजना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

14 अप्रैल, 2016 को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती के आरंभ से और 24 अप्रैल, 2016 को पंचायती राज दिवस के समापन तक, केंद्र सरकार, राज्यों और पंचायतों के सहयोग से 'ग्रामोदय से भारत उदय अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान का लक्ष्य समस्त गांवों में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करके सामाजिक सद्भाव बढ़ाने, ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, किसानों की प्रगति और गरीब लोगों की जीविका के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयास करना है।

**479. केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई........योजना एक विशेष सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसमें पेंशन और जीवन बीमा शामिल है।**

(a) दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

(b) दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

(c) महात्मा गांधी प्रवासी सुरक्षा योजना

(d) इंद्रधनुष योजना

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

केंद्र सरकार द्वारा मई, 2012 में इमिग्रेशन चेक रिक्वायर्ड (ईसीआर) देशों में रोजगार हेतु विदेश जाने वाले श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा संबंधी उपाय के रूप में 'महात्मा गांधी प्रवासी सुरक्षा योजना' प्रारंभ की गई थी। यह योजना जीवन बीमा तथा पेंशन सुविधा दोनों को संयुक्त रूप से समाहित करती थी। उल्लेखनीय है इस योजना में सदस्यता काफी कम होने के कारण 1 अप्रैल, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इस योजना को बंद कर दिया गया है।

**480. 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना के अंतर्गत श्रेणी 2 तथा श्रेणी 3 के शहरों में क्षेत्रीय हवाई सेवाएं......रु. प्रति घंटा में उपलब्ध कराई जाएंगी।**

(a) 1500 (b) 2000

(c) 2500 (d) 3000

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(c)**

'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) इस योजना के तहत श्रेणी 2 तथा श्रेणी 3 के शहरों में क्षेत्रीय हवाई सेवाएं 2500 रु. प्रति घंटा में उपलब्ध कराई जाएंगी।

**481. उड़ान योजना के अंतर्गत पांच संचालक 128 मार्गों पर संचालन करेंगे। निम्नलिखित में से कौन-सा संचालक उनमें से एक नहीं है?**

(a) एयर डेक्कन (b) एयर ओडिशा

(c) टर्बो मेघा (d) इंडिगो

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उड़ान योजना के अंतर्गत संचालक मार्गों पर शामिल संचालक कंपनियां हैं- एअर डेक्कन, एयर ओडिशा एवं टर्बो मेघा। इंडिगो इसके (उड़ान के) पांच संचालक समूहों में शामिल नहीं है।

**482. केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई........योजना का उद्देश्य घरों और समुदायों में शौचालयों का निर्माण करके खुले में शौच को दूर करना है।**

(a) स्वच्छ भारत अभियान

(b) ग्राम उदय से भारत उदय अभियान

(c) स्टैंड अप इंडिया स्कीम

(d) नेशनल आरयू अर्बन मिशन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य घरों और समुदायों में शौचालयों का निर्माण करके खुले में शौच को दूर करना है। इस अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर, 2014 को की गई थी।

**483. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक मास के.......दिन निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा अपेक्षित इलाज की सुविधा प्रदान करता है।**

(a) पहले (b) नौवें

(c) पद्रंहवें (d) तीसवें

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 12 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार की नई पहल है, जिसके तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को सभी गर्भवती महिलाओं को व्यापक और गुणवत्तायुक्त प्रसव पूर्व देखभाल प्रदान करना सुनिश्चित किया गया है।

**484. नई अर्थव्यवस्था विकास नीति (एन.ई.डी.पी.) के अंतर्गत 19 जनवरी, 2017 को.........में उद्यमिता विकास योजना (ई.डी.एस.) का शुभारंभ किया गया है।**

(a) नई दिल्ली (b) मिजोरम

(c) गुजरात (d) उत्तर प्रदेश

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

नई अर्थव्यवस्था विकास नीति (NEDP) के अंतर्गत उद्यमिता विकास परियोजना का शुभारंभ मिजोरम में 18 जनवरी, 2017 को किया गया। **नोट**-प्रश्न में योजना के शुभारंभ की तिथि 19 जनवरी, 2017 दी गई है, जो कि सही नहीं है।

**485. भारतीय रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूचीबद्ध यात्रियों के लिए 'विकल्प' नामक योजना शुरू की गई है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस योजना के संदर्भ में सही नहीं है?**

(a) दूसरी ट्रेनों में उनको कन्फर्म सीटें दी जाएंगी।

(b) यात्रियों से अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा

(c) प्रतीक्षा सूचीबद्ध यात्रियों को राजधानी/शताब्दी/स्पेशल ट्रेन में यात्रा का अवसर उपलब्ध हो सकता है, जबकि उन्होंने दूसरी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन में बुकिंग की हुई हो।

(d) विकल्प योजना केवल ई-टिक पर ही उपलब्ध होगी।

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

1 अप्रैल, 2017 से भारतीय रेलवे ने 'विकल्प' नामक योजना शुरू की है। विकल्प (a) को छोड़कर, विकल्प योजना के संबंध में दिए गए अन्य सभी विकल्प, सही हैं। 'विकल्प' योजना के तहत प्रतीक्षा सूचीबद्ध यात्रियों को उसी रूट पर चलने वाली दूसरी ट्रेन में कन्फर्म सीट दिए जाने का प्रावधान वैकल्पिक ट्रेन तथा उसमें कन्फर्म सीट की उपलब्धता के अधीन है।

**486. एडम स्मिथ के अनुसार निम्न में से कौन-सा 'कराधान का अभिनियम' नहीं है?**

(a) निश्चितता का अभिनियम (b) सरलता का अभिनियम

(c) सुविधा का अभिनियम (d) किफायत का अभिनियम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1776 में एडम स्मिथ ने अपनी पुस्तक `The Wealth of Nations' में अच्छे कराधान के 4 सिद्धांतों का प्रतिपादन किया– (i) न्यायसम्यता (Equity), (ii) निश्चितता (Certainty), (iii) सुविधा (Convenience) और (iv) किफायत (Efficiency) निपुणता/कार्य क्षमता।

**487. 'एन इनक्वॉयरी इनटू द नेचर एंड कॉजेस ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?**

(a) मार्शल (b) पीगू

(c) ग्रेशम (d) एडम स्मिथ

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

'एन इनक्वॉयरी इनटू द नेचर एंड कॉजेस ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' स्वाकॉटिश अर्थशास्त्री एड्म स्मिथ की प्रसिद्ध रचना है। इसका प्रथम प्रकाशन 1776 ई. में हुआ था। यह क्लासिकल अर्थशास्त्र का मूलभूत ग्रंथ है।

**488. लगान किसके लिए किया गया उपादान (कारक) भुगतान है?**

(a) भूमि (b) रेस्तरां

(c) भवन (d) फैक्टरी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

आमतौर पर लगान (किराया) किरायेदार द्वारा भूमि, मकान या दुकान के उपयोग के लिए भू-स्वामी को दिया जाने वाला भुगतान है, परंतु अर्थशास्त्र में 'लगान' शब्द का विशेष अर्थ है। साधारणतया जो लगान या किराया भूमि के स्वामी को मिलता है, वह आर्थिक लगान नहीं होता, 'सकल लगान' (Gross Rent) होता है। आर्थिक लगान वह अधिशेष है जो कि सामान्य लाभ समेत कुल उत्पाद व्ययों के घटाने के बाद भूमि के स्वामी को पारिश्रमिक के रूप में प्राप्त होता है। आभासी लगान वह होता है जो टिकाउ परिसंपत्ति जैसे मशीनों, भवनों इत्यादि के प्रयोग से प्राप्त आय लगान की भांति है, इसे 'अधिशेषवत' भी कहते हैं।

**489. किसने 'लगान' को भू-उपज के उस भाग के रूप में परिभाषित किया था जो मृदा को मूल और अनश्वर शक्ति के प्रयोग के लिए जमींदार को अदा किया जाता है-**

(a) रिकॉर्डो (b) मार्शल

(c) कीन्स (d) पीगू

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

रिकॉर्डो के अनुसार, ''लगान भूमि की उपज का वह भाग है जो भू-स्वामी को भूमि की मौलिक एवं अविनाशी शक्तियों के उपयोग के उपलक्ष्य में दिया जाता है''।

**490. रिकॉर्डो के लगान सिद्धांत में किस प्रकार के बाजार के अस्तित्व की अवधारणा है?**

(a) एकाधिकार (b) पूर्णाधिकार

(c) अल्पाधिकार (d) द्वि-अधिकार

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

रिकॉर्डो के अनुसार, ''लगान भूमि की उपज का वह भाग है जो भूमि के मालिक को भूमि की मौलिक एवं अविनाशी शक्तियों के उपयोग के लिए दिया जाता है''। रिकॉर्डो के लगान सिद्धांत में पूर्ण प्रतियोगी बाजार के अस्तित्व की अवधारणा है, इसलिए सारे बाजार में एक प्रकार का कृषि उत्पादन एक ही कीमत पर बिकता है।

**491. लाभ के गतिशील सिद्धांत का प्रस्तावक कौन था?**

(a) क्लार्क (b) शूम्पीटर

(c) नाइट (d) हाली

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

'लाभ के गतिशील सिद्धांत' (Dynamic theory of profit) के प्रस्तावक जे.बी. क्लार्क थे जबकि शूम्पीटर के अनुसार, नवप्रवर्तनों के कारण गतिशील परिस्थितियों में अंतर आता है और इन्हीं परिवर्तनों के कारण लाभ उत्पन्न होता है।

**492. लाभ का अभिनव सिद्धांत किसने विकसित किया?**

(a) वॉकर (b) क्लार्क

(c) नाइट (d) शूम्पीटर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

लाभ का अभिनव सिद्धांत (Innovation theory of Profit) का प्रतिपादन ऑस्ट्रियन-अमेरिकन अर्थशास्त्री जोसेफ शूम्पीटर ने विकसित किया था।

**493. पूंजीवादी के अंतर्गत विकास प्रक्रिया को 'सर्जक विनाश' के रूप में किसने वर्णित किया है?**

(a) शूम्पीटर (b) हैनसेन

(c) कार्ल मार्क्स (d) जे.एस. मिल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

पूंजीवादी के अंतर्गत विकास प्रक्रिया को 'सर्जक विनाश' के रूप में शूम्पीटर ने वर्णित किया है। शूम्पीटर ने विकास की प्रक्रिया को सृजनात्मक विनाश (Creative destruction) इसलिए कहता है क्योंकि इसमें समाज के पुराने आर्थिक ढांचे निरंतर नाश किए जाते हैं और उनके स्थान पर नए ढांचे लगातार निर्मित किए जा रहे हैं।

**494. आर्थिक लाभ तथा सामान्य लाभ इस रूप में लगभग एक से हैं—**


(a) लेखा शास्त्र लाभ (b) अनुकूलतम लाभ

(c) अधिकतम लाभ (d) शुद्ध लाभ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

कुल उत्पादन का वह अवशेष जो भूमि, श्रम तथा पूंजी के पारिश्रमिक के बाद साहसी को उत्पादन क्रिया में प्राप्त होता है, वही लाभ होता है। यह दो प्रकार का होता है।




अनुकूलतम लाभ की स्थिति में उत्पादक को केवल सामान्य लाभ प्राप्त होता है, जो उत्पादक का आर्थिक लाभ भी है।

**495. निम्नलिखित में से कौन-सा एक साधन केंद्र सरकार के राजस्व का स्रोत नहीं है?**

(a) आयकर (b) कॉर्पोरेट कर

(c) कृषि आयकर (d) उत्पादक शुल्क

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(c)**

कृषि आयकर, केंद्र सरकार के राजस्व का स्रोत नहीं है। वर्तमान में केंद्र सरकार के राजस्व में (दिए गए विकल्पों में) सर्वाधिक हिस्सा क्रमशः कॉर्पोरेशन टैक्स (19पै.), आयकर (16पै.) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क (8पै.) का है, जबकि 23पै. के हिस्सेदारी के साथ GST एवं अन्य कर सर्वाधिक राजस्व अर्जक हैं।

**496. उत्पादन के निमित्त, उसके उद्यमी को मिलने वाले पारिश्रमिक को क्या कहते हैं?**

(a) शुद्ध लाभ (b) सकल लाभ

(c) निवल लाभ (d) अधिसामान्य लाभ

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उत्पादन के निमित्त उसके उद्यमी को मिलने वाले पारिश्रमिक को शुद्ध लाभ (Pure profit) कहते हैं। उत्पादित माल की बिक्री से होने वाली प्राप्ति में से कुछ व्यय निकाल देने पर जो बचता है उसे कुल लाभ (Gross Profit) होता है। ऐसा लाभ साहसी की कुल कमाई को सूचित करता है और यह केवल उसके जोखिम उठाने का पारितोषण नहीं होता। इसी प्रकार, साहसी (उद्यमी) को केवल उत्पादन का जोखिम उठाने के लिए जो पारितोषिक मिलता है उसे शुद्ध लाभ (Net Profit) कहा जाता है।

कुल लाभ = शुद्ध लाभ + साहसी के निजी साधनों का प्रतिफल + मशीन आदि का घिसावट-व्यय + आकस्मिक लाभ + एकाधिकार लाभ।

**497. प्रो. मिल्टन फ्रीडमैन किसके लीडर थे?**

(a) ओहियो स्कूल (b) शिकागो स्कूल

(c) कैम्ब्रिज स्कूल (d) लंदन स्कूल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

प्रो. मिल्टन फ्रीडमैन जो 'शिकागो विश्वविद्यालय' के प्रोफेसर थे, ने वर्ष 1956 में प्रकाशित 'The Quantity Theory of Money : A Restatement' में मुद्रा के आधुनिक परिमाण सिद्धांत का विशेष मॉडल बनाया।

**498. महामंदी के परिणामस्वरूप आर्थिक प्रतिलब्धि के लिए 'नई व्यवस्था' की घोषणा किस अमेरिकी राष्ट्रपति ने की थी?**

(a) अब्राहम लिंकन (b) बेंजामिन फ्रेंकलिन

(c) जे.एफ. केनेडी (d) रूजवेल्ट

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

महामंदी के परिणामस्वरूप आर्थिक प्रतिलब्धि के लिए 'नई व्यवस्था' (New Deal) की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलीन डी. रूजवेल्ट ने की थी।

**499. ब्याज की दर और उपभोग के स्तर के बीच संबंध पर सबसे पहले किसने कल्पना की?**

(a) अमर्त्य सेन (b) मिल्टन फ्राइडमैन

(c) इरविंग फिशर (d) जेम्स ड्यूजनबेरी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

'उपयोग का स्थायी आय सिद्धांत' के प्रतिपादक मिल्टन फ्रीडमैन थे। फ्रीडमैन ने बताया कि उपभोग, आय के वर्तमान स्तर के बजाय दीर्घकालीन प्रत्याशित आय द्वारा निर्धारित होता है।''

$$C^P = KY^P$$

जहां- $Y^P$-स्थायी आय, $C^P$- स्थायी उपभोग,

K- स्थायी आय

ब्याज दर में कमी का उपभोग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

**500. ब्याज से संबंधित समापन अधिमान्य सिद्धांत का प्रतिपादन इन्होंने किया था—**

(a) एडम स्मिथ (b) जे.एम. कीन्स

(c) अल्फ्रेड मार्शल (d) डेविड रिकॉर्डो

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

बीसवीं शताब्दी के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लॉर्ड जे.एम. कीन्स ने अपनी पुस्तक 'The General Theory of Employment Interest and Money' (1936) में ब्याज निर्धारण का एक मौद्रिक सिद्धांत प्रतिपादित किया जिसे तरलता अधिमान सिद्धांत' (Liquidity Preference Theory) कहा जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार ब्याज एक निश्चित समय के लिए तरलता परित्याग का पुरस्कार है।

**501. संघ सरकार के कर राजस्व में सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत है—**

(a) आय कर (b) सीमा शुल्क

(c) निगम कर (d) संघ उत्पाद शुल्क

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नकाल में में संघ सरकार के कर राजस्व में सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोत निगम कर है। जबकि अंतरिम बजट 2019-20 में निगम कर के साथ-साथ Goods and Service tax का हिस्सा सर्वाधिक (21 पै.) है।

**502. अप्रत्याशित व्यय संसद के पूर्व अनुमोदन के बिना किस निधि से किया जा सकता है?**

(a) भारत की संचित निधि से

(b) भारत की आकस्मिकता निधि से

(c) लेखानुदान से

(d) राजकोष से

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

सरकार की प्राप्तियां और भुगतान तीन हिस्सों में बांटी गई हैं; (i) समेकित कोष (Consolidated Fund) सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व, इसके द्वारा उगाहे गए ऋण तथा साथ ही समेकित कोष से इसके द्वारा प्रदान किए गए ऋणों की वसूली से होने वाली प्राप्ति है। संसद से प्राधिकरण के बिना इससे कोई राशि नहीं निकाली जा सकती है। (ii) आकस्मिक कोष (Contingency Fund) ऐसे अवसर आ सकते हैं जब सरकार को संसद से प्राधिकार के बिना अति तत्काल अप्रत्याशित व्यय पूरे करने की आवश्यकता हो। आकस्मिकता राशि एक ऐसी धनराशि है जो ऐसे व्यय करने के लिए राष्ट्रपति के स्वनिर्णय पर आधारित होते हैं। (iii) लोक कोष (Public Account) अमूमन सरकार का नहीं होता है और इसे कुछ समय बाद वापस भुगतान करना होता है अथवा उन व्यक्तियों और प्राधिकरणों को इसे वापस देना होता है जिन्होंने इसे जमा किया। अतः लोक कोष से भुगतानों के लिए संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है।

**503. ग्यारह यूरोपीय राष्ट्रों में शुरू की गई साझी मुद्रा को कहते हैं-**

(a) यूरो पाउंड (b) यूरो

(c) यूरो डॉलर (d) इनमें से कोई भी नहीं

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(b)**

1 जनवरी, 1999 को ग्यारह यूरोपीय राष्ट्रों में एक साझा मुद्रा की शुरुआत हुई, जिसे यूरो नाम दिया गया। यूरो नाम आधिकारिक रूप से 16 दिसंबर, 1995 को अपनाया गया था। वर्तमान में यूरोपीय यूनियन के 28 मेम्बर स्टेट्स में से 19 में 'यूरो' मुद्रा प्रचलित है।

**504. उत्पादन गुणक के न्यूनतम भुगतान को क्या कहते हैं?**

(a) आभासी लगान (b) किराया

(c) मजदूरी (d) अंतरण भुगतान

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उत्पादन गुणक के न्यूनतम भुगतान को मजदूरी (Wages) कहते हैं।

**505. आभासी लगान——परिघटना है।**

(a) मध्यावधिक (b) दीर्घावधिक

(c) अल्पावधिक (d) कोई अवधि नहीं

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

आभासी लगान (Quasi-rent) की धारणा के प्रतिपादन का श्रेय प्रो. मार्शल को है। अल्पकाल में स्थिर साधनों द्वारा अर्जित आय को मार्शल ने 'आभासी लगान' कहा।

**506. अल्पावधि में भूमि से भिन्न किसी अन्य उपादान द्वारा अर्जित अधिशेष को कहते हैं-**

(a) आर्थिक लगान (अधिशेष)

(b) निवल लगान (अधिशेष)

(c) आभासी लगान (अधिशेष)

(d) अधि सामान्य लगान (अधिशेष)

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(c)**

ऐसी टिकाऊ परिसंपत्ति जिसकी पूर्ति अल्पकाल में बेलोच हो, से प्राप्त आय आभासी लगान (Quasi-rent) कहलाती है, जैसे मशीनों, भवनों व जहाज आदि के प्रयोग से प्राप्त आय लगान की भांति है, इसे अधिशेष भी कहते हैं। आभासी लगान अस्थायी होता है जबकि आर्थिक लगान स्थायी होता है। आभासी लगान केवल अल्पकालीन है जब तक कि पूर्ति बेलोच रहती है।

**507. मूल्यवर्धित कर पहले लागू हुआ था-**

(a) जर्मनी में (b) स्पेन में

(c) फ्रांस में (d) रूस में

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

विश्व में सबसे पहले मूल्यवर्धित कर 10 अप्रैल, 1954 को मैरिस लौरे (Maurice Laure) के द्वारा फ्रांस में लागू किया गया था। भारत में मूल्य वर्धित कर (वैट) 1 अप्रैल, 2005 से लागू हुआ, जबकि हरियाणा वैट लागू करने वाला पहला भारतीय राज्य बना था।

**508. मूल्यवर्धित कर (VAT) क्या है?**

(a) उपभोक्ताओं पर लगाया गया एक सरल, पारदर्शी, भुगतान करने में आसान कर

(b) उच्च आय वर्ग पर कर का भार बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किया गया एक नया उपक्रम

(c) एक अकेला कर जो अधिप्रभार, पण्यावर्त कर आदि राज्य करों का स्थान लेता है

(d) पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादकों पर लगाया जाने वाला एक नया कर

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

मूल्यवर्धित कर (VAT) एक अकेला कर है जो अधिप्रभार (Surcharge) और पण्यावर्त (Turnover) कर आदि राज्य करों का स्थान लेता है।

**509. वैट (VAT) किस पर लगाया जाता है?**

(a) उत्पादन के प्रथम चरण में

(b) उत्पादन और बिक्री के सभी चरणों में

(c) उत्पादन के अंतिम चरण में

(d) सीधे उपभोक्ता पर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

भारत में मूल्यवर्धित कर (VAT) 1 अप्रैल, 2005 से लागू किया गया। यह एक बहुबिंदु बिक्री कर (Multipoint Sales Tax) है जो उत्पादन के और बिक्री के प्रत्येक चरण पर होने वाली मूल्य वृद्धि पर लगाया जाता है। भारत में VAT लागू करने वाला प्रथम राज्य हरियाणा जबकि उत्तर प्रदेश में इसे 1 जनवरी, 2008 को लागू किया गया।

**510. सेनवैट का संबंध किससे है?**

(a) सेवा कर (b) सीमा शुल्क

(c) उत्पाद शुल्क (d) बिक्री कर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

सेनवैट (Central Value Added Tax- CENVAT) का संबंध उत्पाद शुल्क से है। इसे वर्ष 2000-2001 के बजट से लागू किया गया। सेनवैट को वर्ष 1986-87 से लागू मोडवैट (MODVAT : Modified Value Added Tax) की जगह प्रतिस्थापित किया गया।

**511. जीएसटी क्या है?**

(a) एक प्रत्यक्ष कर

(b) एक अप्रत्यक्ष कर

(c) एक कॉर्पोरेट टैक्स

(d) एक नगर निगम कर

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

गुड्स एवं सर्विसेज टैक्स या वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भारत में 1 जुलाई, 2017 से लागू एक महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था है। भारत का 122वां संविधान संशोधन विधेयक 'जीएसटी' से ही संबंधित हैं। जीएसटी विधेयक को अभिपुष्ट करने वाला पहला राज्य असम है।

**512. दृश्य निर्यात और दृश्य आयात के बीच अंतर को कहते हैं-**

(a) व्यापार शेष (b) भुगतान संतुलन

(c) व्यापार की सन्तुलित स्थिति (d) व्यापार से लाभ

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

दृश्य निर्यात और दृश्य आयात के बीच अंतर को व्यापार संतुलन/शेष (Balance of Trade) कहते हैं।

**513. दृश्य निर्यात और दृश्य आयात के मूल्य में अंतर को क्या कहते हैं?**

(a) लेखा शेष (b) भुगतान संतुलन

(c) वस्तु शेष (d) व्यापार शेष

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**514. निम्नलिखित में से कौन भारतीय अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आता है?**

(a) कपड़ा उद्योग (b) वस्तुओं का परिवहन

(c) डेयरी (d) चीनी उद्योग

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

दिए गए विकल्पों में 'वस्तुओं का परिवहन' भारतीय अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत है।

**515. अचल संपत्ति किस क्षेत्र के अंतर्गत आता है?**

(a) प्राथमिक (b) तृतीय

(c) द्वितीय (d) द्वितीय तथा तृतीय दोनों

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र को 'सेवा क्षेत्र' भी कहते हैं। तृतीयक क्षेत्र का विकास 20वीं शताब्दी के आरंभ में शुरू हुआ। इसके अंतर्गत व्यापार, यातायात, संप्रेषण, वित्त, अचल संपत्ति, पर्यटन, सत्कार, संस्कृति, मनोरंजन, लोक प्रशासन एवं लोक सेवा, सूचना, न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि आते हैं।

**516. निम्नलिखित में से कौन-से आर्थिक गतिविधियां प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं?**

I. बैंक सेवाएं II. डेरी

III. परिवहन

(a) केवल I (b) केवल II

(c) केवल III (d) I तथा II दोनों

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

दिए गए विकल्पों में केवल डेरी उद्योग प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती है, जबकि बैंक सेवाएं तथा परिवहन तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रक होते हैं- कृषि, मात्स्यिकी एवं वानिकी (प्राथमिक क्षेत्र), निर्माण एवं विनिर्माण (द्वितीयक क्षेत्र) तथा सेवा क्षेत्र (तृतीयक क्षेत्र)।

**517. निम्नलिखित में से किस क्षेत्राक को सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है?**

(a) प्राथमिक क्षेत्रक (b) द्वितीयक क्षेत्रक

(c) तृतीयक क्षेत्रक (d) चतुर्मागात्मक क्षेत्रक

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

तृतीयक क्षेत्रक को सेवा क्षेत्रक भी कहा जाता है। सेवा क्षेत्र के अंतर्गत व्यापार, यातायात, संप्रेषण, वित्त, पर्यटन, सत्कार, संस्कृति, मनोरंजन, लोक प्रशासन एवं लोक सेवा, सूचना, न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि आते हैं। तृतीयक क्षेत्र का विकास 20वीं शताब्दी के आरंभ में शुरू हुआ।

**518. बैंक सेवाएं आर्थिक गतिविधि के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं?**

(a) प्राथमिक क्षेत्रक (b) द्वितीयक क्षेत्रक

(c) तृतीयक क्षेत्रक (d) चतुर्मागात्मक क्षेत्रक

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

बैंक सेवाएं तृतीयक आर्थिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं। यह क्षेत्र सेवा क्षेत्र भी कहलाता है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में तेजी आती है, अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र का अंश बढ़ता जाता है।

**519. निम्नलिखित में से कौन-से आर्थिक गतिविधियां प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं?**

I. मत्स्यन II. डेरी

III. कृषि

(a) केवल I (b) केवल II

(c) I, II तथा III (d) I तथा II दोनों

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत मत्स्यन, डेरी, कृषि एवं खनन इत्यादि गतिविधियां आती हैं। विकसित देशों में प्राथमिक क्षेत्र का अंश अर्थव्यवस्था में कम होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में प्राथमिक क्षेत्र का अंश स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से लगातार कम हुआ है।

**520. कृषि किस आर्थिक गतिविधि के क्षेत्रक के अंतर्गत आती है?**

(a) द्वितीयक क्षेत्रक (b) प्राथमिक क्षेत्रक

(c) तृतीयक क्षेत्रक (d) चतुर्मागात्मक क्षेत्रक

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

कृषि प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती है। प्राथमिक क्षेत्रक के अंतर्गत अन्य गतिविधियां हैं- खनन, मत्स्य एवं वानिकी इत्यादि।

**521. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| क्षेत्र | उदाहरण |
|---|---|
| (1) प्राथमिक | (A) सलाहकारी संस्था |
| (2) द्वितीय | (B) मधुमक्खी पालन |
| (3) तृतीय | (C) जूते का कारखाना |

(a) 1-B, 2-C, 3-A

(b) 1-C, 2-A, 3-B

(c) 1-A, 2-C, 3-B

(d) 1-C, 2-B, 3-A

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

| क्षेत्र | उदाहरण |
|---|---|
| प्राथमिक | मधुमक्खी पालन |
| द्वितीय | जूते का कारखाना |
| तृतीय | सलाहकारी संस्था |

**522. राष्ट्रीय आय में शामिल है–**

(a) भूकंप पीड़ितों को वित्तीय सहायता

(b) किसी बच्चे की जेब खर्च

(c) लॉटरी का कोई पुरस्कार जीतना

(d) नए मकान का निर्माण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

भूकंप पीड़ितों को वित्तीय सहायता तथा किसी बच्चे की जेब खर्च राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं हैं क्योंकि यह हस्तांतरण भुगतान (Transfer Payment) में शामिल है। लॉटरी का पुरस्कार जीतना किसी प्रकार की बिक्री और अंतिम उत्पाद का प्रतिनिधित्व नहीं करता। अतः यह भी राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं है। चूंकि मकान किराए के रूप में कारक आय (Factor Income) उत्पन्न करते हैं। अतः नए मकान का निर्माण राष्ट्रीय आय में शामिल है।

**523. निम्नलिखित में से किसकी आय को राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है?**

(a) मालिक के कब्जे में मकानों का आरोपित किराया

(b) नए पुलों के निर्माण पर किया गया सरकारी व्यय

(c) लॉटरी जीतना

(d) किसी मकान की बिक्री के लिए एजेंट को दिया गया कमीशन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

लॉटरी जीतना अंतिम उत्पाद और सेवाओं के उत्पादन या किसी विक्रय का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। अतः यह सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में शामिल नहीं होता है। यह अंतरण भुगतान (Transfer payment) का एक उदाहरण है।

**524. अंतरण अदायगी में शामिल हैं–**

(a) किसी मित्र से प्राप्त उपहार

(b) नियोक्ता द्वारा निःशुल्क आवास

(c) विदेश से निवल उपादान आय

(d) सामाजिक सुरक्षा में कर्मचारी का अंशदान

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(a)**

बाजार प्रणाली में आय का पुनर्वितरण ही, अर्थशास्त्र में अंतरण अदायगी (Transfer Payment) कहलाता है। ऐसी आय जो किसी भी साधन के वर्तमान प्रतिफल के रूप में न प्राप्त होकर सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा भुगतान के रूप में मिलती है, अंतरण अदायगी कहलाती है। ये भुगतान राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होते।

**525. 'अंतरण आय' होती है-**

(a) अनर्जित आय

(b) अर्जित आय

(c) वह आय जो किसी उत्पादन प्रक्रिया से न बनी हो

(d) एक व्यक्ति से लेकर दूसरे व्यक्ति को दी गई आय

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

'अंतरण आय' का अभिप्राय अनर्जित आय से है जिसमें सरकारी पेंशन, बेरोजगारी भत्ता, सब्सिडी, राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज आदि के रूप में भुगतान करती है। यह सरकारी व्यय है परंतु राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं होते क्योंकि वे चालू वर्ष के दौरान उत्पादन प्रक्रिया में बिना कुछ जोड़े भुगतान किए जाते हैं।

**526. 'समझौता ज्ञापन' (एमओयू) की पद्धति कब शुरू की गई?**

(a) 1989-90 (b) 1990-91

(c) 1987-88 (d) 1988-89

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

सरकार ने लोक उपक्रमों की स्वायत्तता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'समझौता-ज्ञापन' प्रणाली की शुरुआत वर्ष 1987 - 88 में की। इसकी अनुशंसा अर्जुन सेन गुप्त समिति ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 1984 में की थी।

**527. उत्पादन के मूल्य और वर्धित मूल्य के बीच अंतर किया जा सकता है, यदि विदित हो–**

(a) मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य

(b) निवल अप्रत्यक्ष करों का मूल्य

(c) बिक्री का मूल्य

(d) स्थायी पूंजी के उपयोग का मूल्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(a)**

उत्पादन के मूल्य (value of out put) और वर्धित मूल्य (value added) के बीच अंतर मध्यवर्ती माल (Intermediate goods) के द्वारा किया जा सकता है। अतः अभीष्ट उत्तर (a) है। Value added = Value of out put – Value of Intermediate goods.

**528. निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध हमेशा सही होता है?**

(a) आय = उपभोग + निवेश

(b) आय = उपभोग + बचत

(c) बचत = निवेश

(d) आय = उपभोग + बचत + निवेश

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

आय = उपभोग + बचत +निवेश का संबंध हमेशा सही होता है।

**529. एकाधिकारी की सीमांत आय होती है–**

(a) कीमत से अधिक

(b) कीमत के बराबर

(c) कीमत से कम

(d) सीमांत लागत से कम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

एकाधिकारी (Monopolist) की सीमांत आय (Marginal Revenue) सदैव कीमत से कम होती है।

एकाधिकारी की आय

(Monopoly's Revenue)

कुल आय (Total revenue)

$P \times Q = TR$

औसत आय (Average Revenue)

$TR/Q = AR = P$

सीमांत आय (Marginal Revenue)

$\Delta TR/\Delta Q = MR$

जहां P कीमत (Price)

Q मात्रा (Quantity)

**530. एकाधिकारी किसके आधार पर मूल्य विभेदन का आश्रय लेता है?**

(a) मांग का नियम (b) पूर्ति का नियम

(c) पूर्ति लोच (d) मांग लोच

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

एकाधिकारी मांग लोच के आधार पर मूल्य विभेदन का आश्रय लेता है।

**531. 'संतुलन-स्तर बिंदु' वह है जहां-**

(a) सीमांत आय सीमांत लागत के बराबर हो

(b) औसत आय औसत लागत के बराबर हो

(c) कुल आय कुल लागत के बराबर हो

(d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

'संतुलन-स्तर बिंदु' (Break-Even Point) वह बिंदु है जहां कुल आय कुल लागत के बराबर हो।

$$\text{ब्रेक ईवेन प्वॉइंट} = \frac{\text{अचल लागत} \times 100}{\text{अचल लागत} + \text{शुद्ध व्यय}}$$

**532. उस स्थिति को क्या कहते हैं जिसमें कुल आय कुल लागत के बराबर हो?**

(a) एकाधिकारी प्रतियोगिता (b) उत्पादन का समतुल्य स्तर

(c) संतुलन स्तर बिंदु (d) पूर्ण प्रतियोगिता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**533. स्पष्ट + अंतर्निहित लागत =**

(a) आर्थिक लागत (b) सामाजिक लागत

(c) निजी लागत (d) लेखा लागत

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

किसी फर्म द्वारा किसी वस्तु के उत्पादन हेतु प्रयुक्त उत्पादन के विभिन्न साधनों पर तथा उस वस्तु के बेचने में जो कुल मौद्रिक व्यय किया जाता है, उसे स्पष्ट लागत या मौद्रिक लागत कहते हैं। आर्थिक लागत में निम्न लागत सम्मिलित रहती है।

आर्थिक लागत = स्पष्ट (Expticit) या व्यक्त लागत + अंतर्निहित (Implicid) लागत + सामान्य लाभ

**534. पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत किसी फर्म का मांग वक्र होता है–**

(a) OX-अक्ष पर क्षैतिज (b) ऋणात्मक प्रवण

(c) धनात्मक प्रवण (d) U–आकृति का

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(a)**

पूर्ण प्रतियोगिता के अंतर्गत (Under Perfect Competition) किसी फर्म का मांग वक्र (Demand Curve) OX-अक्ष पर क्षैतिज होता है।

**535. 2011-12 के बजट में, 2011-12 के लिए राजकोषीय घाटा (सकल घरेलू उत्पाद का %) प्रक्षेपित किया गया है-**

(a) 5.1 पर (b) 5.0 पर

(c) 4.6 पर (d) 3.4 पर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

वर्ष 2011-12 के बजट अभिभाषण में तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने बताया कि वर्ष 2010-11 के लिए राजकोषीय घाटा (Fiscal deficit) जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहा और उन्होंने वर्ष 2011-12 के लिए इसके जीडीपी के 4.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई थी। अंतरिम बजट अनुमान 2019-20 के अनुसार राजकोषीय घाटा 3.4 प्रतिशत अनुमानित है।

**536. वित्त मंत्री द्वारा 28-2-2011 को प्रस्तुत 2011-12 के बजट में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से 80 वर्ष से कम तक) की आय कर में छूट की सीमा बढ़ा कर कर दी गई है।**

(a) रु. 2.50 लाख (b) रु. 2.60 लाख

(c) रु. 2.80 लाख (d) रु. 3.00 लाख

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(a)**

तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2011-12 के बजट में वरिष्ठ नागरिकों की आय कर में छूट की सीमा बढ़ाकर रु. 2.50 लाख कर दी गई। पहले यह सीमा 2.40 लाख रु. थी। इस बजट में वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए उम्र सीमा में छूट प्रदान कर इसे 65 से 60 वर्ष कर दिया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की एक नई श्रेणी 80 वर्ष और उससे अधिक की घोषणा की थी। अंतरिम बजट 2019-20 के अनुसार, 5 लाख रुपये तक की सालाना कर योग्य आमदनी वाले व्यक्तिगत करदातओं को अब कोई आयकर नहीं देना होगा। वेतनभोगियों के लिए मानक कटौती की राशि को मौजूदा 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपयेकर दिया गया है। अंतरिम बजट 2019-20 में आयकर की वर्तमान दरों को जारी रखा गया है।

बजट 2018-19 के अनुसार, आयकर की दरें-

| **कर दर** | **आय स्लैब (वैयक्तिक कर दाता)** |
|---|---|
| 5% | 2,50,001 रुपये- 5 लाखरुपये |
| 20% | 5 लाख एक रुपये- 10 लाख रुपये |
| 30% | 10 लाख एक रुपये- से अधिक |
| 30%+10% अधिभार | 50 लाख एक रुपये- 1 करोड़ रुपये |
| 30%+15% अधिभार | 1 करोड़ रुपये से अधिक |

**537. वर्ष 2011-12 के बजट आकलन में, पूर्व में चावल आधारित शस्य प्रणाली में एक हरित क्रांति लाने के लिए रु. 400 करोड़ का नियतन किया गया है-**

(a) केवल असम और पश्चिम बंगाल में
(b) केवल असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और बिहार में
(c) केवल असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड में
(d) असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

चावल आधारित शस्य प्रणाली (Cropping System) में एक हरित क्रांति लाने के लिए 400 करोड़ रु. का नियतन इन राज्यों के लिए किया गया है– असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा (उड़ीसा) बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़।

**538. वर्ष 2011-12 के रेलवे बजट के अनुसार, पुरुषों के लिए वरिष्ठ नागरिक छूट बढ़ा दी गई है-**

(a) 25% से 30% तक (b) 30% से 40% तक
(c) 40% से 50% तक (d) 30% से 50% तक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 2011-12 के रेलवे बजट के अनुसार, पुरुषों के लिए वरिष्ठ नागरिक छूट बढ़ाकर 30% से 40% तक कर दी गई है। साथ ही महिलाओं के लिए वरिष्ठ नागरिक उम्र सीमा को 60 वर्ष से 58 वर्ष कर दिया गया है। वर्तमान में भी यही व्यवस्था है। वर्तमान में रेलवे में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए वरिष्ठ नागरिक छूट क्रमशः 40 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत है।

**539. वर्ष 2011-12 के रेलवे बजट के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) वातानुकूलित तथा अवातानुकूलित दोनों श्रेणियों द्वारा लंबी दूरी की रेलयात्रा के लिए किराए में 10% की वृद्धि होगी।
(b) खाद्यान्न के अलावा अन्य सभी वस्तुओं पर भाड़ा दर में 16% की वृद्धि होगी।
(c) सभी श्रेणियों में लंबी दूरी की यात्रा के लिए यात्री किराए में और माल भाड़े में भी 16% की वृद्धि होगी।
(d) उपनगरीय और लंबी दूरी की गाड़ी यात्रा दोनों के लिए किराए में कोई वृद्धि नहीं होगी।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

वर्ष 2011-12 के रेलवे बजट में किसी भी प्रकार किराए भाड़े में कोई वृद्धि नहीं हुई। वर्ष 2019-20 के अंतरिम बजट में भी कोई किराया वृद्धि नहीं हुई।

**540. 'दुर्लभ मुद्रा' किसे कहते हैं?**

(a) ऐसी मुद्रा, जो ऋण के बदले चुकाई जाती है
(b) ऐसी मुद्रा, जो सोने के रूप में हो
(c) ऐसी मुद्रा, जो आसानी से सुलभ हो
(d) ऐसी मुद्रा, जो आसानी से सुलभ न हो

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

'दुर्लभ मुद्रा' (Hard Currency) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा है जिस पर सबसे अधिक भरोसा किया जाता है और जिसे प्रत्येक अर्थव्यवस्था द्वारा मांगा जाता है। यह ऐसी मुद्रा होती है, जिसका व्यापार वैश्विक स्तर पर होता है। डॉलर तथा यूरो इत्यादि ऐसी ही मुद्राओं की श्रेणी में आती हैं। दुर्लभ मुद्रा अन्य मुद्राओं में आसानी से परिवर्तनीय होती है।

**541. निम्नलिखित में से कौन-सी एजेंसी भारत में राष्ट्रीय आय के आकलन के लिए उत्तरदायी है?**

(a) एन.सी.ए.ई.आर. (b) सी.एस.ओ.
(c) एन.एस.एस. (d) आर.बी.आई.

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

भारत में राष्ट्रीय आय के आकलन की जिम्मेदारी सी.एस.ओ. (केंद्रीय सांख्यिकी संगठन) की है।

**542. 'भारत का आर्थिक सर्वेक्षण' प्रति वर्ष इनके द्वारा प्रकाशित किया जाता है-**

(a) वाणिज्य मंत्रालय
(b) सी.एस.ओ
(c) वित्त मंत्रालय
(d) अर्थिक मामलों (कार्य) का मंत्रालय

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

भारत का आर्थिक सर्वेक्षण (Economic Survey of India) भारत के वित्त मंत्रालय (Ministry of Finance) द्वारा प्रति वर्ष प्रकाशित किया जाता है। आर्थिक सर्वेक्षण में पिछले वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन से संबंधित तथ्य एवं आकड़ें संग्रहित होते हैं।

**543. मानव विकास सूचकांक किसने विकसित किया था?**

(a) अमर्त्य सेन (b) फ्रीडमैन
(c) महबूब-उल-हक (d) मोंटेक सिंह

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

मानव विकास सूचकांक (Human Development Index) को पाकिस्तानी अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक ने विकसित किया था।

**544. योजना आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, तेंदुलकर समिति द्वारा सुझाए गए सूत्र पर आधारित गरीबी 2009-10 में घट कर रह गई है-**

(a) 36% (b) 32%
(c) 28% (d) 24%

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

अप्रैल, 2011 में जारी योजना आयोग के आंकड़ों के अनुसार, तेंदुलकर समिति द्वारा सुझाए गए सूत्र पर आधारित गरीबी वर्ष 2004-05 के 37.2 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2009-10 में 32 प्रतिशत रह गई है। जून, 2014 में जारी योजना आयोग के आंकड़ों (तेंदुलकर मैथेडोलॉजी) के अनुसार, वर्ष 2011-12 में गरीबी प्रतिशत घटकर 21.9 प्रतिशत रह गई है। जबकि जून, 2014 में ही जारी योजना आयोग के आंकड़ों (लाकड़ावाला मैथड) के अनुसार पावर्टी रेशियो, 2004-05 (URP) में 27.5 प्रतिशत है।

**545. अनुषंगी हितलाभ कर किस बजट में प्रस्तुत किया गया था?**

(a) 2003-04 (b) 2004-05
(c) 2005-06 (d) 2006-07

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

वर्ष 2005-06 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने अनुषंगी हितलाभ कर (Fringe Benefit Tax) का सूत्रपात किया। इसे 1 अप्रैल, 2009 से समाप्त कर दिया गया है।

**546. भारतीय रिजर्व बैंक के लेखा वर्ष की अवधि क्या है?**

(a) अप्रैल से मार्च (b) जुलाई से जून
(c) जनवरी से दिसंबर (d) अगस्त से जुलाई

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा वर्ष पहले जनवरी से दिसंबर था परंतु 11 मार्च, 1940 से इसे परिवर्तित कर जुलाई से जून कर दिया गया।

**547. भारत में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम किस वर्ष में पहली बार स्वीकृत हुआ था?**

(a) 1947 (b) 1948
(c) 1950 (d) 1951

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

भारत में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम वर्ष 1948 में पहली बार स्वीकृत हुआ था। कामगारों के हितों का संरक्षण देने के लिए अधिकांशतया असंगठित क्षेत्र में कुछ विनिर्दिष्ट रोजगारों में न्यूनतम पारिश्रमिक के निर्धारण की व्यवस्था करने के लिए ये अधिनियम लाया गया था।

**548. निम्नलिखित में से कौन-सी आर्थिक क्रिया नहीं बनेगी?**

(a) अपनी कक्षा में छात्रों को पढ़ा रहा अध्यापक
(b) सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्रों को पढ़ा रहा अध्यापक
(c) घर में अपनी बेटी को पढ़ा रहा अध्यापक
(d) अपने निवास से परामर्श सेवाएं उपलब्ध करा रहा अध्यापक

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(c)**

अध्यापन के कार्य में 'सेवा' के द्वारा मूल्य सृजन हो रहा है। अतः विकल्प (a), (b) और (d) आर्थिक क्रिया में शामिल हैं। विकल्प (c) में शामिल क्रिया पूर्णरूपेण निजी कारणों (न कि आर्थिक कारणों से) से है, अतः ये आर्थिक क्रिया नहीं है।

**549. निम्न में से कौन-सा आर्थिकेतर वस्तु का उदाहरण है?**

(a) डॉक्टर की सेवा (b) अध्यापक की सेवा
(c) माता की सेवा (d) बैंकर की सेवा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

माता की सेवा आर्थिकेतर वस्तु ( Non Economic Goods) का उदाहरण है।

**550. श्रम-प्रधान तकनीक चुनी जाएगी-**

(a) श्रम अधिशेष वाली अर्थव्यवस्था में
(b) पूंजी अधिशेष वाली अर्थव्यवस्था में

(c) विकसित अर्थव्यवस्था में

(d) विकासशील अर्थव्यवस्था में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(a)**

श्रम-प्रधान तकनीक (Labour Intensive Technique) श्रम अधिशेष वाली अर्थव्यवस्था (Labour Surplus Economy) द्वारा चुनी जाएगी क्योंकि श्रम का मूल्य ऐसी अर्थव्यवस्था में सस्ता होता है।

**551. निम्नलिखित में से उस स्थिति में कौन-सी बात सही नहीं है जब अर्थव्यवस्था में ब्याज दर ऊंची हो जाती है?**

(a) बचत बढ़ जाती है

(b) उधार देना कम हो जाता है

(c) उत्पादन की लागत बढ़ जाती है

(d) पूंजी का प्रतिफल बढ़ जाता है

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(d)**

ब्याज दर अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ब्याज दरों के बढ़ने से बचत, निवेश की तुलना में अधिक आकर्षक हो जाती है। इससे बैंकों में पूंजी का प्रवाह बढ़ जाता है। ऊंची ब्याज दर उधार की प्रवृत्ति को कम करती है, साथ ही उत्पादन की लागत को भी बढ़ाती है जबकि पूंजी का प्रतिफल बढ़ता है, जब ब्याज दर निम्न हो।

**552. बढ़ते हुए प्रतिफल के अंतर्गत पूर्ति वक्र होता है–**

(a) बाएं से दाएं धनात्मक प्रवण

(b) बाएं से दाएं ऋणात्मक प्रवण

(c) मात्रा अक्ष के समांतर

(d) कीमत अक्ष के समांतर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

यदि प्रौद्योगिकी में सुधार हो जाता है और औसत उत्पादन लागत गिर जाती है तब प्रत्येक स्तर पर पूर्ति की मात्रा में वृद्धि होती है। इस स्थिति में पूर्ति वक्र बाएं से दाएं ऋणात्मक प्रवण होगा।

**553. उत्पादन के घटक की अवसर लागत क्या होती है?**

(a) जो वह, अपने वर्तमान उपयोग में अर्जित करती है

(b) जो वह, लंबी अवधि में अर्जित कर सकती है

(c) जो वह, किसी अन्य उपयोग में अर्जित कर सकती है

(d) उत्पादन की लागत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

किसी गतिविधि की अवसर लागत सर्वश्रेष्ठ अगले पूर्व निश्चित विकल्प के बराबर होती है। अवसर लागत किसी वस्तु की लागत को मापने का एक तरीका है। किसी परियोजना की लागतों की सिर्फ पहचान करना या लागतों को जोड़ने के बजाए, कोई व्यक्ति समान रुपये खर्च करने के लिए अगले सर्वश्रेष्ठ वैकल्पिक तरीके की भी पहचान कर सकता है। इस अगले सर्वश्रेष्ठ वैकल्पिक तरीके का लाभ मूल पसंद की अवसर लागत है। जैसे विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने की अवसर लागत खोई हुई मजदूरी है, जिसे कोई विद्यार्थी कार्यबल के द्वारा अर्जित कर सकता था।

**554. किसी वस्तु के उत्पादन की अवसर लागत होती है-**

(a) वह लागत जो कोई भिन्न तकनीक अपनाने पर फर्म उठा सकती थी।

(b) वह लागत जो उत्पादन की किसी भिन्न विधि के अंतर्गत फर्म उठा सकती थी।

(c) उठाई गई वास्तविक लागत।

(d) त्यागा गया अगला सर्वोत्तम वैकल्पिक उत्पादन।

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**555. उत्पादन के उपादान की अवसर लागत कितनी होती है?**

(a) जो अपने वर्तमान प्रयोग में अर्जित की जा रही हो

(b) जो दीर्घकाल में अर्जित की जा सकती हो


(c) वर्तमान प्रयोग में रखे जाने के लिए जिसका भुगतान किया जाना हो

(d) जो किसी अन्य प्रयोग में अर्जित की जा सकती हो

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

उत्पादन के उपादान की अवसर लागत वह है जो किसी अन्य प्रयोग में अर्जित की जा सकती हो।



**556. निम्न में से कौन-सा राज्य बी. एस. III पेट्रोल तथा डीजल की पूर्ति के साथ ड्राइविंग में अग्रणी बनने के लिए तैयार है?**

(a) केरल (b) दिल्ली

(c) कर्नाटक (d) गोवा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

बी.एस. III (भारत स्टेज III) पेट्रोल तथा डीजल की पूर्ति संपूर्ण रूप से सबसे पहले, दिल्ली में शुरू हुई। वर्तमान में दिल्ली समेत 13 मेगाशहरों में भारत स्टेज-IV की भी शुरुआत हो चुकी है। B.S. III तथा B. S. IV एक प्रकार का उत्सर्जन मानक होता है।

**557. जब '*x*' वस्तु के ऐवजी की कीमत कम हो जाती है, तो '*x*' की मांग—**

(a) अपरिवर्तित रहती है।

(b) वर्धमान दर पर बढ़ती है।

(c) बढ़ जाती है।

(d) कम जो जाती है।

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

जब '*x*' वस्तु के ऐवज़ी की कीमत कम हो जाती है तो वस्तु '*x*' की मांग कम हो जाती है। ऐजवर्थ परेटो की परिभाषा के अनुसार, ''जब किसी वस्तु के ऐवजी की कीमत कम हो जाती है और उसकी मांग की मात्रा बढ़ जाती है, तो वस्तु *x* की सीमांत उपयोगिता (Marginal Utility) घटने से मांग कम हो जाती है।''

**558. सरकार 'अर्थोपाय ऋण' लेती है-**

(a) आर. बी. आई. से

(b) आई. डी. बी. आई. से

(c) एस. बी. आई. से

(d) आई. सी. आई. सी. आई. से

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(a)**

भारत सरकार 'अर्थोपाय ऋण' (Ways and Means advances) आर. बी. आई. से लेती है। ये अस्थायी अग्रिम (ओवर ड्रॉफ्ट) होता है। आर. बी. आई. ऐक्ट के खंड 17(5) के अनुसार, रिजर्व बैंक यह ऋण केंद्र तथा राज्य दोनों को दे सकता है।

**559. प्रतिभा पलायन-**

(a) एक रोग है

(b) शैक्षिक तथा तकनीकी संस्थाओं से विरत छात्रों को कहते हैं

(c) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान पर व्यर्थ का खर्चा है

(d) कुशल कर्मियों के उत्प्रवासन को कहते हैं

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(d)**

प्रतिभा पलायन से तात्पर्य कुशल कर्मियों के उत्प्रवासन से है।

**560. क्षमता उपयोग-**

(a) आमतौर पर लगभग 100 प्रतिशत है।

(b) उस श्रम-शक्ति के प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है जो नियोजित है।

(c) वर्तमान उत्पादन के लिए प्रयुक्त विद्यमान पूंजी स्टॉक के समानुपातिक माप है।

(d) जब अर्थव्यवस्था अवमंदन में चली जाती है तो बढ़ता है क्योंकि फर्म को उत्पादन बनाए रखने के लिए बेरोजगार कामगारों को किसी अन्य संसाधन से प्रतिस्थापित करना पड़ता है।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'क्षमता उपयोग' किसी साधन के प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है जो उत्पादन के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। क्षमता उपयोग (%) = वास्तविक उत्पादन/अधिकतम संभव उत्पादन ×100 %

**561. मुद्रास्फीति को रोकने के लिए कौन-सा सरकार द्वारा किया जाने वाला एक उपाय नहीं है?**

(a) उपभोग में बढ़ोत्तरी (b) उत्पादन में वृद्धि

(c) घाटा वित्तीयन में कमी (d) कराधान के उपाय

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

मुद्रास्फीति को रोकने के लिए सरकार निम्नलिखित उपाय करती है। **R.B.I. द्वारा मौद्रिक उपाय** (साख नियंत्रण), मुद्रा का विमुद्रीकरण, नयी करेंसी जारी करना। **राजकोषीय उपाय-** अनावश्यक व्यय में कटौती, करों में वृद्धि, बचतों में वृद्धि, अतिरेक बजट, सार्वजनिक ऋण। **अन्य उपाय-**उत्पादन में वृद्धि, विवेकी मजदूरी नीति, कीमत नियंत्रण, राशनिंग।

**562. मुद्रास्फीति किस कारण से होती है?**

(a) मुद्रा-पूर्ति में वृद्धि तथा उत्पादन में ह्रास

(b) मुद्रा-पूर्ति में वृद्धि

(c) उत्पादन में वृद्धि

(d) उत्पादन में ह्रास

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

किसी भी अर्थव्यवस्था में मुद्रा पूर्ति की मात्रा अधिक तथा वस्तुओं, सेवाओं के उत्पादन में कमी होने पर मुद्रास्फीति की स्थिति उत्पन्न होती है अर्थात मुद्रा पूर्ति की तुलना में वस्तुओं एवं सेवाओं का कम उत्पादन। मुद्रास्फीति के लिए मुख्यतया चार कारण जिम्मेदार होते हैं- (1) मांग प्रेरित स्फीति, (2) पूर्ति में कमी, (3) लागत प्रेरित स्फीति तथा (4) वैश्विक कारण।

**563. यदि दो वस्तुएं पूरक हों तो उनकी क्रॉस कीमत प्रत्यास्थता होती है-**

(a) शून्य (b) धनात्मक
(c) ऋणात्मक (d) काल्पनिक संख्या

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(c)**

यदि दो वस्तुएं पूरक (Complements) हों तो उनकी क्रॉस कीमत प्रत्यास्थता (Cross-Price Elasticity) ऋणात्मक होती है जबकि पूरक न होने की दशा में क्रॉस कीमत प्रत्यास्थता शून्य होगी।

**564. भारत में थोक कीमत पर आधारित मुद्रास्फीति की दर 27 जुलाई, 2008 को अपने 13 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वह थी-**

(a) 11.75 प्रतिशत (b) 11.85 प्रतिशत
(c) 12.00 प्रतिशत (d) 12.05 प्रतिशत

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(d)**

भारत में थोक कीमत पर आधारित मुद्रास्फीति की दर 27 जुलाई, 2008 को अपने 13 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो कि 12.05 प्रतिशत थी, जबकि जनवरी, 2013 को 7.18 प्रतिशत दर्ज की गई। भारत की थोक मूल्य मुद्रास्फीति अक्टूबर, 2017 में सितंबर, 2017 के 2.6 प्रतिशत की तुलना में 3.59 प्रतिशत बढ़ गई थी। RBI की वार्षिक रिपोर्ट 2017-18 के अनुसार-

| | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|---|
| सभी कमोडिटी (All Commodities) के लिए WPI (2011-12=100) | –3.7% | 1.7% | 2.9% |

**565. 'ओइकोनोमिया' शब्द का अर्थ है-**

(a) व्यक्तिगत प्रबंधन (b) राजनीतिक प्रबंधन
(c) राजकोषीय प्रबंधन (d) घरेलू प्रबंधन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

'ओइकोनोमिया' (Oikonomia) शब्द का अर्थ 'घरेलू प्रबंधन' है। अरस्तू ने यह शब्द गढ़ा था।

**566. सुलभ मुद्रा का अर्थ है-**

(a) ब्याज की कम दर (b) बचत का निम्न स्तर
(c) आय का निम्न स्तर (d) काले धन का आधिक्य

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(a)**

सुलभ मुद्रा (Cheap Money/Easy Money) से तात्पर्य नीची ब्याज दर पर उपलब्ध हो सकने वाली मुद्रा से है। सुलभ मुद्रा की नीति, मौद्रिक नीति (Monetary Policy) के तहत अपनाई जाती है, ताकि व्यापार को प्रोत्साहन मिले और रोजगार सृजन हो। परंतु यदि इस नीति को अधिक लंबे समय तक जारी रखा जाए तो यह मुद्रास्फीति (Inflation) का भी कारक बन सकता है।

**567. निवेश गुणक का मूल्य संबंधित है-**

(a) स्वायत्त निवेश में परिवर्तन के कारण आय में परिवर्तन से
(b) आय में परिवर्तन के कारण स्वायत्त निवेश में परिवर्तन से
(c) उपभोग में परिवर्तन के कारण आय में परिवर्तन से
(d) उत्प्रेरित निवेश में परिवर्तन के कारण आय में परिवर्तन से

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

'स्वायत्त निवेश' से तात्पर्य उस निवेश से है जो आय में कमी या वृद्धि के फलस्वरूप घटता-बढ़ता नहीं है अर्थात् वह आय से स्वतंत्र होता है। कीन्स ने अपने गुणक मॉडल में स्वतंत्र निवेश की धारणा का प्रयोग किया है। कीन्स के अनुसार, जब निवेश बढ़ाया जाता है तो उससे आय और रोजगार की मात्रा कई गुना बढ़ती है।

$$K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$$

जहां K गुणक, $\Delta I$ निवेश में वृद्धि, $\Delta Y$ आय में वृद्धि।

**568. बाजार कीमतों के निवल राष्ट्रीय उत्पाद का एक और नाम क्या है?**

(a) राष्ट्रीय आय (b) सकल देशीय उत्पाद
(c) व्यक्तिगत आय (d) प्रतिव्यक्ति आय

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

जब सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP) में से मूल्य-ह्रास (Depreciation) को घटाने से जो शेष बचता है, उसे बाजार कीमतों पर निवल/शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{mp}$) कहा जाता है। इसे ही 'बाजार कीमतों पर राष्ट्रीय आय' (National Income at Market Prices) भी कहा जाता है। इस प्रकार,

बाजार कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद या बाजार कीमतों पर राष्ट्रीय आय = बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद - मूल्य ह्रास

$NNP_{mp}$ or National Income $_{mp}$ = $GNP_{mp}$ – Depreciation

**569. किसी देश का निवल राष्ट्रीय उत्पाद होता है-**

(a) सकल घरेलू उत्पाद में मूल्यह्रास भत्ते घटा कर

(b) सकल घरेलू उत्पाद में विदेशों से निवल आय जोड़कर

(c) सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से विदेशों से निवल आय घटाकर

(d) सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से मूल्यह्रास भत्ते घटा कर

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**570. निम्नलिखित में से किस कोटि के कामगारों को खेतिहर कहा जाता है?**

(a) जिनकी अपनी जमीन हो और खेती करते हों

(b) जो जमीन पट्टे पर लेकर खेती करते हों

(c) जो दूसरों की जमीन पर खेती करते हों

(d) जिनकी जमीन हो और दूसरों से या संस्थाओं से पट्टे पर लेकर खेती करते हों

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

भारत में खेतिहर (Cultivators) ऐसे कामगारों (workers/Labour) को कहा जाता है, जो दूसरों की जमीन पर खेती करते हों।

**571. जब उत्पादन की औसत लागत (AC) घटती है तब उत्पादन की सीमांत लागत-**

(a) बढ़ रही होती है

(b) घट रही होती है


(c) औसत लागत से अधिक होती है

(d) औसत लागत से कम होती है

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

जब सीमांत लागत (Marginal Cost) औसत लागत (Average Cost) से अधिक होती है, औसत लागत बढ़ती है। जब सीमांत लागत औसत लागत से कम होती है तो औसत लागत गिरती है। अतः उपयुक्त विकल्प (d) है।




**572. 'अतिरिक्त मान' किसके बराबर है?**

(a) निर्गत-आगत का अंतर (b) विनिर्माण लाभ

(c) सकल लाभ (d) पूंजीगत लाभ

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

'अतिरिक्त मान '(Value added) निर्गत-आगत के अंतर (Outputs Minus the Inputs) के बराबर होता है।

**573. निम्नलिखित में से क्या स्फीतिकारी मूल्य वृद्धि का परिणाम है?**

(a) आर्थिक विषमताओं में वृद्धि

(b) यह सभी

(c) भुगतान संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव

(d) विकास में बाधा

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

स्फीतिकारी मूल्य वृद्धि के परिणामस्वरूप वास्तविक आय में क्षरण होता है तथा बचत हतोत्साहित होती है। भुगतान संतुलन प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता है। (क्योंकि निर्यात हतोत्साहित होता है) परियोजनाओं तथा आर्थिक व्यवहारों की लागत बढ़ने से विकास में बाधा उत्पन्न होती है और वेतनभोगी कर्मचारी, मजदूर आदि के वास्तविक आय में कमी के कारण आर्थिक विषमताओं में वृद्धि होती है।

**574. मुद्रास्फीति की अवधि में सबसे अधिक फायदा किसका होता है?**

(a) लेनदार (b) उद्यमी

(c) सरकारी कर्मचारी (d) कॉर्पोरेट कर्मचारी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

दिए गए विकल्पों में मुद्रास्फीति की अवधि में सबसे अधिक फायदा उद्यमी (Entrepreneurs) को होगा क्योंकि उत्पादन लागत की तुलना में कीमत में बढ़ोत्तरी तेजी से होती है जबकि निश्चित आय वर्ग तथा लेनदार को नुकसान होगा और देनदार को फायदा होगा।

**575. मुद्रा पूर्ति को कम करके मुद्रास्फीति को रोकने की प्रक्रिया कहलाती है-**

(a) लागताधिक्य स्फीति (b) मांगाधिक्य स्फीति

(c) विस्फीति (d) प्रत्यवस्फीति

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

जब मुद्रा की मात्रा व्यापार और उद्योग की आवश्यकता से इतनी कम कर दी जाती है कि लगभग सभी चीजों की कीमत गिर जाती है और मुद्रा की क्रय-शक्ति बढ़ जाती है, तब उसे मुद्रा संकोच या मुद्रा-संकुचन या मुद्रा-विस्फीति कहते हैं। यह मुद्रा-प्रसार या मुद्रा-स्फीति का ठीक उल्टा होता है। सरकार मुद्रास्फीति के दोषों को दूर करने के लिए मुद्रा विस्फीति का उपाय करती है।

**576. जब मुद्रा आपूर्ति बढ़ जाती है, तो माल और सेवाओं की कीमत -**

(a) परिकलित नहीं होती (b) बढ़ती है
(c) घटती है (d) कोई परिवर्तन नहीं होता

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

जब मुद्रा आपूर्ति बढ़ जाती है तो माल और सेवाओं की कीमत बढ़ जाती है क्योंकि यह मांग में वृद्धि कर देती है।

**577. किसान क्रेडिट कार्ड योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?**

(a)1991 (b)1996
(c)1998 (d)2000

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

'किसान क्रेडिट कार्ड योजना' की शुरुआत अगस्त, 1998 में हुई थी। कृषि तथा कृषि संबंधित गतिविधियों के लिए अल्प, मध्यम और दीर्घावधि ऋण समय पर उपलब्ध कराने हेतु इस योजना की शुरुआत हुई थी।

**578. खपत का मनोवैज्ञानिक नियम बताता है कि-**

(a) खपत में समानुपातिक वृद्धि आय में समानुपातिक वृद्धि से कम है
(b) आय में वृद्धि खपत में वृद्धि के बराबर है
(c) खपत में वृद्धि आय में वृद्धि से अधिक है
(d) आय में परिवर्तन होने पर खपत में परिवर्तन नहीं होता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

कीन्स के उपभोग संबंधी मनोवैज्ञानिक नियम के अनुसार, जब किसी देश की समस्त आय बढ़ती है तो उसका उपभोग भी बढ़ता है, परंतु आय में हुई वृद्धि से कुछ कम मात्रा में बढ़ता है। इसका कारण यह है कि आय का कुछ भाग बचत कर लिया जाता है। कीन्स के अनुसार-सीमांत उपभोग प्रवृत्ति इकाई से कम होती है।

अर्थात् $O < \frac{\Delta e}{\Delta y} < 1$

**579. अमीरों की तुलना में गरीब बचत करते हैं-**

(a) अपनी आय के अपेक्षाकृत बड़े हिस्से की
(b) अपनी आय के बराबर हिस्से की
(c) अपनी आय के अपेक्षाकृत छोटे हिस्से की
(d) अपनी सारी आय की

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

अमीरों की तुलना में गरीब अपनी आय के अपेक्षाकृत छोटे हिस्से की ही बचत कर पाते हैं क्योंकि उनकी आय का एक बड़ा हिस्सा दैनिक उपभोग तथा भोजन पर ही व्यय हो जाता है।

**580. निम्नलिखित में से किसको आधारिक संरचना क्षेत्र में शामिल नहीं किया जाता?**

(a) विद्युत उत्पादन (b) सड़कों का निर्माण
(c) खाद्य उत्पादन (d) हवाई अड्डों का प्रसार

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

आधारिक संरचना का विकास अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए नितांत जरूरी होता है। आधारिक संरचना क्षेत्र (Infrastracture Sector) में विद्युत उत्पादन, सड़कों का निर्माण तथा हवाई अड्डों का विस्तारण आदि सभी शामिल हैं जबकि खाद्य उत्पादन प्राथमिक क्षेत्र में शामिल होता है।

**581. भारत में हरित क्रांति अब तक किसके मामले में सबसे अधिक सफल रही है?**

(a) गन्ना (b) मोटे अनाज
(c) गेहूं (d) चावल

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

भारत में हरित क्रांति के दरम्यान उच्च उत्पादक बीजों (High yield value) के परिणामस्वरूप कुल फसल क्षेत्र में 7 से 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जिसमें सबसे अधिक उत्पादन गेहूं का रहा। इसके बाद क्रमशः चावल, बाजरा और मक्का का स्थान रहा।

**582. खाद्यान्नों का न्यूनतम समर्थन मूल्य किस वर्ष शुरू किया गया?**

(a) 1964 (b) 1974
(c) 1954 (d) 1944

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

खाद्यान्नों का न्यूनतम समर्थन मूल्य तृतीय पंचवर्षीय योजना के दौरान वर्ष 1964-65 में कृषि मूल्य आयोग की स्थापना के साथ शुरू किया गया।

**583. अनुसूचित बैंकों को पंजीयन किससे पास कराना होता है?**

(a) सेबी (b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) वित्त मंत्रालय (d) भारतीय स्टेट बैंक

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(b)**

भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार, भारत में बैंकों को अनुसूचित और गैर-अनुसूचित बैंकों में वर्गीकृत किया गया है। अनुसूचित बैंक, ऐसे बैंक हैं जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में दर्ज किया गया है। इसमें वे बैंक शामिल होते हैं जिनकी प्रदत्त पूंजी और आरक्षित निधि का समग्र मूल्य 5 लाख रुपये से कम न हो और जो भारतीय रिजर्व बैंक को इस बात का विश्वास दिलाए कि वे जमाकर्ताओं के हित में कार्य कर रहे हैं।

**584. निम्नलिखित में से क्या भारत की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित पूंजी का अंग नहीं है?**

(a) स्वर्ण
(b) एस.डी.आर.
(c) विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां
(d) बैंकों और कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा धारित विदेशी मुद्रा और प्रतिभूतियां

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

भारत की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित पूंजी का अंग, बैंकों और कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा धारित विदेशी मुद्रा और प्रतिभूतियां नहीं हैं जबकि शेष तीनों प्रारक्षित निधि का अंग हैं।

**585. निम्नलिखित में से कौन-सा सरकारी प्रायोजित संगठन नहीं है?**

(a) राष्ट्रीय आवास बैंक
(b) एस.आई.डी.बी.आई. (भारतीय लघु उद्योग विकास बोर्ड)
(c) आई.सी.आई.सी.आई. (भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम)
(d) एन.ए.बी.ए.आर.डी. (राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण विकास बैंक)

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

ICICI सरकार प्रायोजित संगठन नहीं है जबकि SIDBI, NHB एवं NABARD सरकार प्रायोजित संगठन हैं।

**586. ICI का नाम किसके साथ जुड़ा हुआ है?**

(a) रासायनिक द्रव्यों का निर्माण करने वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी
(b) भारतीय सीमेंट उद्योग
(c) चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री
(d) निजी क्षेत्र का एक बैंक

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

ICI (Imperial Chemical Industries) रासायनिक द्रव्यों का निर्माण करने वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी (MNC) है, जिसका अधिग्रहण 'एक्जोनोबेल' (AkzoNobel) नामक डच समूह द्वारा कर लिया गया है।

**587. भारतीय रेल के राजस्व में निम्नलिखित में से किसका प्रमुख योगदान रहता है?**

(a) कोच आय (b) माल यातायात आय
(c) फुटकर आय (d) यात्री आय

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

भारतीय रेल के राजस्व में माल यातायात आय का प्रमुख योगदान रहता है। रेल बजट 2015-16 में सकल यातायात प्राप्तियां 183578 करोड़ रु. अनुमानित है। अंतरिम बजट 2019-20 के अनुसार, रेलवे की सकल यातायात प्राप्तियां 216,675 करोड़ रुपये (बजट अनुमान 18-19 की तुलना में 7.9% वृद्धि) रहने की संभावना है।

**588. अमर्त्य सेन को किस क्षेत्र में योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार मिला?**

(a) मुद्रा अर्थशास्त्र में (b) कल्याण अर्थशास्त्र में
(c) अर्थमिति में (d) विकास अर्थशास्त्र में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(b)**

भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को, कल्याणकारी अर्थशास्त्र और सामाजिक वरीयता सिद्धांत (Welfare Economics and Social Choice Theory) के लिए वर्ष 1998 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**589. निम्नलिखित में से किसको राष्ट्रीय ऋण नहीं माना जाता?**

(a) जीवन बीमा पॉलिसियां (b) दीर्घावधि सरकारी बॉन्ड
(c) राष्ट्रीय बचत पत्र (d) भविष्य निधि

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

राष्ट्रीय ऋण को सार्वजनिक ऋण (Public debt) तथा संप्रभु ऋण (Sovereign debt) भी कहा जाता है। सार्वजनिक ऋण सामान्यत: वे ऋण है, जो जनता की बचत के रूप में सरकार के पास मौजूद होता है और जिसे सरकार को नियत समय पर ब्याज सहित लौटाना होता है। सार्वजनिक ऋण दीर्घावधि और अल्पावधि दोनों प्रकार के होते हैं।

**590. असंगठित क्षेत्र के लिए डाटा कौन-सा संगठन एकत्र करता है?**

(a) NSSO (b) CSO
(c) ASI (d) RBI

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

असंगठित क्षेत्र (Unorganised Sector) के लिए डाटा NSSO (National Sample Survey Organization) एकत्र करता है।

**591. विनिवेश होता है-**

(a) निजी कंपनियों के शेयर सरकार को बेचना
(b) सरकार के शेयर निजी कंपनियों को बेचना
(c) निवेश में वृद्धि
(d) व्यापारिक संस्थाओं को बंद करना

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

विनिवेश (Disinvestment) से तात्पर्य निजी कंपनियों को सरकार के शेयर की बिकवाली से है।

**592. सार्वजनिक क्षेत्र में विनिवेश को कहते हैं-**

(a) उदारीकरण (b) वैश्वीकरण
(c) औद्योगीकरण (d) निजीकरण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

सार्वजनिक क्षेत्र में विनिवेश को निजीकरण (Privatisation) कहते हैं। इस हेतु नीतिगत ढांचा (Policy Framework) राष्ट्रीय न्यूनतम साझा कार्यक्रम (एन. सी. एम. पी.) है।

**593. S.D.R. का पूर्ण रूप है-**

(a) स्पेशल डॉलर राइट्स (b) स्पेशल ड्राइंग राइट्स
(c) स्टेट ड्राइंग राइट्स (d) स्पेसिफिक डॉलर राइट्स

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

S.D.R. का पूर्ण रूप स्पेशल ड्राइंग राइट्स (Special Drawing Rights) होता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्ति है, जो कि आई. एम. एफ. के सदस्य देशों की आधिकारिक आरक्षित (Reserves) निधि के अनुपूरक के रूप में कार्य करता है।

**594. निम्नलिखित में कौन-सी मद विकासात्मक व्यय है?**

(a) सिंचाई व्यय (b) सिविल प्रशासन
(c) ऋण सेवाएं (d) सहायता अनुदान

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

विकासात्मक व्यय (Development expenditure) ऐसा व्यय है, जो अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक है। अवसंरचनात्मक सुधार पर व्यय और सिंचाई पर व्यय इत्यादि इसके कुछ उदाहरण हैं।

**595. किसी केमिस्ट की दुकान में काम कर रहा रेफ्रिजरेटर एक उदाहरण है-**

(a) मुक्त वस्तु का (b) अंतिम वस्तु का
(c) उत्पादक की वस्तु का (d) उपभोक्ता की वस्तु का

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

किसी केमिस्ट की दुकान में काम कर रहा रेफ्रिजरेटर उपभोक्ता वस्तु (Consumer Goods) का उदाहरण होता है।

**596. भारतीय निर्यात के तीव्र प्रसार में सहयोग देने वाला एक मुख्य कारक है-**

(a) आयात शुल्क लगाया जाना
(b) अर्थव्यवस्था का उदारीकरण
(c) अन्य देशों में मंदी
(d) निर्यात का विविधीकरण

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(b)**

आयात शुल्क लगाया जाना संरक्षणवाद का उदाहरण है जबकि मंदी और निर्यात विविधीकरण का निर्यात वृद्धि में कोई योगदान नहीं होता।

**597. ____________ की प्रति इकाई परिवर्ती आगत के रूप में परिभाषित किया जाता है।**

(a) सीमांत उत्पाद (b) उत्पादन फलन
(c) कुल उत्पाद (d) औसत उत्पाद

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(d)**

औसत उत्पाद को लगाए गए परिवर्तनशील साधन (मजदूर) की प्रति इकाई द्वारा उत्पादित निर्गत की मात्रा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

औसत उत्पाद (AP) = $\frac{\text{keâgue Glheeove}}{\text{ßeceeW Deeke}} = \frac{TP}{L}$

**598. श्रमिकों के शोषण का अस्तित्व माना जाता है, जब-**

(a) मजदूरी = सीमांत आय उत्पाद

(b) मजदूरी < सीमांत आय उत्पाद


(c) मजदूरी > सीमांत आय उत्पाद

(d) सीमांत आय उत्पाद = 0

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**




श्रमिकों के शोषण का अस्तित्व-
W < सीमांत उत्पादन।

**599. भारत में सबसे पुराना मजदूर संघ संगठन कौन-सा है?**

(a) भारतीय राष्ट्रीय मजदूर संघ कांग्रेस (INTUC)

(b) भारतीय मजदूर संघ केंद्र (CITU)

(c) अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस (AITUC)

(d) भारतीय मजदूर संघ (BMS)

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

भारत में सबसे पुराना मजदूर संघ संगठन अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस (AITUC) है। इसकी स्थापना वर्ष 1920 में लाला लाजपत राय के द्वारा की गई थी। इसकी वर्तमान महासचिव अमरजीत कौर हैं।

**600. निम्नलिखित में से कौन क्लासिकी अर्थशास्त्री नहीं है?**

(a) डेविड रिकॉर्डो (b) जॉन स्टुअर्ट मिल

(c) थॉमस माल्थस (d) जॉन मयनार्ड कीन्स

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(d)**

क्लासिकी अर्थशास्त्र (Classical economics), वास्तव में आर्थिक विचारों का पहला आधुनिक विद्यालय (First modern school of economic thought) है। दिए गए उत्तर विकल्पों में से जॉन मयनार्ड कीन्स क्लासिकी अर्थशास्त्री नहीं हैं जबकि शेष तीनों क्लासिकी अर्थशास्त्री हैं।

**601. किसी अर्थव्यवस्था का द्वितीयक क्षेत्र हवाला देता है-**

(a) निर्माण क्षेत्र का

(b) उस क्षेत्र का जो बैंकिंग, परिवहन, आदि जैसी सेवाएं उपलब्ध कराता है

(c) उस क्षेत्र का जो अर्थव्यवस्था के लिए द्वितीयक महत्त्व का है

(d) उस क्षेत्र का जो प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके वस्तुएं बनाता है

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

अर्थव्यवस्था का वह क्षेत्र जो प्राथमिक क्षेत्र के उत्पादों को अपनी गतिविधियों में कच्चे माल (Raw Material) की तरह उपयोग करता है 'द्वितीयक क्षेत्र' कहलाता है। वास्तव में इस क्षेत्रक में विनिर्माण (Manufacturing) कार्य होता है। यही कारण है कि इसे 'औद्योगिक क्षेत्रक' भी कहा जाता है।

**602. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली बेशी मूल्य के सिद्धांत पर आधारित है?**

(a) साम्यवाद (b) पूंजीवाद

(c) व्यक्तिवाद (d) आदर्शवाद

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

मार्क्स के अनुसार, ''अधिशेष मूल्य या बेशी मूल्य (Surplus Value) जो कि श्रम द्वारा अपनी श्रम शक्ति के मूल्य अथवा निर्वाह आवश्यकताओं से अधिक उत्पन्न किया जाता है, अनुचित तरीकों से पूंजीपति द्वारा हस्तगत कर लिया जाता है अर्थात् अधिशेष मूल्य जो कि पूंजीपति द्वारा श्रम से छीना जाता है 'श्रम के शोषण' का प्रतिनिधित्व करता है''। S.S.C. ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) दिया है जो कि गलत है।

**603. कार्ल मार्क्स के अनुसार, अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के फलस्वरूप इसमें अवश्यंभावी परिवर्तन होते हैं-**

(a) पूर्ण (समूची) प्रणालियां (b) केवल धार्मिक प्रणाली

(c) केवल राजनीतिक प्रणाली (d) केवल सामाजिक प्रणाली

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

मार्क्स के विचार में इतिहास की सभी घटनाएं आर्थिक अवस्था में होने वाले परिवर्तनों का परिणाम मात्र है। मानवीय क्रियाएं नैतिकता, धर्म या राष्ट्रीयता से नहीं वरन् केवल आर्थिक तत्वों से प्रभावित होती हैं।

**604. भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 'वृद्धि की हिंदू दर' पद किसने बनाया था?**

(a) ए.के. सेन (b) किरीट एस. पारिख
(c) राजकृष्ण (d) मोंटेक सिंह अहलूवालिया

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

भारतीय अर्थशास्त्री प्रो. राजकृष्ण ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पद 'वृद्धि की हिंदू दर' (Hindu Growth Rate) का सृजन किया था।

**605. किसी देश का अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) उसके तट से कितनी दूरी तक होता है?**

(a) 120 किमी (b) 220 किमी
(c) 320 किमी (d) 20 किमी

**S.S.C. section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

अनन्य आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone) एक ऐसा सामुद्रिक क्षेत्र होता है, जिसमें अन्वेषण और समुद्री संसाधनों के उपभोग का सारा अधिकार उस क्षेत्र को धारण करने वाले देश के पास होता है। उस देश के तट से इसकी दूरी लगभग 320 किमी. होती है।

**606. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओ. ई. सी. डी.) की एम्प्लॉयमेंट आउटलुक 2007 रिपोर्ट के अनुसार 2000 से 2005 तक भारत में हर वर्ष सृजित नौकरियों की संख्या है।**

(a) 5 मिलियन (b) 8 मिलियन
(c) 11 मिलियन (d) 13 मिलियन

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

OECD की एम्प्लॉयमेंट आउटलुक वर्ष 2007 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से वर्ष 2005 तक भारत में हर वर्ष सृजित नौकरियों की संख्या 11 मिलियन रही।

**607. बिक्री की दृष्टि से निम्नलिखित में कौन-सी कंपनी फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में सबसे ऊंचे स्थान वाली (135वीं स्थिति पर) भारतीय कंपनी बन गई है?**

(a) विप्रो (b) रिलायंस
(c) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (d) ओ.एन.जी.सी.

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

2,20,779 करोड़ रु. के विक्रय कारोबार तथा 7,499 करोड़ रु. के लाभ के साथ वित्तीय वर्ष 2006 में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 135वीं स्थिति पर पहुंच गई थी। फॉर्च्यून लिस्ट, 2018 के अनुसार, भी IOC ही भारतीय कंपनियों में शिखर पर (137वीं स्थिति, 65,916 मिलियन डॉलर राजस्व के साथ) है।

**608. विन्टेज कारें वे कारें हैं जिनका निर्माण हुआ था-**

(a) वर्ष 1945 और 1960 के बीच में
(b) वर्ष 1939 और 1945 के बीच में
(c) वर्ष 1930 और 1939 के बीच में
(d) वर्ष 1918 और 1930 के बीच में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(d)**

विन्टेज कारें वे कारें हैं जिनका निर्माण वर्ष 1918 और 1930 के बीच हुआ था।

**609. भारत का कौन-सा उद्योग बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नियुक्त करता है?**

(a) लौह और स्टील उद्योग (b) वस्त्र उद्योग
(c) पटसन उद्योग (d) चीनी (शर्करा)उद्योग

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(b)**

'Indian Statistical Year book-2018' के अनुसार, दिए गए विकल्पों में वस्त्र उद्योग सर्वाधिक कार्यकर्ता नियुक्त करता है जबकि लौह और स्टील, पटसन तथा चीनी उद्योग क्रमशः उसके बाद आते हैं।

**610. कृषि उत्पादों का श्रेणीकरण और मानकीकरण किसके माध्यम से होता है?**

(a) भारतीय खाद्य निगम
(b) विपणन और निरीक्षण निदेशालय
(c) भारतीय मानक संस्था
(d) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(b)**

विपणन तथा निरीक्षण निदेशालय, कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण तथा मार्किंग) अधिनियम, 1937 जिसे 1986में संशोधित किया गया, के अंतर्गत कृषि तथा उससे संबंधित उत्पाद के प्रोत्साहन, मानकीकरण तथा श्रेणीकरण में लगा हुआ है। यह एगमार्क मानकों के नाम से सुविख्यात है।

**611. निम्नलिखित में से क्या कृषि मूल्य नीति से संबंधित नहीं है?**

(a) बफर स्टॉक (b) आयात

(c) समर्थन मूल्य (d) लाइसेंस प्रणाली

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

लाइसेंस प्रणाली औद्योगीकरण से संबंधित है न कि कृषि मूल्य नीति से। अतः अभीष्ट विकल्प (d) है।

**612. स्वातंत्र्योत्तर अवधि में, आर्थिक सुधार भारत में पहली बार शुरू किए गए थे-**

(a) पी. वी. नरसिम्हा राव सरकार (1990) के अंतर्गत

(b) इंदिरा गांधी सरकार (1980) के अंतर्गत

(c) राजीव गांधी सरकार (1985) के अंतर्गत

(d) जनता पार्टी सरकार (1977) के अंतर्गत

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

स्वातंत्र्योत्तर अवधि (Post Independence Period) में, आर्थिक सुधार सर्वप्रथम पी. वी. नरसिम्हा राव सरकार (1990) के अंतर्गत शुरू किए गए थे।

**613. तेलहन उत्पादन कार्यक्रम (ओ.पी.पी.) कब प्रारंभ किया गया था?**

(a) 1986 (b) 1987

(c) 1988 (d) 1990

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

वर्ष 1990-91 में 'तेलहन उत्पादन कार्यक्रम' (OPP) को NODP (National Oilseeds Development Project-NODP) तथा OPTP (Oil Seeds Production Thrust Project) के मर्जर के साथ प्रारंभ किया गया था।

**614. विजय केलकर समिति की रिपोर्ट संबंधित थी-**

(a) व्यापार सुधारों से

(b) केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों से

(c) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में विनिवेश से

(d) कर सुधारों से

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

विजय केलकर समिति (2002) की रिपोर्ट प्रत्यक्ष कर (Direct tax) सुधारों से संबंधित थी।

**615. निम्नलिखित में कौन-सी मद भारतीय निर्यात की प्रामुख मद है?**

(a) कंप्यूटर चिप (b) पोटैटो चिप

(c) वस्त्र (d) कार इंजन

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त चारों विकल्प में भारतीय निर्यात की प्रमुख मद वस्त्र है। जिसका वर्ष वार विवरण निम्नलिखित है-

| वर्ष | (निर्यात US मिलियन में) |
|---|---|
| 2006-07 | 2298.31 |
| 2007-08 | 2379.50 |
| 2009-10 | 2464.11 |
| 2010-11 | 2234.27 |
| 2014-15 | 7654.62 |

प्रश्नकाल की संदर्भित अवधि के दौरान एवं वर्तमान में भी उपर्युक्त दिए गए विकल्पों में भारतीय निर्यात की प्रमुख मद वस्त्र है। वर्ष 2016-17 में विनिर्मित मालों (विनिर्मित वस्तुएं और वस्तु समूह) में शीर्ष 3 निर्यात हिस्सेदारी वाली मदें- इंजीनियरी संबंधी वस्तुएं (24.4%) > रत्न एवं आभूषण (15.5%) > रसायनिक व संबंधित उत्पाद (14.2%)।

**616. भारतीय कृषि का विशिष्ट अभिलक्षण है-**

(a) अधिक भूमि, कम श्रमिक अर्थव्यवस्था

(b) अधिक भूमि, अधिक श्रमिक अर्थव्यवस्था

(c) कम भूमि, अधिक श्रमिक अर्थव्यवस्था

(d) कम भूमि, कम श्रमिक अर्थव्यवस्था

**S.S.C. section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

भारतीय कृषि का विशिष्ट अभिलक्षण (Characteristic) है–कम भूमि (Land Scard) अधिक श्रमिक (Labour surplus) अर्थव्यवस्था।

**617. देश में छोटे किसानों को परिभाषित किया गया है, वे किसान जिनके पास जोत क्षेत्र है-**

(a) एक हेक्टेयर से कम (b) एक से दो हेक्टेयर

(c) दो से तीन हेक्टेयर (d) तीन से चार हेक्टेयर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

भारत में कृषि जोत के आकार के आधार पर किसानों को पांच वर्गों में रखा गया है—

1. सीमांत किसान- 1 हेक्टेयर या 2.5 एकड़ से कम
2. लघु किसान-1 से 2 हेक्टेयर
3. लघु मध्यम किसान-2 से 4 हेक्टेयर
4. मध्यम किसान-4 से 10 हेक्टेयर
5. बड़े किसान-10 हेक्टेयर तथा उससे ऊपर

**618. पशुपालन के साथ खेती को क्या कहा जाता है?**

(a) मिश्रित खेती (b) मिश्रित कृषि

(c) डेरी फार्मिंग (d) ट्रक कृषि

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

मिली-जुली खेती या मिश्रित खेती (Mixed Farming) में कृषि उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन उद्यम या दूध उत्पादन व्यवसाय को भी सम्मिलित किया जाता है। मिश्रित खेती में पशुपालन एवं फसल उत्पादन एक-दूसरे के सहायक उद्यम होते हैं। S.S.C. ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) दिया है जो कि गलत है।

**619. 'मिली-जुली खेती' से क्या तात्पर्य है?**

(a) नकदी और खाद्य दोनों फसलों को बोना

(b) एक ही खेत में दो अथवा अधिक फसलों को बोना

(c) एक वर्ष छोड़ कर दो अथवा अधिक पौधों को बोना

(d) पशु-पालन और कृषि करना

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**620. उप-विभाजन और विखंडन की बुराइयों के लिए प्रभावी उपाय निम्न में से कौन-सा है?**

(a) भूमि सुधार (b) काश्तकारी अधिकार

(c) भूमि सीमा (d) चकबंदी

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

खेतों के उप-विभाजन और विखंडन (Sub-division and fragmentation) की बुराइयों के लिए प्रभावी उपाय चकबंदी (Consolidation of Holdings) है।

**621. भारत में कृषि आय को मापने के लिए किस पद्धति का प्रयोग किया जाता है?**

(a) व्यय पद्धति (b) उत्पादन पद्धति

(c) वस्तु प्रवाह पद्धति (d) निवेश पद्धति

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

भारत में कृषि आय को मापने के लिए उत्पादन पद्धति का प्रयोग किया जाता है।

**622. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय कृषि में निम्न उत्पादकता का कारण नहीं है?**

(a) सहकारी खेती

(b) अपर्याप्त निवेश की उपलब्धता

(c) जोत उपविभाजन और विखंडन

(d) वित्त और विपणन की अल्प सुविधाएं

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

सहकारी खेती में सदस्य सामूहिक रूप से खेती करते हैं। सदस्य भूमि पर श्रमिक की तरह कार्य करते हैं तथा बदले में निश्चित दर से मजदूरी प्राप्त करते हैं।

**623. भारतीय कृषि का किसी महत्त्वपूर्ण स्तर तक यंत्रीकरण किस कारण से संभव नहीं है?**

(a) छोटे जोत-क्षेत्र

(b) ट्रैक्टरों की कमी

(c) किसानों की गरीबी

(d) लोगों की उदासीनता

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

छोटे जोत-क्षेत्र (Small holdings) भारतीय कृषि का एक महत्त्वपूर्ण लक्षण है। इन छोटे जोत-क्षेत्रों के कारण ही भारतीय कृषि का किसी महत्त्वपूर्ण स्तर तक यंत्रीकरण संभव नहीं है।

**624. भारतीय कृषि-क्षेत्र में अधिक उपज वाली किस्मों का कार्यक्रम कब शुरू किया गया था?**

(a) वर्ष 1968 (b) वर्ष 1967

(c) वर्ष 1966 (d) वर्ष 1965

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

भारतीय कृषि-क्षेत्र में अधिक उपज वाली किस्मों (High-Yielding Varieties Programme) का कार्यक्रम वर्ष 1966-67 से शुरू किया गया था।

**625. निम्न में से कौन-सा भारतीय कृषि का अभिलक्षण नहीं है?**

(a) प्रकृति पर अधिक निर्भरता

(b) उत्पादकता का निम्न स्तर

(c) फ़सलों की विविधता

(d) बड़े फार्मों का आधिक्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

भारतीय कृषि का अभिलक्षण है- प्रकृति पर अधिक निर्भरता, उत्पादकता का निम्न स्तर, फ़सलों की विविधता, कृषि जोतों का छोटा आकार, उत्पादन की रूढ़िवादी तकनीक, अधिकांश जनता की निर्भरता, बहुप्रकारीय खेती की प्रधानता आदि जबकि बड़े फार्मों का आधिक्य भारतीय कृषि का अभिलक्षण नहीं है।

**626. उस रोजगार की स्थिति को क्या कहते हैं, जिसमें कृषि-श्रमिकों की उत्पादकता शून्य होती है?**

(a) ढांचागत बेरोजगारी (b) मौसमी बेरोजगारी
(c) चक्रीय बेरोजगारी (d) प्रच्छन्न बेरोजगारी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

प्रच्छन्न बेरोजगारी कृषि पर जनसंख्या के अत्यधिक दबाव का परिणाम है। इसी दबाव के कारण कृषि-कार्य में उससे ज्यादा श्रमशक्ति संलग्न होती है, जितने की जरूरत होती है इसीलिए अगर इस अधिशेष श्रमशक्ति को कृषि कार्य से बाहर कर दिया जाए, तो इससे कृषि उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसीलिए ऐसे लोग रोजगार में तो संलग्न दिखाई पड़ते हैं, पर वास्तव में होते नहीं हैं। कारण यह है कि उत्पादन वृद्धि में इनका योगदान शून्य होता है। प्रच्छन्न बेरोजगारी की धारणा का उल्लेख श्रीमती जॉन राबिन्सन ने की थी।

**627. गांव से छोटे कस्बे और बाद में शहर तक लोगों के जाने को क्या कहते हैं?**

(a) चरणवार प्रवास (b) मजबूरन प्रवास
(c) अंतरा-राज्य प्रवास (d) अंतरराज्य प्रवास

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

प्रवासन विभिन्न चरणों अर्थात सोपानों में होता है अर्थात लोग गांवों से छोटे नगरों तथा छोटे नगरों से बड़े नगरों की ओर प्रवासन करते हैं।

**628. निम्न में कौन-सा अभिलक्षण, भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित नहीं है?**

(a) प्रति व्यक्ति आय में कमी
(b) कृषि की प्रमुखता
(c) भारी उद्योग तथा मजदूरी के माल में संतुलन
(d) जनसंख्या का दबाव

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

भारतीय अर्थव्यवस्था प्राथमिक विकासशील अर्थव्यवस्था है। यद्यपि आज भी भारतीय अर्थव्यवस्था पिछड़ी है, लेकिन अब यह गरीबी के दुश्चक्र से बाहर है। यहां की कुल कार्यशील जनसंख्या का लगभग 52% भाग आज भी कृषि में लगा हुआ है, जबकि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 13.9% है। अन्य विशेषताएं जिनमें प्रति व्यक्ति आय में कमी, जनसंख्या का दबाव, पूंजी निर्माण की दर का निम्न होना, आर्थिक विषमता, धार्मिक रूढ़िवादिता, विदेशी व्यापार पर आधारित अर्थव्यवस्था आदि जबकि भारी उद्योग तथा मजदूरी के माल में संतुलन भारतीय अर्थव्यवस्था का अभिलक्षण नहीं है।

**629. निम्नलिखित में से वस्तुओं का कौन-सा जोड़ा निकट स्थानापन्न है?**

(a) दूध और शक्कर (b) शक्कर और चाय
(c) चाय और कॉफी (d) कॉफी और बिस्कुट

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

चाय और कॉफी का जोड़ा निकट स्थानापन्न (Close substitutes) है।

**630. पूंजी बाजार में दीर्घावधि निधि प्राप्त की जा सकती है या तो कुछ संस्थाओं से उधार लेकर या-**

(a) नोट जारी करके
(b) सरकार से ऋण लेकर
(c) प्रतिभूतियां जारी करके
(d) विदेशी संस्थाओं से ऋण लेकर

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(c)**

पूंजी बाजार में दीर्घावधि निधि (Long-term fund) कुछ संस्थाओं से उधार लेने के अलावा प्रतिभूतियां (securities) जारी करके प्राप्त की जा सकती है।

**631. अल्पावधि में निम्न में से कौन-सा संभव नहीं होता?**

(a) कार्य के समय को बढ़ाना
(b) प्रौद्योगिकी का उन्नयन
(c) अतिरिक्त कर्मचारियों को लेना
(d) अतिरिक्त कच्ची सामग्री प्राप्त करना

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

अल्पावधि (Short Time) में कार्य के समय को बढ़ाना, अतिरिक्त कर्मचारियों को लेना एवं अतिरिक्त कच्ची सामग्री प्राप्त करना होता है जबकि प्रौद्योगिकी का उन्नयन अल्पावधि में संभव नहीं हो सकता है।

**632. विश्व व्यापार संगठन के साथ समझौते के अनुसार भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1999 में संशोधित किया गया था। वह अधिनियम किस वर्ष में लागू हुआ था?**

(a) 1965 (b) 1970
(c) 1975 (d) 1980

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1999 में संशोधित हुआ भारतीय पेटेंट अधिनियम (Indian Patent Act) वर्ष 1970 में लागू हुआ था।

**633. विदेशों में कार्य कर रहे भारतीय बैंक का लाभ किसका भाग है?**

(a) विदेश में अर्जित उद्यम वृत्ति से आय

(b) भारत में घरेलू घटक आय

(c) भारत की आंतरिक सीमा में कार्य कर रहे उद्यमी को होने वाला लाभ

(d) भारत में स्थित बैंक का प्रचालन अधिशेष

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

भारतीय फर्मों तथा व्यक्तियों द्वारा उन सभी साधन आयों को जो वे विदेशों से अर्जित करते हैं, को 'विदेशों से प्राप्त साधन आय' (Factor Income from Abroad) कहते हैं। GNP=GDP+ विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय।

**634. नकद मजदूरी ज्ञात होते हुए, यदि किसी अर्थव्यवस्था में कीमत स्तर में वृद्धि होती है, तो वास्तविक मजदूरी-**

(a) बढ़ेगी (b) घटेगी

(c) स्थिर रहेगी (d) लचीली हो जाएगी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(b)**

यदि मजदूरी में वृद्धि नहीं होती है तो कीमत स्तर में वृद्धि होने पर वास्तविक मजदूरी (Real wages)घटेगी।

$$\text{वास्तविक मजदूरी} = \frac{\text{नकद/मौद्रिक मजदूरी}}{\text{कीमत स्तर}}$$

**635. किस अवधि के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों का वेतन कम किया जा सकता है?**

(a) राष्ट्रीय आपात काल (b) राज्य आपात काल

(c) वित्तीय आपात काल (d) इनमें से कोई भी नहीं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

वित्तीय आपात काल (अनुच्छेद 360) के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों का वेतन कम किया जा सकता है।

**636. कोई फर्म साम्यावस्था में होती है, जब इसकी-**

(a) सीमांत लागत सीमांत आय के बराबर हो

(b) कुल लागत न्यूनतम हो

(c) कुल आय अधिकतम हो

(d) औसत आय तथा सीमांत आय बराबर हों

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

कोई फर्म साम्यावस्था (Equilibrium) में होती है, जब उसकी सीमांत लागत (Marginal cost), सीमांत आय (Marginal revenue) के बराबर हो।

**637. निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग मुंबई पत्तन का लाभ उठाने वालों में प्रमुख हैं?**

(a) लोहा और इस्पात उद्योग

(b) चीनी और सूती वस्त्र उद्योग

(c) सूती वस्त्र और पेट्रो-रसायन उद्योग

(d) इंजीनियरी और उर्वरक उद्योग

**S.S.C. tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

मुंबई पत्तन का लाभ उठाने वाले प्रमुख उद्योग सूती वस्त्र और पेट्रो-रसायन उद्योग हैं।

**638. यदि किसी प्रतियोगी फर्म को अल्पावधि में हानि होती है, तो वह-**

(a) उत्पादन बंद कर देगी

(b) अपनी प्रचालन लागत को पूरा करने तक उत्पादन करती रहेगी

(c) अपने उत्पाद की कीमत बढ़ा देगी

(d) विज्ञापन अभियान चलाएगी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

पूर्ण प्रतियोगिता में अल्पावधि में हानि की स्थिति में कोई फर्म तब तक उत्पादन करती रहेगी जब तक फर्म के उत्पाद की कीमत फर्म की औसत परिवर्तनशील लागत (AVC) से अधिक न हो इस स्थिति में फर्म अपने घाटे को कम करती है। जब फर्म के उत्पाद की कीमत उसके औसत परिवर्तनशील लागत से कम हो जाती है तो वह उत्पादन करना बंद कर देती है। इस अवस्था को 'शट डाउन' कहते हैं।

**639. निम्न में विषम क्या है?**

(a) दिल्ली परिवहन निगम

(b) भारतीय रेल

(c) किंग फिशर एयरलाइंस

(d) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(d)**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक औद्योगिक इकाई है जबकि अन्य सभी परिवहन इकाइयों से संबंधित हैं।

**640. निम्नलिखित में से कौन कल्याणकारी राज्य का प्रणेता है?**

(a) हैरॉल्ड लैस्की (b) जॉन केन्स

(c) जॉन रॉल्स (d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

'कल्याणकारी राज्य' की अवधारणा का तात्पर्य यह है कि 'अपने नागरिकों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण के संरक्षण और संवर्द्धन की भूमिका राज्य द्वारा निभाई जाए'। ब्रिटेन की लेबर पार्टी नेता और राजनीतिक विचारक हैरॉल्ड लैस्की ने कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन केन्स ने अर्थव्यवस्था में राज्य की भूमिका बढ़ाने का समर्थन किया जिससे अमेरिका, यूरोप में कल्याणकारी राज्य का मार्ग प्रशस्त हुआ। राजनीति दार्शनिक जॉन रॉल्स (John Rawles) ने अपनी पुस्तक 'थ्योरी ऑफ जस्टिस' के माध्यम से सामाजिक न्याय की अवधारणा का समर्थन किया और कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को दार्शनिक आधार प्रदान किया। अतः उपर्युक्त तीनों विकल्प सही हैं।

**641. निम्नलिखित में से कौन-सा एक किसी विकसित देश की जनसंख्या का अभिलक्षण नहीं है?**

(a) निम्न जन्म-दर और निम्न मृत्यु-दर
(b) उच्च जन्म-दर और उच्च मृत्यु-दर
(c) नगरीय जनसंख्या का उच्च अनुपात
(d) जनसंख्या की निम्न वृद्धि दर

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

किसी विकसित देश की जनसंख्या का अभिलक्षण निम्न जन्म-दर (Low birth rates) और निम्न मृत्यु-दर (Low death rates) होता है न कि उच्च जन्म-दर और उच्च मृत्यु-दर।

**642. किसी पण्य पर उत्पाद शुल्क देय होता है-**

(a) उसके उत्पादन के संदर्भ में
(b) उसके उत्पादन और बिक्री के संदर्भ में
(c) उसके उत्पादन और परिवहन के संदर्भ में
(d) उसके उत्पादन, परिवहन और बिक्री के संदर्भ में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

किसी पण्य (Commodity) पर उत्पाद शुल्क (Excise duty) उसके उत्पादन के संदर्भ में देय होता है।

**643. भारत की राष्ट्रीय आय के बारे में कौन-सा कथन सही है?**

(a) सेवाओं की अपेक्षा कृषि का प्रतिशत हिस्सा अधिक है
(b) कृषि की अपेक्षा उद्योग का प्रतिशत हिस्सा अधिक है
(c) उद्योग की अपेक्षा सेवाओं का प्रतिशत हिस्सा अधिक है
(d) संयुक्त रूप से कृषि और उद्योग की अपेक्षा सेवाओं का प्रतिशत हिस्सा अधिक है

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(d)**

भारत की राष्ट्रीय आय में, संयुक्त रूप से कृषि और उद्योग की अपेक्षा सेवाओं का प्रतिशत हिस्सा अधिक है।

**644. यदि धन (मुद्रा) बहुत अधिक हो और माल बहुत कम हो तो वह स्थिति होती है-**

(a) अवस्फीति (b) मुद्रास्फीति
(c) मंदी (d) गतिरोध (गतिहीनता)

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(b)**

ऐसी स्थिति जब अर्थव्यवस्था में मुद्रा की बहुतायत हो तथा माल सीमित या कम हो तो उसे मांग जनित स्फीति (Demand pull inflation) कहते हैं।

**645. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) उत्तम मुद्रा निकृष्ट मुद्रा को संचलन से बाहर निकाल देती है
(b) निकृष्ट मुद्रा उत्तम मुद्रा को संचलन से बाहर निकाल देती है
(c) उत्तम और निकृष्ट मुद्रा एक साथ संचलन नहीं कर सकती
(d) कह नहीं सकते

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

सर थॉमस ग्रेशम (Thomas Gresham) जो कि एक अंग्रेज कोषाध्यक्ष थे, ने एक नियम प्रतिपादित किया जो उनके ही नाम के अनुसार 'ग्रेशम का नियम' कहलाया। इस नियम के अनुसार, निकृष्ट मुद्रा (Bad money), उत्तम मुद्रा (Good money) को संचलन से बाहर निकाल देती है।

**646. राष्ट्रीय ऋण का एक भाग, जो बाह्य ऋण के रूप में जाना जाता है, क्या होता है?**

(a) देशवासियों द्वारा विदेशों से उधार ली गई राशि
(b) देशवासियों द्वारा विदेशी सरकारों को उधार दी गई राशि
(c) सरकार द्वारा विदेशों से उधार ली गई राशि
(d) सरकार द्वारा विदेशी सरकारों को उधार दी गई राशि

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

सरकार द्वारा विदेशों से उधार ली गई राशि जो कि राष्ट्रीय ऋण का एक भाग भी है, को बाह्य ऋण/विदेशी ऋण के रूप में जाना जाता है।

**647. ग्रीन बैंकिंग का अर्थ है-**

(a) बैंकों द्वारा वनों का विकास
(b) बैंकों द्वारा पर्यावरण के अनुकूल परियोजनाओं को वित्त दिया जाना

(c) बैंकों द्वारा सिंचाई परियोजनाओं को वित्त दिया जाना

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

ग्रीन बैंकिंग की शुरुआत का उद्देश्य बैंकों में तकनीक के माध्यम से कागजों के इस्तेमाल को हतोत्साहित करते हुए पर्यावरण को समृद्ध करना।

**648. निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) पीआईएल - पब्लिक इंड्यूस्ड लिटीगेशन

(b) सीएनजी-कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस

(c) एसआईटी-स्पेशल इनवेस्टीगेशन टीम

(d) केवाईसी-नो योर कस्टमर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

'पीआईएल' (PIL) का पूर्ण रूप Public Interest Litigation है। इसको 'जनहित याचिका' के तौर पर भी जाना जाता है। जस्टिस पी.एन. भगवती को भारत में जनहित याचिकाओं की अवधारणा लाकर देश में न्यायिक एक्टिविज़्म की शुरुआत करने के लिए जाना जाता है।

**649. अल्पविकसित देशों में गरीबी का मुख्य कारण है-**

(a) स्वैच्छिक निष्क्रियता

(b) आय में असमानता

(c) सांस्कृतिक गतिविधियों का अभाव

(d) लोगों में बुद्धि का अभाव

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

अल्पविकसित देशों में गरीबी का उपर्युक्त विकल्पों में से सर्वोत्तम कारण आय में असमानता (Income Inequality) है।

**650. भारत में ग्रामीण क्षेत्र के लिए आवश्यक औसत कैलोरी कितनी है?**

(a) 2100 (b) 2200

(c) 2300 (d) 2400

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

भारत में ग्रामीण क्षेत्र के लिए आवश्यक औसत कैलोरी 2400 है जबकि शहरी क्षेत्र के लिए 2100 कैलोरी है। वर्तमान में गरीबी का मापन मासिक पारिवारिक उपभोग व्यय के आधार पर किया जाता है।

**651. ग्रामीण बैंकों पर कार्यकारी समूह की सिफारिशों के फलस्वरूप शुरू में 5 ग्रामीण प्रादेशिक बैंक स्थापित किए गए थे वर्ष-**

(a) वर्ष 1973 में (b) वर्ष 1974 में

(c) वर्ष 1975 में (d) वर्ष 1976 में

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

ग्रामीण बैंकों पर कार्यकारी समूह की सिफारिशों के फलस्वरूप पांच ग्रामीण प्रादेशिक बैंक शुरुआत में वर्ष 1975 में स्थापित किए गए थे।

**652. निम्न में से कौन-सा एक वैकल्पिक धन का उदाहरण है?**

(a) करंसी नोट (b) सिक्के

(c) चेक (d) बंधपत्र (बॉण्ड)

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

ऐच्छिक मुद्रा (Optional Money) से तात्पर्य उस तरह की मुद्रा से है जिन्हें स्वीकारना जनता की इच्छा पर निर्भर रहता है चेक, ड्राफ्ट, हुण्डी, प्रतिज्ञा-पत्र आदि के माध्यम से अनेक भुगतान किए जाते हैं और सुविधा के कारण लोग उन्हें मुद्रा से अधिक महत्त्व देते हैं परंतु चेक आदि में भुगतान लेना कानूनी दृष्टि से अनिवार्य नहीं है। अतः बैंक मुद्रा या कॉमर्शियल मुद्रा ही ऐच्छिक मुद्रा कहलाती है।

**653. फर्मे जो भुगतान बाहर वालों को उनकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए करती हैं, कहलाते हैं-**

(a) वास्तविक लागत (b) आर्थिक लागत

(c) सुस्पष्ट लागत (d) अंतर्निहित लागत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

**सुस्पष्ट लागत (Explicit Costs)**–फर्म द्वारा बाहरी व्यक्तियों को उनकी सेवाओं तथा वस्तुओं के लिए जो नकद भुगतान करती हैं। **आर्थिक लागत (Economic Cost)**–आर्थिक लागत के अंतर्गत लेखाकर्म लागतें तथा स्वयं स्वामित्व एवं स्वयं प्रयोग साधनों की लागतों को शामिल किया जाता है।

**654. एक्जिम पॉलिसी, 2002-07 ने 2007 तक वैश्विक व्यापार में हिस्सा प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है-**

(a) 0.5% का (b) 1.0% का

(c) 1.5% का (d) 2.0% का

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

एक्जिम पॉलिसी, वर्ष 2002-07 ने वर्ष 2007 तक वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा 0.67% से 1.0% का लक्ष्य रखा।

**655. पेट्रोल और कार के बीच मांग की प्रतिलोच है-**

(a) अपरिमित (b) धनात्मक
(c) शून्य (d) ऋणात्मक

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

चूंकि जब पेट्रोल के दाम बढ़ते हैं तो कार की मांग नीचे आएगी। अत: पेट्रोल और कार के बीच मांग की प्रतिलोच ऋणात्मक है।

**656. कीमत-निर्धारण के सफल होने के लिए दोनों बाजारों में उत्पाद के लिए मांग की लोच होनी चाहिए-**

(a) एकसमान (b) भिन्न (c) स्थिर (d) शून्य

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

सफल कीमत-निर्धारण (Successful Price discrimination) के लिए दोनों बाजारों में उत्पाद के लिए मांग की लोच (Demand elasticity) भिन्न (different) होनी चाहिए।

**657. वित्त मंत्री द्वारा 28 फरवरी, 2011 को अपने बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसार, राज्यों को अपने स्टांप तथा पंजीकरण के प्रशासन के आधुनिकीकरण में सहायता करने की दृष्टि से विभिन्न राज्यों के सभी जिलों में E-स्टांपिंग आरंभ हो जाने की आशा है-**

(a) एक वर्ष की अवधि के भीतर
(b) दो वर्ष की अवधि के भीतर
(c) तीन वर्ष की अवधि के भीतर
(d) पांच वर्ष की अवधि के भीतर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

28 फरवरी, 2011 को वित्त मंत्री की घोषणानुसार स्टांप तथा पंजीकरण के प्रशासन के आधुनिकीकरण हेतु 300 करोड़ रु. की योजना बनाई गई। इस योजना के द्वारा विभिन्न राज्यों के सभी जिलों में E-स्टांपिंग तीन वर्ष की अवधि के भीतर आरंभ हो जाने की आशा व्यक्त की। वर्तमान में E- स्टांपिंग निम्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में ऑपरेशनल है- हरियाणा, ओडिशा, गुजरात, कर्नाटक, NCR दिल्ली, महाराष्ट्र, असम, तमिलनाडु, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, उत्तर प्रदेश, दादरा व नागर हवेली, दमन व दीव, पुडुचेरी तथा पश्चिम बंगाल।

**658. वित्त आयोग का गठन-**

(a) हर वर्ष होता है
(b) चार वर्ष में एक बार होता है
(c) दो वर्ष में एक बार होता है
(d) पांच वर्ष में एक बार होता है

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(d)**

संविधान के अनुच्छेद, 280 में यह व्यवस्था है कि राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष के बाद या आवश्यकता पड़ने पर उससे पूर्व एक वित्त आयोग का गठन किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष के अलावा चार अन्य सदस्य होंगे। अभी तक भारत में कुल 15 आयोगों का गठन किया जा चुका है। पहले वित्त आयोग का गठन वर्ष 1951 में के. सी. नियोगी की अध्यक्षता में किया गया था।

**659. वित्त आयोग-**

(a) पंचवर्षीय योजनाएं बनाता है
(b) मौद्रिक नीति तैयार करता है
(c) केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के वेतन में संशोधन की सिफारिश करता है
(d) संसाधनों के केंद्र और राज्यों के बीच बंटवारे पर निर्णय लेता है

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(d)**

वित्त आयोग (Finance Commission) संसाधनों के केंद्र और राज्यों के बीच बंटवारे पर निर्णय लेता है।

**660. राज्य वित्तीय निगमों ने मुख्य रूप से ______ को विकसित करने के लिए सहायता दी है।**

(a) कृषि फार्म (b) कुटीर उद्योग
(c) मध्यम और लघु उद्योग (d) बड़े पैमाने पर उद्योग

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 8 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

वाणिज्य बैंकों की सामान्य गतिविधियों से बाहर रह जाने वाले औद्योगिक उपक्रमों के मध्य और दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (1948 का 15वां) के अंतर्गत केंद्रीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना की गई। राज्य सरकारों की इच्छा थी कि राज्यों में भी इसी तरह के निगम बने ताकि औद्योगिक वित्त निगम के काम की आपूर्ति हो सके। आशय यह है कि राज्य निगम अपनी गतिविधियां 'मध्यम और लघु उद्योगों' के वित्त पोषण तक सीमित रखेंगे और जहां तक संभव होगा, केवल ऐसे प्रस्तावों पर विचार करेंगे जो औद्योगिक वित्त निगम के दायरे के बाहर हो। वर्तमान में 19 राज्य वित्तीय निगम कार्य कर रहे हैं।

**661. विनिवेश आयोग के प्रथम अध्यक्ष ______ थे।**

(a) जी.वी. रामकृष्ण (b) मधु दंडवते
(c) सी. रंगराजन (d) इंदिरा गांधी

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

23 अगस्त, 1996 को श्री जी.वी. रामकृष्णा की अध्यक्षता में प्रथम विनिवेश आयोग का गठन किया गया था। वर्तमान में विनिवेश आयोग का नाम बदलकर Department of Investment and Public Asset Management (DIPAM) कर दिया गया है।

**662. उपादान लागत पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP) होता है—**

(a) GDP में से अप्रत्यक्ष-कर घटाकर और इमदाद (subsidies) जोड़कर

(b) GNP में से मूल्यह्रास भत्ते घटाकर

(c) NNP में मूल्यह्रास भत्ते जोड़कर

(d) GDP में से इमदाद घटाकर और अप्रत्यक्ष-कर जोड़कर

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

$GDP_{fc} = GDP_{mp}$ – Indirect Taxes + Subsidies

**663. किसी वस्तु की मांगी गई मात्रा का विस्तार या संकुचन निम्नलिखित में से किसमें परिवर्तन का परिणाम होता है?**

(a) उस वस्तु की इकाई कीमत (b) उपभोक्ता की आय

(c) उपभोक्ता की रुचि (d) प्रदेश की जलवायु

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

कीमत के कम होने से मांग में होने वाली वृद्धि को मांग का विस्तार (Extension of Demand) और कीमत के बढ़ने से मांग में होने वाली कमी को मांग का संकुचन (Contraction of Demand) कहा जाता है।

**664. विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय कम्पनियों के शेयरों और बांडों की खरीद कहलाती है-**

(a) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (b) पोर्टफोलियो निवेश

(c) अनिवासी भारतीय निवेश (d) विदेशी अप्रत्यक्ष निवेश

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

भारत ने सितंबर, 1992 से अपने स्टॉक मार्केट को विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खोल दिया था तथा वर्ष 1993 से विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय कंपनियों के शेयरों और बॉन्डों की खरीद शुरू हो गई, जिसे पोर्टफोलियो निवेश कहा जाता है।

**665. 2011 की जनगणना होगी-**

(a) 13वीं जनगणना (b) 14वीं जनगणना

(c) 15वीं जनगणना (d) 16वीं जनगणना

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(c)**

2011 की जनगणना भारत की 15वीं और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की 7वीं जनगणना है। जनगणना 2011 का अंतिम परिणाम 30 अप्रैल, 2013 को जारी किया गया।

**666. लिंगानुपात का परिकलन कैसे किया जाता है?**

(a) देश में प्रति 1,000 पुरुष पर महिलाओं की संख्या

(b) देश में प्रति 1,000 महिलाओं पर पुरुषों की संख्या

(c) देश में प्रति 1,000 लोगों पर बच्चों की संख्या

(d) देश में प्रति 1,000 बच्चों पर लोगों की संख्या

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

लिंगानुपात का परिकलन हेतु प्रति 1,000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या ज्ञात की जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात 943 है।

**667. कीमत विश्लेषण में समय तत्त्व किसने शुरू किया था?**

(a) अल्फ्रेड मार्शल (b) जे.एस. मिल

(c) जे.आर. हिक्स (d) जे.एम. केन्स

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

कीमत विश्लेषण में 'समय तत्त्व' की शुरुआत अल्फ्रेड मार्शल ने की थी। मार्शल ने मांग तथा पूर्ति के संतुलन के लिए आवश्यक समय तत्त्व को चार भागों में बांटा है– 1. अति अल्पकाल, 2. अल्पकाल, 3. दीर्घकाल एवं 4. अति दीर्घकाल।

**668. मान लीजिए कि माल A और B पूरक हैं तो A की कीमत में वृद्धि होने का क्या प्रभाव पड़ेगा?**

(a) B की मांग में गिरावट आएगी

(b) B की मांग बढ़ जाएगी

(c) A की मांग बढ़ जाएगी

(d) B की मांग में कोई परिवर्तन नहीं होगा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

पूरक माल (Complementary good) के संदर्भ में यह नियम है कि एक वस्तु की कीमत में वृद्धि से दूसरे की मांग में गिरावट आएगी जबकि कीमत में गिरावट दूसरे वस्तु की मांग में बढ़ोत्तरी की कारक होगी।

**669. मांग का नियम निम्नलिखित में से किसके बीच कार्यात्मक संबंध को व्यक्त करता है?**

(a) कीमत तथा आपूर्ति (b) कीमत तथा मांगी गई मात्रा

(c) कीमत तथा आय (d) कीमत तथा उपभोग

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(b)**

अर्थशास्त्र में मांग का नियम, कीमत तथा मांगी गई मात्रा के बीच कार्यात्मक संबंध को दर्शाता है।

**670. मांग के नियम में, कथन 'अन्य बातें स्थिर रहती हैं' का अर्थ है-**

(a) उपभोक्ता की आय में परिवर्तन न हो
(b) अन्य वस्तुओं के दाम में परिवर्तन न हो
(c) उपभोक्ता की रुचि में परिवर्तन न हो
(d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(d)**

मांग में परिवर्तन सिर्फ कीमत के सापेक्ष होगा।

**671. मांग का नियम अभिव्यक्त करता है-**

(a) किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन का उसकी मांग पर प्रभाव
(b) किसी वस्तु की मांग में परिवर्तन का उसकी कीमत पर प्रभाव
(c) किसी वस्तु की मांग में परिवर्तन का उसके स्थानापन्न की आपूर्ति पर प्रभाव
(d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

मांग का नियम अभिव्यक्त करता है–किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन का उसकी मांग पर प्रभाव को।

**672. निम्नलिखित में से क्या अनधिमान वक्र का लक्षण नहीं है?**

(a) उनका एक-दूसरे के साथ अंत:संबंध नहीं होता।
(b) वे एक-दूसरे के अवतल होते हैं।
(c) वे एक-दूसरे के समांतर होते हैं।
(d) वे दाईं ओर झुके होते हैं।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

अनधिमान वक्र (Indifference Curve) एक-दूसरे के अवतल (Concave) नहीं होते हैं। अनधिमान वक्र दो वस्तुओं के उन सभी संयोगों (सम्मिश्रणों) को दर्शाता है जिनसे उपभोक्ता को समान संतुष्टि प्राप्त होती है। क्योंकि दो वस्तुओं के विभिन्न संयोगों से प्राप्त होने वाली संतुष्टि बराबर होती है। इसलिए वे उन संयोगों के प्रति समान रूप में अधिमान रखता है, किसी विशेष संयोग को अधिमान या तरजीह नही देता। वक्र पर स्थित प्रत्येक बिंदु ऐसे संयोग का निरूपण करता है जिनसे प्राप्त संतुष्टि समान होती है।

**673. अर्थशास्त्र में 'यूटिलिटी' और 'यूजफुलनेस' शब्दों का-**

(a) एक ही अर्थ है (b) भिन्न अर्थ है
(c) उल्टा अर्थ है (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(b)**

'यूटिलिटी' एक व्यक्तिपरक धारणा है। अर्थशास्त्र में 'यूटिलिटी' और 'यूजफुलनेस' समानार्थक शब्द नहीं हैं अर्थात इन दोनों शब्दों का भिन्न अर्थ है।

**674. निवेश गुणक निवेश का प्रभाव किस पर दर्शाता है?**

(a) रोजगार (b) बचत
(c) आय (d) उपभोग

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

'निवेश गुणक' (Investment Multiplier) से अभिप्राय उस तत्त्व से है जिसके कारण निवेश में वृद्धि के फलस्वरूप उत्पादन/आय में वृद्धि होती है। इसे उत्पादन/आय में वृद्धि तथा निवेश में वृद्धि के बीच अनुपात के रूप में मापा जाता है।

$K = \frac{\Delta y}{\Delta I}$ (जहां, K : गुणक; $\Delta y$ : उत्पादन/आय में परिवर्तन, $\Delta I$ : निवेश में परिवर्तन)।

**675. बढ़ती हुई प्रति व्यक्ति आय एक बेहतर कल्याण की द्योतक होगी यदि उसके साथ हो-**

(a) समग्र रूप से अपरिवर्तित आय वितरण
(b) अमीरों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण
(c) गरीबों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण
(d) औद्योगिक श्रमिकों के पक्ष में परिवर्तित आय वितरण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

बढ़ती हुई प्रति व्यक्ति आय एक बेहतर कल्याण की द्योतक होगी यदि उसके साथ गरीबों के पक्ष में आय वितरण संलग्न हो।

**676. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) अर्थव्यवस्था संसाधनों की अधिकता की समस्या का सामना करती है।
(b) किसी अर्थव्यवस्था की मुख्य समस्या है, संसाधनों के बंटवारे की समस्या।
(c) अर्थव्यवस्था संसाधनों के उपयोग की समस्या का सामना करती है।
(d) अर्थव्यवस्था संसाधनों की वृद्धि की समस्या का सामना करती है।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

किसी भी अर्थव्यवस्था से संबंधित अर्थशास्त्रियों द्वारा उठाए गए प्रश्न निम्नलिखित हैं-

1. 'क्या उत्पादन किया जाए' (What to Produce) अथवा संसाधनों के आवंटन की समस्या (Problem of Resource Allocation)।
2. 'कैसे उत्पादन किया जाए' (How to Produce) की समस्या।
3. 'वितरण' या 'उत्पादन किसके लिए किया जाए' (For Whom to Produce) की समस्या।
4. 'आर्थिक कुशलता' (Economic Efficiency) या 'सामाजिक कल्याण को अधिकतम' करने की समस्या।
5. उत्पादन के साधनों का पूरी तरह से उपयोग (Utilisation of Factor) की समस्या।
6. उत्पादन क्षमता या राष्ट्रीय आय की वृद्धि (Economic Growth) की समस्या।

**677. भारत में कृषि वस्तुओं के संबंध में न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्रापण मूल्य आदि से संबंधित आयोग है-**

(a) योजना आयोग (b) कृषि लागत और मूल्य आयोग
(c) कृषि मूल्य आयोग (d) राष्ट्रीय विपणन आयोग

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

न्यूनतम समर्थन मूल्य का संबंध कृषि लागत और मूल्य आयोग से है।

**678. किस राज्य को भारत का 'कृषि सार' कहा जाता है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) तमिलनाडु
(c) मध्य प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

अपनी उत्पादन क्षमता एवं विविधीकृत कृषि उपज के कारण उत्तर प्रदेश को भारत का 'कृषि सार' कहा जाता है।

**679. इस समय भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी विनिमय दर अपनाई जाती है?**

(a) नियत विनिमय दर
(b) अस्थिर (फ्लोटिंग) विनिमय दर
(c) उच्चाधिकीलित विनिमय दर
(d) निम्न अधिकीनित विनिमय दर

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1992-93 के बाद से भारत में प्रबंधित फ्लोटिंग विनिमय दर प्रणाली अपनाई जा रही है जो कि स्वतंत्र फ्लोटिंग (Freely floating) और पूर्णतः प्रबंधित प्रणाली (Fully managed system) दोनों ही का सम्मिश्रण है।

**680. भारत में सबसे अधिक दाल का उत्पादन किस राज्य में होता है?**

(a) बिहार (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

भारत में सबसे अधिक दाल का उत्पादन (वर्ष 2013-14 के अनुसार) मध्य प्रदेश राज्य में होता है। वर्ष 2016-17 (च.अ.अ.) में भी दाल के उत्पादन में प्रथम स्थान मध्य प्रदेश का है।

**681. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'भौगोलिक सूचक' नहीं है?**

(a) कानी शावी (b) नागा मिर्च
(c) मैसूर सिल्क (d) दार्जिलिंग बासमती

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

दिए गए विकल्पों में से दार्जिलिंग बासमती भौगोलिक सूचक नहीं है बल्कि 'दार्जिलिंग चाय' (Word and Logo) भौगोलिक सूचक है। इसके अलावा शेष सभी विकल्प भौगोलिक सूचक हैं। फरवरी, 2019 के आंकड़ों के अनुसार कुल 330 भौगोलिक सूचक हैं।

**682. भारत में मौद्रिक नीति कौन बनाता है?**

(a) केंद्रीय सरकार
(b) भारत का औद्योगिक वित्त निगम
(c) भारतीय रिजर्व बैंक
(d) भारत का औद्योगिक विकास बैंक

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

भारत में मौद्रिक नीति (Monetary Policy) का निर्माण एवं समीक्षा भारतीय रिजर्व बैंक करता है।

**683. भारत में मौद्रिक नीति किसके द्वारा बनाई और लागू की जाती है?**

(a) केंद्रीय सरकार (b) एसोचैम
(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) फिक्की

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**684. अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूति-पत्र को क्या कहा जाता है?**

(a) शेयर (b) डिबेंचर
(c) म्यूचुअल फंड (d) ट्रेजरी बिल

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(d)**

अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूति-पत्र को ट्रेजरी बिल कहा जाता है जबकि शेयर कंपनी में हिस्सेदारी, डिबेंचर ऋण पत्र और म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजर के अधीन साझा कोष है।

**685. निम्नलिखित में से किस एजेंसी ने वर्ष 2009-10 के लिए 'इकोनॉमिक आउटलुक' नामक रिपोर्ट प्रकाशित की है?**

(a) योजना आयोग

(b) प्रधानमंत्री का आर्थिक सलाहकार परिषद

(c) वित्त आयोग

(d) भारतीय रिजर्व बैंक

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने वर्ष 2009-10 के लिए 'इकोनामिक आउटलुक' नामक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसके अध्यक्ष (Chairman) डॉ. सी. रंगराजन थे।

**686. 'खाद्य सुरक्षा' से अभिप्राय है–**

(a) खर्च बर्दाश्त किए जा सकने वाली कीमतों पर भोजन की पर्याप्त आपूर्ति

(b) आनंद उपभोग करने के आश्वासन सहित भोजन की प्रचुरता

(c) उच्च और पोषक गुणवत्ता के भोजन की उपलब्धता

(d) सुरक्षित स्थितियों सहित संतुलित भोजन

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

खाद्य सुरक्षा से आशय मात्रात्मक रूप के साथ-साथ गुणात्मक रूप में खाद्यान्नों की उपलब्धता से लगाया जाता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को खर्चा बर्दाश्त किए जा सकने वाली कीमतों पर भोजन की पर्याप्त आपूर्ति से है। खाद्य-सुरक्षा के चार महत्त्वपूर्ण अवयव-पोषकता, पर्याप्तता, पहुंच और पाचन हैं।

**687. एशिया पेसिफिक आर्थिक सहयोग (ए.पी.ई.सी.) शिखर सम्मेलन वर्ष 2007 कहां हुआ था?**

(a) नई दिल्ली (b) न्यूयॉर्क

(c) सिंगापुर (d) सिडनी

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(d)**

एशिया पेसिफिक आर्थिक सहयोग (APEC) एक आर्थिक मंच (Economic Forum ) है, जिसका मुख्यालय सिंगापुर में है। इसका 19वां शिखर सम्मेलन वर्ष 2007 में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में हुआ था जबकि इसका 26वां शिखर सम्मेलन 10-11 नवंबर, 2014 को चीन के बीजिंग शहर में हुआ था। वर्ष 2018 में इसका सम्मेलन पापुआ न्यू गिनी में आयोजित हुआ।

**688. 'मेक इन इंडिया-इंडिजिनाइजेशन ऑफ करेंसी' विषय पर 2 जून, 2015 को वित्त मंत्रलाय के आर्थिक मामले विभाग द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया था, उसका उद्घाटन किसके द्वारा हुआ।**

(a) वित्त सचिव (b) वित्त मंत्री

(c) गवर्नर आर.बी.आई. (d) प्रधानमंत्री

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

'मेक इन इंडिया-इंडिजिनाइजेशन ऑफ करेंसी' विषय पर 2 जून, 2015 को वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामले विभाग द्वारा किए गए सम्मेलन का उद्घाटन वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा किया गया।

**689. भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है–**

(a) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (b) भारतीय स्टेट बैंक

(c) इंडियन ओवरसीज बैंक (d) बैंक ऑफ इंडिया

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(b)**

भारतीय स्टेट बैंक भारत का सबसे बड़ा एवं सबसे पुराना बैंक एवं वित्तीय संस्था है। इसका मुख्यालय मुंबई में है।

**690. भारतीय बैंकों की कहां अधिकतम शाखाएं हैं?**

(a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका

(c) यू.के. (d) यू.एस.ए.

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

भारतीय बैंकों की सर्वाधिक विदेशी शाखाएं यू.के. (United Kingdom) में हैं। 31 जनवरी, 2018 तक की स्थिति-

| | | |
|---|---|---|
| हांगकांग | - | 17शाखाएं |
| सिंगापुर | - | 16 शाखाएं |
| श्रीलंका | - | 11 शाखाएं |
| यू.के. | - | 32 शाखाएं |
| यू.ए.ई | - | 16 शाखाएं |
| यू.एस.ए. | - | 8 शाखाएं |

उपरोक्त तिथि तक की स्थिति के अनुसार भारतीय बैंकों (सार्वजनिक + निजी क्षेत्र) की कुल 185 शाखाएं विदेश (Over seas) में है।

**691. किसी वस्तु की पूर्ति प्रत्यक्ष रूप से निर्भर नहीं करती–**

(a) उत्पादन लागत पर (b) वस्तु की कीमत पर

(c) उत्पादन की प्रौद्योगिकी पर (d) वस्तु की मांग पर

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

किसी वस्तु की पूर्ति प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन की प्रौद्योगिकी पर निर्भर नहीं करती जबकि शेष तीनों विकल्प पूर्ति को प्रभावित करने वाले कारक हैं।

692. **निम्नलिखित में से क्या TRIMs का सही विस्तार है?**

(a) ट्रेड रिलेटेड इंडस्ट्रियल मैजर्स

(b) ट्रेड रिलेटेड इनोवेशन मैजर्स

(c) ट्रेड रिलेटेड इन्वेस्टमेंट मैजर्स

(d) ट्रेड रिलेटेड इन्फॉर्मेशन मैजर्स

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

TRIMs का सही विस्तार है-
Trade Related Investment Measures
ट्रिम्स (TRIMs) का संबंध कुछ शर्तों या प्रतिबंधों से है जो कोई देश अपने देश में विदेशी विनियोगों के संबंध में लगाता है। विकासशील देशों ने ट्रिम्स का प्रयोग बहुत अधिक किया।

693. **F.A.O. किसका संक्षिप्त रूप है?**

(a) फाइबर एंड एग्रीकल्चरल ऑर्गनाइजेशन

(b) फैक्टरी ऐक्विजिशन ऑर्गनाइजेशन

(c) फ्री आर्बिट्रेशन ऑर्गनाइजेशन

(d) फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर-(d)**

F.A.O. का पूरा नाम–फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (Food and Agriculture Organization) है।

694. **GEF एक अंतर्राष्ट्रीय अनुदान प्रदान करने वाली एजेंसी है, इसका विस्तृत रूप यह है—**

(a) ग्लोबल इन्वायरमेंट फंड

(b) ग्लोबल इकोनोमिक फंड

(c) ग्लोबल एजुकेशनल फंड

(d) ग्लोबल एनर्जी फंड

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

GEF का विस्तृत रूप है—Global Environment Fund है। वर्ष 1990 में स्थापित यह संस्था वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, ऊर्जा तथा प्राकृतिक संसाधनों में निवेश के लिए जानी जाती है।

695. **निम्नलिखित में से चिर प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री ने आर्थिक विकास का व्यवस्थित सिद्धांत दिया?**

(a) टी.आर. माल्थस (b) डेविड रिकॉर्डो

(c) एडम स्मिथ (d) जे.एस. मिल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने आर्थिक विकास का व्यवस्थित सिद्धांत दिया था।

696. **प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस रॉबर्ट माल्थस के जनसंख्या के बारे में विचार कैसे हैं?**

(a) निराशावादी

(b) अंशतः आशावादी और अंशतः निराशावादी

(c) आशावादी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

माल्थस का जनसंख्या सिद्धांत निराशावादी है और आदर्श जनसंख्या सिद्धांत आशावादी है।

697. **भारतीय अर्थव्यवस्था में 'शिथिल काल' है-**

(a) मार्च-अप्रैल (b) सितंबर-दिसंबर

(c) जनवरी-जून (d) फरवरी-अप्रैल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

भारतीय अर्थव्यवस्था में 'शिथिल काल' जनवरी-जून है।

698. **''पूर्ति अपनी मांग स्वयं बना लेती है'' — यह है-**

(a) बाज़ार का नियम (b) मांग और पूर्ति का नियम

(c) मांग का नियम (d) पूर्ति का नियम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

बाजार का यह नियम है कि "पूर्ति अपनी मांग स्वयं बना लेती है।''

699. **खुले बाजार के संचालन क्या संकेत करते हैं?**

(a) अनुसूचित बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेना

(b) अनुसूचित बैंकों द्वारा उद्योग तथा व्यापार के लिए उधार लेना

(c) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री

(d) जमा-राशि का संग्रहण

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

खुले बाजार के संचालन से आशय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों, ऋण-पत्रों तथा बिलों के क्रय-विक्रय से है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिभूतियों को बेचने से बाजार में मुद्रा की मात्रा कम हो जाती है, जिससे साख का संकुचन होता है और प्रतिभूतियों के खरीदे जाने से बाजार में मुद्रा की मात्रा बढ़ती है तथा साख का विस्तार हो जाता है।

**700. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, केंद्रीय बैंक को यह करना चाहिए-**

(a) खुले बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों की खरीददारी

(b) बैंकों के रिज़र्व अनुपात को कम करना

(c) खुले बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना

(d) बैंक दर को कम करना

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, केंद्रीय बैंक को खुले बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना पड़ता है, जिससे बाजार में मुद्रा की मात्रा कम हो जाती है, जिससे साख का संकुचन होता है और प्रतिभूतियों के खरीदे जाने से बाजार में मुद्रा की मात्रा बढ़ती है तथा साख का विस्तार हो जाता है।

**701. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विकासशील देश है?**

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) जापान

(c) इंग्लैंड (d) पाकिस्तान

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

दिए गए विकल्पों में पाकिस्तान एक विकासशील देश है। विकासशील देश की परिभाषा के अनुसार, विकासशील देश वह है जहां निम्नतर जीवन स्तर, अविकसित औद्योगिक आधार और निम्न HDI हो।

**702. मुद्रा के रूप में व्यक्त किया गया किसी वस्तु का मान, क्या कहलाता है?**

(a) मूल्य (b) मांग

(c) उपयोगिता (d) मुद्रा का मान

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

मुद्रा के रूप में व्यक्त किया गया किसी वस्तु का मान उसका (वस्तु का) मूल्य कहलाता है जबकि किसी देश की मुद्रा का मूल्य उसकी क्रय शक्ति से मापा जाता है।

**703. ट्रिप्स करार-1994 के अनुसार, विशिष्ट स्वरूप/गुणता प्रतिष्ठा वाले क्षेत्र से निकलने वाली कोई वस्तु आईपीआर के अंतर्गत सुरक्षित रखी जाती है/बचाई जाती है-**

(a) पेटेंट के रूप में

(b) मार्का (ट्रेड मार्क) के रूप में

(c) व्यापार के रहस्य (ट्रेड सीक्रेट) के रूप में

(d) जी.आई. (भौगोलिक संकेतक) के रूप में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

ट्रिप्स करार-1994 के अंतर्गत विकल्प के रूप में दी गईं सभी श्रेणियां शामिल हैं परंतु यदि विशिष्ट स्वरूप/गुणता प्रतिष्ठा की बात की जाए तो संगत श्रेणी जी.आई. (भौगोलिक संकेतक) की है।

**704. 'निक्षेप सेवाएं' किसे कहते हैं?**

(a) सावधि निक्षेपों की एक नई योजना

(b) शेयर बाजार को विनियमित करने की एक विधि

(c) प्रतिभूतियों को सुरक्षित रखने के लिए एक एजेंसी

(d) निवेशकों के लिए एक सलाहकार सेवा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

'निक्षेप सेवाएं' (Depository Services) में शेयरों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में सुरक्षित रखा जाता है। वर्तमान में भारत में निक्षेप सेवाएं NSDL तथा CDSL के द्वारा दी जा रही हैं।

**705. भारत में वर्तमान मुद्रा प्रणाली का प्रबंधकर्ता है-**

(a) केंद्रीय वित्त मंत्रालय (b) भारतीय रिज़र्व बैंक

(c) राष्ट्रीकृत बैंक (d) भारतीय स्टेट बैंक

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारत में वर्तमान मुद्रा प्रणाली का प्रबंधकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक है।

**706. जब मुद्रा आपूर्ति बढ़ती है, तो एल एम वक्र-**

(a) क्षैतिज अक्ष के समांतर रहता है।

(b) बाएं अंतरित हो जाता है।


(c) दाएं अंतरित हो जाता है।

(d) बिल्कुल नहीं बदलता।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

मुद्रा की मांग दी हुई होने पर मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि से एल.एम. वक्र (LM curve) दाईं ओर अंतरित हो जाता है।




**707. भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, 2000 से अधिक जनसंख्या वाले सभी स्थानों पर किस वर्ष तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी अपेक्षित हैं?**

(a) मार्च, 2013 (b) मार्च, 2012

(c) मार्च, 2015 (d) मार्च, 2014

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, 2000 से अधिक जनसंख्या वाले सभी स्थानों पर मार्च, 2012 तक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी अपेक्षित हैं।

**708. 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' का आशय है-**

(a) ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों का अस्तित्व

(b) निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों का अस्तित्व

(c) भारी और छोटे दोनों उद्योगों का अस्तित्व

(d) विकसित और अल्प-विकसित दोनों क्षेत्रों का अस्तित्व

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

मिश्रित अर्थव्यवस्था के अंतर्गत निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों का अस्तित्व होना है।

**709. मिश्रित अर्थव्यवस्था का क्या अभिप्राय है?**

(a) सरकारी एवं निजी क्षेत्रों का सह-अस्तित्व

(b) अमीर एवं गरीब का सह-अस्तित्व

(c) छोटे और बड़े उद्योगों का सह-अस्तित्व

(d) अर्थव्यवस्था में कृषि और उद्योग दोनों को बढ़ावा देना।

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**710. भारतीय अर्थव्यवस्था कैसी है?**

(a) स्वतंत्र अर्थव्यवस्था (b) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(c) साम्यवादी अर्थव्यवस्था (d) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

भारत में निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र का सह अस्तित्व है। इसलिए भारतीय अर्थव्यस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था कहा जाता है। मिश्रित अर्थव्यस्था में लोक क्षेत्र और निजी क्षेत्र एक-दूसरे के प्रतियोगी न होकर एक-दूसरे के पूरक माने जाते हैं।

**711. जब कोई चर्म उद्योग अपने अपशिष्ट को नदी में बहा कर जल प्रदूषण पैदा करता है, तो स्वास्थ्य जोखिमों पर लगने वाली लागत को कहते हैं-**

(a) अंतर्निहित लागत (b) सामाजिक लागत

(c) निजी लागत (d) अवसर लागत

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

सामाजिक लागत वह लागत है जो किसी आर्थिक क्रिया के लिए सारे समाज को चुकानी पड़ती है। यह किसी एक फर्म या व्यक्ति की अवसर लागत न होकर सारे समाज की अवसर लागत है। सामाजिक लागत का भार सारे समाज को उठाना पड़ता है। जैसे—वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण का भार सारे समाज पर पड़ता है। अतः स्पष्ट है कि चर्म उद्योग अपने अपशिष्ट को नदी में बहा कर जल प्रदूषण उत्पन्न करेगा, जो सामाजिक लागत के अंतर्गत आएगा।

**712. मानव संसाधन विकास के लिए निम्नलिखित में से क्या सुसंगत नहीं है?**

(a) जाति-व्यवस्था (b) युवा कार्य और खेलकूद

(c) शिक्षा (d) स्त्री और बाल विकास

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

मानव संसाधन विकास के लिए जाति-व्यवस्था सुसंगत नहीं है जबकि अन्य सभी मानव संसाधन विकास से संबंधित हैं।

**713. विकासशील देशों की निम्न समस्याओं में से कौन-सी सही नहीं है?**

(a) प्रौद्योगिक विकास का निम्न स्तर

(b) अर्थव्यवस्था की विविधता का अभाव

(c) वृद्धावस्था वाली आबादी का उच्च अनुपात

(d) दुर्बल औद्योगिक आधार

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

विकासशील देशों की उपर्युक्त विकल्पों में से वृद्धावस्था वाली आबादी का उच्च अनुपात समस्या नहीं है।

**714. व्यापार चक्र में होते हैं-**

(a) पांच चरण (b) छह चरण

(c) तीन चरण (d) चार चरण

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

व्यापार चक्र में चार चरण होते हैं-संकुचन, गर्त, विस्तार तथा शीर्ष।

**715. द्वितीय चेम्बर को अनावश्यक, व्यर्थ और सबसे खराब किसके द्वारा माना गया था?**

(a) मैकाइवर (b) बेन्थम

(c) सीले (d) लास्की

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

द्वितीय चैम्बर को अनावश्यक, व्यर्थ और सबसे खराब बेन्थम के द्वारा माना गया था। जेरेमी बेन्थम इंग्लैंड के प्रसिद्ध न्यायविद, दार्शनिक तथा विधिवेत्ता व समाज सुधारक थे।

**716. गोल्डन हैंडशेक स्कीम किससे संबंधित है?**

(a) विदेशी कंपनियों को आमंत्रित करना

(b) सार्वजनिक उद्यमों में निजी निवेश

(c) संयुक्त उद्यम स्थापित करना

(d) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

गोल्डन हैंडशेक स्कीम स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से संबंधित है।

**717. निम्न में अफ्रीका का कौन-सा एक देश, OPEC का सदस्य नहीं है?**

(a) अल्जीरिया (b) अंगोला

(c) लीबिया (d) दक्षिण अफ्रीका

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

ओपेक (OPEC - Organisation of Petroleum Exporting Countries) पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1960 में बगदाद (इराक) में हुई। इसका मुख्यालय विएना (ऑस्ट्रिया) में है। इसके सदस्य देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पाद तथा दरों पर नियंत्रण रखना इसका प्रमुख उद्देश्य है। वर्तमान में इसकी सदस्य संख्या 14 है, वे हैं- ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब, गैबन, संयुक्त अरब अमीरात, अंगोला, अल्जीरिया, लीबिया, नाइजीरिया, इक्वाडोर, वेनेजुएला तथा कांगो एव इक्वेटोरियल गिनी। अतः स्पष्ट है कि दक्षिण अफ्रीका OPEC का सदस्य नहीं है।

**718. लोक वित्त में 'अधिकतम सामाजिक लाभ' का सिद्धांत किसके द्वारा दिया गया?**

(a) रॉबिन्स (b) मुसग्रेव

(c) फिन्डले (d) डेल्टन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

लोक वित्त में 'अधिकतम सामाजिक लाभ' का सिद्धांत डेल्टन एवं पीगू ने प्रतिपादित किया।

**719. एफ सी सी बी अनेक कंपनियों द्वारा पूंजी एकत्रित करने का एक लोकप्रिय मार्ग बन गया है। एफ सी सी बी का पूरा नाम है-**

(a) फॉरिन करेंसी कंवर्टिवल बॉन्ड्स

(b) फॉरिन कंट्रीज़ कंवर्टिबल बॉन्ड्स

(c) फॉरिन कंपनीज़ कंवर्टिबल बॉन्ड्स

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. CPO परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

एफ सी सी बी का पूरा नाम (फॉरिन करेंसी कन्वर्टिबल बॉन्ड्स) है।

**720. कौन-सा कथन सही है?**

(a) मुद्रा अच्छी सेवक है

(b) मुद्रा अच्छी सेवक है परंतु बुरी स्वामी

(c) मुद्रा अच्छी स्वामी है परंतु बुरी सेवक

(d) मुद्रा अच्छी स्वामी है और अच्छी सेवक

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

रॉबर्टसन के अनुसार, मुद्रा अच्छी सेवक है परंतु बुरी स्वामी।

**721. रतन टाटा के पश्चात टाटा समूह का प्रमुख चुना गया वह पहला व्यक्ति कौन है जो टाटा परिवार से बाहर का है?**

(a) ओ. पी. भट्ट (b) सायरस मिस्त्री

(c) कुमार मंगलम बिड़ला (d) नोएल टाटा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

28 दिसबंर, 2012 को रतन टाटा के उत्तराधिकारी के रूप में 44 वर्षीय सायरस पलोनजी मिस्त्री को टाटा समूह का प्रमुख बनाया गया था। ज्ञातव्य है कि टाटा समूह के 144 वर्षों के इतिहास में यह विशिष्ट पद संभालने वाले सायरस मिस्त्री टाटा परिवार के बाह्य सदस्य हैं। वर्तमान में टाटा समूह के प्रमुख नटराजन चंद्रशेखरन (फरवरी, 2017 से)हैं।

**722. अधिशासी (कार्यपालक) द्वारा बनाए गए कानूनों को कहते हैं-**

(a) अधिमान्य विधान (b) कानून का शासन

(c) प्रशासनिक विधि (d) प्रत्यायोजित विधान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

प्रत्यायोजित विधान (Delegated legislation) का अर्थ है- 'विधान-मंडल द्वारा कार्यपालिका (Executive) को प्रत्यायोजित नियम बनाने की शक्ति का प्रयोग'।

**723. वस्तु x की 9 यूनिटों से कुल उपयोगिता 20 है और 10 यूनिटों से 15 है। 10वीं यूनिट से सीमांत उपयोगिता का परिकलन कीजिए।**

(a) –0.5 (b) 5

(c) 0.5 (d) – 5

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

वस्तु $x$ के लिए

9 यूनिटों की कुल उपयोगिता = $(TU)_9 = 20$

10 यूनिटों की कुल उपयोगिता = $(TU)_{10} = 15$

10वीं यूनिट से सीमांत उपयोगिता (MU) ज्ञात करने के लिए

सूत्र– $MU = (TU)_{10} - (TU)_9$

$= 15 - 20$

$= -5$